सूर्योदय : 6:37
सूर्यास्त : 6:02
अधिकतम तापमान : 29.0
न्यूनतम : 15.0

RNI NO : UPHIN/2010/31173

डाक पंजीकरण संख्या:
SSP/LW/NP-422/2014-2016

वर्ष-18 अंक-249 पेज-16
मूल्य : 3 रुपया

लखनऊ, रविवार, 02 मार्च 2025
01 रमज़ान 1446 हिजरी

हिन्दी दैनिक
# अवधनामा
www.avadhnama.com



# ‘भारत दुनिया की नई फैक्ट्री’: मोदी

## एनएक्सटी सम्मेलन में दुनिया की कई मशहूर हस्तियों से मिले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

- भारत वर्कफोर्स नहीं वर्ल्ड फोर्स है
- वोकल फॉर लोकल से मिली वैश्विक पहचान



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को एनएक्सटी सम्मेलन में ‘न्यूजएक्स वर्ल्ड’ चैनल का उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि उनका ‘वोकल फॉर लोकल’ अभियान अब रंग ला रहा है, क्योंकि भारतीय उत्पाद वैश्विक हो रहे हैं और दुनिया भर में अपनी उपस्थिति दर्ज करा रहे हैं। भारत अंतहीन नवाचारों, किफायती समाधान खोजने और उन्हें दुनिया को उपलब्ध कराने का देश बन रहा है. दुनिया 21वीं सदी के भारत को उत्सुकता से देख रही है। दुनिया भर से लोग भारत आकर इसे समझना चाहते हैं। इस मौके पर पीएम मोदी ने सम्मेलन में दुनिया भर की कई मशहूर हस्तियों से मुलाकात की. पीएम मोदी ने अपने एक्स पर एनएक्सटी सम्मेलन में प्रमुख रूसी अंतरिक्ष यात्री ओलेग आर्टेमयेव, माइक मासिमिनो, प्रोफेसर वेसलिन पोपोवस्की, डॉ. एन लिबर्ट, कार्लोस मोंटेस, अमेरिकी लेखक एलेक रॉस, श्रीलंका के पूर्व राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे और ऑस्ट्रेलिया के पूर्व प्रधानमंत्री टोनी एबॉट से मुलाकात की तस्वीरें साझा की हैं। पीएम मोदी ने अपने आधिकारिक एक्स अकाउंट पर अलग-अलग पोस्ट में सभी से अपनी मुलाकात की तस्वीरें साझा की हैं। अमेरिकी लेखक एलेक रॉस के बारे में एक पोस्ट में उन्होंने लिखा, ‘आज एलेक रॉस से मिलकर खुशी हुई. उन्होंने एक विपुल विचारक और लेखक के रूप में अपनी पहचान बनाई है जो नवाचार और सीखने से संबंधित पहलुओं पर जोर देते हैं। वहीं, उन्होंने एक पोस्ट में लिखा, ‘एनएक्सटी कॉन्क्लेव में अपने मित्र रानिल विक्रमसिंघे से मुलाकात की। मैं हमेशा हमारी बातचीत का इंतजार करता हूं और विभिन्न मुद्दों पर उनके नजरिए की प्रशंसा करता हूं। पीएम मोदी ने एक अलग पोस्ट में लिखा, ‘मेरे अच्छे मित्र और ऑस्ट्रेलिया के पूर्व प्रधानमंत्री टोनी एबॉट से मिलकर बहुत खुशी हुई। वह हमेशा भारत के मित्र रहे हैं। हम सभी ने उन्हें अपनी मौजूदा यात्रा के दौरान बाजरे का आनंद लेते देखा है। वहीं, पीएम मोदी ने अपने संबोधन में कहा कि, ‘दशकों से दुनिया भारत को अपना ‘बैक ऑफिस’ कहती रही है। अब भारत दुनिया की नई फैक्ट्री बन रहा है। हम अब सिर्फ वर्कफोर्स नहीं रह गए हैं, बल्कि एक विश्व शक्ति बन रहे हैं। पीएम मोदी ने महाकुंभ का जिक्र करते हुए कहा कि इसने कार्यक्रमों का आयोजन करने के भारत के कौशल और इनोवेशन को उजागर किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार ने कई अप्रचलित कानूनों को निरस्त कर दिया है।

### देश की असली कहानियां दुनिया तक पहुंचनी चाहिए

पीएम मोदी ने कहा कि भारत को बिना किसी लीपा-पोती के वैसा ही पेश किया जाना चाहिए जैसा वह है। इसे किसी तरह के दिखावे की जरूरत नहीं है। देश की असली कहानियां दुनिया तक पहुंचनी चाहिए। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व वाली राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन सरकार का तीसरी बार फिर से चुना जाना लोगों के भरोसे को दर्शाता है। उन्होंने उम्मीद जताई कि भारत का नया वैश्विक समाचार चैनल देश की उपलब्धियों को विदेशों तक ले जाएगा।

# दिल्ली में एक अप्रैल से 15 साल पुरानी गाड़ियों को नहीं मिलेगा पेट्रोल-डीजल

- प्रदूषण रोकने को लेकर सरकार का बड़ा फैसला
- खाली जगहों पर लगाए जाएंगे पेड़-पौधे
- एंटी-स्मॉग गन लगाना अनिवार्य



**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार ने राजधानी में बढ़ते प्रदूषण पर काबू पाने के लिए बड़ा फैसला लिया है। पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने शनिवार को कहा कि दिल्ली में 15 साल से पुराने वाहनों को 31 मार्च के बाद से पेट्रोल-डीजल नहीं मिलेगा। इसके लिए एक विशेष टीम का गठन किया जाएगा, जो ऐसे वाहनों की पहचान करेगी। इसके अलावा प्रदूषण को कंट्रोल करने के लिए दिल्ली के बड़े होटलों, कुछ बड़े ऑफिस कॉम्प्लेक्स, दिल्ली एयरपोर्ट, बड़ी कंस्ट्रक्शन साइट्स को तुरंत अपने यहां प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए एंटी-स्मॉग गन लगाना अनिवार्य करने जा रहे हैं। हमने आज फैसला किया है कि क्लाउड सीडिंग के लिए हमें जो भी अनुमति चाहिए, हम लेंगे और हम यह सुनिश्चित करेंगे कि जब दिल्ली में गंभीर प्रदूषण हो, तो क्लाउड सीडिंग के जरिए बारिश कराई जा सके और प्रदूषण को नियंत्रित किया जा सके। दरअसल दिल्ली में प्रदूषण पर काबू पाने के लिए सिरसा ने अधिकारियों संग बैठक की। इस बैठक में कई बड़े फैसले लिए गए हैं। सरकार दिल्ली में खाली जगहों पर पेड़-पौधे लगाएगी। इससे पहले सिरसा ने अपनी प्राथमिकताएं बताते हुए कहा, हमारा मिशन स्वच्छ हवा और पानी सुनिश्चित करके दिल्ली को एक स्वस्थ शहर बनाना है और हम इस दृष्टिकोण को वास्तविकता में बदलने के लिए प्रतिबद्ध हैं। शहर में प्रमुख पर्यावरण परियोजनाएं शुरू की जाएंगी।

## तुहिनकांत ने संभाला सेबी का कार्यभार



**मुंबई।** वरिष्ठ नौकरशाह तुहिन कांत पांडेय ने शनिवार को पूंजी बाजार नियामक सेबी के 11वें चेयरमैन के रूप में कार्यभार संभाल लिया। इस मौके पर उन्होंने पारदर्शिता और टीम-वर्क पर ध्यान केंद्रित करने का वादा किया। अब तक वित्त सचिव के रूप में कार्य कर रहे पांडेय ने सेबी को एक ऐसा ‘मजबूत बाजार संस्थान’ बताया, जिसे वर्षों से विभिन्न दिग्गजों ने आकार दिया है। अपने कार्य-एजेंडे या कार्यशैली के बारे में बताने से इनकार करते हुए माधबी पुरी बुच के उत्तराधिकारी ने कहा कि वह किसी पर टिप्पणी नहीं करेंगे।

# हिमस्खलन में फंसे 50 मजदूर निकाले गये



**चार की मौत, पांच की युद्धस्तर पर तलाश**

**देहरादून।** उत्तराखंड में माणा के पास भारी हिमस्खलन की चपेट में आए 17 अन्य श्रमिकों का शनिवार सुबह रेस्क्यू कर लिया गया है। उन्हें सेना के अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका उपचार चल रहा है। अब तक कुल 50 श्रमिकों का रेस्क्यू किया जा चुका है। इनमें से चार ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। सेना, आईटीबीपी, एनडीआरएफ, एसडीआर और वायु सेना के बचाव दल पांच अन्य श्रमिकों की तलाश में युद्ध स्तर पर अभियान छेड़े हुए हैं। सेना के मुताबिक तीन कंटेनरों का पता नहीं चल रहा है, वे भारी बर्फ के नीचे दबे हैं। उनकी खोज के लिए दिल्ली से जीपीआर रडार मंगाया गया है।

## मार्च के मध्य तक मिल सकता है भाजपा को नया अध्यक्ष

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी 13 से अधिक राज्यों में संगठनात्मक चुनाव संपन्न होने के बाद 15 या 16 मार्च तक अपने नए राष्ट्रीय अध्यक्ष की घोषणा करने के लिए तैयार है। पार्टी सूत्र बताते हैं कि जेपी नड्डा के उत्तराधिकारी पर फैसला आंतरिक सहमति बनाकर किया जाएगा। एक वरिष्ठ पदाधिकारी ने संकेत दिया है जैसा कि अनुमान लगाया जा रहा था, पार्टी का लक्ष्य इस शीर्ष पद पर एक महिला को नियुक्त करना है, जो संभवतः दक्षिण भारत से होगी ताकि दक्षिणी राज्यों के लोगों को एक मजबूत संगठनात्मक संदेश भेजा जा सके। यदि दक्षिण की किसी महिला को इस पद के लिए चुना जाता है तो या तो आंध्र भाजपा प्रमुख दग्गुबाती पुरंदेश्वरी या भाजपा महिला मोर्चा की राष्ट्रीय अध्यक्ष और कोयंबटूर विधायक वनथी श्रीनिवासन सबसे संभावित उम्मीदवार के रूप में उभर सकती हैं।


## सीएम योगी ने अधिकारियों के साथ की समीक्षा बैठक, दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

# लंबित परियोजनाओं को जल्द करें पूरा



**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने केंद्र और राज्य सरकार से संबंधित विकास परियोजनाओं की समीक्षा बैठक की। इस बैठक में शासन के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ विभिन्न जिलों के जिलाधिकारी एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से शामिल हुए।

बैठक के दौरान मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि विभिन्न संचालित परियोजनाओं में लंबित भूमि अधिग्रहण और मुआवजा वितरण की प्रक्रिया 15 मार्च तक पूरी कर ली जाए। उन्होंने यह भी कहा कि विकास कार्यों में अनावश्यक देरी न हो और सभी संबंधित विभाग आपसी समन्वय से तेजी से कार्य करें। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि परियोजनाओं की प्रगति की नियमित समीक्षा करें और किसी भी प्रकार की बाधा को शीघ्र दूर करें, ताकि विकास कार्यों को समय पर पूरा किया जा सके। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा, विभिन्न जनपदों में चल रहीं केंद्र व राज्य सरकार की विकास परियोजनाओं में भूमि अधिग्रहण तथा मुआवजा वितरण की कार्रवाई 15 मार्च तक पूरी कर ली जाए। उन्होंने कहा कि लोकमहत्व से जुड़ी विकास परियोजनाओं की समयबद्धता आवश्यक है। इनसे रोजगार सृजन के साथ-साथ आम जनमानस के जीवन पर सकारात्मक प्रभाव पड़ता है। परियोजना में देरी से कास्ट रिवाइज की आवश्यकता पड़ती है, जिससे राजस्व पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है।




# हाईस्कूल गणित का पेपर आउट

- व्हाट्सएप ग्रुप में किया शेयर, केंद्र व्यवस्थापक के खिलाफ केस दर्ज



**एटा।** एटा में यूपी बोर्ड हाईस्कूल गणित का पेपर शनिवार को परीक्षा शुरू होने के एक घंटे बाद आउट हो गया। जैथरा ब्लॉक क्षेत्र के अति संवेदनशील केंद्र चौधरी बीएल इंटर कॉलेज नगला रेवती से किसी ने पेपर को प्रशासन की ओर से बोर्ड परीक्षा के लिए बनाए गए व्हाट्सएप ग्रुप में डाल दिया। इससे सनसनी फैल गई।

आनन-फानन अधिकारी केंद्र पर पहुंचे और जांच शुरू कर दी। स्टेटिक मजिस्ट्रेट ने केंद्र व्यवस्थापक के खिलाफ जैथरा थाने में रिपोर्ट दर्ज करा दी है। शनिवार को हाईस्कूल के परीक्षार्थियों का गणित का प्रश्नपत्र था। सुबह साढ़े आठ बजे परीक्षा शुरू हुई। साढ़े नौ बजे अति संवेदनशील केंद्र चौधरी बीएल इंटर कॉलेज से पेपर को बोर्ड परीक्षा के लिए बनाए गए ग्रुप में साझा कर दिया गया। व्हाट्सएप ग्रुप में परीक्षा केंद्र व्यवस्थापकों के अलावा अन्य जिलास्तरीय व बोर्ड परीक्षा में लगे अधिकारी जुड़े हुए हैं। ग्रुप में पेपर देख अधिकारियों के पसीने छूट गए। कुछ ही मिनट में ग्रुप से प्रश्नपत्र को डिलीट कर दिया गया, लेकिन मामले की गंभीरता को देखते हुए आनन-फानन अधिकारी परीक्षा केंद्र पहुंचे और जांच शुरू कर दी। डीआईओएस भी केंद्र पर पहुंचे और स्टेटिक मजिस्ट्रेट की तहरीर पर केंद्र व्यवस्थापक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई। जिस मोबाइल से पेपर ग्रुप में डाला गया था, उसे भी जब्त कर लिया गया है।

माध्यमिक शिक्षा, अलीगढ़ के जॉइंट डायरेक्टर मनोज गिरी ने बताया कि बोर्ड परीक्षा के व्हाट्सएप ग्रुप पर गणित का पेपर डाला गया था। उसे तत्काल डिलीट कराया गया। पेपर ग्रुप में क्यों डाला गया इसकी जांच कराई जाएगी।

## युद्ध शान्ति मामला: ब्रिटेन पहुंचे यूक्रेनी राष्ट्रपति जेलेंस्की के बदले सुर

# हमारे लिए ट्रंप का समर्थन पाना जरूरी : जेलेंस्की

- खनिज समझौते के लिए हम तैयार, लेकिन सुरक्षा की गारंटी भी जरूरी



**कीव।** यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की अमेरिकी यात्रा के बाद शनिवार को ब्रिटेन पहुंचे। यहां वह यूरोपीय देशों के प्रमुखों से मुलाकात करने वाले हैं। राष्ट्रपति ट्रंप से हुई तीखी बहस के बाद अब जेलेंस्की ने एक नया ट्वीट किया है। जिसमें उनके सुर बदले नजर आ रहे हैं।

राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने एक्स पर लिखा कि हम सभी तरह के समर्थन के लिए संयुक्त राज्य अमेरिका के बहुत आभारी हैं। मैं राष्ट्रपति ट्रंप, कांग्रेस और अमेरिकी लोगों के द्विदलीय समर्थन के लिए भी उनका आभारी हूं। यूक्रेन के लोगों ने हमेशा इस समर्थन की सराहना की है, खासकर इन तीन वर्षों के आक्रमण के दौरान। जेलेंस्की ने कहा कि अमेरिका की मदद हमारे अस्तित्व को बचाने में महत्वपूर्ण रही है और मैं इसे स्वीकार करना चाहता हूं। कठिन वार्ता के बावजूद, हम रणनीतिक साझेदार बने हुए हैं। लेकिन हमें अपने साझा लक्ष्यों को सही मायने में समझने के लिए एक-दूसरे के साथ ईमानदार और सीधे रहने की जरूरत है। यूक्रेन के राष्ट्रपति ने आगे कहा कि हमारे लिए राष्ट्रपति ट्रंप का समर्थन पाना बहुत जरूरी है। वह युद्ध को खत्म करना चाहते हैं। हमसे अधिक कोई शांति नहीं चाहता। यह हमारी आजादी और हमारे अस्तित्व की लड़ाई है। जैसा कि राष्ट्रपति रीगन ने एक बार कहा था, शांति का मतलब सिर्फ युद्ध की अनुपस्थिति नहीं है। हम न्यायपूर्ण और स्थायी शांति की बात कर रहे हैं। सभी के लिए स्वतंत्रता, न्याय और मानवाधिकार। पुतिन के साथ युद्धविराम काम नहीं करेगा। उन्होंने पिछले दस सालों में 25 बार युद्धविराम तोड़ा है। वास्तविक शांति ही एकमात्र समाधान है। जेलेंस्की ने कहा कि हम खनिज समझौते पर हस्ताक्षर करने के लिए तैयार हैं और यह सुरक्षा गारंटी की दिशा में पहला कदम होगा। लेकिन यह पर्याप्त नहीं है। हमें इससे भी ज्यादा की जरूरत है। सुरक्षा गारंटी के बिना युद्ध विराम यूक्रेन के लिए खतरनाक है। हम तीन साल से लड़ रहे हैं और यूक्रेनी लोगों को यह जानने की जरूरत है कि अमेरिका हमारे पक्ष में है। मैं रूस पर यूक्रेन की स्थिति नहीं बदल सकता। रूसी हमें मार रहे हैं। रूस दुश्मन है और यही सच्चाई है जिसका हम सामना कर रहे हैं। यूक्रेन शांति चाहता है, लेकिन यह एक न्यायपूर्ण और स्थायी शांति होनी चाहिए।



# एक घर में आग लगने से मची गांव मे अफरा-तफरी, आग बुझाने के प्रयास में दो लोग झुलसे

**70 हजार रुपये की नकदी समेत करीब तीन लाख रुपये का सामान जलकर नष्ट**

*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर-खीरी।** थाना नीमगांव के गांव सनिगवां के मजरा इंदिरानगर में शनिवार तड़के एक घर में आग लग गई। इससे गांव में अफरा-तफरी मच गई। आग बुझाने के प्रयास में दो लोग झुलस गए। जबकि 15 बकरियां जिंदा जलकर मर गईं। 70 हजार रुपये की नकदी समेत करीब तीन लाख रुपये का सामान जलकर नष्ट हो गया। मकान मालिक ने रंजिशन आग लगाए जाने का आरोप लगाया है और पुलिस को तहरीर दी है गांव इंदिरानगर निवासी महबूब पुत्र बराती ने बताया कि घटना सुबह करीब पांच बजे की है। परिवार के अधिकतर सदस्य सो रहे थे। इसी बीच उनके घर में आग लग गई। आंच लगने पर आग लगने की जानकारी हुई। सभी लोग जैसे-तैसे शोर शराबा करते हुए जान बचाकर घर के बाहर भागे। जब तक ग्रामीण कुछ समझ पाते और मौके पर पहुंचते इससे पहले ही आग ने विकराल रूप ले लिया। इससे गांव में अफरातफरी मच गई। आग बढ़ने की आशंका पर आसपास के तमाम लोग अपने घरों का सामान निकालकर सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने लगे। पुलिस और फियर बिग्रेड को सूचना देते हुए ग्रामीण आग बुझाने की कोशिश करने लगे। सूचना पाकर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। हालांकि फायर बिग्रेड के पहुंचने से पहले ही ग्रामीणों ने आग पर काबू पा लिया। आग बुझाते समय गांव के ही नियाज और हसीमुन भी झुलस गए। इस अग्निकांड में घर में रखे 70,000 रुपए की नकदी जलकर राख हो गई। 15 बकरियां जिंदा जल गई। उनकी एक भैंस भी झुलस गई। एक साइकिल और एक ठेला भी आग की भेंट चढ़ गया। इस अग्निकांड में पीड़ित के घर में रखा खाना-पीना और कपड़े सहित अन्य जरूरी सामान भी जलकर नष्ट हो गया महताब आलम का सारा सामान नष्ट हो गया है। अब बच्चों के लिए खाने-पीने का कोई सामान नहीं बचा है। सूचना पाकर मौके पर पहुंची एसओ नीमगांव ने मौका मुआयना किया है। पीडित ने गांव के ही कुछ लोगों पर रंजिशन आग लगाने की तहरीर पुलिस को दी है।



# केन्द्रीय विद्यालय प्रबंधन समिति की बैठक का किया गया आयोजन

**लखीमपुर-खीरी।** 39वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल गदनिया सभागार में केन्द्रीय विद्यालय प्रबंधन समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक 39वीं वाहिनी के कमांडेंट रविन्द्र कुमार राजेश्वरी की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में केन्द्रीय विद्यालय के प्रिंसिपल योगेन्द्र कुमार सहित विद्यालय प्रबंधन समिति के अन्य सम्मानित सदस्य मौजूद रहे। बैठक का उद्देश्य विद्यालय के सर्वांगीण विकास, शैक्षिक गुणवत्ता में सुधार, छात्र शिक्षक सुविधाओं के उन्नयन एवं विद्यालय से जुड़ी विभिन्न प्रशासनिक एवं शैक्षणिक विषयों पर विचार-विमर्श करना था। बैठक के दौरान विद्यालय की वर्तमान शैक्षणिक स्थिति, छात्रों की आवश्यकताओं, शिक्षकों की कार्यप्रणाली तथा विद्यालय की आधारभूत संरचना से संबंधित विभिन्न बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। इस दौरान शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार के लिए छात्रों की शैक्षणिक उपलब्धियों को बढ़ाने और शिक्षकों के लिए आधुनिक शिक्षण तकनीकों को अपनाने पर जोर दिया गया। इसके अलावा विद्यालय में स्मार्ट कक्षाओं की स्थापना, पुस्तकालय एवं प्रयोगशालाओं के आधुनिकीकरण, खेल सुविधाओं के विस्तार तथा अन्य आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता पर चर्चा की गई। कमांडेंट रविन्द्र कुमार राजेश्वरी ने विद्यालय के विकास के लिए अपनी प्रतिबद्धता जाहिर करते हुए शिक्षा की गुणवत्ता को और अधिक सशक्त बनाने की आवश्यकता पर बल दिया।

## गेहूं खरीद के लिए जिले भर में बनाए गए 159 केंद्र

**लखीमपुर-खीरी।** जिले में एक मार्च यानी शनिवार से गेहूं खरीद का आगाज होगा। इसके लिए एक जनवरी से पंजीकरण हो रहे हैं। गेहूं खरीद के लिए जिले भर में 159 केंद्र बनाए गए हैं। शुक्रवार तक 3515 किसानों का पंजीकरण हुआ है गेहूं 2425 रुपये प्रति कुंतल की दर से खरीदा जाएगा खरीद उन्हीं किसानों से होगी, जिनका पंजीकरण होगा। पंजीकृत किसान सेंटर पर जाकर गेहूं बेच सकेगें। उन्होंने बताया कि बिक्री के दौरान किसी प्रकार की परेशानी आने पर किसान संबंधित अधिकारियों से संपर्क कर सकते हैं। बिक्री के 48 घंटे के अंदर किसानों को भुगतान होगा।

# बारिश और तेज हवाओं ने सर्दी बढ़ा दी सर्दी पलिया और निघासन क्षेत्र के ग्रामीण इलाकों में सबसे ज्यादा गिरे ओले

*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर-खीरी।** रात से जारी बारिश और तेज हवाओं ने सर्दी बढ़ा दी। साथ ही भारत-नेपाल सीमा क्षेत्र में पलिया और निघासन क्षेत्र के ग्रामीण इलाकों में सबसे ज्यादा ओले गिरे। ओले इतने गिरे कि जमीन पर उनकी परत बिछ गई। शनिवार को आसमान में बादल छाए रहे। दोपहर बाद धूप के दर्शन हुए, लेकिन ठंडी हवाएं चलती रहीं। इसके चलते तापमान में गिरावट दर्ज की गई शनिवार को न्यूनतम तापमान 13 डिग्री सेल्सियस और अधिकतम तापमान 27 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम में अचानक आए बदलाव से लोग ठिठुरने लगे और गर्म कपड़े निकालने पर मजबूर हो गए। बारिश और तेज हवाओं के कारण सुबह के समय सड़कों पर लोगों की आवाजाही कम रही। स्कूल जाने वाले बच्चे और ऑफिस जाने वाले कर्मचारियों को बारिश से परेशानी हुई। स्वास्थ्य विभाग के जानकारों ने बदलते मौसम में विशेष सावधानी बरतने की सलाह दी है। शनिवार की सुबह आसमान में छाए काले बादलों से जहां पलिया शहर में मामूली बूंदाबांदी हुई। वहीं पलिया से बीस किलोमीटर दूर थारू गांव चंदनचौकी में करीब आधे घंटे तक भारी ओलावृष्टि हुई। ओलावृष्टि का आलम यह था कि खेत हो या मैदान या फिर रोड पूरी तरह बर्फ की चादर से ढकी नजर आई। भारी ओलावृष्टि से किसानों के खेतों में खड़ी फसलों का भी खासा नुकसान होने की बात बताई जा रही है। पिछले दो दिनों से क्षेत्र में काले बादल मंडरा रहे थे। इसके साथ ही सर्द हवाओं से एक बार फिर लोगों को सर्दी का एहसास दिला दिया। शनिवार की सुबह जंगल के बीच बसे थारू जनजाति के गांव चंदनचौकी में करीब आधे घंटे तक जमकर ओलावृष्टि हुई। ओलावृष्टि की रफ्तार इस कदर थी कि कोई भी ग्रामीण घर से बाहर निकलने की हिम्मत नहीं कर सका। उधर पलिया शहर में काले बादल बूंदाबांदी तक सीमित रह गए। ओलावृष्टि रुकने के बाद चंदनचौकी के ग्रामीण जब घर से बाहर निकले तो खेत हो या मैदान या फिर रोड पूरी तरह बर्फ की चादर से ढकी नजर आईं। पहली बार हुई ऐसी ओलावृष्टि का लोगों ने वीडियो बनाकर जमकर सोशल मीडिया पर वायरल किया। वहीं ग्रामीणों की मानें तो भीषण ओलावृष्टि से उनके खेतों में खड़ी फसलों का भारी नुकसान हुआ है। चंदनचौकी के युवाओं की मानें तो उन्होंने बताया कि उन्होंने पहली बार ऐसी भीषण ओलावृष्टि देखी उचौलिया व पसगवां इलाके में तमाम गांवों में बारिश ने किसानों की खेतों में खड़ी फसलों को काफी नुकसान पहुंचा है। सबसे ज्यादा नुकसान गेहूं, सरसों और आलू की फसलों का हुआ है। अचानक हुई बारिश से खेतों में खड़ा अधपका गेहूं पलट गया है। आलू भी इस समय खेत में तैयार है, जिसकी खुदाई की तैयारी में किसान लगा हुआ था। अचानक हुई बारिश की वजह से आलू की तैयार फसल के खेत में सड़ कर खराब होने की संभावना से किसानों के चेहरे पर मायूसी छाई है। पकी हुई सरसों को भी नुकसान हुआ है।

# डीएम ने गौशाला के निरीक्षण में सचिव का किया स्पष्टीकरण तलब



*अवधनामा संवाददाता*

**बदायूं।** जिलाधिकारी निधि श्रीवास्तव ने शनिवार को ब्लॉक सहसवान के ग्राम कौल्हाई में गौशाला का निरीक्षण किया। उन्होंने भूसा स्टॉक पंजिका में 01 दिसम्बर के बाद कोई प्रविष्टि ना होने व केयरटेकर की उपस्थिति पंजिका न मिलने पर नाराजगी व्यक्त की व ग्राम पंचायत कौल्हाई के सचिव का स्पष्टीकरण तलब करने के निर्देश दिए। उन्होंने गौशाला में समुचित साफ-सफाई व्यवस्था न मिलने पर सफाईकर्मी का एक दिन का वेतन रोकने के निर्देश भी दिए। जिलाधिकारी ने निरीक्षण के दौरान पाया कि यह गौशाला वर्ष 2022 में निर्मित है, जिसमें वर्तमान में 82 गौवंश संरक्षित हैं। इनमें से 80 गौवंशों की ईयरटैगिंग भी कर दी गई है। उन्होंने गौवंशों को दिए जाने वाले हरे चारे की मात्रा को बढ़ाने के लिए कहा तथा गौशाला में गोबर गैस प्लांट की स्थापना भी कराने के निर्देश दिए। उन्होंने पशु चिकित्साधिकारी के निरीक्षण आदि से सम्बंधित पंजिका भी देखी। इस अवसर पर एसएसपी ब्रजेश कुमार सिंह सहित अन्य अधिकारीगण मौजूद रहे।

## सहारनपुर की निगम गौशाला ने गोबर से बनाया गुलाल

**सहारनपुर।** नगर निगम द्वारा संचालित कान्हा उपवन गौशाला ने होली पर्व को और खुशनुमा बनाने के लिए गोबर से ''प्राकृतिक गोमय गुलाल'' तैयार किया है। सहारनपुर की कान्हा उपवन गौशाला प्रदेश की पहली गौशाला है जिसके द्वारा गोबर से गुलाल बनाया गया है। गोबर से निर्मित यह गुलाल होली खेलने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व प्रदेश के नगर विकास मंत्री ए के शर्मा को भी भेजा जायेगा। नगरायुक्त संजय चौहान ने आज निगम अधिकारियों के साथ गौशाला पहुंचकर गुलाल बनाये जाने की प्रक्रिया का निरीक्षण किया और आवश्यक निर्देश दिए।

नगरायुक्त संजय चौहान ने बताया कि नगर निगम द्वारा संचालित श्री शाकुंभरी कान्हा उपवन गौशाला आईएसओ प्रमाणित है और आत्म निर्भर बनने के लिए देश-प्रदेश में अपने नवाचारों के लिए जानी जाती है।

# सहारनपुर की प्रसिद्ध गंगा जमुनी तहजीब को बनाए रखें: मनीष बंसल

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** शांति समिति की बैठक में रमजान व ईद की तैयारियों की समीक्षा की गयी तथा नागरिको से सभी त्यौहार आपसी सौहार्द से मनाने की अपील की गई।

स्थानीय कलक्ट्रेट स्थित नवीन सभागार में आयोजित शांति समिति की बैठक को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी मनीष बंसल ने कहा कि आपसी सौहार्द को बनाये रखते हुये मिल-जुलकर एक-दूसरे का सहयोग करते हुए पर्व को मनायें। यह क्षेत्र हमेशा से आपसी भाईचारा व गंगा जमुनी तहजीब की मिसाल रहा है। सभी धर्म अमन और शांति का संदेश देते हैं। अगर कहीं पर कोई समस्या या विवाद है तो जिला प्रशासन को अवगत कराएं। समय रहते ही समस्या का उचित निस्तारण किया जाएगा। ऐसा कोई कार्य न करें जिससे दूसरे की धार्मिक भावनाएं आहत हों। अनावश्यक रूप से कोई नई परंपरा न डालें।

जिलाधिकारी मनीष बंसल ने कहा कि सभी अधिकारी अपनी अपनी जिम्मेदारियों का अच्छे से निर्वहन करें। उन्होंने निर्देश दिए कि



निर्बाध विद्युत एवं जल आपूर्ति सुनिश्चित करने के साथ साफ-सफाई की बेहतर व्यवस्था की जाए। मस्जिदों के आस-पास की साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखा जाए। क्षेत्र के प्रबुद्धजनों से संवाद बनाकर रखें। उन्होंने सभी थानाध्यक्षों को निर्देशित किया कि थाना स्तर पर समिति के सदस्यों एवं समाज के संभ्रांत लोगों के साथ बैठक कर आवश्यक व्यवस्थाओं के साथ ही समस्याओं का निस्तारण सुनिश्चित करें। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रोहित सिंह सजवाण ने पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिए कि संबंधित क्षेत्रों का भ्रमण कर तैयारियों का जायजा लेकर समय रहते व्यवस्थाओं को पूर्ण किया जाए। इस अवसर पर नगर आयुक्त संजय चौहान, अपर जिलाधिकारी प्रशासन डॉ.अर्चना द्विवेदी,अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व रजनीश कुमार मिश्र, काजी शहर नदीम अख्तर, मौलवी साजिद, सरफराज खां, जामा मस्जिद प्रबंधक मौलवी फरीद, पार्षद मंसूर बदर, राकेश कल्याण, मुजफ्फर अली, आमिर खान, डॉ.अतहर इकबाल जैदी सहित प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारी एवं संबंधित विभागों के अधिकारीगण तथा शांति समिति के सदस्य उपस्थित रहे।

# बादल और बूंदाबांदी से किसान परेशान

**लखीमपुर-खीरी।** तराई के मौसम में बदलाव से किसानों की धड़कनें भी बढ़ गई हैं। बादल और बूंदाबांदी से किसान परेशान हैं। जिले में दो दिन से बादल छाए हैं। रुक-रुक कर बूंदाबांदी हो रही है। शुक्रवार की रात और शनिवार तड़के भी बूंदाबांदी हुई। हवा भी चल रही है। मौसम में सर्दी का असर भी बढ़ गया है। तेज बारिश की संभावना भी जताई जा रही है। अगर बारिश हुई तो लाही की फसल को नुकसान पहुंचेगा।

## लखनऊ-दिल्ली नेशनल हाईवे पर डिवाइडर से टकराकर पलटी बोलेरो, एक श्रद्धालु की मौत

**लखीमपुर-खीरी।** प्रयागराज महाकुंभ से लौट रहे उत्तराखंड के सितारगंज के श्रद्धालुओं की बोलेरो लखनऊ-दिल्ली नेशनल हाईवे पर डिवाइडर से टकराकर पलट गई। हादसे में एक श्रद्धालु की मौत हो गई, जबकि चार श्रद्धालु घायल हो गए। घायलों को सीएचसी पसगवां से प्राथमिक उपचार देकर शाहजहांपुर रेफर कर दिया गया है उत्तराखंड के ऊधमसिंह नगर के सितारगंज से पांच श्रद्धालु महाकुंभ में प्रयागराज गये थे। वे अन्य तीर्थ स्थलों का भ्रमण करते हुए वापस सितारगंज जा रहे थे। सुबह लखनऊ दिल्ली नेशनल हाईवे पर उनकी बोलेरो जंगबहादुरगंज से एक किलोमीटर दूर हरियाली ब्रिज के पास डिवाइडर से टकरा गई। इससे बोलेरो पलट गई। उसमें बैठे सुनील कुमार (22) पुत्र मनोज कुमार, कमल (27) पुत्र अज्ञात, दीपक यादव (25) पुत्र मायाराम यादव, आयुष (27) पुत्र प्रदीप, और ब्रजेश (26) पुत्र नंदलाल गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस की सहायता से घायलों को सीएचसी पसगवां भेजा गया, जहां सुनील कुमार को मृत घोषित कर दिया गया।

## 01 नफर वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**लखीमपुर-खीरी।** थाना पलिया पुलिस द्वारा मु0अ0सं0 70/2025 धारा 103(1)/191(2)/352/351(2) बीएनएस व 3(1)द,ध एससी/एसटी एक्ट व 3(2)(1) एससी/एसटी एक्ट में 01 नफर वांछित अभियुक्त कैफ आलम पुत्र आबिद खाँ को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जा रहा है।

# तहसील खेरागढ़ में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस हुआ सम्पन्न



*अवधनामा संवाददाता*

**आगरा।** तहसील खेरागढ़ में जिलाधिकारी अरविन्द मल्लप्पा बंगारी की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस आयोजित किया गया। समाधान दिवस में जिलाधिकारी ने फरियादियों की शिकायतों एवं समस्याओं को गंभीरता से सुना। उन्होंने संपूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त भूमि विवाद से संबंधित शिकायतों को राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त टीम बनाकर गुणवत्ता पूर्ण निस्तारण करने के उप जिलाधिकारी को निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने संपूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त शिकायतों को गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण करने के साथ साथ सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि शिकायतकर्ता से संपर्क करें तथा उनसे वार्ता कर शिकायत को निस्तारण कराना सुनिश्चित करें, साथ ही स्थलीय निरीक्षण कर निस्तारण होने के बाद शिकायतकर्ता को अवगत कराया जाए, जिससे उनको भी निस्तारण स्थिति का पता चल सके और निस्तारण आख्या में सम्पूर्ण घटनाक्रम को अंकित करते हुए पोर्टल पर अपलोड की जाए। तहसील दिवस के दौरान कुल 128 शिकायतें प्राप्त हुई हैं, जिसमें 12 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण किया गया। शेष शिकायतों में विद्युत, पेंशन, राशन, भूमि विवाद, चकरोड निर्माण/अतिक्रमण, नाली निर्माण, अवैध अतिक्रमण आदि की राजस्व से सम्बन्धित थीं, जिसमें राजस्व विभाग की 56, पुलिस विभाग 26, विकास विभाग की 27 तथा शिक्षा, पेंशन, राशन, विद्युत सहित अन्य विभागों की 19 शिकायतें रहीं। तहसील दिवस के दौरान शिकायतकर्ता हुकुम सिंह द्वारा गूल खुदवाए जाने का प्रकरण जिलाधिकारी के समक्ष प्रस्तुत किया, जिस पर जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारी खेरागढ़ को यथा शीघ्र गूल खुदवाए जाने तथा कार्य पूर्ण की सूचना उपलब्ध कराए जाने के निर्देश दिए। शिकायतकर्ता ने अपनी शिकायत का निस्तारण के लिए कार्यवाही होती देख प्रसन्नता से अपने खेत में लगे बेर की पोटली जिलाधिकारी को भेंट में दी।

तहसील दिवस में जिलाधिकारी ने बताया कि 01 मार्च 2025 से शासन द्वारा जनपद के सभी कार्यालयों में ई-ऑफिस प्रणाली के निर्देश प्रदान किए गए हैं। कलेक्ट्रेट, नगर निगम तथा विकास प्राधिकरण में ई-ऑफिस प्रणाली को पूर्व में लागू किया जा चुका है तथा पत्रावलियां ई-ऑफिस के माध्यम से संचालित की जा रही है, उन्होंने सभी विभागाध्यक्षों से एनआईसी से अपनी आईडी डीएससी बनाया जाना सुनिश्चित करें तथा ऐसे सभी चिन्हित कार्मिक जो पत्रावली के संचालन में भूमिका रखते हैं, उन्हें मुख्य विकास अधिकारी कार्यालय के द्वारा प्रशिक्षित भी किया जाएगा। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि जो कार्यालय अभी तक गो-लाइव नहीं हुए है और उनके द्वारा पत्रावलियों का ई-परिचालन ई ऑफिस के माध्यम से न भेज कर भौतिक रूप से भेजी जा रही हैं उन कार्यालयों की कोई भी पत्रावली भौतिक रूप से स्वीकार नहीं की जाएगी। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि सभी अधिकारी अपने-अपने कार्यालय में समय से जनता की शिकायते सुनें और ज्यादा से ज्यादा मौके पर ही निस्तारण कराएं तथा शेष शिकायतों को भी जल्द से जल्द निस्तारण कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्देशित किया कि आइजीआरएस पर प्राप्त शिकायतों को सभी अधिकारी गंभीरता से निस्तारण करें तथा शिकायत को क्लोज करने से पहले निस्तारण आख्या का अध्ययन अवश्य करें।

# एक दिवसीय माटीकला सेमीनार का आयोजन 3 मार्च को

**आगरा।** परिक्षेत्रीय/जिला ग्रामोद्योग अधिकारी नीतू यादव ने अवगत कराया है कि उ0प्र0 खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड आगरा मण्डल आगरा के तत्वाधान में दिनांक 03.03.2025 दिन सोमवार को 60, नारायण विहार पश्चिमपुरी सिकन्दरा, आगरा में एक दिवसीय माटीकला सेमीनार का आयोजन किया जायेगा।

जिसमें जनपद आगरा से आये हुए माटीकला से जुड़े कुम्भकार / कुम्हार एंव प्रजापति समाज के शिल्पकार/कारीगरों/उद्यमियों को नवाचार से परिचय कराये जाने के उद्देश्य से परम्परागत विधाओं के स्थान पर नवीन तकनीकी का प्रयोग जैसे आधुनिक भट्टी, कण्डा, लकड़ी, कोयला, डीजल गैस आदि में कौन सा ईंधन किस उत्पाद के लिए लाभकारी, शिल्पकारी सत्र में मिट्टी माटीकला उद्योग में उत्पादित विभिन्न तरह के उत्पादों के साथ कुछ नया उत्पाद निर्माण की तकनीकी शिल्पकारी सत्र एंव व्यवसायिक सत्र में विभिन्न महोत्सवो में भ्रमण करना।

आकर्षक पैकिंग द्वारा माटीकला के उत्पादों का डिसप्ले कर ब्रिक्री बढ़ाये जाने की विशेषज्ञों द्वारा जानकरी दी जायेगी एवं विभाग द्वारा उपलब्ध कराये गये पॉपकार्न मशीन, दोना पत्तल मशीन का वितरण एंव खादी ग्रामोद्योग प्रोत्साहन योजना के अन्तर्गत अधिक से अधिक ग्रामोद्योग इकाईयों की स्थापना हेतु जनपद के प्रत्येक विकास खण्ड से दो ग्राम प्रधानो का सम्मान मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित पुरुषोत्तम खण्डेलवाल विधायक आगरा उत्तर विधान सभा उ0प्र0 सरकार के कर कमलों द्वारा किया जायेगा।

# भाजपा जिला अध्यक्ष के चुनाव के लिए नामांकन के आज से

**लखीमपुर खीरी।** भाजपा जिला अध्यक्ष के चुनाव के लिए आज लिए जाएंगे आवेदन सुबह 11ः00 से भाजपा कार्यालय पर आवेदन प्रक्रिया शुरू होगी अटल बिहारी बाजपेयी सरकार में मंत्री रहे और वर्तमान में बस्ती से विधायक श्रीराम सिंह चौहान होंगे चुनाव अधिकारी।

## चिकित्सा शिविर में रोगियों की जांच कर दिया उचित परामर्श

**सहारनपुर।** सर्व भारतीय ब्राह्मण महासभा व किरण हैल्थ केयर के तत्वावधान में आयोजित निःशुल्क चिकित्सा शिविर में नागरिकों के स्वास्थ्य की जांच कर उचित परामर्श दिया गया। बाजोरिया रोड पर आयोजित निशुल्क चिकित्सा शिविर का शुभारंभ सर्व भारतीय ब्राह्मण महासभा के अध्यक्ष डॉ.सुनील शांडिल्य व किरण हैल्थ केयर के प्रबंधक डॉ दिनेश शर्मा ने संयुक्त रूप से किया। शिविर को संबोधित करते हुए किरण हैल्थ केयर के प्रबंधक डॉ दिनेश शर्मा व डॉ सुनील शांडिल्य ने कहा कि स्वस्थ्य रहना ही जीवन की पहली प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि सभी को अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहना चाहिए। शिविर में डॉ हिमांशु शर्मा, डॉ ममता शर्मा, डॉ एजाज अहमद, डॉ जल सिंह, सीनियर डायटिशियन आयुषी अग्रवाल, डॉ उमा शंकर, डॉ जुनैद भारती, डॉ सौरभ ने दिल, सांस, त्वचा, आंख, शुगर, बीपी, स्त्री रोग, मैडिसन, पथरी, जोड़ो के दर्द आदि की निशुल्क जांच कर परामर्श दिया। शिविर में ब्लड, शुगर, बीपी आदि की भी निशुल्क जांच की गई। शिविर में थाना जनकपुरी के कार्यवाहक प्रभारी संजय सिंह व संदीप कुमार को भी संबोधित किया गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय प्रभारी अंकित शर्मा, डॉ श्रीकांत शर्मा, पंडित दीपक वत्स, पंडित सोनू शर्मा, पंडित गिरीश शर्मा, पंडित प्रशांत शर्मा, पंडित सुनिल शर्मा, पंडित एसपी शर्मा, सतीश शर्मा, बलराज शर्मा आदि मौजूद रहे।

# संपूर्ण समाधान दिवस का हुआ आयोजन

**तहसील समाधान दिवस में 17 शिकायते दर्ज 2 का मौके पर निस्तारण**



*अवधनामा संवाददाता*

**नगीना।** एसडीएम आशुतोष जायसवाल ने तहसील समाधान दिवस आने वाली सभी जनहित शिकायतों को समय रहते निस्तारण करने के निर्देश दिए हैं इस मौके पर कुल 17 शिकायते दर्ज कि गई, जिनमें दो का मौके पर ही निस्तारण किया गया। तहसील सभागार में एसडीएम आशुतोष जायसवाल की अध्यक्षता में आयोजित संपूर्ण तहसील समाधान दिवस में आजाद समाज पार्टी के कार्यकर्ताओं ने परवेज पासी के नेतृत्व में एसडीएम को एक मांग पत्र सौंपकर मथुरा दौरे के दौरान भीम आर्मी के चीफ व नगीना लोकसभा के सांसद चंद्रशेखर के काफिले पर पथराव की निंदा करते हुये हमलावरों की गिरफ्तारी के साथ सांसद की सुरक्षा की मांग की ,उधर प्रबुद्ध समाज के लोगों ने विश्व दलित परिषद के अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष भूपेंद्र पाल सिंह चमार के नेतृत्व में राष्ट्रपति को संबोधित एक मांग पत्र एसडीएम को सौंपकर बिहार राज्य के महाबोधि बिहार को मुक्त कराये जाने की मांग की गई।

उधर भारतीय जनता पार्टी बढ़ापुर के महामंत्री अजय राज सिंह एडवोकेट ने समाधान दिवस में एक शिकायती पत्र सौंपकर बढ़ापुर में राजस्व विभाग की नदी क्षेत्रफल की भूमि पर से अवैध कब्जा हटवाये जाने समेत कुल 17 शिकायतें दर्ज की गई जिनमें से दो शिकायतों का मौके पर ही निश्चरण कर दिया गया। शेष शिकायते संबंधित विभागों के अधिकारियों को सौप कर पारदर्शिता के साथ उनका निस्तारण करने के आदेश दिया।

इस अवसर पर तहसीलदार प्रभा सिंह, नायब तहसीलदार राजकुमार सिंह, एसडीओ विधुत रामकेश सिंह, बीडीओ इंद्रजीत सिंह, नगर पालिका ईओ संदीप सैक्सैना, थाना प्रभारी तेजपाल सिंह, सहित विभिन्न विभागों के अधिकारियों के अतिरिक्त सर्किल क्षेत्र के सभी थानों के प्रभारी मौजूद रहे।

# स्कूल में धूमधाम से मनाया गया वार्षिकोत्सव



**नजीबाबाद।** नजीबाबाद के ग्राम गजरौला पांईमार मे स्थित समग्र विधालय में वार्षिक उत्सव को बड़े धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत स्कूल स्टाफ द्वारा दीप प्रचलित कर की गई। तत्पश्चात बच्चों ने सांस्कृतिक रंगारंग कार्यक्रम, नृत्य, नाटकीय, निबंध लेखन, अंधविश्वास, मोबाइल का प्रयोग तथा अनेकता में एकता जैसे कार्यक्रमो को प्रस्तुत कर स्कूल में आए सभी अतिथियों का मन मोह लिया। वही स्कूल की प्रधानाचार्य द्वारा बच्चों के माता-पिता से बच्चों को प्रतिदिन स्कूल भेजने की अपील की गई ! वहीं स्कूल से जाने वाले बच्चों बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की गई इस मौके पर स्कूल के समस्त स्टाफ ने सभी बच्चों को आशीर्वाद दिया। कार्यक्रम में विजेता बने बच्चों को स्कूल स्टाफ एवं ग्राम प्रधान द्वारा पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान ग्राम प्रधान, आंगनवाड़ी कार्यकारिणी, दिशू, ज़ोया, ज़ैद, जुनैद, ईशानी, वंदना, सुफियान, तपस्या एवं स्कूल का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

# रमज़ान एवं होली को लेकर विभिन्न विभागों संग की गई गोष्ठी

**त्योहारों पर साफ सफाई संबंधित कोई भी दिक्कत परेशानीना होः नगर पालिका अध्यक्ष**



*अवधनामा संवाददाता*

**नजीबाबाद।** नजीबाबाद नगर पालिका अध्यक्ष मौअज़्ज़म इंजीनियर द्वारा साफ सफाई एवं अन्य व्यवस्थाओं से संबंधित विभागों के साथ मीटिंग की गई ! उन्होंने सभी को आदेशित कर कहा कि माहे रमज़ान एवं होली पर साफ-सफाई की व्यवस्था दुरुस्त रहे, अपने-अपने कार्य में किसी भी प्रकार की कोई भी लापरवाही एवं कोताही न बरतें नगर को साफ चुस्त और दुरुस्त रखने का कार्य करें। जल कल विभाग को आदेशित करते हुए उन्हें कहा कि अगर बिजली आपूर्ति हो तो जनरेटर की व्यवस्था चालू रखें, और नलकूपों पर एक से अधिक जनरेटर की व्यवस्था रखें कहीं भी पानी की कमी नहीं हो पाए ! अगर त्योहार पर किसी प्रकार की साफ-सफाई संबंधित कोई दिक्कत परेशानी हो तो हमारे टोल फ्री नंबर 9457741788 पर कॉल कर अवगत कराए और समस्या का समाधान पाए।

# प्रिटी पेट्ल्स स्कूल ने अत्यंत भव्यता के साथ पूर्ण किया अपना स्थापना दिवस फुलवारी

**अवधनामा संवाददाता**



**बीसवें स्थापना दिवस फुलवारी में छटा बिखेरी प्रिटी पेट्ल्स स्कूल के नन्हे मुन्नों ने**

**लखनऊ।** प्रिटी पेट्ल्स स्कूल द्वारा बीसवें स्थापना दिवस फुलवारी दो हजार पच्चीस (प्रकृति के रंग बचपन के संग) के अवसर पर वित्तीय प्रबन्ध एवं शोध संस्थान, इन्दिरा नगर, लखनऊ में रंगारंग कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि ओ पी श्रीवास्तव विधायक, पूर्वी विधानसभा लखनऊ द्वारा दीप प्रज्जवलित कर किया गया।

इस अवसर पर नन्हें-मुन्नों द्वारा नाचो-नाचो, लुक-छुप ना जाओ, इत्ती सी हँसी और पंजाबी गानो पर मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया। विद्यार्थियों द्वारा बाल मजदूरी पर एक नाटक भी प्रस्तुत किया गया। मुख्य अतिथि ओ पी श्रीवास्तव विधायक द्वारा छात्र-छात्राओं को भी सम्मानित किया गया। इस अवसर पर डॉक्टर ए के सचान चेयरमैन, हिन्द चैरिटेबल ट्रस्ट एवं राम मोहन अग्रवाल पूर्व पार्षद, विशिष्ट अतिथि के रुप में उपस्थित रहे। जहां विद्यालय के अध्यक्ष अमित आर्या ने बताया कि बच्चों ने कई दिनों की कड़ी मेहनत के उपरांत ये खूबसूरत प्रस्तुतियां तैयार की हैं जो हमारे स्कूल की सभी अध्यापिकाओं और स्टाफ के बैगर संभव नहीं था जिसमें सभी का सहयोग अत्यंत प्रशंसनीय था। मुख्य अतिथि ने कहा कि किसी भी स्कूल की शिक्षा तब तक अधूरी है जब तक वो स्कूल बच्चों में अपनी सभ्यता, संस्कृति और राष्ट्रवाद को स्कूली शिक्षा में नहीं जोड़ता है, ये स्कूल इन्हीं सभी बातों का पालन करता है जिसकी जितनी भी प्रशंसा की जाए कम है, मैं इन सभी के भविष्य की उज्ज्वल कामना करता हूं। कार्यकम का समापन देशभक्ति गीतों की प्रस्तुति के साथ किया गया तथा विद्यालय के अध्यक्ष अमित आर्या द्वारा सभी अतिथियों, बच्चों एवं अभिभावकों को आभार प्रकट किया गया।

# एसडीएम ने संबंधित विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक कर दिए निर्देश



**उरई (जालौन) अवधनामा संवाददाता।** कुष्ठ रोगी खोज अभियान 12 मार्च तक चलेगा जिसमें 208 सदस्यों की टीम कुष्ठ रोगियों को खोजने का काम करेगी। अभियान की सफलता को लेकर एसडीएम ने संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए हैं। अपने कार्यालय में एसडीएम ज्योति सिंह ने नगर पालिका, नगर पंचायत, ब्लॉक कार्यालय, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, बीआरसी, बाल विकास परियोजना, आपूर्ति विभाग, यूनिसेफ, डब्ल्यूएचओ और कृषि प्रसार विभाग से जुड़े कोंच एवं नदीगांव क्षेत्र के अधिकारियों के साथ बैठक की और उनको निर्देश दिए कि शासन के निर्देशन में चलाए जा रहे उक्त कार्यक्रमों को सफल बनाने के लिए आमजन को जागरूक करें। लोगों के स्वास्थ्य से जुड़े कार्यक्रमों को सफल बनाने की जिम्मेदारी सभी की है, इसलिए लापरवाही किसी भी स्तर पर न बरतें। इस पूरे कार्यक्रम के बारे में यूनिसेफ के जिला कोऑर्डिनेटर अमर सिंह ने बताया, जानलेवा बीमारियों में शुमार टीवी, हिपेटाइटिस, पोलियो, काली खांसी, गला घोंटू, टिटनिस, डायरिया, निमोनिया, खसरा, जापानी बुखार से बचाव के लिए सीएचसी और पीएचसी सहित गांवों के आंगनबाड़ी केंद्रों पर प्रत्येक बुधवार और शनिवार को शेड्यूल के अनुसार बच्चों को टीके लगाए जा रहे हैं। गर्भवती महिलाओं की भी इस दौरान चार बार जांच की जाएगी ताकि कोई समस्या होने पर समुचित इलाज किया जा सके जिससे जच्चा और बच्चा सुरक्षित रह सकें। 12 मार्च तक कुष्ठ रोगी खोज अभियान चलाया जाएगा।

# पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के मीटर की दी गई ट्रेनिंग



**गोरखपुर अवधनामा संवाददाता।** गोरखपुर के विकास भवन सभागार में यूपीनेडा द्वारा पी एम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के अंतर्गत मीटर रीडर ट्रेनिंग करवाई गई। पी एम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के अंतर्गत विद्युत विभाग के मीटर रीडरों को उचित रीडिंग करने हेतु ट्रेनिंग उपकारी नाथ त्रिपाठी द्वारा प्रदान की गई, जिससे घरेलू सौर उपभोक्ताओं को विद्युत बिल में सौर ऊर्जा का लाभ मिल सके द्य उनके द्वारा कहा गया कि नेट मीटर की उचित रीडिंग से ही उपभोक्ता को योजना का लाभ मिलेगा जिससे उपभोक्ता स्वयं योजना के लाभ के बारे में अन्य उपभोक्ताओं को बताएंगे। बताते चले योजना के अंतर्गत घरेलू सौर संयंत्र में अधिकतम 108000 रूपये तक की सब्सिडी भी शासन द्वारा दी जा रही है। बैठक में परियोजना अधिकारी यूपीनेडा गोविंद तिवारी, आर एम आई फाउंडेशन से एस डी दूबे, नोडल विद्युत विभाग अधिशासी अभियंता आशीष चौहान, अतुल रघुवंशी, लवलेश कुमार, अविनाश गौतम, सर्किल मैनेजर बिलिंग, डिविजनल सुपरवाइजर मीटर रीडर्स एवं अन्य कार्यकारी उपस्थित रहे।

# बाल मेले में बच्चों ने स्वच्छता को ध्यान रखते हुए बनाया स्वादिष्ट व्यंजन



**गोरखपुर अवधनामा संवाददाता।** कम्पोजिट पूर्व माध्यमिक विद्यालय टेकुआपाती सहजनवाँ गोरखपुर में बाल मेला (फूड स्टाल) का आयोजन हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि खण्ड शिक्षा अधिकारी यज्ञ नारायण वर्मा रहे। कार्यक्रम का अवलोकन समस्त एआरपी सुनील कुमार दुबे, अखिलेश दिक्षित प्रवीण पाण्डेय विजेंद्र ग्राम, प्रधान, प्राथमिक शिक्षक संघ ब्लॉक अध्यक्ष महेश शुक्ला ,तथा संकुल शिक्षकों ने किया। इनके साथ ही बच्चों के परिजनों और गांव वासियों ने बच्चों द्वारा बनाये हुए व्यंजनों का आनन्द लिया। मुम्बई की भेल पुरी, मसाले वाली चाय, राजस्थान की कचौरी , मोमो मैजिक और कुरकुरे समोसे बेहद पसन्द किये गये। छोटे छोटे बच्चों ने बहुत ही स्वादिष्ट व्यंजन बनाये साथ ही स्वच्छता का भी ध्यान रखा। अन्त मे ई. प्रधानाध्यापक शब्यास कुमार यादव ने सम्मिलित समस्त लोगों का मीडिया का आभार ज्ञापन किया।

# मण्डलायुक्त ने अतरौली सम्पूर्ण समाधान दिवस का निरीक्षण कर शिकायतों का कराया निस्तारण

**अवधनामा संवाददाता**




**अलीगढ़।** आयुक्त अलीगढ़ मण्डल अलीगढ़ संगीता सिंह द्वारा तहसील अतरौली के एनैक्सी सभागार में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस का निरीक्षण कर शिकायत निस्तारण की गुणवत्ता को परखा गया। इस मौके पर उन्होंने सम्पूर्ण समाधान दिवस में आए हुए फरियादियों की समस्याओं को सुन उनका गुणवत्तापरक निस्तारण कराने के लिए संबंधित अधिकारियों को संदर्भित कर ससमय निस्तारण के निर्देश दिए।

मण्डलायुक्त के कई प्रकरण ऐसे आए जिनमें न्यायालयों में वाद लम्बित हैं, ऐसे प्रकरणों में उन्होंने फरियादियों से अपील करते हुए कहा कि न्यायालयों में विचाराधीन प्रकरणों को सम्पूर्ण समाधान दिवस के पटल पर न लाएं ताकि अन्य फरियादियों व अधिकारियों का समय प्रभावित न हो। सम्पूर्ण समाधान दिवस में नई तहसील क्षेत्र निवासी कलियान सिंह ने खेतों में गटर के गंदे पानी राके जाने की शिकायत के फर्जी निस्तारण के बारे में कहा कि कई बार शिकायत किए जाने के बावजूद फर्जी रिपोर्ट लगाकर निस्तारण कर दिया गया है। इस पर मण्डलायुक्त ने नायब तहसीलदार को स्वयं मौके पर पहुँच शिकायत निस्तारण के निर्देश दिए। ब्लॉक गंगीरी के ग्राम दहेली निवासी जुगेन्द्र सिंह ने विपक्षीगणों द्वारा चकरोड को खेत में मिलाने की शिकायत दर्ज कराई गई, जिस पर राजस्व निरीक्षक छर्रा एवं एसएचओ छर्रा को संयुक्त रूप से मौका मुआयना कर समस्या निस्तारण के निर्देश दिए गए। जल जीवन मिशन में कार्य कर रही कार्यदायी संस्था पीएनसी इंफ्राटेक के राजेन्द्र प्रसाद धाकड़ ने बताया कि बिजौली के अलीपुर सीसई ग्राम में योजना के तहत चिन्हित भूमि पर कार्य आरम्भ कर दिया गया परन्तु अब ग्रामीणों के रास्ता अवरूद्ध करने के कार्य प्रभावित हो रहा है। इस पर कमिश्नर ने राजस्व निरीक्षक को मौके पर पहुँच स्थलीय निरीक्षण कर नियमानुसार कार्यवाही करने के निर्देश दिए। ब्लॉक अतरौली के ग्राम कासिमपुर-गदाईपुर निवासी भगवंत सिंह ने शिकायत दर्ज कराई कि उसकी वर्ष 2021 से वृद्धावस्था पेंशन आ रही थी जिसमें वर्ष 2024 में उसे मृत दर्शाकर पेंशन रोक दी गई। इस पर मण्डलायुक्त ने जिला समाज कल्याण अधिकारियों को प्राथमिकता से प्रकरण के निस्तारण के निर्देश दिए।

# अलीगढ़ शहर में तेज बारिश के साथ जमकर हुई ओलावृष्टि



**अवधनामा संवाददाता**

**अलीगढ़।** अलीगढ़ में मौसम के करवट बदलते ही जनजीवन अस्त-व्यस्त नजर आ रहा है. जहां एक ओर गर्मियों की शुरुआत हो चुकी है तो वहीं दूसरी तरफ मौसम का मिजाज बदलने के कारण गर्मियों की शुरुआत में भी सर्दी का एहसास होता हुआ नजर आ रहा है। तेज हवाओं के बाद शुक्रवार शाम अलीगढ़ में पड़े लगातार ओले की वजह से जन जीवन पूरी तरीके से अस्त व्यस्त नजर आ रहा है। मौसम विभाग के द्वारा तेज हवाओं के बाद हल्की बूंदाबांदी का अंदेशा जताया था, लेकिन अचानक तेज हवाओं के बाद लगातार पड़े ओले की वजह से शहर में सर्दी का एहसास होता हुआ नजर आया है. शहर के तापमान में गिरावट भी दर्ज की गई है। अलीगढ़ में अभी कुछ दिन और मौसम में बदलाव देखने को मिल सकता है। अलीगढ़ में गर्मी की पहली बारिश के साथ ही ओले भी जमकर पड़े, जिससे तापमान में अचानक गिरावट आ गई और लोगों को सर्दी का अनुभव होने लगा. मौसम विभाग ने पहले ही तेज हवाओं और हल्की बूंदाबांदी का अंदेशा जताया था, लेकिन ओलावृष्टि की किसी को उम्मीद नहीं थी। अचानक बदले इस मौसम ने न केवल लोगों को हैरान कर दिया, बल्कि जनजीवन भी प्रभावित हुआ. वहीं ओले गिरने के साथ ही सड़कों पर सफेद चादर बिछ गई और लोग सिर छुपाने के लिए सुरक्षित जगहों की तलाश में दौड़ते नजर आए. दुकानदारों ने जल्दबाजी में अपने दुकानों के शटर गिरा दिए, जबकि राहगीर ठंड से बचने के लिए इधर-उधर भागते देखे गए।

# संविधान सिर्फ सरकार चलाने का माध्यम ही नहीं है बल्कि विविध राष्ट्र को प्रेरित कर आकर देता है

**देवरिया।** शुक्रवार को संसद भवन के जीएमसी बालयोगी ऑडिटोरियम में आयोजित राष्ट्र निर्माण में संविधान के विविध आयामों की भूमिका कार्यक्रम में सांसद श्री शशांक मणि जी बतौर वक्ता सम्मिलित हुए। इस अवसर उन्होंने धर्मनिरपेक्षता, समानता, बंधुत्व और सामाजिक न्याय के मुद्दे पर संबोधन किया। उन्होंने कहा कि मेरे विचार में संविधान सिर्फ सरकार चलाने का माध्यम ही नहीं है बल्कि विविध राष्ट्र को प्रेरित कर आकर देता है। मैंने देवरिया लोकसभा में चल रही संविधान सबका प्रयास यात्रा की चर्चा की, साथ ही संविधान में निहित बंधुत्व को सबका प्रयास के माध्यम से विकसित राष्ट्र का मार्ग बताया। इस कार्यक्रम में उनके साथ पैनल में पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं पटना साहिब से लोकप्रिय सांसद आदरणीय श्री रविशंकर प्रसाद जी ने अपना वक्तव्य दिया। इस खास कार्यक्रम को आदरणीय लोकसभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला जी के नेतृत्व में द इंस्टीट्यूट ऑफ कांस्टीट्यूशनल एंड पार्लियामेंट्री स्ट्डीज ने आयोजित किया।

# डीएम व एसपी ने परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया



**फर्रुखाबाद अवधनामा संवाददाता।** जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी व पुलिस अधीक्षक आलोक प्रियदर्शी द्वारा माध्यमिक शिक्षा परिषद की हाईस्कूल परीक्षा के परीक्षा केंद्रों राजकीय इंटर कालेज फतेहगढ़, म्युनिसिपल इंटर कालेज फतेहगढ़ का निरीक्षण किया। निरीक्षण में सभी जगह परीक्षा सुचारू रूप से संचालित होती पाई गई, जिलाधिकारी द्वारा कालेज में परीक्षार्थियों की उपस्थिति, प्रकाश व्यवस्था व कंट्रोल रूम में सी0सी0 टी0वी0 कैमरे का संचालन चेक किया गया व केंद्र व्यवस्थापक को नकलबिहीन परीक्षा संपन्न कराने के लिये निर्देशित किया गया।

# संवेदनशील होकर समस्याओं का जमीनी स्तर पर करे जनसमस्याओं का निस्तारण



**गोरखपुर अवधनामा संवाददाता।** सदर तहसील सभागार में तहसील समाधान दिवस ज्वाइंट मजिस्ट्रेट /एसडीएम सदर मृणाली अविनाश जोशी की अध्यक्षता में तहसील समाधान दिवस आयोजित की गई। ज्वाईंट मजिस्ट्रेट ने निर्देश दिया कि अधिकारी गण जन समस्याओं के प्रति संवेदनशील होकर समस्याओं का जमीनी स्तर पर निस्तारण सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि जन समस्याओं के त्वरित निस्तारण के उद्देश्य से सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया जाता है और जन समस्याओं का गुणवत्तायुक्त एंव समयबद्ध निस्तारण शासन की प्राथकिता है। आए हुए मामलों के निस्तारण में किसी भी स्तर पर शिथिलता नही होनी चाहिए अन्यथा संबंधित अधिकारी के विरूद्ध कार्यवाही सुनिश्चित किया जाएगा। उक्त निर्देश ज्वाइंट मजिस्ट्रेट /एसडीएम सदर मृणाली अविनाश जोशी ने सदर तहसील में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता करते हुए कही इस अवसर पर सदर तहसील में आयें मामलों को एक सप्ताह के अन्दर निस्तारित करने के लिए अधिकारियों को निर्देश दिये । ज्वॉइंट मजिस्ट्रेट ने विगत सम्पूर्ण समाधान दिवस के प्रार्थना पत्र के निस्तारित मामलों के सत्यापन कराकर शिकायत के निस्तारण की गुणवत्ता की जांच भी कराया अधिकारी गण स्वयं मौके पर जाकर शिकायतो का निस्तारण कराकर सदर तहसील को रिर्पोट प्रस्तुत करे। ज्वॉइंट मजिस्ट्रेट ने कहा कि जन शिकायतो का निस्तारण गुणवत्तापरक किया जाये।

# अयूब के नाबाद शतक के बदौलत मालवीय कॉलेज भाटपार रानी ने बीआरडी पीजी देवरिया को हराया

## मालवीय पीजी कॉलेज के पीच पर मैत्री क्रिकेट मैच का आयोजन

**अवधनामा संवाददाता**



**भाटपार रानी।** मदन मोहन मालवीय पीजी कॉलेज के प्रबंधक एवं वरिष्ठ भाजपा नेता राघवेंद्र वीर विक्रम सिंह की प्रेरणा से शनिवार को मालवीय पीजी कॉलेज के क्रीड़ांगन में मैत्री क्रिकेट मैच का आयोजन मदन मोहन मालवीय पीजी कॉलेज भाटपार रानी एवं बीआरडी पीजी कॉलेज देवरिया के बीच किया गया। रोमांच से भरे इस मैच में मालवीय कॉलेज के खिलाड़ी अयूब अंसारी के शतक के बदौलत मालवीय कॉलेज की टीम ने बीआरडी पीजी की टीम को पराजित कर ट्राफी पर कब्जा कर लिया। मालवीय कॉलेज की टीम ने 5 विकेट खोकर 184 रन का लक्ष्य खड़ा की। जवाब में उतरी बीआरडी की टीम 6 विकेट खोकर 140 रन बना सकी। खेले गए 15-15 ओवर के मैच में बीआरडी पीजी की टीम ने टॉस जीता तथा फिल्डिंग करने का निर्णय लिया। पहले बल्लेबाजी करने उतरी डॉ रवि सिंह की कप्तानी में मालवीय टीम के उत्कृष्ट खिलाड़ी अयूब अंसारी ने उत्तम प्रदर्शन कर दर्शकों का दिल जीत लिया। अयूब ने 42 बाल में 4 चौका, 11 छक्का जड़ 112 रन बनाकर दर्शकों की तालियां बटोरीं तथा वे मैन ऑफ द मैच रहे। अयूब पूरे मैच के दौरान पीच पर डटे रहे तथा नॉट आउट रहे7 कप्तान रवि सिंह ने सात बाल में पांच रन बनाया । डॉ जय सिंह यादव ने 19 बाल में चार चौक का जड़कर 19 रन बनाया। डॉ अंशुमान सिंह 12 बाल में एक छक्का जड़कर 16 रन बनाया। बीआरडी पीजी के टीम की तरफ से राणा सिंह ने 25 बॉल में तीन चौका , पांच छक्का जड़कर 52 रन बनाया।

शुभम ने 22 बाल में 7 चौका जड़कर 36 रन बनाया ।मैन ऑफ द मैच का उत्कृष्ट खिताब मालवीय कॉलेज की टीम के खिलाड़ी डॉ आयूब अंसारी को प्राप्त हुआ। उद्घोषक का काम सूरज एवं डॉ भावना ने किया। स्कोरर की भूमिका सत्यम पांडेय एवं रोहन यादव ने निभायी। अंपायर की भूमिका रोहित सिंह एवं राकेश ने निभाई। खेल का शुभारंभ मुख्य अतिथि संस्थान के प्रबंधक व वरिष्ठ भाजपा नेता राघवेंद्र वीर विक्रम सिंह ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। उन्होंने विजेता एवं उपविजेता टीम को ट्रॉफी भेंट कर उनका उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि इस प्रबुद्ध वर्ग के मैत्री खेल में हार की समीक्षा की जा रही है, जबकि मैत्री मैच में विजेता एवं उपविजेता दोनों ही टीम विजेता होती है। मैत्री भाव का खेल में दोनों ही टीम विजेता रहती हैं। अति विशिष्ट अतिथि संस्थान के उपाध्यक्ष डॉ पवन कुमार राय ने कहा कि सद्भावना खेल के हार-जीत की सीमा रेखा मिटा दी जाती है। दोनों टीमों के खिलाड़ी सामूहिकता के भाव से जुड़ कर खेल भावना से खेलते हैं। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजन दो संस्थाओं के मध्य मैत्री की डोर को और अधिक मजबूत बनाते हैं।

# संपूर्ण समाधान दिवस पर समस्याएं सुनी गई



**फर्रुखाबाद अवधनामा संवाददाता।** जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी की अध्यक्षता में तहसील कायमगंज में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया, संम्पूर्ण समाधान दिवस में राजस्व विभाग की 28,पुलिस की 31,विकास विभाग की 07,विद्युत विभाग की 15,स्वास्थ्य विभाग की 03,नगर विकास की 05 व अन्य विभागों की 32 शिकायते कुल 121 शिकायतें प्राप्त हुई, जिनमे से 16 का मौके पर निस्तारण किया गया। प्राप्त शिकायतों का शासन की मंशा के अनुरूप प्राथमिकता के आधार पर तय समय सीमा के अंदर निस्तारण करने के आदेश संबंधित अधिकारियो को दिये। इस अवसर पुलिस अधीक्षक, मुख्य विकास अधिकारी, डी0एफ0ओ0, जिला विकास अधिकारी व संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# जिलाधिकारी द्वारा कम्पिल क्षेत्र के धौपुरा में निर्माणाधीन कथा पंडाल का निरीक्षण किया गया

**फर्रुखाबाद अवधनामा संवाददाता।** जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी द्वारा कंपिल के धौपुरा में पर्यटन विभाग के निर्माणाधीन कथा पंडाल का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में कार्य की गुडवत्ता अत्यंत खराब पाई गई, चबूतरे की मोल्डिंग खराब पाई गई फर्श पर लगी टाइल्स चटकी पाई गई, लगाये गये कोटा स्टोन की क्वालिटी निम्न स्तर की पाई गई, साइड पर लगी रेलिंग की फिटिंग सही नही पाई गई, जिलाधिकारी द्वारा इस पर नाराजगी व्यक्त की गई व समस्त कार्यो की तकनीक टीम बना कर जाँच कराने के निर्देश दिये गये। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी व संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# मस्जिद कमेटी और प्रशासन के बीच सुलह

**अवधनामा संवाददाता**



**गोरखपुर।** शहर के बीच में स्थित घोषकम्पनी चौराहे के पास की भूमि पर अतिक्रमण हटाने के दौरान गाड़ी खाने वाली पुरानी मस्जिद को रात के अंधेरे में ध्वस्त कर दिया था जबकि मस्जिद का मामला कोर्ट में विचाराधीन था।

**मस्जिद की दो मंज़िल की छत हटाएगी कमेटी**

इस बीच नगर निगम ने अतिक्रमण से मुक्त कराई गई भूमि के लिये एक बिल्डर से समझौता कर लिया लेकिन मामला किन शर्तो पर तय हुआ यह अभी भी रहस्य है। इसके बाद हो हल्ला मचने के बाद नगर निगम ने मस्जिद के एवज में उसी आराजी के दक्षिण में जमीन उपलब्ध करा दिया। जहां चार मंजिला मस्जिद अबु हुरैरा बन कर तैयार हुई। बाद में उस मस्जिद पर जीडीए ने 15 फरवरी 2025 को मस्जिद के ध्वस्तीकरण की नोटिस जारी कर दिया। इसके मामले में मस्जिद कमेटी ने मण्डलायुक्त कोर्ट में अपील किया जहाँ 3 मार्च को अगली सुनवाई की तिथि निर्धारित है। वहीं शुक्रवार की शाम घोष कम्पनी स्थित मस्जिद अबु हुरैरा पर जीडीए द्वारा कार्यवाही की समय सीमा समाप्त होने से पहले गोरखपुर के मुस्लिम बुद्धजीवियों के एक दल ने जिलाधिकारी से मुलाक़ात कर जीडीए की कार्यवाही पर रोक लगाने की मांग किया। जहां पर कुछ शर्तो पर सहमति की बाद सामने आई। आपको बताते चले कि जीडीए द्वारा दी गई समय सीमा 2 मार्च को समाप्त हो रही है। जिलाधिकारी से मिलने वाले प्रतिनिधि मंडल में इमाम शाही जामा मस्जिद गोरखपुर, इमाम संगी मस्जिद मुफ़्ती मुनीर, मुफ़्ती उज़ैफ़ा, मुफ़्ती दाऊद, मुफ़्ती हिफ्ज़ुर्रह्मान, डॉ अज़ीज़ अहमद, चौधरी कैफुलवरा, ज़फर अमीन डक्कू, इस्लाम, तौकीर आलम, शहाब अंसारी, आलम आदि लोग शामिल थे। हलांकि बाद में मस्जिद बचाने वाली मुहिम से सपा के कद्दावर मुस्लिम नेता ज़फ़र आमोन डक्कू ने फेसबुक पर डेलिगेशन के साथ जाने की खबर का खंडन करते हुए पोस्ट डाल कर मस्जिद की मुहिम से खुद को अलग कर लिया। साथ ही यह भी बताया कि चार महीने पहले वाली स्थिति पर सहमति बनी है। बहरहाल आज समय सीमा समाप्त होने से पहले ही मस्जिद कमेटी ने मस्जिद की छत को हटाने की कार्यवाही शुरू कर एक बार फिर यह सन्देश दे दिया कि ये बुद्ध की धरती है, यह बाबा गोरक्षनाथ और रौशन अलीशाह की धरती है यह कबीर की धरती है, जहां से हमेशा पूरी दुनिया को अमन और इंसानियत का पैग़ाम दिया गया है।

# सी.एम.एस. अलीगंज प्रथम कैम्पस द्वारा 'डिवाइन एजूकेशन कांफ्रेंस' का आयोजन



**लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, अलीगंज प्रथम कैम्पस द्वारा 'डिवाइन एजुकेशन कान्फ्रेन्स' का भव्य आयोजन आज विद्यालय प्रांगण में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में पधारी सुश्री अमृता पाण्डेय, स्पेशल जज, स्थायी लोक अदालत ने दीप प्रज्वलित कर समारोह का उद्घाटन किया। इस अवसर पर अपने संबोधन में अभिभावकों को संबोधित करते हुए सुश्री पाण्डेय ने कहा कि छात्रों के सर्वांगीण विकास से ही समाज में रचनात्मक परिवर्तन संभव है। शिक्षा ही मनुष्य में मानवता का संचार करती है। उन्होंने छात्रों को प्रेरित करते हुए कहा कि उत्कृष्टता के लिए पूरा प्रयास करें एवं भौतिक व सामाजिक क्षेत्रों में विकास के साथ-साथ नैतिक व चारित्रिक रूप से भी महान बनें। इस अवसर पर मुख्य अतिथि व अन्य गणमान्य अतिथियों का स्वागत करते हुए सी.एम.एस. संस्थापिका-निदेशिका एवं प्रख्यात शिक्षाविद् डा. भारती गाँधी ने कहा कि सी.एम.एस. अपने छात्रों को व्यापक तथा समाजोपयोगी ज्ञान अर्जित करने के लिए प्रेरित करता है, जिससे ये छात्र आगे चलकर समाजोपयोगी कार्यो में अपनी भूमिका निभा सकें। डा. गाँधी ने छात्रों की प्रतिभा की प्रशंसा करते हुए कहा कि इस प्रकार के समारोह बच्चों के दिन प्रतिदिन के जीवन में नया उत्साह व उल्लास जगाते हैं और उन्हें अपनी प्रतिभा को निखारने का अवसर प्रदान करते हैं।

## सूचना

मुझ सोमपाल पुत्र नकली निवासी ग्राम धानवा थाना तीतरो जिला सहारनपुर ने अपने पुत्र राहुल को जो मेरे कहने सुनने में नहीं है और गलत लोगो के साथ उठता बैठता है। राहुल के साथ घर पर हर समय गलत लोग आते जाते रहते है। समझाने पर मारपीट पर उतारू रहता है विवश हो कर मैने पुत्र को अपनी कुल चल अचल संपत्ति से बे दखल कर उससे सभी संबंध विच्छेद कर लिये हैं भविष्य मैं अपने किसी भी कार्य हेतु वोह खुद ज़िम्मेदार होगा।

# जिलाधिकारी द्वारा निर्माणाधीन गौशाला पहाड़पुर का निरीक्षण किया गया



**फर्रुखाबाद अवधनामा संवाददाता।** जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी द्वारा निर्माणाधीन वृहद गौशाला पहाड़पुर का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि गौशाला में गायों के लिये बनी नादों की फिनिशिंग सही कराई जाये, गौशाला की जमीन समतल कराई जाये,स्टोर रूम की टिनशेड की छत के पाईपों पर पेंटिंग कराई जाये, गौशाला में बिछाये गये खड़ंजे को ऊँचा कराया जाये, गौशाला की खाली पडी जमीन पर बृक्षारोपण कराया जाये,गौशाला के शौचालय के फर्श का ढलान सही कराया जाये,गौशाला से संबद्ध जमीन की मनरेगा से समतलीकरण करा के फेंसिंग कराई जाये। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी अरविंद कुमार मिश्रा, डी0डी0ओ0, डी0सी मनरेगा, बी0डी0ओ0, व कार्यदायी संस्था के अधिकारी मौजूद रहे।

# सीडीओ की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस

**रायबरेली।** के निर्देशन में मुख्य विकास अधिकारी अर्पित उपाध्याय की अध्यक्षता में तहसील सदर में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि जन सामान्य की शिकायतों का स्थानीय स्तर पर समाधान किया जाना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है जिसके क्रम में तहसील व थानों में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया जाता है। इसमें स्थानीय नागरिक उपस्थित होकर अपनी समस्याओं का समाधान करा सकते है। मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि सभी अधिकारी जनता की इन शिकायतों का निस्तारण त्वरित एवं समयबद्ध तरीके से एक सप्ताह में कराना सुनिश्चित करें।

## 5 दिन का महाकुम्भ मेला, अयोध्या में पहुंचा करोड़ों श्रद्धालुओं का रेला

# रामनगरी में श्रद्धालुओं को मिली सुरक्षा, सुविधा और सुगम दर्शन की व्यवस्था



*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** प्रयागराज का महाकुम्भ इस बार बड़ा कीर्तिमान गढ़ गया। 45 दिन तक चले मेले के दौरान अयोध्या में भी श्रद्धालुओं का ऐसा रेला उमड़ा की हर कोई ताजुब कर गया। इतने दिनों में अयोध्या में भी एक इतिहास रच दिया। चार से पांच करोड़ के बीच लोगों के पहुंचने की संभावना जताई जा रही है। ऐसा पहली बार हुआ कि प्रभु श्री रामलला के दर्शन को रात एक-एक बजे तक कपाट खोले रखे गए। श्रद्धालुओं ने योगी सरकार के विकास कार्यों व प्रशासनिक व्यवस्थाओं की जमकर तारीफें भी की हैं। अयोध्या में मकर संक्रांति से श्रद्धालुओं के उमड़ने का क्रम शुरू हुआ तो महाशिवरात्रि तक जारी रहा। 26 जनवरी से तो मानो प्रयागराज ही उमड़ आया। रोजाना 10 से 12 लाख श्रद्धालु अयोध्या पहुंच रहे थे। श्रद्धालुओ ने न सिर्फ आध्यात्मिक दृष्टि से अयोध्या को देखा बल्कि पर्यटन का भी नजारा लिया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश के बाद जिला प्रशासन ने पलक पांवड़े बिछाकर उनका स्वागत सत्कार किया साथ ही उन्हें पूर्ण सुरक्षा दिलाते हुए मंन्दिरों में दर्शन पूजन भी कराया। सवा करोड़ ने तो रामलला के दर्शन किये अयोध्या पहुंचने वाले श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र प्रभु श्री रामलला का मंदिर और हनुमानगढ़ी रहा। प्रभु श्री रामलला के दरबार में तो रात एक-एक बजे तक दर्शन हुए हैं। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के सदस्य अनिल मिश्र बताते हैं कि 45 दिन के दौरान राम मंदिर में 1.25 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने दर्शन किये। उन्होंने बताया कि श्रद्धालुओं की गिनती एआई और डोर मैटल डिटेक्टर के जरिये की गई। लगभग रोजाना श्रद्धालुओं की ओर से 15 लाख का दान दिया जाता रहा है। होटल-होम स्टे वालों की रही चांदी श्रद्धालुओं ने अयोध्या का व्यापार भी बढ़ा दिया। फल-फूल, प्रसाद आदि की बिक्री के साथ ही होटल, रेस्टोरेंट और होम स्टे का व्यवसाय बूम कर गया। बड़ी संख्या में पहुंचने वाले लोगों ने होम स्टे बुक कर अयोध्यावासियों की भी जेबें फुल कर दी। राम मंदिर के निकट के सभी होम स्टे में बुकिंग स्लॉट खाली नहीं दिखे। होमस्टे योजना बनाकर योगी सरकार ने अयोध्या वासियों को रोजगार का एक अच्छा मौका भी दिया है।प्रशासन के थे चुस्त-दुरुस्त इंतजाम राम मंदिर के दर्शन को पहुंच रहे श्रद्धालुओं की संख्या को देखते हुए जिला प्रशासन ने बड़ी व्यवस्थाएं कर रखी थी। 25 हजार लोगों के ठहरने के लिए आश्रय स्थल, शौचालय, पेयजल, साफ - सफाई व्यवस्था आदि का इंतजाम किया गया था।

## बदमाशो ने दो बाइक सवारों पर किया हमला, 50 हजार लुटे



*अवधनामा संवाददाता*

**मसौली बाराबंकी।** शुक्रवार की देर रात्रि करीब 9 बजे अज्ञात लुटेरों ने सुरसंडा पहलीपार मार्ग पर कांटे बिछाकर दो बाईक सवार लोगो पर जानलेवा हमला करते हुए 50 हजार की नगदी लूट कर फरार हो गये। लूट के शिकार हुए युवक ने थाना मसौली मे तहरीर दी है। थाना क्षेत्र के ग्राम पहलीपार निवासी उमेश वर्मा पुत्र रामचंद्र जो शहर स्थित रोहन डायग्नोस्टिक सेंटर मे काम करता है शुक्रवार की रात्रि करीब 9 बजे अपने चचेरे भाई राकेश वर्मा के साथ अपनी बाइक से घर लौट रहा था सुरसंडा रेलवे क्रासिंग पार कर पहलीपार गांव के बींच सड़क पर बीछे कांटे देखकर राकेश वर्मा बाईक से उतर कर कांटे हटाने लगा तभी तीन नकाबपोश अज्ञात बदमाशों ने इंट से हमलाकर उमेश वर्मा के पास मौजूद 50 हजार की नगदी छीन कर अयोध्या हाइवे की ओर फरार हो गये बदमाशों के हमले मे दोनो बाईक सवार घायल हो गये है। शनिवार को घायल अवस्था मे घटना की तहरीर देने आये उमेश वर्मा ने बताया कि घर मे भतीजा का मुंडन है इसलिए 50 हजार रुपये मालिक से एडवांस लिया था। उमेश एव राकेश ने बताया कि तीनो बदमाश चेहरा बंद किये हुए थे जिससे पहचान नही हो पायी है। प्रभारी निरीक्षक यसकान्त सिंह ने बताया कि घटना की तहरीर मिली है जिसकी जाँच की जा रही हैं।

## रोडवेज बस की चपेट में आई स्कूटी सवार को घायल, रेफर

**मसौली बाराबंकी।** अनुबंधित रोडवेज बस की चपेट मे आने से स्कूटी सवार दम्पति घायल हो गए जिन्हे उपचार के लिए सीएचसी बड़ागांव में भर्ती कराया प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। शनिवार को सफदरगंज थाना क्षेत्र के ग्राम रामपुर कटरा निवासी नजमुद्दीन पुत्र गुलामुद्दीन अपनी पत्नी हाशमी बानो के साथ स्कूटी से शहावपुर से घर के लिए वापस लौट रहे थे कि हाईवे पर बड़ागांव मोड़ पर मुड़ते ही बड़ागांव की ओर ले रोडवेज की अनुबंधित बस से टक्कर हो गई।

## मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह में 76 जोड़ों का विवाह हुआ

**बाराबंकी।** शनिवार को समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजनान्तर्गत सांई डिग्री कालेज फतेहपुर बाराबंकी में वैवाहिक कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। उक्त कार्यक्रम में कुल 76 जोड़ों का विवाह सम्पन्न कराया गया। कार्यक्रम साकेन्द्र प्रताप वर्मा विधायक कुर्सी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में सम्बन्धित अध्यक्ष क्षेत्र पंचायत, अध्यक्ष नगर पंचायत सहित सम्बन्धित उप जिलाधिकारी सुषमा वर्मा जिला समाज कल्याण अधिकारी समस्त सम्बन्धित खण्ड विकास अधिकारी, विभिन्न समाचार पत्रों तथा चैनलों के पत्रकार बन्धु, विभिन्न ग्राम पंचायत के ग्राम प्रधान, अन्य गणमान्य व्यक्ति तथा विभिन्न विभागों के कर्मचारीगण उपस्थित रहे। इस अवसर पर विधायक द्वारा नवविवाहित युगलों को आशीर्वाद दिया गया तथा प्रमाण पत्र वितरित किये गये।

# जहांगीराबाद इंस्टिट्यूट के फार्मेसी छात्र छात्राओं ने किया हिमाचल औधोगिक का भ्रमण




*अवधनामा संवाददाता*

**बाराबंकी।** जहांगीराबाद इंस्टिट्यूट ऑफ़ टेक्नोलॉजी बाराबंकी के फार्मेसी विभाग के छात्र छात्राओं का हिमाचल प्रदेश शिमला की वर्ल्ड हेल्थ आर्गेनाईजेशन ज़ी एम् पी सर्टिफाइड एसिआन फार्मा तथा डेज हेल्थ एंड ब्यूटी हर्बल प्रोडक्ट्स कंपनी का एक सप्ताह का औधोगिक भ्रमण आयोजित किया गया। इस भ्रमण का उद्देश्य छात्रों को फार्मा उद्योग की वास्तविक कार्य प्रणाली प्रोडक्शन और प्रकिर्याओं एवं नयी तकनीकों की जानकारी प्रदान करना था। छात्रों के प्रस्थान से पूर्व संस्थान के रजिस्ट्रार डॉ मसर्रत अली खान ने कहा कि यह औधोगिक दौरा छात्रों को व्यावहारिक ज्ञान प्रदान करने के साथ साथ उन्हें उद्योग की आवश्यकताओं के अनुरूप तैयार करने में सहायक होता है इससे छात्रों को अकादमिक ज्ञान के साथ साथ औधोगिक अनुभव भी प्राप्त होता है।एसिआन फार्मा के एचआर अनिल शर्मा एवं डेज हेल्थ एंड ब्यूटी हर्बल प्रोडक्ट्स कंपनी के एचआर विक्रम सिंह ने छात्रों को फार्मा उद्योग की नवीनतम तकनीकों और वैश्विक मानकों के अनुसार अपनायी जा रही प्रकिर्याओं के बारें में जानकारी दी साथ ही उन्होंने छात्रों छात्राओं को फार्मा उद्योग में करियर की संभावनाओं चुनातियों और विकास की दिशा में उठाये जा रहे कदमो के बारें भी अवगत किया तथा टेबलेट पंचिंग मशीन कैप्सूल फिलिंग मशीन ऑइंटमेंट फिलिंग मशीन लिक्विड मैन्युफैक्चरिंग एरिया टेबलेट ग्रनुलेशन एरिया क्वालिटी कण्ट्रोल × क्वालिटी अस्सुरांस डिपार्टमेंट आदि का अवलोकन कराया। ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट अफसर नियाज़ अहमद अंसारी और चंद्र कांत बाजपेई ने कंपनी के अवलोकन की अनुमति प्रदान करने के लिए मैनेजमेंट का धन्यवाद व आभार व्यक्त किया। अंत में छात्र छात्राओं ने मनाली में रिवर राफ्टिंग और चंडीगढ़ के सुखना लेक व रॉक गार्डन का आनंद लिया।



# पुलिस ने लिया एक्शन तो बच्चों ने कहा थैंक्यू सर.....

*अवधनामा संवाददाता*

**सिंदुरिया(महराजगंज)** क्षेत्र के एक कालेज में पढ़ने वाले बच्चों को रास्ते में कुछ युवक परेशान कर रहे थे। इसकी जानकारी सिंदुरिया पुलिस को मिलते ही कालेज की तरफ रवाना हो गई। मौके पर मिले कुछ युवकों को पकड़ कर कड़ी कार्यवाही की चेतावनी दिया। पुलिस की इस तत्परता से कालेज में पढ़ने वाले बच्चों को सुरक्षा व्यवस्था का एहसास हुआ और पुलिस को थैंक्यू कहा। जानकारी के अनुसार सिंदुरिया क्षेत्र में एक प्रसिद्ध कालेज हैं। कालेज के मार्ग पर कुछ युवक नियमित खड़ा रहते थे। जिससे पढ़ने आने जाने वाले बच्चों में डर बन रहता था। हालांकि इस संबंध में कालेज प्रशासन कई बार उक्त युवकों को समझाया था लेकिन युवक अपनी हरकत से बाज नहीं आ रहे थे। इसकी जानकारी कालेज प्रशासन ने फोन कर सिंदुरिया थानाध्यक्ष अखिलेश वर्मा को दिया। सूचना मिलते ही पुलिस उक्त स्थान पर पहुंची और कुछ युवकों को दबोच लिया। पुलिस ने पकड़े गए युवकों को कड़ी कार्यवाही करने की चेतावनी दी। साथ ही पुलिस कर्मियों ने कालेज पहुंचकर बच्चों को सुरक्षा का भरोसा दिया देते हुए कहा कि किसी भी स्कूल कालेज के बच्चें को यदि कोई परेशान करता है तो तुरंत सूचना दें कार्यवाही सुनिश्चित होगी।

# समाधान दिवस में 25 मामले में एक का हुआ निस्तारण



*अवधनामा संवाददाता*

**महराजगंज।** जिलाधिकारी अनुनय झा द्वारा सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर तहसील सदर में पुलिस अधीक्षक सोमेंद्र मीणा के साथ जनसुनवाई करते हुए लोगों की समस्याओं का निस्तारण किया गया। सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 25 मामले जिलाधिकारी के समक्ष प्रस्तुत हुए, जिनमे 01 मामले का निस्तारण मौके पर ही करते हुए शेष मामलों को जिलाधिकारी ने शीघ्रतापूर्वक और गुणवत्तापूर्वक निस्तारित करने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने कहा कि सम्पूर्ण समाधान दिवस में पेश होने वाले प्रत्येक मामले को अधिकारी गंभीरता से लें और उनका निस्तारण नियमानुसार व समयान्तर्गत करें। उन्होंने सामान्य प्रकरणों को 48 घंटे के भीतर निस्तारित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि भूमि विवाद सहित जटिल प्रकरणों में मामलों में राजस्व, पुलिस एवं संबंधित विभाग की टीम आवश्यकतानुसार गठित करते हुए कार्यवाही करें। समाधान दिवस में सीएमओ डॉ0 श्रीकांत शुक्ला, एसडीएम सदर श्री रमेश कुमार सहित अन्य जिलास्तरीय व तहसीलस्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## सभासद आरती जयसवाल ने आयुष्मान शिविर लगाये जाने के लिए सीएमओ को दिया पत्र

**अवधनामा संवाददाता**

**गोसाईगंज-अयोध्या।** गोसाईगंज नगर पंचायत के वार्ड नंबर 6 मे अलग-अलग तिथियों में दो दिवसीय आयुष्मान शिविर लगाये जाने के लिए गोसाईगंज नगर पंचायत की सभासद एवं श्री सीता राम जी विराजमान मंदिर सेवा ट्रस्ट कस्बा दिलासीगंज की सदस्य श्री मती आरती जयसवाल ने मुख्य चिकित्साधिकारी पुष्पेंद्र कुमार जैन को पत्र दिया है।उन्होंने बताया कि साशन ने 70 साल से ऊपर के व्यक्तियो का तथा 6 यूनिट वाले प्रत्येक राशन कार्ड धारकों का आयुष्मान कार्ड बनाए जाने का निर्देश दिया है।लेकिन इस सुविधा से नगर पंचायत के अधिकांश लोग वंचित है,जिसमें वार्ड नंबर 6 भी अछूता नहीं है। सीएमओ से उन्होंने जनहित में प्रत्येक वार्डों में अलग-अलग दिनों में कैंप लगाने के साथ ही वार्ड नंबर 6 में भी अविलंब अलग-अलग तिथियों में दो दिवसीय कैंप लगाये जाने की मांग की है।


# होली विशेष रेलगाड़ियाँ–2025

होली पर्व के दौरान रेलयात्रियों की सुविधा हेतु रेलवे द्वारा निम्नलिखित होली विशेष रेलगाड़ियाँ नीचे दी गई समय–सारणी के अनुसार चलाई जायेंगी :

**01123/01124 लोकमान्य तिलक टर्मिनस – मऊ – लोकमान्य तिलक टर्मिनस विशेष रेलगाड़ी (सप्ताह में दो दिन)** — 08 फेरे

| गाड़ी सं. 01123 | | स्टेशन | गाड़ी सं. 01124 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| --- | 12:15 | लोकमान्य तिलक (ट) | 16:45 | --- |
| 16:15 | 16:25 | वाराणसी जं. | 10:05 | 10:15 |
| 20:20 | --- | मऊ | --- | 05:50 |

चलने के दिन : 01123 लोकमान्य तिलक (ट) से दिनांक 07.03.25 से 16.03.25 तक (प्रत्येक शुक्रवार एवं रविवार को) तथा 01124 मऊ से दिनांक 09.03.25 से 18.03.25 तक (प्रत्येक रविवार एवं मंगलवार को)।
स्थान : 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य।
ठहराव : ठाणे, कल्याण जं., इगतपुरी, नाशिक रोड, जलगांव जं., भुसावल जं., खंडवा, पिपरिया, नरसिंहपुर, मदन महल, कटनी, मैहर, सतना, मानिकपुर, प्रयागराज छिवकी, वाराणसी जं., जौनपुर जं. एवं औंड़िहार जं. स्टेशन।

**01431/01432 पुणे – गाजीपुर सिटी – पुणे विशेष रेलगाड़ी (सप्ताह में दो दिन)** — 08 फेरे

| गाड़ी सं. 01431 | | स्टेशन | गाड़ी सं. 01432 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| --- | 06:40 | पुणे | 16:20 | --- |
| 14:50 | 15:00 | वाराणसी जं. | 08:20 | 08:30 |
| 19:05 | --- | गाजीपुर सिटी | --- | 04:20 |

चलने के दिन : 01431 पुणे से दिनांक 07.03.25 से 18.03.25 तक (प्रत्येक शुक्रवार एवं मंगलवार को) तथा 01432 गाजीपुर सिटी से दिनांक 09.03.25 से 20.03.25 तक (प्रत्येक रविवार एवं गुरुवार को)।
स्थान : 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य।
ठहराव : दौंड कॉर्ड लाइन, अहमदनगर, मनमाड जं., जलगांव जं., भुसावल जं., खंडवा, पिपरिया, नरसिंहपुर, मदन महल, कटनी, मैहर, सतना, मानिकपुर, प्रयागराज छिवकी, वाराणसी जं., जौनपुर जं. एवं औंड़िहार जं. स्टेशन।

**01491/01492 पुणे – हज़रत निज़ामुद्दीन – पुणे सुपरफास्ट विशेष रेलगाड़ी (साप्ताहिक)** — 04 फेरे

| गाड़ी सं. 01491 | | स्टेशन | गाड़ी सं. 01492 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| --- | 17:30 | पुणे | 23:55 | --- |
| 18:10 | --- | हज़रत निज़ामुद्दीन | --- | 22:10 |

चलने के दिन : 01491 पुणे से दिनांक 07.03.25 एवं 14.03.25 तथा 01492 हज़रत निज़ामुद्दीन से दिनांक 08.03.25 एवं 15.03.25
स्थान : 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य।
ठहराव : लोनावला, कल्याण जं., भिवंडी रोड, वसई रोड, पालघर, वापी, वलसाड, उधना जं., वडोदरा जं., रतलाम जं., भवानी मंडी, सवाई माधोपुर एवं मथुरा जं. स्टेशन।

**01053/01054 लोकमान्य तिलक टर्मिनस – बनारस – लोकमान्य तिलक टर्मिनस विशेष रेलगाड़ी (सप्ताह में दो दिन)** — 04 फेरे

| गाड़ी सं. 01053 | | स्टेशन | गाड़ी सं. 01054 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| --- | 12:15 | लोकमान्य तिलक (ट) | 04:40 | --- |
| 16:00 | --- | बनारस | --- | 22:00 |

चलने के दिन : 01053 लोकमान्य तिलक (ट) से दिनांक 12.03.25 एवं 13.03.25 तथा 01054 बनारस से दिनांक 13.03.25 एवं 14.03.25
स्थान : 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य।
ठहराव : ठाणे, कल्याण जं., इगतपुरी, नाशिक रोड, जलगांव जं., भुसावल जं., खंडवा, पिपरिया, नरसिंहपुर, मदन महल, कटनी, मैहर, सतना, मानिकपुर एवं प्रयागराज छिवकी स्टेशन।

**04081/04082 नई दिल्ली – श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा – नई दिल्ली एक्सप्रेस विशेष रेलगाड़ी** — 10 फेरे

| गाड़ी सं. 04081 | | स्टेशन | गाड़ी सं. 04082 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| --- | 23:45 | नई दिल्ली | 09:30 | --- |
| 11:40 | --- | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | --- | 21:20 |

चलने के दिन : 04081 नई दिल्ली से दिनांक 08.03.25, 10.03.25, 12.03.25, 15.03.25 एवं 17.03.25 तथा 04082 श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा से दिनांक 09.03.25, 11.03.25, 13.03.25, 16.03.25 एवं 18.03.25 को।
स्थान : 3 टियर वाता.
ठहराव : सोनीपत, पानीपत, करनाल, कुरूक्षेत्र जं., अम्बाला कैंट, ढंडारी कलां, जलंधर कैंट, पठानकोट कैंट, जम्मू तवी एवं शहीद कप्तान तुषार महाजन स्टेशन।

**04604/04603 श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा – वाराणसी जं. – श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा एक्सप्रेस विशेष रेलगाड़ी** — 04 फेरे

| गाड़ी सं. 04604 | | स्टेशन | गाड़ी सं. 04603 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| --- | 18:15 | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | 11:25 | --- |
| 19:00 | --- | वाराणसी जं. | --- | 05:30 |

चलने के दिन : 04604 श्री माता वष्णो देवी कटड़ा से दिनांक 09.03.25, एवं 16.03.25 तथा 04603 वाराणसी जं. से दिनांक 11.03.25 एवं 18.03.25 को।
स्थान : 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., 3 टियर इकॉनोमी, शयनयान एवं सामान्य।
ठहराव : शहीद कप्तान तुषार महाजन, जम्मू तवी, पठानकोट कैंट, जलंधर कैंट, लुधियाना, अम्बाला कैंट, सहारनपुर, मुरादाबाद, बरेली, लखनऊ, रायबरेली एवं माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. स्टेशन।

**04207/04208 लखनऊ – नई दिल्ली – लखनऊ विशेष रेलगाड़ी** — 06 फेरे

| गाड़ी सं. 04207 | | स्टेशन | गाड़ी सं. 04208 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| --- | 08:05 | लखनऊ | 06:35 | --- |
| 18:30 | --- | नई दिल्ली | --- | 20:20 |

चलने के दिन : 04207 लखनऊ से तथा 04208 नई दिल्ली से दिनांक 03.03.25, 10.03.25 एवं 17.03.25 को।
स्थान : प्रथम वाता., 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य।
ठहराव : शाहजहाँपुर, बरेली, मुरादाबाद एवं गाजियाबाद स्टेशन।

**04203/04204 वाराणसी जं. – श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा – वाराणसी जं. सुपरफास्ट एक्स. विशेष रेलगाड़ी** — 04 फेरे

| गाड़ी सं. 04203 | | स्टेशन | गाड़ी सं. 04204 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| --- | 14:00 | वाराणसी जं. | 23:55 | --- |
| 14:35 | --- | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | --- | 23:45 |

चलने के दिन : 04203 वाराणसी जं. से दिनांक 08.03.25 एवं 15.03.25 तथा 04204 श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा से दिनांक 09.03.25 एवं 12.03.25 को।
स्थान : प्रथम वाता., 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., 3 टियर इकॉनोमी, शयनयान एवं सामान्य।
ठहराव : माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., रायबरेली, उतरेटिया, आलमनगर, बरेली, मुरादाबाद, सहारनपुर, अम्बाला कैंट, ढंढारी कलां, जलंधर कैंट, पठानकोट कैंट, जम्मू तवी एवं शहीद कप्तान तुषार महाजन स्टेशन।

**04022/04021 नई दिल्ली – गोरखपुर – नई दिल्ली विशेष रेलगाड़ी** — 06 फेरे

| गाड़ी सं. 04022 | | स्टेशन | गाड़ी सं. 04021 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| --- | 14:00 | नई दिल्ली | 23:10 | --- |
| 05:00 | --- | गोरखपुर | --- | 07:00 |

चलने के दिन : 04022 नई दिल्ली से दिनांक 07.03.25, 14.03.25 एवं 21.03.25 तथा 04021 गोरखपुर से दिनांक 08.03.25, 15.03.25 एवं 22.03.25 को।
स्थान : प्रथम वाता., 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य।
ठहराव : गाज़ियाबाद, मुरादाबाद, बरेली, शाहजहाँपुर, लखनऊ जं., बाराबंकी, गोंडा जं. एवं बस्ती स्टेशन।

**02270/02269 लखनऊ – छपरा – लखनऊ वंदे भारत एक्सप्रेस विशेष रेलगाड़ी (प्रतिदिन मंगलवार को छोड़कर)** — 24 फेरे

| गाड़ी सं. 02270 | | स्टेशन | गाड़ी सं. 02269 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| --- | 14:15 | लखनऊ | 06:30 | --- |
| 21:30 | --- | छपरा | --- | 23:00 |

चलने के दिन : 02270 लखनऊ से तथा 02269 छपरा से दिनांक 05.03.25 से 17.03.25 तक (मंगलवार को छोड़कर)
स्थान : एग्जीक्यूटिव कार एवं वाता. कुर्सीयान
ठहराव : सुलतानपुर जं., वाराणसी जं., गाजीपुर सिटी, बलिया एवं सुरेमनपुर स्टेशन।

**04504/04503 चंडीगढ़ – गोरखपुर – चंडीगढ़ एक्सप्रेस विशेष रेलगाड़ी** — 06 फेरे

| गाड़ी सं. 04504 | | स्टेशन | गाड़ी सं. 04503 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| --- | 23:35 | चंडीगढ़ | 14:10 | --- |
| 17:35 | --- | गोरखपुर | --- | 22:05 |

चलने के दिन : 04504 चंडीगढ़ से दिनांक 06.03.25, 13.03.25 एवं 20.03.25 तथा 04503 गोरखपुर से दिनांक 07.03.25, 14.03.25 एवं 21.03.25 को।
स्थान : प्रथम वाता., 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., 3 टियर इकॉनोमी, शयनयान एवं सामान्य।
ठहराव : अम्बाला कैंट, सहारनपुर, मुरादाबाद, बरेली, लखनऊ, बाराबंकी, गोंडा एवं बस्ती स्टेशन।

**01701/01702 जबलपुर – अयोध्या कैंट – जबलपुर एक्सप्रेस विशेष रेलगाड़ी (साप्ताहिक)** — 06 फेरे

| गाड़ी सं. 01701 | | स्टेशन | गाड़ी सं. 01702 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| --- | 19:40 | जबलपुर | 04:15 | --- |
| 07:05 | 07:15 | वाराणसी जं. | 17:10 | 17:20 |
| 11:00 | --- | अयोध्या कैंट | --- | 13:30 |

चलने के दिन : 01701 जबलपुर से दिनांक 12.03.25 से 26.03.25 तथा 01702 अयोध्या कैंट से दिनांक 13.03.25 से 27.03.25 तक
स्थान : 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य।
ठहराव : सिहोरा रोड, कटनी, मैहर, सतना, मानिकपुर, प्रयागराज छिवकी, वाराणसी, जौनपुर जं. एवं अयोध्या धाम स्टेशन।

**04012/04011 दिल्ली जं. – दरभंगा – दिल्ली जं. एक्सप्रेस विशेष रेलगाड़ी** — 10 फेरे

| गाड़ी सं. 04012 | | स्टेशन | गाड़ी सं. 04011 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| --- | 19:30 | दिल्ली जं. | 16:35 | --- |
| 16:30 | --- | दरभंगा | --- | 18:00 |

चलने के दिन : 04012 दिल्ली जं. से दिनांक 04.03.25, 07.03.25, 11.03.25, 14.03.25 एवं 18.03.25 तथा 04011 दरभंगा से दिनांक 05.03.25, 08.03.25, 12.03.25, 15.03.25 एवं 19.03.25 को।
स्थान : 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य।
ठहराव : गाज़ियाबाद, मुरादाबाद, बरेली, लखनऊ, गोंडा, बस्ती, गोरखपुर जं., नरकटियागंज, रक्सौल, बैरगनियां, सीतामढ़ी एवं जनकपुर रोड स्टेशन।

**04024/04023 दिल्ली जं. – वाराणसी जं. – दिल्ली जं. सुपरफास्ट एक्सप्रेस विशेष रेलगाड़ी** — 14 फेरे

| गाड़ी सं. 04024 | | स्टेशन | गाड़ी सं. 04023 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| --- | 19:30 | दिल्ली जं. | 08:50 | --- |
| 09:45 | --- | वाराणसी जं. | --- | 18:35 |

चलने के दिन : 04024 दिल्ली जं. से दिनांक 03.03.25, 06.03.25, 08.03.25, 10.03.25, 13.03.25, 15.03.25 एवं 17.03.25 तथा 04023 वाराणसी जं. से दिनांक 04.03.25, 07.03.25, 09.03.25, 11.03.25, 14.03.25, 16.03.25 एवं 18.03.25 को।
स्थान : 2 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य।
ठहराव : गाज़ियाबाद, मुरादाबाद, लखनऊ, रायबरेली जं. एवं माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. स्टेशन।

**04026/04025 दिल्ली जं. – रक्सौल जं. – दिल्ली जं. एक्सप्रेस विशेष रेलगाड़ी** — 06 फेरे

| गाड़ी सं. 04026 | | स्टेशन | गाड़ी सं. 04025 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| --- | 23:05 | दिल्ली जं. | 17:45 | --- |
| 19:00 | --- | रक्सौल जं. | --- | 22:00 |

चलने के दिन : 04026 दिल्ली जं. से दिनांक 06.03.25, 13.03.25 एवं 20.03.25 तथा 04025 रक्सौल जं. से दिनांक 07.03.25, 14.03.25 एवं 21.03.25 को।
स्थान : प्रथम वाता., 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., 3 टियर इकॉनोमी, शयनयान एवं सामान्य।
ठहराव : गाज़ियाबाद, हापुड़, मुरादाबाद, बरेली, शाहजहाँपुर, सीतापुर, गोंडा जं., गोरखपुर एवं नरकटियागंज जं. स्टेशन।

**04020/04019 आनंद विहार (ट) – बरौनी जं. – आनंद विहार (ट) एक्सप्रेस विशेष रेलगाड़ी** — 06 फेरे

| गाड़ी सं. 04020 | | स्टेशन | गाड़ी सं. 04019 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| --- | 19:30 | आनंद विहार (ट) | 19:00 | --- |
| 18:00 | --- | बरौनी जं. | --- | 20:00 |

चलने के दिन : 04020 आनंद विहार (ट) से दिनांक 02.03.25, 09.03.25 एवं 16.03.25 तथा 04019 बरौनी जं. से दिनांक 03.03.25, 10.03.25 एवं 17.03.25 को।
स्थान : प्रथम वाता., 2 टियर वाता., 3 टियर वाता. एवं शयनयान।
ठहराव : गाज़ियाबाद, मुरादाबाद, बरेली, लखनऊ, रायबरेली जं., माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., वाराणसी जं., औंड़िहार जं., गाजीपुर सिटी, बलिया, सुरेमनपुर, छपरा एवं हाजीपुर जं. स्टेशन।

**05005/05006 गोरखपुर जं. – अमृतसर – गोरखपुर जं. विशेष रेलगाड़ी (साप्ताहिक)** — 08 फेरे

| गाड़ी सं. 05005 | | स्टेशन | गाड़ी सं. 05006 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| --- | 14:40 | गोरखपुर जं. | 09:15 | --- |
| 09:30 | --- | अमृतसर | --- | 12:45 |

चलने के दिन : 05005 गोरखपुर जं. से दिनांक 05.03.25 से 26.03.25 तक (प्रत्येक बुधवार को) तथा 05006 अमृतसर से दिनांक 06.03.25 से 27.03.25 तक (प्रत्येक गुरुवार को)।
स्थान : 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य।
ठहराव : खलीलाबाद, बस्ती, गोंडा जं., बुढ़वल, सीतापुर जं., बरेली, मुरादाबाद, सहारनपुर जं., यमुनानगर जगाधरी, अम्बाला कैंट, ढंडारी कलां, जलंधर सिटी एवं ब्यास स्टेशन।

**05113/05114 छपरा – आनंद विहार (ट) – छपरा विशेष रेलगाड़ी (साप्ताहिक)** — 08 फेरे

| गाड़ी सं. 05113 | | स्टेशन | गाड़ी सं. 05114 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| --- | 15:45 | छपरा | 14:00 | --- |
| 14:25 | --- | आनंद विहार (ट) | --- | 16:00 |

चलने के दिन : 05113 छपरा से दिनांक 05.03.25 से 26.03.25 तक (प्रत्येक बुधवार को) तथा 05114 आनंद विहार (ट) से दिनांक 06.03.25 से 27.03.25 तक (प्रत्येक गुरुवार को)।
स्थान : 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य।
ठहराव : छपरा कचहरी, मशरख, दिघवा दुबौली, थावे जं., तमकुही रोड, पडरौना, कप्तानगंज जं., गोरखपुर जं., खलीलाबाद, बस्ती, गोंडा जं., बुढ़वल, सीतापुर, शाहजहाँपुर, बरेली एवं मुरादाबाद स्टेशन।

**05023/05024 गोरखपुर – खातीपुरा – गोरखपुर विशेष रेलगाड़ी (साप्ताहिक)** — 10 फेरे

| गाड़ी सं. 05023 | | स्टेशन | गाड़ी सं. 05024 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| --- | 21:15 | गोरखपुर | 14:45 | --- |
| 12:10 | 12:20 | दिल्ली जं. | 00:25 | 00:35 |
| 17:30 | --- | खातीपुरा | --- | 19:30 |

चलने के दिन : 05023 गोरखपुर से दिनांक 02.03.25 से 30.03.25 तक (प्रत्येक रविवार को) तथा 05024 खातीपुरा से दिनांक 03.03.25 से 31.03.25 तक (प्रत्येक सोमवार को)।
स्थान : प्रथम वाता., 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य।
ठहराव : खलीलाबाद, बस्ती, गोंडा जं., बुढ़वल, सीतापुर जं., बरेली, मुरादाबाद, गाज़ियाबाद, दिल्ली जं., दिल्ली कैंट, गुड़गांव, रेवाड़ी एवं बाँदीकुई स्टेशन।

**05301/05302 मऊ – अम्बाला कैंट जं. – मऊ विशेष रेलगाड़ी (साप्ताहिक)** — 08 फेरे

| गाड़ी सं. 05301 | | स्टेशन | गाड़ी सं. 05302 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| --- | 04:00 | मऊ | 21:30 | --- |
| 00:15 | --- | अम्बाला कैंट जं. | --- | 01:40 |

चलने के दिन : 05301 मऊ से दिनांक 06.03.25 से 27.03.25 तक (प्रत्येक गुरुवार को) तथा 05302 अम्बाला कैंट जं. से दिनांक 07.03.25 से 28.03.25 तक (प्रत्येक शुक्रवार को)।
स्थान : प्रथम वाता., 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., 3 टियर इकॉनोमी, शयनयान एवं सामान्य।
ठहराव : बेलथरा रोड, भटनी जं., देवरिया सदर, गोरखपुर जं., खलीलाबाद, बस्ती, मनकापुर जं., गोंडा जं., बुढ़वल, सीतापुर, बरेली, मुरादाबाद, गाज़ियाबाद, दिल्ली जं., सोनीपत एवं पानीपत स्टेशन।

रेलयात्रियों से अनुरोध है कि किसी भी जानकारी के लिये रेलमदद हेल्पलाइन सं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा भारतीय रेल की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES ऐप देखें।

पर हमें फॉलो करें
उत्तर रेलवे
आपकी सुविधा - हमारा ध्येय
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# जिस्म से कैंसर के सेल्स को खत्म करता है रोज़ा

कलीमुल्लाह



**सिद्धार्थनगर।** रोज़ा रखने से न सिर्फ खुदा की रज़ा, कुर्बत और खुशनूदी हासिल होती है बल्कि जिस्मानी, रूहानी और समाजी ऐतबार से भी इससे बहुत से फायदे हैं। नबी ए करीम सल्लल्लाहो अलैहे वसल्लम ने फरमाया कि ऐ लोगों, रोज़ा रखो, और सेहतमंद हो जाओ। रोज़ा रखने की वजह से सेहतमंद होने की तस्दीक नोबल प्राइस याफ़्ता जापानी साइंटिस्ट सेल बायोलॉजिस्ट योशिनोरी ओसुमी ने रिसर्च के बाद बताया कि, जब हम रोज़ा रखते हैं तो हमारे जिस्म की गिजाईयत ख़त्म होने लगती है, तो भूख के दौरान जब हमारे जिस्म के अन्दर खाना नहीं पहुंचता है, तो हमारा जिस्म, जिस्म के अन्दर मौजूद जहरीले सेल्स, जो कैंसर का सबब बनते हैं, उसे खाना शुरू कर देते है।

मेडिकल लैंग्वेज में इसे ऑटोफैजी कहा जाता है। जापानी साइंटिस्ट ने कहा कि अगर लोग सेहतमन्द रहना चाहते हैं तो साल में बीस से पच्चीस दिन लगातार आठ से दस घंटे तक रोज़ा रखें। मजहब एइस्लाम में हर बालिग मर्द और औरत पर साल में 29 या 30 दिन का रोज़ा रखना फ़र्ज़ है। अल्लाह तआला ने नमाज़, रोज़ा, हज, ज़कात, फ़ितरह जैसी इबादतों के अन्दर बहुत सारी बीमारियों का इलाज़ और शिफ़ा रखी है। जब हम नमाज़ पढ़ने के लिए जाते हैं, तो पाक होने के लिए सबसे पहले गुस्ल करते हैं, फिर हर नमाज़ के पहले वजू करते हैं, वजू के दौरान, हाथ, पैर, नाक, कान, चेहरा, गला, सिर, बाल वगैरह सब धुलते हैं, तो इस तरह जिस्म की सारी गन्दगी खुद ब खुद दूर हो जाती है। फिर हम नमाज़ में खड़े होते हैं, दोनों हाथ उठते हैं, बांधते हैं, रूकुअ, सजदा, करते हैं, बैठते हैं, सलाम के वक्त दाएं बाएं गर्दन की फेरते हैं, तो यह सब जिस्मानी लिहाज से बहुत फायदेमंद होता है। माहे रमजान में हर साहिबे हैसियत अफराद अपने रूपए,

**सही जिंदगी गुजारने की तरबियत का नाम है रोज़ा**

पैसे, सोना, चांदी का ढाई फीसद हिस्सा ज़कात, और घर के हर फर्द की तरफ से 02 किलो 67 ग्राम गेहूं, चावल, चना, वगैरह वह अनाज, जिसे हम खुद खाते हैं, उसे गरीबों, मिसकीनों, यतीमों, बेवाओं में तकसीम करते हैं, इससे हमारे अन्दर गरीबों, मिसकीनों, जरूरतमंदों की मदद और उनसे हमदर्दी का जज़्बा पैदा होता है।

इन सारी इबादतों के बाद जब हमारे पास पैसा हो, तब हर एक साहिबे इंसान पर जिंदगी में कम से एक बार खान ए कअबा तवाफ यानी हज करना वाजिब होता है। रोज़ा, सिर्फ खाने पीने से रुकने का नाम नहीं है, बल्कि वह जिस्मानी, रूहानी और समाजी दुरुस्तगी और इंसानी हमदर्दी, अखलाक और मुहब्बत को बढ़ावा देता है। और कुदरत के नेअमतों का अंदाजा होता है। और इंसान को रब का शुक्रगुजार और फ़र्माबरदार बन्दा बनने में मददगार साबित होता है। सच तो यह है कि रोज़ा, सही तरीक़े से जिंदगी गुजारने की तरबियत का दूसरा नाम है।

## कई मौतों के बाद भी बन्द नहीं हुआ झटका मशीन का उपयोग

**हजपुरा अंबेडकरनगर।** वन्य जीव और मवेशियों से फसलों को बचाने के लिए उपयोग होने वाली झटका मशीन से इंसानों की मौत के बाद भी प्रशासन और किसानों ने कोई सबक नहीं लिया और धड़ल्ले से फसलों की सुरक्षा के लिए किसान झटका मशीन का उपयोग कर रहे हैं। पहले फसलों की सुरक्षा के लिए किसान कटीले तारों का उपयोग करते थे लेकिन प्रशासन ने इस पर पूरी तरह से रोक लगा दिया जिस वजह से अब किसान झटका मशीन का प्रयोग वे रोक-टोक कर रहे हैं। शासन द्वारा अवैध घोषित करने पर भी प्रशासन झटका मशीन का उपयोग रोकने में नाकाम साबित हो रहा है। जिससे कर्बला कासिमपुर, बलुआ बहादुरपुर, पंथीपुर, जैदपुर, मरहरा, निमटिनी, रामपुर, रामपट्टी, सलाउद्दीनपुर, कल्याणपुर आदि गांव में किसान चना, मटर, गेहूं, सरसों, गन्ना, मसूर और सब्जियो को जानवरों से बचने के लिए बिना रोक टोक झटका मशीन का उपयोग कर रहे है जो प्राणघातक है। गत वर्ष सितंबर माह जलालपुर तहसील क्षेत्र के कर्बला कासिमपुर में केले की फसल के चारों तरफ बैरिकेड करके करंट का सप्लाई दिया गया था।

# निलंबित शिक्षक की बहाली के साथ एसडीएम व बीएसए हाईकोर्ट में तलब

अवधनामा संवाददाता

- एमडीएम का राशन बेंचने के आरोप में दिसंबर 2024 में बीएसए ने किया था, शिक्षक निलंबित
- भनवापुर ब्लाक क्षेत्र के कम्पोजिट विद्यालय भरवठिया बाजार का मामला



**सिद्धार्थनगर।** भनवापुर ब्लाक क्षेत्र के कम्पोजिट विद्यालय भरवठिया बाजार में तैनात शिक्षक को बहाल करने के साथ ही एसडीएम डुमरियागंज व बीएसए सिद्धार्थनगर को हाईकोर्ट इलाहाबाद ने तलब करते हुए स्पष्टीकरण मांगा है।

विद्यालय में तैनात इंचार्ज प्रधानाध्यापक के ऊपर एमडीएम का राशन बेंचने के आरोप में निलंबन की कार्रवाई करते हुए डुमरियागंज थाने में केस दर्ज कराया गया था। शिक्षक के द्वारा हाईकोर्ट में दाखिल किए गए याचिका पर सुनवाई के दौरान शुक्रवार को आदेश पारित किया है। भनवापुर ब्लाक क्षेत्र के कम्पोजिट विद्यालय भरवठिया बाजार का है,जहां 25 दिसंबर 2024 को क्रिसमस डे की छुट्टी थी। ग्राम प्रधान ने इंचार्ज प्रधानाध्यापक सूर्यवीर सिंह यादव पर विद्यालय के कमरे में रखा चावल व गेहू को पिकप पर लाद कर बेचने का आरोप लगाते हुए एसडीएम डुमरियागंज के साथ ही पुलिस को सूचना दिया। उपजिलाधिकारी डुमरियागंज के निर्देश पर तत्कालीन नायब तहसीलदार डुमरियागंज महबूब आलम ने पिकप को कब्जे में लेकर कार्रवाई के लिए डुमरियागंज पुलिस को सुपुर्द कर दिया। तत्कालीन जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सिद्धार्थनगर ने इंचार्ज प्रधानाध्यापक सूर्यवीर सिंह यादव को निलंबित करते हुए बीईओ भनवापुर को उनके खिलाफ केस दर्ज कराने का निर्देश दिया। डुमरियागंज पुलिस ने बीईओ भनवापुर राजेश कुमार के तहरीर पर केस दर्ज कर जांच में जुट गई। नियम विरुद्ध निलंबित कर केस दर्ज कराने के बाद पीड़ित शिक्षक ने हाईकोर्ट इलाहाबाद का शरण लिया था। निलंबित शिक्षक के द्वारा बीईओ व डीएम को पत्र देकर पहले ही कोटेदार व प्रधान पर पैसा मांगने का आरोप लगाया था। इन सभी साक्ष्यों को हाईकोर्ट में पेश करने पर कोर्ट ने 17 जनवरी 2025 को केस पर स्थगन आदेश पारित करने के साथ ही बीईओ भनवापुर राजेश कुमार को नोटिस जारी कर सपथ पत्र के साथ अदालत में पेश होने का निर्देश दिया था। निलंबन के मामले में उच्च न्यायालय ने एसडीएम डुमरियागंज को कारण बताने का निर्देश देते हुए कहा कि बेसिक शिक्षा परिषद द्वारा स्थापित व बेसिक स्कूल के कामकाज और पर्यवेक्षण में हस्ताक्षेप क्यों किया,वहीं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी से अपने नियंत्रण में एक बेसिक स्कूल के प्रबंधन और पर्यवेक्षण में हस्ताक्षेप की अनुमति क्यों दिया। हाईकोर्ट ने 28 फरवरी 2025 को पारित अपने आदेश में सूर्यवीर सिंह यादव इंचार्ज प्रधानाध्यापक को अपने कर्तव्यों का निर्वहन के साथ ही नियमित वेतन भुगतान करने का निर्देश देते हुए एसडीएम डुमरियागंज व बीएसए सिद्धार्थनगर को 24 मार्च 2025 को तलब किया है।

# फार्मासिस्ट चला रहा पीएचसी सैनुवा डाक्टर की नहीं है तैनाती

अवधनामा संवाददाता



**लोटन सिद्धार्थनगर।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लोटन क्षेत्र अन्तर्गत सीएचसी सैनुवा पर शनिवार को बिना डाक्टर के फार्मासिस्ट क्षेत्र के मरीजों को दवा देकर काम चला रहे है। क्षेत्र के कुछ लोगों ने बताया कि डाक्टर की तैनाती न होने से मरीजों को दवा के लिए इधर उधर जाना पड़ रहा है।

सरकार द्वारा स्वास्थ्य विभाग पर पानी के तरह पैसा खर्च करने के बावजूद अस्पतालों का हालत सुधर नहीं रहा है। कही डाक्टर के अभाव में तो कही दवा के अभाव मे लोटन क्षेत्र के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र अन्तर्गत पी एच सी सैनुवा में काफी माह बीत गया किसी डाक्टर तैनाती न होने से अस्पताल क्षेत्र के मरीजों को प्राइवेट अस्पतालों मे दवा लेना पड़ रहा है। एक साल पहले डाक्टर धीरेन्द्र चौधरी की तैनाती थी लेकिन किसी कारण वश उनका ट्रांसफर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लोटन में कर दिया। सैनुवा अस्पताल से मरीजों का मोह भंग हो गया अब उस क्षेत्र के मरीज झोला छाप डॉक्टरों पर आश्रित हो गये है। सैनुवा अस्पताल में तैनात फार्मासिस्ट जी पी गुप्ता ने कहा कोई भी स्टाप मौजूद नही है मै अकेला हू किसी तरह काम कर रहे है । ग्रामीणों ने बताया की हालत खराब होने के बाद जिन लोगों के पास पैसा है वह लोग बाहर दवा करा लेते है। लेकिन गरीब परिवार के लोगों को अस्पताल में डॉक्टर की तैनाती न होने से काफी दिक्कत हो रही है। इस सम्बन्ध में सी एम ओ आर के चौरसिया ने बताया की जिले में डाकटरो की कमी है जैसे ही जिले में डाक्टर की तैनाती हो रही है सैनुवा पी एच सी पर डाक्टर की तैनाती कर दिया जायेगा।

**क्षेत्र के मरीज झोलाछाप डाक्टर से दवा करने को मजबूर**

## जनपद में जनहित मांगों को लेकर आर.के. आरतियन का आमरण अनशन समाप्त



**बस्ती अवधनामा संवाददाता।** जनपद में जनहित मांगों को लेकर आर.के. आरतियन ने अपना आमरण अनशन चौथे दिन समाप्त कर दिया। पानी बदायूं की एक शायरी के साथ उन्होंने फेसबुक पर पोस्ट किया मौजों की सियासत से मायूस न हो फ़ानी, गिर्दाब की हर तह में साहिल नज़र आता है। आपको बताते चलें यह अनशन जनपद के विभिन्न जन समस्याओं के समाधान क के साथ-साथ विकासखंड गौर के ग्राम पंचायत पाटील में एक जीवित व्यक्ति को मृत्यु दिखाए जाने के संबंध में था। हालांकि अमृत अंश के दिन ही उच्च अधिकारियों ने इस प्रकरण में दोषी पाए गए कर्मचारियों के विरुद्ध वेतन वृद्धि को रोक दिया था। आर.के. आरतियन ने बताया कि अनशन के दौरान उन्हें लगातार छाती में दर्द और निम्न रक्तचाप जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ा। उन्होंने कहा कि उन्हें क्रांतिकारी साथियों और पत्रकार बंधुओं का भरपूर सहयोग मिला, जिससे उनका मनोबल बना रहा। अनशन के दौरान, उन्हें ठाकुर प्रेम नंदवंशी और राम सुमेर यादव का संरक्षण मिला, जबकि चंद्रिका प्रसाद और हृदय गौतम ने किसी भी अप्रिय घटना से बचने के लिए सतर्कता बनाए रखी। अनशन में महिलाओं की भागीदारी विशेष रूप से उल्लेखनीय रही, जिन्होंने दूर-दूर से आकर अपना समर्थन दिया। पत्रकार बंधुओं ने भी अनशन को व्यापक कवरेज दी, जिससे जन-जन तक यह मुद्दा पहुंचा।

## उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता में आये 29 मामले तीन हुए निस्तारण



अवधनामा संवाददाता

**बांसी सिद्धार्थनगर।** स्थानीय तहसील बांसी में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस उपजिलाधिकारी शशांक शेखर राय की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। तहसील दिवस में कुल 29 मामले आए। जिसमे तीन मामले का मौके पर निस्तारण कर दिया गया। बताते चले कि शनिवार को बांसी तहसील सभागार में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस मे मामले का मौके पर निस्तारण कर शेष को संबंधित विभाग को कार्रवाई के लिए अग्रसारित कर दिया गया।

तहसील समाधान दिवस में एक ऐसा मामला प्रस्तुत हुआ विकास खंड मिठवल अंतर्गत ग्राम पंचायत कम्हरिया निवासियों ने प्रार्थना पत्र लेकर यह गुहार लगाया है कि गांव के कुछ दबंगों द्वारा खलिहान के जमीन पर पहले से ही मकान तैयार कर चुके हैं और उसके बगल में एक गड्ढा था जिसमें लगभग डेढ़ दर्जन परिवार के नाली का पानी जाता था। उक्त गांव के ही कुछ दबंग द्वारा कुछ गड्ढे में भी मकान बना लिए हैं जिससे जल निकासी नहीं हो पा रही है और गांव के मुख्य मार्ग पर गंदा पानी फैला रहता है जिससे भारी समस्या का सामना करना पड़ता है ग्रामीणों को जिसको लेकर तमाम ग्रामीण महिला पुरुष तहसील समाधान दिवस में प्रार्थना पत्र देकर समस्या के निस्तारण है उप जिलाधिकारी से गुहार लगाया है। इस दौरान तिलक राम यादव, सुनिल सहानी, ढुनमून, दाहू, इंद्रकला, प्रभावती, रेशमा, केवलपाती, संजू,फूलमतीसिंगारी, नगेशर, सुखना आदि इस इस दौरान खंड विकास अधिकारी खेसरहा, बांसी अमित सिंह मिठवल सौरभ पांडे पूर्ति निरीक्षक अर्चना सिंह, सहित तहसील के समस्त अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहें।

## डीएम ने किया परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण

**सिद्धार्थनगर।** माध्यमिक शिक्षा परिषद, उत्तर प्रदेश, प्रयागराज द्वारा संचालित हाई स्कूल एवं मीडिएट की प्रथम पाली की परीक्षा का रतनसेन इन्टर कालेज, बांसी का जिलाधिकारी द्वारा राजा गणपति आर0 द्वारा निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी डा0 राजा गणपति आर0 द्वारा सी.सी.टी.वी. कैमरा कक्ष को देखा गया। सभी परीक्षा कक्षों के सीसीटीवी कैमरा क्रियाशील पाये गये। इसके साथ ही प्रधानाचार्य को निर्देश दिया कि परीक्षा शान्तिपूर्ण, नकल विहीन एवं सुचितापूर्ण ढंग से सम्पन्न कराये। जिलाधिकारी ने प्रधानाचार्य को निर्देश दिया कि परीक्षा की समाप्ति के बाद विद्यालय भवन की पेन्टिंग कराये। मेरे द्वारा विद्यालय का पुनः निरीक्षण किया जायेगा।

## विदाई सुख-दु:ख का मिश्रित अनुभव है : सुजीत जायसवाल



अवधनामा संवाददाता

**सिद्धार्थनगर।** विदाई सुख दुःख का मिश्रित अनुभव है। एक तरफ़ साथी कर्मचारी सेवानिवृत्त होकर जा रहा है तो दुःख होता है, परन्तु खुशी इस बात की होती है कि कर्मचारी साथी अपने बचे दायित्यों को पूरा करेगा। उक्त बातें राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के जिलाध्यक्ष सुजीत कुमार जायसवाल ने कही वह शनिवार को नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पकड़ी में प्राथमिकता स्वास्थ्य केन्द्र कठेला में तैनात सीनियर प्रयोगशाला सहायक राकेश राम त्रिपाठी के सेवानिवृत्त होने पर आयोजित विदाई समारोह में कही। उन्होने ने कहा कि सरकारी कर्मचारी केवल अपने पदीय दायित्यों से मुक्त होता है अन्य दायित्यों से नही। सेवानिवृत्त साथी को माल्यार्पण, दैनिक उपयोगी बस्तु, धार्मिक पुस्तक, अंगबस्त्र आदि देकर सम्मानित किया गया। एलए संघ के जिलाध्यक्ष डीएन मणि की अध्यक्षता में आयोजित विदाई समारोह को राकसंप के जिला मन्त्री राजेश मिश्र, रामकरन गुप्ता, बुद्ध पर, विजय दूबे, वेद प्रकाश मिश्र, आनन्द शंकर राय, अवधेश मझवार, पवन पाण्डेय, अनीता जायसवाल व रोकैया खातून आदि ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन कर्मचारी शिक्षक संयुक्त मोर्चा के जिलाध्यक्ष रामकरन गुप्ता ने किया।

## बस्ती के लाल डॉ. विमल कुमार ने असिस्टेंट प्रोफेसर बनकर जिले का नाम रोशन किया

**गौर, बस्ती अवधनामा संवाददाता।** बस्ती जिले के तेनुई चेत सिंह गांव के निवासी डॉ. विमल कुमार ने अपनी कड़ी मेहनत और लगन से मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, गोरखपुर में असिस्टेंट प्रोफेसर के पद पर सफलता प्राप्त कर जिले का नाम रोशन किया है। उनकी इस उपलब्धि से पूरे क्षेत्र में खुशी की लहर है। डॉ. विमल कुमार का जन्म और प्रारंभिक शिक्षा उनके गांव में ही हुई। उन्होंने अपनी इंटरमीडिएट की शिक्षा सेक्सेरिया इंटर कॉलेज से प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण की। इसके बाद उन्होंने डॉ. के. एन. मोदी इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी, मोदीनगर से बी.टेक और मोतीलाल नेहरू राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान, इलाहाबाद से कंप्यूटर साइंस में एम.टेक की डिग्री प्राप्त की। उन्होंने मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, गोरखपुर से पीएचडी की उपाधि भी प्राप्त की है। डॉ. विमल कुमार वर्तमान में गलगोटिया कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग, नोएडा में प्राइवेट प्रोफेसर के पद पर कार्यरत हैं। यह उनका दूसरा प्रयास था। उन्होंने अपनी मेहनत और समर्पण से इस प्रतिष्ठित पद को प्राप्त किया है। डॉ. विमल कुमार के पिता का नाम राम निहोरे है।

# समाधान दिवस : इटवा में 55 शिकायतों में से मात्र चार का ही निस्तारित





अवधनामा संवाददाता

**इटवा सिद्धार्थनगर।** शनिवार को तहसील समाधान दिवस के मौके पर जिलाधिकारी ने चेतावनी दी कि लंबित प्रकरणों पर ध्यान देकर मामला निस्तारित करें अन्यथा संबंधित अधिकारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इटवा तहसील में शनिवार को जिलाधिकारी डॉ. राजागणपति आर. और पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक महाजन की उपस्थिति में तहसील समाधान दिवस का आयोजन हुआ।

सम्पूर्ण तहसील समाधान दिवस के आयोजन के अवसर पर राजस्व, विकास, शिक्षा, पूर्ति एवं अन्य विभागों के शिकायतों की सुनवाई जिलाधिकारी डा राजागणपति आर0, उपजिलाधिकारी इटवा कुणाल तथा पुलिस विभाग से सम्बंधित शिकायतों की सुनवाई पुलिस अधीक्षक डा0 अभिषेक महाजन द्वारा किया गया। जिलाधिकारी डा0 राजागणपति आर0 द्वारा तहसील समाधान दिवस में पिछले समाधान दिवस में प्राप्त शिकायतों के आख्या का अवलोकन किया गया। अवलोकन के पश्चात जिलाधिकारी द्वारा तत्काल जिला स्तरीय टीम बनाकर मौके का जांच कराने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि भूमि से संबंधित विवाद मौके पर जाकर निरीक्षण कर निस्तारण कराये। जिलाधिकारी ने सम्पूर्ण तहसील समाधान दिवस इटवा में उपस्थित सभी जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देश दिया कि तहसील समाधान दिवस में प्राप्त हो रही शिकायतों एवं आईजीआरएस पर प्राप्त शिकायतों का समय से एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाये। इसके साथ ही शिकायतकर्ता एवं विपक्षी दोनों के समक्ष जांच कर कार्यवाही किया जाये। जिलाधिकारी ने कानूनगो एवं लेखपालों को निर्देश दिया कि भूमि संपत्ति रजिस्टर एवं भूमि विवाद रजिस्टर अवश्य बना ले। किसी भी विभाग का तहसील दिवस का कोई भी प्रकरण लम्बित नही होना चाहिए यदि किसी भी विभाग का प्रकरण लम्बित पाया जायेगा तो सम्बन्धित के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की जायेगी। लेखपाल एवं कानूनगो मौके पर जाकर शिकायत के निस्तारण से पूर्व निरीक्षण कर उसके बाद की आख्या लगायेगे इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही नही होनी चाहिए। जिलाधिकरी ने निर्देश देते हुए कहा कि तहसील दिवस में जो भी शिकायते प्राप्त हो रही उन शिकायतों का गम्भीरतापूर्वक पर मौके पर जाकर निस्तारण कराये। इसमें किसी भी प्रकार की शिकायत नही मिलना चाहिए। सम्पूर्ण तहसील समाधान दिवस के आयोजन के अवसर पर कुल 55 प्रार्थना पत्र प्रस्तुत हुए जिसमें राजस्व-22, पुलिस विभाग से सम्बन्धित-09, विकास-06, विद्युत-08, अन्य-10 प्रार्थना-पत्र प्रस्तुत हुए। जिलाधिकारी डा0 राजागणपति आर0 द्वारा राजस्व-04, प्रार्थना-पत्र का मौके पर ही निस्तारण करा दिया गया। तहसील दिवस में प्राप्त शेष शिकायती प्रार्थना पत्रों को तीन दिवस के अन्दर शत-प्रतिशत निस्तारण की कार्यवाही सम्बन्धित विभाग के अधिकारी को सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया गया। सम्पूर्ण तहसील समाधान दिवस कार्यक्रम के अवसर पर उपरोक्त के अतिरिक्त डी.एफ.ओ. पुष्प कुमार के, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 रजत कुमार चौरसिया, पीडी नागेन्द्र मोहन राम त्रिपाठी, अधिशासी अभियन्ता लोक निर्माण विभाग इटवा आशीष भारद्वाज, जिला पंचायत राज अधिकारी पवन कुमार, जिला पूर्ति अधिकारी देवेन्द्र प्रताप सिंह, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी जीवन लाल, उप कृषि निदेशक अरविन्द कुमार विश्वकर्मा, जिला कृषि अधिकारी मो0मुजम्मिल, जिला प्रोबेशन अधिकारी विनय कुमार सिंह, तहसीलदार इटवा, तहसील इटवा क्षेत्र के अन्तर्गत समस्त थानाध्यक्ष एवं खण्ड विकास अधिकारी, सीडीपीओ तथा अन्य जनपद स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# अपर जिलाधिकारी एवं नाजिर सदर कलेक्ट्रेट रमाकान्त पाठक अपनी सेवा का कार्यकाल पूर्ण करके सेवानिवृत्त

अवधनामा संवाददाता



**सिद्धार्थनगर।** अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) श्री उमाशंकर एवं नाजिर सदर कलेक्ट्रेट श्री रमाकान्त पाठक अपनी सेवा का कार्यकाल पूर्ण करके सेवानिवृत्त हो गये है। जिलाधिकारी डा0 राजा गणपति आर0 की अध्यक्षता में विदाई समारोह का कार्यक्रम कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुआ। सेवा निवृत्त अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) श्री उमाशंकर, नाजिर सदर कलेक्ट्रेट श्री रमाकान्त पाठक को फूलमाला पहनाकर एवं बुद्ध प्रतिमा, स्मृति चिन्ह, अंगवस्त्र, रामचरित मानस, भगवत गीता देकर विदाई दी गयी।

अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) श्री उमाशंकर, नाजिर सदर कलेक्ट्रेट श्री रमाकान्त पाठक की विदाई के अवसर पर जिलाधिकारी डा0 राजा गणपति आर0 ने दोना लोगो को धन्यवाद दिया। दोनो लोगो ने अन्तिम दिन तक कार्य किया गया। नाजिर हमेशा मुस्कुराते रहे। कलेक्ट्रेट में जो भी कार्य हुआ है उसमे नाजिर की अहम भूमिका है। आज कलेक्ट्रेट देखने में बहुत अच्छा लगता है। इसमें एडीएम एवं नाजिर की बड़ी भूमिका रहती है। इस कार्य को बैंको से सहयोग लेकर कार्य हुआ है। एडीएम बहुत अच्छे स्वाभाव के है कार्य करने की क्षमता भी बहुत है और अनुभवी व्यक्ति है। दोनो लोगो को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि परिवार के साथ अच्छे से जीवन व्यतीत करे। कोई भी समस्या आती थी तो एडीएम के साथ मिलकर सभी कार्य अच्छे ढंग से हल कर लिया जाता था। बाढ़ के दौरान भी एडीएम द्वारा अच्छा कार्य किया गया है। जिलाधिकारी ने अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) श्री उमाशंकर, नाजिर सदर कलेक्ट्रेट श्री रमाकान्त पाठक को बधाई और शुभकामनाएं दी। अपने जीवन में खुशहाल रहे तथा अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखे। विदाई समारोह के अवसर पर अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) श्री उमाशंकर ने कहा कि सभी लोगो को यह अवसर मिले। यहां के लोगो से मुझे बहुत प्रेम मिला है। कार्यालय के फर्नीचर, सयुक्त कार्यालय केबिन, जिलाधिकारी कक्ष, एडीएम कक्ष सभी कार्यो को कराया गया। सहां के सम्मानित जनप्रतिनिधियों से भी बहुत सहयोग मिला। हमने कलेक्ट्रेट परिवार के सभी कर्मचारियों को एक नजर से देखा। मुझे 04 जिलाधिकारी के साथ काम करने का अवसर मिला। मेरा कार्यकाल 03 वर्ष 05 माह का इस जनपद में रहा है। जिलाधिकारी महोदय जिले में विकास का कार्य कर रहे है। मै बराबर जिलाधिकारी महोदय से मिलता रहता था। मार्गदर्शन देते थे और मैं उसे पूरा करने की कोशिश करता था। कितनी भी कठिन परिस्थिति आयी मै जिलाधिकारी महोदय से अपने अधीनस्थों से कार्य कराकर, बचाकर कार्य पूर्ण करता था। विधानसभा सामान्य निर्वाचन-2022 तथा लोक सभा सामान्य निर्वाचन-2024 सकुशल सम्पन्न कराया गया।

# ईओ कक्ष के समक्ष धरने पर बैठे चेयरमैन

दानिश मेहदी

**अम्बेडकरनगर।** किछौछा नगर पंचायत के चेयरमैन कुछ सभासदों के साथ अधिशासी अधिकारी के कक्ष के पास धरने पर बैठ गए। हंगामा और बवाल होते देख असहज महसूस कर रहे ईओ ने तत्काल इसकी सूचना पुलिस को दी।

बसखारी थाने से आए पुलिसकर्मियों की सुरक्षा घेरे में ईओ को जैसे-तैसे बाहर निकाला गया। इस विवाद का वीडियो शुक्रवार दोपहर से लेकर शाम तक सोशल मीडिया पर खूब वायरल होता रहा। बताया जाता है कि 28 दिसंबर से लेकर तीन जनवरी 2025 तक करीब छह दिनों तक किछौछा नगर पंचायत कार्यालय का ताला बंद था। सभी सफाईकर्मी कार्य बहिष्कार करके हड़ताल पर चले गए थे। जिला प्रशासन भी इस मामले में काफी नाराज चल रहा था। प्रशासन ने अकबरपुर, टांडा व इल्तिफातगंज से सफाईकर्मियों की टीम लगाकर किछौछा नगर पंचायत क्षेत्र में सफाई अभियान चलाया था। इस पूरे प्रकरण से डीएम अविनाश सिंह भी काफी नाराज चल रहे थे और सफाईकर्मियों का आउटसोर्सिंग ठेका/टेंडर निरस्त करने की बात कही थी। 27 फरवरी को सफाई कर्मियों की आउटसोर्सिंग से जुड़े टेंडर प्रक्रिया में विहित प्राविधानों, शासनादेशों, नियम एवं नियामावली का उल्लंघन किए जाने के कारण ठेका कंपनी मेसर्स जेके इंफ्रा को ब्लैक लिस्ट में डालते हुए भविष्य में होने वाले समस्त टेंडर प्रक्रियाओं में प्रतिभाग करने से प्रतिबंधित किया गया है। ईओ ने सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही के लिए डीएम, एडीएम, जिला सूचना अधिकारी को पत्र प्रेषित किया था। संभवतः इस कारण ही चेयरमैन ओंकार गुप्त शुक्रवार दोपहर करीब 12.30 से एक बजे के दौरान ईओ संजय जैसवार के आफिस कक्ष के बाहर 8 से 11 सभासद/सभासद पतियों को लेकर धरने पर बैठ गए।

## पाक पीएम का हास्यास्पद दावा

भारत-पाकिस्तान के बीच क्या तुलना की जा सकती है? भारत अतुलनीय, ताकतवर, विकसित होता राष्ट्र है, जबकि पाकिस्तान को दुनिया के कई देश 'नाकाम देश' करार दे चुके हैं। फिर भी पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने छाती ठोंकते, कुछ उछलते, दावा किया है, मुल्क को भरोसा देने की कोशिश की है कि अगर रब ने चाहा, तो एक दिन पाकिस्तान हिंदुस्तान से आगे होगा! हम खूब मेहनत करेंगे, तो इंशाल्लाह हिंदुस्तान से आगे जरूर जाएंगे। पाकिस्तान के वजीर-ए-आजम की यह गालबजाई हास्यास्पद है। भारत और पाकिस्तान एक साथ स्वतंत्र और संप्रभु देश बने थे, लेकिन आज भारत विश्व की 5वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है और पाकिस्तान 45वें स्थान पर है। भारत का सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) फिलहाल 336 लाख करोड़ रुपए का है, जबकि पाकिस्तान की कुल अर्थव्यवस्था मात्र 32 लाख करोड़ रुपए की है। भारत की अर्थव्यवस्था 10 गुना अधिक है। पाकिस्तान भीख और दान पर जिंदा है। हाल ही में उसने अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) से 60,000 करोड़ रुपए का उधार मांगा है। कर्ज भारत सरकार पर भी है, लेकिन हमारा प्रधानमंत्री देश-विदेश कर्ज की गुहार लगाता नहीं घूमता। पाकिस्तान कभी चीन, कभी सऊदी अरब या संयुक्त अरब अमीरात, तो कभी कतर आदि देशों से भीख मांगता रहा है। बदले में उसे मुल्क की जमीन-जायदाद पैसा देने वाले देशों को सौंपनी पड़ती है। वहां वे देश अपनी परियोजनाओं को विस्तार देते हैं। भारत और पाकिस्तान की तुलना किस आधार पर की जा सकती है? भारत की आर्थिक विकास दर 8 फीसदी से भी ज्यादा रही है।

बजट में 2025-26 की विकास दर भी 6 फीसदी से अधिक आंकी गई है, जबकि पाकिस्तान की विकास दर मात्र 2.38 फीसदी है। इसमें भी कितनी हकीकत है और कितना फसाना है? भारत सरकार अब भी 81 करोड़ से अधिक नागरिकों में प्रति माह मुफ्त अनाज बांट रही है, जबकि पाकिस्तान में आटे की एक बोरी के लिए भी मारा-मारी मची है। मुद्रास्फीति की दर असहनीय है। लोग अनाज और अन्य रोजमर्रा की चीजों के लिए लंबी-लंबी कतारों में लगे रहते हैं, फिर भी असंख्य हाथ खाली रहते हैं। आजीविका मुश्किल है, तो आबोदाना भी नसीब से ही मिल रहा है। यह पाकिस्तान हिंदुस्तान से आगे बढ़ेगा? पाकिस्तान ने आईएमएफ से जितना उधार मांगा है, उतनी तो भारत सरकार खाद पर सबसिडी दे देती है। लोकसभा में पेश किए गए बजट में संघशासित क्षेत्र जम्मू-कश्मीर के लिए ही 41,000.07 करोड़ रुपए आवंटित किए गए हैं। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री कितना भी उछलते रहें या छाती ठोंक लें, लेकिन हजारों साल तक पाकिस्तान भारत को पीछे नहीं कर सकता। उन्होंने यह दावा तब किया है, जब अमरीकी संसद में एक प्रस्ताव रखा गया है कि पाकिस्तान में जम्हूरियत (लोकतंत्र) ही नहीं है। वहां के सेना प्रमुख और आतंकियों में नापाक गठजोड़ है। हुकूमत असहाय है। अमरीकी संसद ने पाकिस्तान के सेना प्रमुख पर 'पाबंदी' लगाने तक की बात कही है। भारत के राजनयिक क्षितिज त्यागी ने संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद के मंच पर पाकिस्तान को न केवल 'नाकाम देश' करार दिया, बल्कि यह भी कहा कि ऐसे देश पर चर्चा करने में परिषद कीमती वक्त बर्बाद कर रही है। पाकिस्तानी पीएम किसे संबोधित कर रहे थे, यह पाक को ही मालूम नहीं।

## सत-साहित्य से समृद्ध होता समाज



संजीव ठाकुर

शब्दों की महिमा को अपरंपार और अक्षर को नश्वर बताया गया है। वैसे तो शब्दों की तीव्रता तलवार से ज्यादा नुकीली और भाले से ज्यादा चुभने वाली होती है। तलवार की धार से मनुष्य एक बार बच भी सकता है पर मुंह से बोले गए शब्द व्यक्ति को मृत्यु सा मूर्छित कर देते है। इसीलिए चिंतकों ने कहा है बोलने से पहले कई बार सोचें और बोलने के बाद सोचने वाला व्यक्ति समाज में मूर्खों की श्रेणी में गिना जाता है। राजनीति और कूटनीति में सारी जद्दोजहद शब्दावली और भाषणों की होती है कूटनीति में एक शब्द के कई अर्थ निकाले जाते हैं और उससे अपना हित अहित साधा जाता है।

मुंह से बोले गए शब्द और वाक्य बहुत सकारात्मक भी हो सकते हैं और बड़े ही भयंकर नकारात्मक भी हो सकते हैं। एक ही शब्द कहीं पर बड़े से बड़ा दंगा करवा सकते हैं और कहीं पर बोले गए प्यार के शब्द बड़े-बड़े विवादों में सुलह करा सकते हैं। शब्द की परिणति उसकी मुक्ति ही करती है। बड़े-बड़े राजनेता अभिनेता अपने मुंह से बोले गए शब्दों से लोकप्रियता के चरम पर पहुंच जाते हैं और कहीं किसी नेता के मुंह से निकला हुआ शब्द बाण समाज में विषाद और जहर भर देता है। शब्दों के जादूगर बड़ी-बड़ी आम सभाओं में सोच समझकर इस्तेमाल कर अपना सार्थक प्रभाव छोड़ते सत्ता परिवर्तन भी शब्दों के माया जाल से हि होता है। अंग्रेजी साहित्य में अरनेस्ट हेमिंग्वे को शब्दों का जादूगर माना जाता था उनके शब्दों का प्रभाव सीधे पाठकों के दिल तक पहुंच जाता था इसी तरह हिंदी में तुलसीदास विश्वव्यापी कवि है उनकी वाणी में सत्य और अमृत है। आधुनिक हिंदी साहित्य मेंअज्ञेय जी को इसी श्रेणी में रखा जा सकता है उनकी शब्दावली कठिन होते हुए भी पढ़ने वालों के मर्म तक पहुंच जाती है। महान कथाकार मुंशी प्रेमचंद हिंदी और देवनागरी लिपि को आत्मसात कर उपन्यास तथा कहानी और लिख कर अमृत्व को प्राप्त किया है। देवकीनंदन खत्री जी ने भी उपन्यासों खाकर चंद्रकांता संतति, भूतनाथ पढ़ने के लिए हिंदी को सीखा और मनन किया और लोकप्रिय उपन्यास की उत्पत्ति की, कबीर अपने फक्कड़पन की भाषा के कारण उत्तर भारत के सभी दिलों में समाए हुए हैं। निसंदेह शब्द जीवंतता प्रदान करते हैं और जीवनशैली को बेहतर बनाने की ओर अग्रसर करते हैं और द्रौपदी द्वारा कहे गए शब्द महाभारत की उत्पत्ति का कारण बनते हैं। इसलिए सदैव कहा जाता है की संभलकर बोलने से सद्गति प्राप्त होती है। इसीलिए तो संभल कर सही और उपयुक्त शब्दों का इस्तेमाल करना चाहिए। अकबर इलाहाबादी साहब कहते हैं,

**खींचों न कमानों को, न तलवार निकालो,**
**जब तोप मुकाबिल हो तो अखबार निकालो।**

जो सदैव अच्छा वक्ता होता है अपने विचारों को संभल कर बोलता है भले ही वह दिलों को ना छुए पर उसका जनमानस के दिलों को जीतना तय होता है और संसार पर वही राज करता है जो अपने शब्दों का सही इस्तेमाल करता है, गलत शब्द से, गलत संभाषण से गलत विचारों से बोला गया वाक्य प्रलय भी ला सकता है। शब्दों को तौल कर विचार कर बोलना चाहिए अन्यथा उसके नतीजे भयानक भी हो सकते हैं। शब्दों की मार बहुत ही तेज और बहुत मीठी भी होती है एक शब्द महायुद्ध करवा सकता है और दूसरा शब्द ऐसी शीतल फुहाँरे छोड़ता है कि सारा युद्ध उन्माद अखंड शांति में बदल जाता है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी अमेरिका रूस,जापान, यूरोपीय देशों में दिए वहां के राष्ट्रपति व राजनेताओं द्वारा दिए गए भाषणों संभाषणों से युद्ध और कई बार शांति स्थापित हुई है। पाकिस्तान के राष्ट्रपति प्रधानमंत्री तथा उनके कैबिनेट के मंत्री अपने दिए गए वक्तव्य से ही सारी दुनिया से अलग अलग हो गए हैं। और भड़काऊ भाषण के कारण आज दुर्गति को प्राप्त हुए हैं। भारत शांति का दूत माना जाता है शांति स्थापना की सदैव मीठी वाणी बोलता आया है और यही कारण है कि भारत को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर शांति का पुजारी एवं दूत कहा जाता है एवं सदैव अंतर्राष्ट्रीय विवादों में उनके राजनेताओं को मध्यस्थता अथवा समझौते के लिए आमंत्रित किया जाता रहा है। यही कारण है कि रूस यूक्रेन के लंबे युद्ध में विश्व के पूरे देश एवं रूस तथा यूक्रेन के राजनेता भी भारत की ओर युद्ध की शांति की पहल की प्रतीक्षा कर रहे हैं।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक तकदीस फ़ातिमा रिज़वी ने ग्रुप-5 प्रकाशन, 55-बी, वज़ीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित कराकर प्रथम तल, मस्जिद नूर महल, साकेत पल्ली, नरही, लखनऊ से प्रकाशित किया।

किसी भी लेख में कोई विवाद के लिए 'अवधनामा' जिम्मेदार नहीं होगा, इसकी जिम्मेदारी लेखक की होगी। किसी भी समाचार के विवाद के लिए न्याय क्षेत्र लखनऊ ही होगा।

पोलिटिकल एडीटर : एम.एम. मोहसिन

स्थानीय संपादक

मोहम्मद आलम रिज़वी

RNI No UPHIN/2010/31173

टेली फैक्स नं. : 2288091, 4065716

avadhnamahindi@gmail.com,

**गूगल प्ले स्टोर और एपल के एप स्टोर पर कई गेम ऐप्स मौजूद हैं, जो आसानी से डाउनलोड के लिए उपलब्ध हैं। कई बार इसे शौकिया खेलने के लिए डाउनलोड करते हैं, लेकिन यह बहुत जल्दी लत में तब्दील हो जाती है। ऑनलाइन या वीडियो गेम की लत नशे से भी बुरी है। खासकर पबजी जैसे गेम बच्चों को हिंसक भी बना रहे हैं। गेमिंग की लत को विश्व स्वास्थ्य संगठन ने बीमारी यानी गेमिंग डिसआर्डर के रूप में चिन्हित किया है। खासकर बढ़ते बच्चों में गेमिंग की लत उनके आगे बढ़ने में बहुत बड़ी बाधा है।**

# घातक है ऑनलाइन गेमिंग की बढ़ती प्रवृत्ति




रोहित माहेश्वरी

एक समय वह भी था जब बच्चों को घर से बाहर खेलने जाने के लिए मना किया जाता था। दिनभर घर से बाहर रहकर खेलने के लिए उन्हें डांट भी पड़ती थी लेकिन अब समय बदल गया है। अब हालात ऐसे हो गए हैं कि बच्चे खेलने के लिए घर से बाहर ही नहीं निकल रहे हैं। इसका सबसे बड़ा कारण ऑनलाइन वीडियो गेम और स्मार्टफोन है। वीडियो गेम खेलने वाले स्मार्टफोन सात-आठ हजार रुपये तक में आसानी से मिल रहे हैं। वहीं गूगल प्ले-स्टोर पर मुफ्त मोबाइल गेम भी मिल जाते हैं।

दरअसल, ऑनलाइन वीडियो गेमिंग का बाजार बहुत ही तेजी से बढ़ रहा है इसी के साथ बढ़ रहा है इसका दुष्परिणाम। कई वीडियो गेम्स बच्चों के लिए बेहद ही खतरनाक साबित हो रहे हैं। ब्लू व्हेल जैसे गेम्स की वजह से कई मौतें भी हो चुकी हैं। आइए जानते हैं कुछ वीडियो गेम्स के बारे में जो बच्चों पर नकारात्मक प्रभाव डाल रहे हैं, उन्हें हिंसक बना रहे हैं और यहां तक की जान देने के लिए भी उकसा रहे हैं। ऑनलाइन गेम से पनप रहे जानलेवा खतरों को लेकर दुनियाभर में चिंता जताई जा रही है। ऑनलाइन गेम की लत के शिकार बच्चों को बचाने के लिए कई देश इस समय अलर्ट मोड पर हैं। ब्राजील, चीन, वेनेजुएला, जापान और ऑस्ट्रेलिया में ऐसे गेम्स पर प्रतिबंध है, जो हिंसक प्रवृत्ति पैदा करते हैं। चीन में 18 साल से कम उम्र वालों को शुक्रवार, शनिवार, रविवार या फिर सार्वजनिक छुट्टी के दिन सुबह 8 से रात 9 बजे के बीच अधिकतम 3 घंटे तक ही ऑनलाइन गेम की अनुमति है। सख्त नियमों के बावजूद ब्राजील के एक किशोर ने ऑनलाइन चैलेंज पूरा करने के लिए खुद को बटरफ्लाई फ्लूड का इंजेक्शन लगा लिया, जिससे उसकी मौत हो गई। पिछले महीने लखनऊ में एक बीडीएस छात्र ने आत्महत्या का खौफनाक कदम उठाने से पहले अपने दोस्तों को ऑनलाइन गेम खेलने के लिए नोटिफिकेशन भेजा था। वहीं, लखनऊ के दूसरे मामले में ऑनलाइन गेम की लत के शिकार दसवीं के छात्र ने मोबाइल गेम में नुकसान के बाद आत्महत्या कर ली।

घर में छोटे बच्चे हैं, तो फिर आपने भी गौर किया होगा कि वे जल्द ही मोबाइल चलाने में एक्सपर्ट हो जाते हैं। जब तक पैरेंट्स बच्चों को मोबाइल न दे, तब तक यह संभव भी नहीं है। कहीं न कहीं इसकी शुरुआत अभिभावक ही करते हैं। लेकिन जब एक बार बच्चों को मोबाइल की लत लग जाती है, तो फिर मोबाइल फोन न देने पर गुस्सा करना, रोना, चीखना और चिल्लाना आम बात हो जाती है। बच्चों को बिजी रखने के लिए खुद ही अभिभावक फोन पर गेम्स और वीडियो चलाकर दे देते हैं। हालांकि शौकिया तौर पर कुछ देर गेम खेलने में कोई बुराई नहीं है, लेकिन समस्या तब पैदा होती है, जब यह शौक एक बुरी लत में बदल जाता है, जिसे गेमिंग की लत या



फिर गेमिंग डिसआर्डर भी कहते हैं। गूगल प्ले स्टोर और एपल के एप स्टोर पर कई गेम ऐप्स मौजूद हैं, जो आसानी से डाउनलोड के लिए उपलब्ध हैं। कई बार इसे शौकिया खेलने के लिए डाउनलोड करते हैं, लेकिन यह बहुत जल्दी लत में तब्दील हो जाती है। ऑनलाइन या वीडियो गेम की लत नशे से भी बुरी है। खासकर पबजी जैसे गेम बच्चों को हिंसक भी बना रहे हैं। गेमिंग की लत को विश्व स्वास्थ्य संगठन ने बीमारी यानी गेमिंग डिसआर्डर के रूप में चिन्हित किया है। खासकर बढ़ते बच्चों में गेमिंग की लत उनके आगे बढ़ने में बहुत बड़ी बाधा है। गेमिंग के दौरान अलग-अलग लेवल पार करना बच्चे अपनी उपलब्धि मानते हैं। ऐसे में बिना सोचे-समझे वह गेम खेलते चला जाता है। एक्साइटमेंट के लिए वह कुछ भी कर गुजरने से हिचकता नहीं है। यह खेल मानसिक रूप से भी कमजोर बनाता है। खिलाड़ी असल दुनिया से दूर एक वर्चुअल यानी आभासी दुनिया में होता है। कई बार तो गेम में जीतने पर रिवार्ड की सुविधा भी होती है। देखा जाए, तो यह एक तरह से बच्चों को उकसाने का तरीका ही है। ऑनलाइन गेम चैलेंज को लेकर बच्चों से जुड़ीं ये तो कुछ ही घटनाएं हैं। इससे पहले भी ब्लू वेल चैलेंज, द पास आउट चैलेंज, द सॉल्ट एंड आइस चैलेंज, द फायर चैलेंज और द कटिंग चैलेंज जैसे ऑनलाइन गेम दुनियाभर में हजारों बच्चों की जान ले चुके हैं। ब्लू वेल चैलेंज से दुनियाभर में 130 लोग और द पास आउट चैलेंज में एक हजार बच्चों की मौत खुद अपना गला दबाने या साथी का गला दबाने से हो चुकी है। द सॉल्ट एंड आइस चैलेंज खेलते समय तमाम बच्चे इसलिए अपंग हो गए क्योंकि उन्होंने अपने पैर माइनस 25 डिग्री बर्फ में 15 मिनट तक रखे थे। इसी तरह द फायर चैलेंज में बच्चे अपने शरीर पर ज्वलनशील पदार्थ डालकर आग लगाते हैं और द कटिंग चैलेंज में अपने शरीर में घाव कर टास्क पूरा करने के लिए वीडियो अपलोड करते हैं।

यदि बच्चे की दिनचर्या में बदलाव नजर आए। उसका पूरा कामकाज पबजी के इर्द-गिर्द ही दिखाई देने लगे तो समझिए वह इस खेल की गिरफ्त में जा रहा है। उसका स्वभाव आक्रामक और गुस्सैल हो सकता है। पबजी खेलने से रोकने पर वह हिंसक हो उठता है या गाली-गलौज भी कर सकता है। इस खेल की लत में आया बच्चा आमतौर पर गुमसुम दिखाई देता है। उसकी याददाश्त में कमी आना, बात बिगड़ने के संकेत हैं। मनोचिकित्सकों के अनुसार बच्चों के मां-बाप इस आदत पर लगाम लगाने में खुद को असहाय पा रहे हैं। यह सिर्फ खर्च की बात नहीं है, बल्कि बच्चों के दिमाग पर जो इस खेल का असर हो रहा है, वह आगे जाकर जानलेवा हो सकता है। यदि पेरेंट्स इसे सामान्य मान रहे हैं, तो ये उनकी भूल है।

आपत्तिजनक व हिंसक कंटेंट के कारण 15 देश अलग-अलग तरह के ऑनलाइन गेम्स पर पाबंदी लगा चुके हैं। वेनेजुएला 2009 में ही वीडियो गेम्स बनाने, बेचने और इस्तेमाल करने पर रोक लगा चुका है। ब्राजील बहुत ज्यादा हिंसा वाले गेम बंद किए। चीन 18 साल से कम उम्र वालों को सुबह 8 से रात 9 बजे के बीच शुक्रवार, शनिवार, रविवार और सार्वजनिक छुट्टी के दिन अधिकतम 3 घंटे तक ही ऑनलाइन गेम खेलने की इजाजत है। ऑस्ट्रेलिया में हिंसक, आपत्तिजनक व विवादित कंटेंट वाले ऑनलाइन गेम्स की अनुमति नहीं है। जापान, दक्षिण कोरिया, न्यूजीलैंड, मलेशिया, सिंगापुर, जर्मनी, ब्रिटेन, सऊदी अरब, यूएई, ईरान और पाकिस्तान भी कई पाबंदियां लगा चुके हैं। वहीं, भारत अभी तक ऑनलाइन गेम्स को लेकर कोई सख्त कानून नहीं बना पाया है। हालांकि, भारत पबजी जैसे कई चाइनीज ऑनलाइन गेम्स पर दो साल पहले ही पाबंदी लगा चुका है, लेकिन अब भी ये गेम उपलब्ध हो रहे हैं। मोबाइल गेम्स की लत से बच्चों और किशोरों, यहां तक कि वयस्कों में हिंसक प्रवृत्ति बढ़ रही है। कुछ मामलों में मोबाइल लेने से बच्चे डीप डिप्रेशन में चले जाते हैं। इसे टेक्नॉलॉजी एडिक्शन कह सकते हैं। जो बच्चे गन वायलेंस वाले वीडियो गेम खेलते हैं, उनमें गन पकड़ने और ट्रिगर दबाने की ज्यादा इच्छा होती है। रिसर्च के बाद यह नतीजे सामने आये हैं।

# महाकुंभ के आइने में समाजवादी दर्शन

जयशंकर पाण्डेय

**मुलायम सिंह यादव स्मृति सेवा संस्थान के संयोजक संदीप यादव द्वारा शिविर का आयोजन किया गया है और स्व श्री मुलायम सिंह यादव जी की मूर्ति आयोजन स्थल पर लगायी गयी है। जिसका अनावरण उप्र विधानसभा में विपक्ष के नेता माननीय माता प्रसाद पाण्डेय जी द्वारा 11 फरवरी किया गया और उक्त अवसर पर उन्होनें उपस्थित जनसमूह को समाजवादी विचारधारा और मुलायम सिंह यादव द्वारा किये गये जनोपयोगी कार्यक्रमों की चर्चा की और डॉ राम मनोहर लोहिया, आचार्य नरेन्द्र देव एवं जय प्रकाश नारायण के विचारों को अवगत कराया।**

संस्कृत का एक शब्द है कुंभ जिसका अर्थ है कलश, पौराणिक कथा के अनुसार समुद्र मंथन के पश्चात भगवान धनवन्तरि जब अमृत कलश लेकर प्रकट हुये तब अमृत पाने के लिए देवताओं और असुरो में युद्ध छिड़ गया उस भागदौड़ में अमृत कलश की कुछ बूंदे धरती पर पवित्र नदियों के किनारे प्रयाराज, उज्जैन, हरिद्वार और नासिक में छलक पड़ीं जिन स्थानों पर अमृत कलश से पवित्र नदियों के किनारे बूंदे गिरी वहीं पर महाकुंभ का आयोजन होता है। जनश्रुति के अनुसार जब ब्रहमा जी ने सृष्टि की रचना की तो पहला यज्ञ प्रयाग में किया। इसलिए प्रा और यज्ञ दोनों को मिलाकर इसका नाम प्रयाग रखा गया और एक लोकोक्ति के अनुसार महाकुंभ का आयोजन साढ़े आठ सौ वर्ष पहले आदि गुरू शंकराचार्य ने शुरू कराया था। मुगलकाल में अकबर ने प्रयाग का नाम बदलकर इलाहाबाद रखा और गंगा नदी के किनारे विख्यात किले का निर्माण कराया। अंग्रेजी राज्य में अंग्रेजों ने राज्य का विकास किया और 23 सितम्बर 1887 को देश के चौथे विश्वविद्यालय की स्थापना इलाहाबाद में करायी। इस तरह से इलाहाबाद इस देश की सांस्कृतिक, राजनैतिक, सामाजिक, साहित्यिक एवं न्यायायिक गतिविधियों का हमेशा केन्द्र रहा। आजादी की लड़ाई से लेकर आज तक हमेशा इलाहाबाद/प्रयागराज केन्द्र में रहा। यहीं पर पहली बार डॉ. राम मनोहर लोहिया ने इस देश के प्रथम प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू जी के खिलाफ फूलपुर लोकसभा चुनाव 1962 ई0 में लड़कर समाजवादी विचारधारा के बीजों को बिखेरने का कार्य किया था। मेरी जानकारी में वर्ष 2006 से माँ गंगा नदी के किनारे हर माघ मेला में प्रयागराज में समाजवादी चिन्तन शिविर की शुरूआत माननीय मुलायम सिंह यादव जी के संघर्षो तथा जनेश्वर मिश्र की प्रेरणा से शुरू हुआ उस समय इस आयोजन का उद्घाटन तत्कालीन मैनपुरी के सांसद श्री धर्मेन्द्र यादव जी ने किया था और एक माह तक चलने वाले इस चिन्तन शिविर का बसंत पंचमी के अवसर पर समापन श्री जनेश्वर मिश्र जी ने किया था। इस चिन्तन शिविर में सर्वश्री समाजवादी नेता श्री बृजभूषण तिवारी, मोहन सिंह, रामपूजन पटेल, रेवती रमणण सिंह, विनोद चन्द्र दूबे, सतीश अग्रवाल, प्रोफेसर चितरंजन मिश्र, राम आसरे विश्वकर्मा, चन्द्रभूषण मिश्रा, प्रोफेसर दूधनाथ सिंह, प्रोफेसर पंकज कुमार, प्रोफेसर डॉ. हर्ष कुमार और तमाम अधिवक्ता और हैदराबाद के स्व0 श्री बद्री विशाल पित्ती के तमाम सहयोगी हैदराबाद और बंग्लौर से आये थे। उस चिन्तन शिविर के व्यवस्थापक अवधेश आनन्द, अनंत बहादुर सिंह, झूसी के चेयरमैन रामलखन यादव, धनिक लाल श्रमिक और अभिनव प्रकाश तथा जिले के तमाम समाजवादी पार्टी के नेता व कार्यकर्ता थे। तभी से चिन्तन शिविर का आयोजन गंगा नदी के किनारे प्रयागराज में समाजवादी साथी कर रहे हैं।



इस महाकुंभ में इस बार मुलायम सिंह यादव स्मृति सेवा संस्थान के संयोजक संदीप यादव द्वारा शिविर का आयोजन किया गया है और स्व0 श्री मुलायम सिंह यादव जी की मूर्ति आयोजन स्थल पर लगायी गयी है। जिसका अनावरण उ0प्र0 विधानसभा में विपक्ष के नेता माता प्रसाद पाण्डेय जी द्वारा 11 फरवरी किया गया और उक्त अवसर पर उन्होनें उपस्थित जनसमूह को समाजवादी विचारधारा और श्री मुलायम सिंह यादव द्वारा किये गये जनोपयोगी कार्यक्रमों की चर्चा की और डॉ0 राम मनोहर लोहिया, आचार्य नरेन्द्र देव एवं जय प्रकाश नारायण के विचारों को अवगत कराया। श्री पाण्डेय ने बताया कि मुलायम सिंह यादव जी इस देश के पहले मुख्यमंत्री थे जिन्होंने उत्तर प्रदेश में पंचायतीराज व्यवस्था लागू कराकर शोषित, पीड़ित, अल्पसंख्यक, दलित, पिछड़े वर्ग और अगड़े वर्ग के निर्धन लोगों को भी सत्ता में प्रधान, जिला पंचायत सदस्य, ब्लाक प्रमुख, अध्यक्ष जिला पंचायत व सत्ता में भागीदारी कराकर उन्हें यथोचित सम्मान देते हुए उनके मनोबल को ऊंचा किया। लोक सेवा आयोग में अंग्रेजी की प्राथमिकता को समाप्त करके ग्रामीण क्षेत्र के हजारों नवयुवकों को अधिकारी बनने का अवसर प्रदान कराया और इन्सपेक्टर राज खत्म करा करके व्यापारियों को राहत दिलवाई। पहली बाल किसानों को दस हजार रूपये का कर्ज माफ कराया और चुंगी को समाप्त करते हुए नवयुवको को बेरोजगारी भत्ता देकर डॉ0 लोहिया के अरमानों को पूरा किया। रक्षामन्त्री के रूप में सियाचिन क्षेत्र का दौरा करके सैनिकों के मनोबल को बढ़ाया और सीमा पर शहीद होने वाले सैनिकों को ससम्मान उनके घर पहुंचाकर राजकीय सम्मान के साथ अन्योष्टि करने का अवसर प्रदान कराया तथा उनके देय भुगतानों को तुरन्त निर्गत कराने का आदेश दिया।

स्मृति सेवा संस्थान में 17 फरवरी को माननीय आजमगढ़ सांसद धर्मेन्द्र यादव जी ने चिन्तन शिविर को सम्बोधित करते हुए देश वर्तमान स्थिति से अवगत कराया और कहा कि लोकतंत्र, संविधान और पी0डी0एस0 के साथियों को बचाने के लिए हमें समाजवादी विचारधारा के साथ जुड़कर समाज को नई दिशा देनी होगी। तभी देश का विकास हो सकेगा। चिन्तन शिविर में 26 फरवरी को समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष माननीय श्री अखिलेश यादव जी ने चिन्तन शिविर में माननीय मुलायम सिंह जी की मूर्ति पर माल्यार्पण किया और संगम में स्नान करके समाजवादी साथियों तथा प्रेस को सम्बोधित करते हुए कहा कि देश में संविधान, लोकतंत्र और पी0डी0ए0 से जुड़े लोगो पर हो अत्याचार को बचाने के लिए देश से अपील की तथा उत्तर प्रदेश में हुए उप चुनावों में चुनाव आयोग और प्रशासन की घोर लापरवाही को रेखांकित करते हुए बूथ के लूटों पर चिन्ता व्यक्त की, उनके साथ उनके पुत्र श्री अर्जुन यादव एवं समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव एवं प्रवक्ता श्री राजेन्द्र चौधरी जी थे।

इस स्मृति सेवा संस्थान शिविर में समाजवादी साथियों को संयोजक संदीप यादव ने अवगत कराते हुए कहा श्री अखिलेश यादव जी ने अपने मुख्यमंत्री कार्यकाल में वर्ष 2013 में यहीं पर विशाल कुंभ मेले का आयोजन किया था जिसमें करोड़ों लोगों ने पवित्र संगम में डुबकी लगायी थी जिसकी देश और विश्व की सारी मीडियां ने प्रशंसा की थी। उस समय तत्कालीन नगर विकास मन्त्री श्री आजम खान जी को अच्छी व्यवस्था और गुणवत्ता के लिए साधु, सन्तों ने आर्शीवाद दिया था। श्री अखिलेश यादव जी ने अपने मुख्यमंत्रीकाल में एम्बुलेन्स-108, 102, महिला हेल्पलाइन 1090, लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस वे, हाईकोर्ट, विधानसभा के सामने लोक भवन, पुलिस मुख्यालय सिग्नेचर बिल्डिग, स्कान स्टेडियम, जय प्रकाश नारायण अन्तर्राष्ट्रीय सेन्टर, डॉ0 राम मनोहर लोहिया चिकित्सालय, जनेश्वर पार्क का निर्माण कराकर उत्तर प्रदेश की तरक्की का विविध आयाम जोड़े।

# हमारा हिंदुस्तान जन्नत का वो बगीचा....

**बन के पंछी भए बावरे, बन के पंछी भए बावरे,ऐसी बीन बजाई सँवारे, तार तार की तान निराली, झूम रही सब वन की डारी। भारत में सूफी परंपरा ने अपनी एक अलग पहचान बनाई। सूफी संतों ने खुदको महज मस्जिदों या खानकाहों तक सीमित नहीं रखा, उन्होंने पवित्र कुरान के हर्फ पढ़े, तो वेदों के स्वर भी सुने। उन्होंने अजान की सदा में भक्ति के गीतों की मिठास जोड़ी और इसलिए उपनिषद जिसे संस्कृत में एकं सत् विप्रा बहुधा वदन्ति कहते थे, हजरत निजामुद्दीन औलिया ने वही बात हर कौम रास्त राहे, दीने व किब्ला गाहे जैसे सूफी गीत गाकर कही। अलग-अलग भाषा, शैली और शब्द लेकिन संदेश वही, मुझे खुशी है कि आज जहान-ए- खुसरो उसी परंपरा की एक आधुनिक पहचान बन गया है।**



किशन भावनानी

वैश्विक स्तरपर पूरी दुनियाँ जानती है कि भारत एक धर्मनिरपेक्ष देश है,जहां 142.8 करोड़ जनसंख्या में हिंदू मुस्लिम सिख इसाई सहित हजारों लाखों जातियां उपजातियां व अन्य धर्म के लोग एक साथ प्यार मोहब्बत सद्भाव से रहते हैं, जिसे देखकर दुनियाँ भी दंग है। शायद इसलिए ही सैलानियों के भारत भ्रमण के अनेक कारणों में से यह भी एक कारण हो सकता है। बीते शाम हमारे प्रधानमंत्री,ने ट्वीट करते हुए कहा था,मैं कल 28 फरवरी को शाम 7:30 बजे दिल्ली के सुंदर नर्सरी में जहान-ए-खुसरो में शामिल होऊंगा,यह महोत्सव का 25 वां संस्करण है,जो सूफी संगीत और संस्कृति को लोकप्रिय बनाने का एक सराहनीय प्रयास है। मैं कल के कार्यक्रम के दौरान नज़र-ए- कृष्णा को देखने के लिए उत्सुक हूं। पीएमओ ने अपने बयान में कहा,प्रधानमंत्री देश की विविध कला और संस्कृति को बढ़ावा देने के प्रबल समर्थक रहे हैं, इसी के तहत वह जहान-ए-खुसरो में भाग लेंगे, जो सूफी संगीत, कविता और नृत्य को समर्पित एक अंतरराष्ट्रीय महोत्सव है। जहान-ए-खुसरो हर साल होने वाला एक सूफी म्यूजिक फेस्टिवल है, जो तीन दिन दिल्ली में आयोजित किया जाता है।यह प्रोग्राम सूफी आमिर खुसरो की डेथ एनिवर्सरी के मौके पर किया जाता है। जहान-ए-खुसरो की शुरुआत साल 2001 में फेमस फिल्म मेकर और कलाकार मुज़फ़्फ़र अली ने की थी। जहान-ए-खुसरो के इस आयोजन में एक अलग खुशबू है। ये खुशबू हिन्दुस्तान की मिट्टी की है। वो हिन्दुस्तान जिसकी तुलना हजरत अमीर खुसरो ने जन्नत से की थी। हमारा हिन्दुस्तान जन्नत का वो बगीचा है, जहां तहजीब का हर रंग फला-फूला है। यहां की मिट्टी के मिजाज में ही कुछ खास है।शायद इसलिए जब सूफी परंपरा हिन्दुस्तान आई, तो उसे भी लगा जैसे वो अपनी ही जमीन से जुड़ गई हो। यहां बाबा फरीद की रूहानी बातों ने दिलों को सुकून दिया। हजरत निजामुद्दीन की महफिलों ने मोहब्बत के दीये जलाए। हजरत अमीर खुसरो की बोलियों ने नए मोती पिरोए और जो नतीजा निकला, वो हजरत खुसरो की इन मशहूर पंक्तियों में व्यक्त हुआ।

बन के पंछी भए बावरे, बन के पंछी भए बावरे,ऐसी बीन बजाई सँवारे, तार तार की तान निराली, झूम रही सब वन की डारी। भारत में सूफी परंपरा ने अपनी एक अलग पहचान बनाई। सूफी संतों ने खुदको महज मस्जिदों या खानकाहों तक सीमित नहीं रखा, उन्होंने पवित्र कुरान के हर्फ पढ़े, तो वेदों के स्वर भी सुने।



उन्होंने अजान की सदा में भक्ति के गीतों की मिठास जोड़ी और इसलिए उपनिषद जिसे संस्कृत में एकं सत् विप्रा बहुधा वदन्ति कहते थे, हजरत निजामुद्दीन औलिया ने वही बात हर कौम रास्त राहे, दीने व किब्ला गाहे जैसे सूफी गीत गाकर कही। अलग-अलग भाषा, शैली और शब्द लेकिन संदेश वही, मुझे खुशी है कि आज जहान-ए- खुसरो उसी परंपरा की एक आधुनिक पहचान बन गया है। आज हम इस विषय पर इसलिए बात कर रहे हैं क्योंकि माननीय पीएम ने इस महोत्सव में किए संबोधन को मैंने स्वयं मीडिया चैनलों पर सुना जिसमें पीएम बहुत ही जोश में थे और दिल्ली में इस मौके पर हो रही बारिश को भी खुसरो से जोड़ा व बाजार घूम कर लोगों से दुआ सलाम कर बात भी की। सूफी संगीत महोत्सव जहान-ए-खुसरो की 25 वीं वर्षगांठ है जो 28 फरवरी से 2 मार्च 2025 तक चलेगी, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोगसे इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे,जहान-ए-खुसरो सूफी संगीत महोत्सव एक सांस्कृतिक आंदोलन बन चुका है, पूरी दुनियाँ के सूफी संगीतकार कई कलाकार विविधता में एकता का परिचय देंगे।

साथियों बात अगर हम सूफी संगीत महोत्सव जहान-ए-खुसरो की करें तो,25 वर्षों की सांस्कृतिक यात्रा मुजफ्फर अली द्वारा स्थापित जहान-ए-खुसरो महोत्सव पिछले 25 वर्षों में दुनियाँ भर में 30 संस्करणों के साथ एक सांस्कृतिक आंदोलन बन चुका है। यह महोत्सव सूफी परंपराओं को पुनर्जीवित करने और रूमी, अमीर खुसरो, बाबा बुल्ले शाह, लल्लेश्वरी जैसे महान संतों की शिक्षाओं को आधुनिक संदर्भ में प्रस्तुत करने का कार्य कर रहा है। महोत्सव के संस्थापक मुजफ्फर अली ने मीडिया में बताया कि,जहान-ए- खुसरो का जन्म संतों की वाणी और रहस्यवादियों की धुनों से हुआ था। 25 वर्षों से यह एक ऐसा मंच रहा है जहां संगीत, कविता और भक्ति का संगम होता है। इस महोत्सव के माध्यम से हम प्रेम और एकता के संदेश को फैलाते हैं। इस वर्ष का महोत्सव विविधता में एकता विषय पर केंद्रित हैं । इसमें दुनियाँ भर के सूफी संगीतकार, कवि और कलाकार शामिल होंगे।इसके अलावा, महोत्सव में ज्ञश्च॥ बाज़ार नामक शिल्प प्रदर्शनी भी होगी।इसमें भारत के समृद्ध विरासत शिल्प,साहित्यिक चर्चाएं, फिल्म स्क्रीनिंग और सूफी-प्रेरित पाक कला का अनुभव प्रस्तुत किया जाएगा।विकास भी, विरासत भी के दृष्टिकोण से मेल खाता यह आयोजन पीएम मोदी की उपस्थिति उनकी विकास भी, विरासत भी नीति को भी मजबूत करती है। इसमें भारत की प्रगति को आगे बढ़ाने के साथ-साथ उसकी आध्यात्मिक और सांस्कृतिक जड़ों को संरक्षित रखने पर भी जोर दिया जाता है। जहान-ए-खुसरो महोत्सव वसुधैव कुटुंबकम के दृष्टिकोण को साकार करता है जो संगीत, प्रेम और आध्यात्मिक उत्कृष्टता के माध्यम से पूरी दुनिया को एकता के सूत्र में बांधने का कार्य कर रहा है। किसी भी देश की सभ्यता, उसकी तहजीब को स्वर, उसके गीत, संगीत से मिलती है। उसकी अभिव्यक्ति कला से होती है। हजरत खुसरो कहते थे भारत के इस संगीत में एक सम्मोहन है,एक ऐसा सम्मोहन कि जंगल में हिरण अपने जीवन का डर भूलकर स्थिर हो जाते थे। भारतीय संगीत के इस समंदर में सूफी संगीत एक अलग रौ के तौर पर आकर के मिला था और ये समंदर की खूबसूरत लहर बन गया।

# किसानों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाना मुख्य उद्देश्य : राजीव बंसल

अवधनामा संवाददाता



■ कृषि ऋण एक्सपो का हुआ आयोजन
■ डीएम ने शुभारंभ कर इस आयोजन को बताया कि सराहनीय

**ललितपुर।** जिले में पंजाब नैशनल बैंक द्वारा कृषि ऋण एक्सपो का आयोजन किया गया। इस कृषि ऋण एक्सपो का उदघाटन मुख्य अतिथि डीएम अक्षय त्रिपाठी ने किया।

इसमें सीडीओ के.के. पाण्डेय, विशिष्ठ अतिथि प्रधान कार्यालय से महाप्रबंधक प्रवीण कुमार शर्मा शामिल रहे। मंडल प्रमुख राजीव बंसल ने बताया कि 07- 08 फरवरी को आयोजित गृह ऋण एक्सपो और 13 फरवरी 25 को एम.एस.एम.ई. की अपार सफलता को देखते हुए बैंक के शीर्ष प्रबंधन ने यह कृषि ऋण एक्सपो आयोजित करने का निर्णय लिया है। इस ऋण एक्सपो का मुख्य उद्देश्य स्वय सहायता समूह को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने पर केन्द्रित है। इस कृषि ऋण एक्सपो में कृषि कार्यों तथा उससे जुड़े प्रत्येक कार्य के लिए ऋण प्रदान किया जा रहा है, जो किसानों को उनकी आर्थिक उन्नत्ति में सहयोग प्रदान करे तथा उनके लिए नए रोजगार सृजित करने में साधक बने।

हमारा बैंक झांसी और ललितपुर जिले में अग्रणी बैंक की भूमिका में है तो हमारी जिम्मेवारी कुछ ज्यादा ही बन जाती है। इस कृषि ऋण एक्सपो का मुख्य लक्ष्य, हमारे ग्राहक और किसानों को आर्थिक रूप से मदद करना है ताकि वे रोजगार के लिए बड़े शहरों की ओर पलायन न करें और अपने घर पर रहकर ही मातृभूमि की सेवा करें। मुख्य अतिथि ने पीएनबी के इस कदम की सराहना करते हुए कहा कि यह बैंक हमारे जिले को अग्रणी बैंक है और भारत सरकार तथा राज्य सरकार की सभी योजनाओं को किसानों तक पहुंचाने में भी अग्रणी रहता है। ललितपुर जिले में ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण केंद्र स्थापित होने के कारण आम किसानों और नागरिकों तक इसकी पहुँच है। स्वयं सहायता समूह के क्षेत्र में ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण केन्द्रों का अपना एक महत्व है। यह प्रशिक्षण केंद्र स्वयं सहायता समूह से जुड़े सभी क्षेत्रों का प्रशिक्षण देते हैं और उसे रोजगारपरक बनाने में अपना अमूल्य योगदान देते हैं। सीडीओ ने पीएनबी की इस रोजगारोन्मुख पोजना को प्रत्येक किसान और उसके परिवारों तक जोडने की इस पहल का स्वागत किया। महाप्रबंधक प्रवीण कुमार शर्मा ने पीएनबी के विजन को स्पष्ट करते हुए कहा कि बैंक देश के विकास में अपना अधिकतम योगदान देकर देश की अर्थव्यवस्था में अपनी बड़ी भागीदारी सुनिश्चित करना चाहता है।

## काव्य संगोष्ठी एवं काव्यांजालि साहित्य समारोह का आयोजन

**गजरौला (अमरोहा)।** विख्यात कवि कुँवर बेचैन की स्मृति में श्री वेंक्टेश्वरा विश्वविद्यालय, वी.जी.आई. मेरठ एवं मधुरम संस्था के संयुक्त तत्वाधान में 'काव्य संगौष्ठी एवं काव्यांजलि साहित्य सम्मान समारोह' का शानदार आयोजन। अन्तर्राष्ट्रीय कवयित्री एवं वेंक्टेश्वरा कल्चरल संस्थान की अध्यक्षा डॉ. मधु चतुर्वेदी, आस्ट्रेलिया से पधारे कुँवर बेचैन के पुत्र वरिष्ठ कवि डा. प्रगीत कुँवर, कवियित्री /पुत्रवधू भावना कुँवर समेत देश भर के दो दर्जन से अधिक विख्यात कवियों एवं हिन्दी सेवियो को शॉल, पटका एवं स्मृति चिन्ह देकर किया सम्मानित। विदेशों में रहकर भी अपनी संस्कृति का गौरव बढ़ाने वालों को सम्मानित करते हुए हम स्वयं गौरवान्वित है- डॉ. सुधीर गिरि, चेयरमैन, वेंक्टेश्वरा समूह। हिन्दी साहित्य एवं काव्य माँ भारती के मस्तक का भाल, आइये मिलकर करें पूरे विश्व में हिन्दी को गुंजायमान- डा. राजीव त्यागी, प्रतिकुलाधिपति श्री वेंक्टेश्वरा विश्वविद्यालय/ संस्थान।

# 51 वर्ष का हुआ ललितपुर जिला

अवधनामा संवाददाता



**ललितपुर।** जिला बार भवन में अधिवक्ताओं ने वरिष्ठ अधिवक्ता मनोहर सिंह ठाकुर व अधिवक्ता अशोक कुमार रिछारिया के संयुक्त उपस्थिति में जनपद ललितपुर का 51वां स्थापना दिवस केक काटकर व 51 गुब्बारे फोड़कर मनाया।

वरिष्ठ अधिवक्ता मनोहर सिंह ठाकुर ने बताया कि महाराजा सुम्मेर सिंह की धर्मपत्नी ललिता देवी के नाम पर जनपद का नाम ललितपुर पड़ा। ऐसा मानते हैं कि महाराज सुम्मेर सिंह को तालाब में स्नान करने पर चर्मरोग से मुक्ति मिली और फिर उन्हीं के नाम पर तालाब का नाम सुम्मेरा तालाब पड़ा।

अधिवक्ता अशोक कुमार रिछारिया ने बताया कि वर्ष 1974 में ललितपुर एक स्वतंत्र जिले में तब्दील हो गया जो कि बुंदेलखंड क्षेत्र में स्थित एक हृदय के आकार का जिला है। यह जिला पूरी तरह से मध्य प्रदेश से घिरा हुआ है अथवा पूर्वोत्तर दिशा में से उत्तर प्रदेश के झाँसी मंडल से जुड़ा हुआ है। इस दौरान मनोहर सिंह ठाकुर, अशोक कुमार रिछारिया, देवेन्द्र कुमार जैन, ओमप्रकाश घोष, मुकेश कुमार कटारे, बृजेन्द्र यादव, चन्द्रमोहन संज्ञा, शरदकांत चौबे, महेन्द्र जैन झब्बू, नीरज मोदी, राजेश पाठक, कैलाश बाबूजी, मनसुख बाबूजी, उदय यादव, पुष्पेन्द्र राजपूत, आनन्द चतुर्वेदी, पुष्पेन्द्र सिंह चैहान, रामलखन यादव, रोहित कुशवाहा, शशिकान्त राजपूत, दीपक राजपूत, के.के. शर्मा, पंकज शर्मा, शेरसिंह यादव आदि कई अधिवक्ताओं ने उत्साह के साथ जनपद ललितपुर का स्थापना दिवस मनाया।

### चौधरी चरण सिंह ने जब सन् 1953 में ललितपुर को जिला बनाये जाने पर सहमति जताई थी..

**ललितपुर।** समाजसेवी/पत्रकार सिद्धार्थ शर्मा ने अपने पूज्यनीय दादाजी पूर्व शहर कांग्रेस अध्यक्ष पं.रामनारायण शर्मा जी की डायरी से ललितपुर के 51वें स्थापना दिवस पर कुछ अंश साझा किये हैं। वह बताते हैं कि सन् 1953 में तत्कालीन राजस्व मंत्री चौधरी चरण सिंह के ललितपुर आगमन पर शहर कांग्रेस द्वारा आयोजित उनके अभिनंदन समारोह में बोलते हुए जब मैंने ललितपुर, जो कुछ समय जिला बना रहा था, उसे आजाद भारत में पुन- जिला बनाये जाने की मांग की तो चौधरी साहब की मुखाकृति से मुझे लगा कि जिला घोषित करने ही वाले हैं, पर जब तत्कालीन एस.डी.एम. को बुलाकर उन्होंने भू-राजस्व की आमदनी की जानकारी ली तो वे पीछे हट गए। यद्यपि मैंने कहा कि यहां के खनिज और वन सम्पदा की आय को भी तो जोड़िए तो उनका उत्तर था सिर्फ भू-राजस्व को ही जोडने का नियम है। दूसरा प्रसंग मेरे जीवन में तब आया जब तत्कालीन मुख्यमंत्री हेमवती नंदन बहुगुणा की श्रीतुवन मैदान में कांग्रेस और कम्युनिस्ट पार्टी द्वारा आयोजित सभा की अध्यक्षता करते हुए मैंने जिले की मांग की तो एक पल की देरी किए बगैर घोषित कर दिया।

# स्वयं में व परिवार में हैप्पीनैस बनाये रखें : सुबोध शर्मा



अवधनामा संवाददाता

**ललितपुर।** आर्ट ऑफ लिविंग ललितपुर के तत्वाधान में आध्यात्मिक संत व शांतिदूत श्री श्री रविशंकर द्वारा निर्देशित हैप्पीनेस कोर्स कराया गया, जिसमें अनेक योग साधक सम्मिलित हुये। तीन दिवसीय हैप्पीनेस प्रोग्राम में प्रतिदिन पद्म साधना-प्राणायाम-भस्त्रिका का अभ्यास कराये गये। इसके पूर्व में नियमित व्यायाम भी कराये गये।

तत्पश्चात गुरुदेव श्रीश्री की विश्व प्रसिद्ध सांसों की लय पर आधारित सुदर्शन चक्र क्रिया भी करायी गयी। उल्लेखनीय है कि सुदर्शन चक्र क्रिया को अमेरिका जैसे विकसित देश की सौ से भी अधिक यूनिवर्सिटीज में सैलेवस में सम्मिलित की गई है। परिणामस्वरूप डिप्रेशन की शिकार व अन्य रोगों से ग्रस्त युवा पीढ़ी को बहुत राहत मिल रही है। मन को पूर्ण रूप से शान्त रखने के लिये रोज ध्यान भी कराये गये। अपने अनुभवों को साझा करते हुए अनेक स्माईली साधकों ने हैप्पीनैस कोर्स करने से जीवन में संघर्ष के समय में भी प्रसन्न रहने की ऊर्जा प्राप्त हुयी है।

# सपाईयों के प्रदर्शन से हिल उठा महिला अस्पताल

## प्रसव के नाम पर अवैध वसूली, खून की दलाली बंद करो के लगाये नारे

अवधनामा संवाददाता



■ मेडीकल कॉलेज प्रधानाचार्य कार्यालय के बाहर जोरदार नारेबाजी

**ललितपुर।** मेडीकल कॉलेज में मर्ज हो चुके जिला महिला अस्पताल में प्रसव कराने के नाम पर बड़े पैमाने पर चल रही अवैध वसूली और खून बेचे जाने जैसे गम्भीर आरोप लगाते हुये समाजवादी पार्टी के मुलायम सिंह यूथ बिग्रेड ने जिलाध्यक्ष इंजी.हृदेश यादव मुखिया के नेतृत्व में जोरदार प्रदर्शन किया गया। महिला अस्पताल में किये गये प्रदर्शन के दौरान सपाईयों ने अस्पताल प्रशासन से प्रसव के नाम पर छह हजार रुपये वसूलने के मामले में तत्काल कार्यवाही किये जाने की मांग उठायी। प्रदर्शन करते हुये सपाईयों ने महिला अस्पताल में रक्त की दलाली बंद करो, अवैध वसूली बंद करो, अस्पताल प्रशासन मुर्दाबाद, सीएमएस मुर्दाबाद, मरीजों का शोषण बंद करो जैसे नारे लगाये। वहीं डीन कार्यालय के बाहर भी जोरदार नारेबाजी की गयी।

दरअसल, विगत दिनों राज्य महिला आयोग की सदस्य अर्चना पटेल जब मेडीकल कॉलेज के महिला अस्पताल में औचक निरीक्षण करने पहुंची तो वहां प्रसव कराने वाली प्रसूता की सास ने आयोग सदस्य, अधिकारियों व मीडिया के समक्ष महिला अस्पताल में तैनात कर्मियों पर ऑपरेशन के नाम पर 6 हजार रुपये की सुविधा शुल्क लिये जाने का आरोप लगाया था। प्रकरण को आड़े हाथों लेते हुये आयोग सदस्य ने तत्काल मेडीकल कॉलेज के डीन को कार्यवाही के निर्देश दिये थे। प्रकरण को लेकर डीन डा.डी नाथ ने 6 सदस्यीय कमेटी का गठन कर जांच के निर्देश दिये हैं। इसी प्रकरण को लेकर 28 फरवरी को समाजवादी पार्टी के यूथ बिग्रेड जिलाध्यक्ष इंजी.हृदेश यादव मुखिया, वरिष्ठ सपा नेता खुशालचंद्र साहू, रामप्रताप सिंह व महेन्द्र टिकैत एड. ने संयुक्त रूप से डीएम को शिकायती पत्र देकर कार्यवाही की मांग उठायी थी। प्रकरण में शनिवार को यूथ बिग्रेड जिलाध्यक्ष इंजी.हृदेश मुखिया के नेतृत्व में जिला महिला अस्पताल पहुंच कर जोरदार प्रदर्शन किया गया। इस दौरान सपाईयों ने ऑपरेशन के नाम पर प्रसूता के परिजनों से 6 हजार रुपये लिये जाने के मामले में तत्काल कार्यवाही की मांग उठायी। वरिष्ठ सपा नेता खुशालचंद्र साहू ने कहा कि महिला अस्पताल में अवैध वसूली का यह पहला मामला नहीं है, जब भी अधिकारी फंसता है तो जांच के बाद खामियाजा छोटे कर्मियों को भुगतना पड़ता है। महिला सभा जिलाध्यक्ष गीता मिश्रा ने कहा कि महिला अस्पताल में जगह-जगह सीसीटीवी कैमरे लगे हुये हैं, इनकी जांच करायी जाये और जो भी दोषी पाये जायें उन पर तत्काल कार्यवाही हो। सपा नेता शत्रुघन यादव व रामप्रताप ने संयुक्त रूप से कहा कि पैसा लेने के मामले में कई बार शिकायतें स्थानीय प्रशासन को मिली, लेकिन ठोस कार्यवाही के अभाव में भ्रष्टाचार को बढ़ावा मिल रहा है।

## संक्षिप्त समाचार

### रमजानुल मुबारक के चांद का हुआ दीदार



**सुल्तानपुर।** मरकज मस्जिद के पेश इमाम मौलाना मुहम्मद उस्मान कासमी व अन्य मौलाना चांद देखते हुए। मौलाना उस्मान कासमी ने बताया जो रमजान बरकतों रहमतों का महीना है । मुबारक चांद नजर आ गया जिसका इतंजार 11 महीने से मुसलमानों को रहता है। इस महीने में मुसलमानों को जितनी नोकिया पुण्य मिलती है उतना किसी महीने में नहीं मिलती। एक नेकी का सवाब 70 गुना बढ़ा दिया जाता है। जितने शौक और जोक के साथ मुसलमान इस महीने में नेकी करता है और पूरे महीने करता है। मसलन गरीबों की खाने पीने के साथ - साथ उनके लिए कपड़ा मुहैया कराने का इंतजाम करता है जो गरीब बीमार है उनके इलाज का पैसा नहीं उनकी भी मदद करता है। गरीब बेटियां जिनके पास शादी करने का कोई इतंजाम नहीं है उनके लिए मदद की जाती है।

### टेंडर डालने को लेकर की ठेकेदार की पिटाई

**सुल्तानपुर।** बीजेपी एमएलसी के बेटे अखिलेश प्रताप सिंह उर्फ डिंपल के गुर्गों की खुलेआम गुंडई सामने आई है। शुक्रवार की शाम ठेकेदार अखिलेश पांडेय की खुलेआम पिटाई का आरोप लगा है। इसौली विधानसभा की सड़कों का टेंडर न डालने को लेकर गुर्गे दबाव बना रहे थे। ठेकेदार अखिलेश पांडेय ने इसका विरोध किया तो अखिलेश सिंह डिम्पल के गुर्गे उग्र हो गए। पीड़ित ठेकेदार ने मुख्यमंत्री समेत तमाम स्थानों पर मामले की शिकायत की है।शिकायत पर पुलिस पड़ताल में जुट गई है। डिम्पल सिंह ने मामले से किनारा किया, बोले मामले से उनका कोई वास्ता नहीं है। उनका तथा पिता का नाम जबरन घसीटा जा रहा है।नगर कोतवाली के सिविल लाइन स्थित लोक निर्माण विभाग कार्यालय का मामला बताया जा रहा है।

### घायल बेटे की दशा देखकर पिता को आया अटैक, मौत

**सुल्तानपुर।** दुर्घटना में घायल पुत्र की दशा देखकर सदमे में आए पिता की हृदय घात से मौत हो गई। परिजन उसे पैतृक आवास मुंगरे चौराहा, थाना गोसाईगंज लेकर गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक मो.किन्ने (483म्र) का आज सुबह गोलाघाट( निकट पांचोपिरन गेट) स्थित एक अस्पताल के सामने गश खाकर गिर गए।आसपास भीड़ इकट्ठा हो गयी।जब तक चिकित्सक हाथ लगाते उनकी मौत हो गयी।मौत के बाद अफवाहों को पर लगने लगे। बताया जाता है कि मृतक के पुत्र कैश अली की चन्द रोज पूर्व एक दुर्घटना में दोनों पैर फ्रैक्चर हो गया था ।वह गोलाघाट स्थित एक अस्पताल में इलाज करवा रहे था। दोनों पैरों में प्लास्टर चढ़ा हुआ था। बेटे की दशा देखकर पिता अवसादग्रस्त हो गया। वह टेंशन में रहने लगे। जबकि परिजन उन्हें दिलासा देते रहे कि सब ठीक हो जाएगा। लेकिन अत्यधिक चिंता में डूबे पिता शनिवार की सुबह अस्पताल के बाहर खड़े थे, कि तभी वह गश खाकर गिर गए और उनकी मृत्यु हो गई। बताया जाता है कि पिता कैंची धार करने का काम करते थे। नगर कोतवाल नारद मुनि सिंह ने बताया कि मौके पर पहुंची पुलिस ने लिखा पढ़ी कर मौके पर स्थिति सामान्य किया। भीड़ को तीतर बितर किया गया।

### सफाई व्यवस्था की अनदेखी, पंचायत कर्मी निलंबित

**सुल्तानपुर।** जिला पंचायत राज अधिकारी अभिषेक शुक्ल ने बल्दीराय विकास खंड के ग्राम पंचायत रैंचा में सफाई व्यवस्था की लापरवाही पर कड़ा रुख अपनाते हुए पंचायत कर्मी को निलंबित कर दिया है। डीपीआरओ द्वारा 27 फरवरी को किए गए औचक निरीक्षण में ग्राम पंचायत रैंचा की सफाई व्यवस्था में गंभीर अनियमितताएं पाई गईं। निरीक्षण के दौरान सड़कें गंदगी से भरी मिलीं, नालियों की सफाई नहीं हुई थी, और कूड़ा-कचरा इधर-उधर फैला हुआ था। ग्रामीणों ने भी सफाई कर्मियों की लापरवाही की शिकायत की थी।निरीक्षण के बाद डीपीआरओ ने सफाई कर्मी घनश्याम को निलंबित कर दिया और संबंधित अधिकारियों को कड़ी चेतावनी दी। इसके साथ ही पंचायत सचिव और संबंधित विकास अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि वे नियमित सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करें और भविष्य में ऐसी लापरवाही न हो। डीपीआरओ ने स्पष्ट किया कि यदि आगे भी सफाई व्यवस्था में लापरवाही पाई जाती है तो संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# जूनियर हाईस्कूल में बच्चों को शैक्षिक सामग्री का हुआ वितरण

अवधनामा संवाददाता



**ललितपुर।** पीएनबी के मंडल कार्यालय ने सामाजिक कोपरिट उत्तरदायित्व के तहत स्कूल सामग्री का वितरण का आयोजन ब्लाक महरौनी के जूनियर हाईस्कूल सिलावन में मण्डल प्रमुख राजीव बंसल द्वारा किया गया। कार्यक्रम में जिले की शाखा महरौनी और अग्रणी जिला प्रबंधक कार्यालय के संयुक्त समन्वय से प्रधान कार्यालय से पधारे हुए महाप्रबंधक प्रवीण कुमार शर्मा जी के मार्गदर्शन में किया गया।

इसके तहत ही राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय सिलावन के चिकित्सा अधिकारी एम.पी. सिंह को अस्पताल में मरीजों के बैठने हेतु स्टील से बने फर्नीचर तथा डॉक्टर के लिए स्टील की कुर्सी भी भेंट की गई। मण्डल प्रमुख राजीव बंसल ने वहां पर उपस्थित सभी स्टाफ सदस्यों और जन सामान्य को बैंक द्वारा सामाजिक कौपरिट उत्तरदायित्व के तहत की जाने वाली विभिन्न गतिविधियों की जानकारी दी और सभी को यह आश्वासन दिया कि हमारा बैंक सदैव आप लोगों के साथ है क्योंकि यह हमेशा सामाजिक कार्यों में बढ़-चढ़ कर सहभागिता करता है और सदैव अपने सहयोग के कदम समाज के प्रत्येक तबके के लिए उठाता है।

प्रधान कार्यालय से आए हुए विशिष्ठ अतिथि महाप्रबंधक प्रवीण कुमार शर्मा ने वहां पर उपस्थित स्कूल तथा अस्पताल के सभी स्टाफ सदस्यों को यह जानकारी दी कि हमारा बैंक प्रत्येक वर्ग के लिए उनकी आवश्कताओं के अनुसार डिजीटल उत्पादों का मृजन कर रहा है ताकि समाज के प्रत्येक वर्ग का ग्राहक लाभान्वित हो। उन्होंने वहां पर उपस्थित बैंक के सभी अधिकारियों से आहवान किया कि आप सभी ग्राहकों की अपेक्षाओं पर खरा उत्तरें और उच्च ग्राहक सेवा का उदाहरण प्रस्तुत करें जिसमें हमारा बैंक सदैव अग्रणी रहता है। इस कार्यक्रम में जूनियर हाई स्कूल, सिलावन के छात्रों के अलावा प्रधानाचार्य रजनी प्रजापति और अध्यापिकाओं में संध्या वर्मा, भावना नायक मौजूद रही।

## स्क्रैप घोटाले में आया नाटकीय मोड़, बरामद हुआ लोहा

**सुल्तानपुर।** शारदा सहायक खंड 16 में हुए स्क्रैप घोटाले को विभाग ने नाटकीय मोड़ दिया है। सात तोड़े गए पुलो में से गायब कुन्तलों लोहे की जगह सिर्फ 95 किलो लोहा बरामद कर अभियंता वाहवाही लूटने में लगे हैं। हालांकि पूरी जांच कमेटी ही पहले ही सवालों के घेरे में है।ऐसे में विभाग की यह बरामदगी भी कटघरे आ गई है।

विदित हो कि बीते वर्ष ड्रेन और नहरों पर बने 50 वर्ष से अधिक पुराने हो चुके पुलों को शासन ने तकनीकी जांच के बाद जर्जर घोषित कर दिया था। इनमें कूरेभार ड्रेन की 6 पुलिया और एक नहर का पुल भी शामिल है। कूरेभार ड्रेन के 5.170, 16.180, 22.330, 23.850, 24.160 और 29.300 की.मि. ने पुल बनाए जाने है। बजट आने के बाद कार्य भी शुरू हो चुका हैं। ड्रेन पर 3.15 करोड़ की लागत से कुल 6 पुल बनाए जा रहे हैं। जबकिओ एक करोड़ 88 लाख की लागत से नहर पर भी एक पुल का जीर्णोद्धार चल रहा है।

# राजकीय आवासीय संस्कृत विद्यालय की होगी स्थापना

अवधनामा संवाददाता

■ शैक्षिक विकास के लिए विधान परिषद अध्यक्ष ने शासन को भेजा पत्र

**ललितपुर।** जगदगुरू संतोषाचार्य महाराज सतुआ बाबा की प्रेरणा से जनपद के शैक्षिक व सांस्कृतिक विकास के लिए शिक्षक कर्मचारी संगठन के जिलाध्यक्ष डा.हेमंत तिवारी ने अपनी कार्यकारिणी के साथ प्रयागराज स्थित सतुआ बाबा सेवा शिविर में जिले के सांस्कृतिक एवं शैक्षिक विकास के लिए चर्चा की एवं महामंडलेश्वर सतुआ बाबा की प्रेरणा से उनके गृह जनपद में जनपद के युवाओं के सांस्कृतिक विकास के लिए रोजगार के नए अवसर सृजित करने व भारतीय संस्कृति एवं सनातन की शिक्षा प्रदान करने के लिए जनपद में संस्कृतिक विकास से संबंधित संस्थाओं की स्थापना का संकल्प लिया। शिक्षक कर्मचारी संघ संयुक्त मोर्चा, राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद राजकीय शिक्षक संघ बेसिक शिक्षक वेलफेयर एसोसिएशन एवं विभिन्न संगठनों ने झांसी प्रयागराज क्षेत्र के शिक्षक विधायक डा.बाबूलाल तिवारी से इस क्षेत्र में प्रयास किए जाने की मांग की जिसको गंभीरता से लेकर शिक्षक विधायक डा.बाबूलाल तिवारी ने जनपद में राजकीय आवासीय संस्कृत विद्यालय की स्थापना की मांग विधान परिषद में जनहित आवश्यक मांग के अंतर्गत नियम 110 के तहत रखी, जिसे विधान परिषद के अध्यक्ष मानवेंद्र सिंह ने जनहित एवं आवश्यक मांग के रूप में स्वीकार करते हुए शासन स्तर को आवश्यक कार्रवाई के लिए प्रेषित कर दिया है। शिक्षक विधायक द्वारा जनपद के सांस्कृतिक विकास के लिए किए गए इस प्रयास के जनपद वासियों ने हर्ष व्यक्त किया है।

# राजापुर ने जीता क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला



अवधनामा संवाददाता

**सुल्तानपुर।** शुक्रवार को पीढ़ी में राजपूत क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला राजापुर बनाम सैलखा के बीच खेला गया। मुख्य अतिथि पूर्व जिला पंचायत सदस्य धर्मेन्द्र सिंह ने टॉस उछालकर मैच का शुभारंभ किया। टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने का निर्णय राजा पुर की टीम ने लिया। राजापुर छह ओवर 4 विकेट के नुकसान पर 63 रन बनाकर नाबाद रही। जवाबी पारी खेलते हुये सैलखा की टीम ने 6 ओवर में 8 विकेट के नुकसान पर कुल 52 रन बनाकर मैच हार गई । विजेता राजापुर टीम को बड़ा कप और 21000 रुपये एवं उपविजेता टीम छोटा कप 15000 रुपये देकर पूर्व जिला पंचायत सदस्य धर्मेन्द्र सिंह ने सम्मानित किया। जिसमे मैन ऑफ दी मैच सीरीज विशाल सिंह को दिया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि खेल को खेल की भावना से खेलना चाहिए। खेल में हार और जीत तो लगी रहती है। क्षेत्र में खिलाड़ियों में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है। उन्हें सिर्फ सहयोग करने की जरूरत हैंद्वपूर्व जिला पंचायत धर्मेंद्र सिंह ने जाते- जाते कहा कि मुझे इस सेवा का अवसर हर साल की भांति इस साल भी मिला जिससे मैं बहुत ही संतुष्ट हूँ।

## भगवत प्राप्ति में अंहकार सबसे बड़ी बाधा : बद्रीप्रसाद

**ललितपुर।** मनुष्य का अंहकार ही पतन का कारण होता है, यदि भगवत प्राप्ति चाहिए है, तो सर्वप्रथम अपने मन को पवित्र रखे, दूसरों के दुख सुख में साथ दें, तब जाकर मोक्ष की प्राप्ति संभव है। यह कथन ग्राम कल्यानपुरा में आयोजित शिव महापुराण कथा के दौरान कथा व्यास पं. बद्री प्रसाद पाठक ने कहे। उन्होनें आगे कहा कि भगवत प्राप्ति में अंहकार सबसे बड़ी बाधा है। जिसका जीता जागता उदाहरण नारद जी ने काम पर विजय प्राप्त करके अंहकार रूपी अंकुर उत्पन्न हो गया था। भगवान भोलेनाथ के बार बार समझाने के बाद भी अंहकार नष्ट नहीं हुआ। तब श्री हरि ने माया की रचना करके सुन्दर नगर की रचना की, तब वहा गुणनिधि नाम के राजा के यहां एक सुन्दर कन्या ने जन्म लिया। नारद जी उस नगर पहुंचे, तब नारद जी ने उस कन्या का हाथ देखकर कहा कि इस कन्या को जो वरन करेगा, वह अजर अमर हो जाएगा।

# श्री राम कथा के पूर्व निकली भव्य कलश यात्रा



■ श्री राम कथा 1 मार्च से प्रारंभ होकर 7 मार्च तक श्रवण की जाएगी

अवधनामा संवाददाता

**सुल्तानपुर।** श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर ट्रस्ट परिवार द्वारा आयोजित श्री राम कथा एवं नवनिर्मित मंदिर में मूर्ति की स्थापना एवं प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के प्रथम दिन भव्य कलश यात्रा हनुमत नगर शंकरपुरम रेलवे पावर हाउस, करौंदिया से निकली और अवधपुरी करौंदिया देहात शेखर ट्रेडर्स की गली से चलकर गोमती नदी के पावन तट पर पहुंची। सैकड़ों महिलाओं ने डी जे की ध्वनि पर नृत्य करते हुए सिर पर कलश रखकर गोमती के पावन तट की ओर प्रस्थान किया।

सैकड़ो महिलाओं ने पवित्र कलश में गोमती नदी से जल भरकर पुनः हनुमत नगर शंकरपुरम करौंदिया समूह में गायन करती हुई वापस आई। श्री राम कथा और मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा में क्षेत्र के समस्त लोगों का सहयोग अतुलनीय है। 1 मार्च से श्री राम कथा पूज्य कथा व्यास अयोध्या धाम से पधारे श्री रवि मोहन दास जी के मुखारविंद से 4:00 बजे से प्रारंभ होकर 7:00 बजे तक चलेगी। श्री राम कथा में सभी क्षेत्रवासी नगर वासी प्रभु श्री राम के मर्यादा पुरुषोत्तम की कथा को सुनेंगे। ट्रस्ट के पदाधिकारियों ने सभी नगर वासियों , क्षेत्रवासियों से आग्रह किया है कि सब परिवार सहित श्री राम कथा में शामिल होकर मानव के कल्याण के लिए कथा श्रवण करें। इस कलयुग में मानव के कल्याण का एकमात्र साधन प्रभु की कथा का श्रवण ही है। श्री राम कथा 1 मार्च से प्रारंभ होकर 7 मार्च तक श्रवण की जाएगी। 8 मार्च को हवन और 9 मार्च को भंडारा( महाप्रसाद ) का आयोजन किया जाएगा। ये समस्त जानकारी ट्रस्ट के अध्यक्ष जितेंद्र तिवारी बबलू ने दी। ट्रस्ट के सदस्य पत्रकार संतोष पाण्डेय ने बताया कि श्री राम कथा हनुमत नगर शंकरपुरम रेलवे पावर हाउस करौंदिया सुल्तानपुर में श्रवण की जाएगी।

# वार्षिकोत्सव में बच्चों ने प्रस्तुत किए सांस्कृतिक कार्यक्रम



अवधनामा संवाददाता

**सुल्तानपुर,अखंडनगर।** कंपोजिट विद्यालय का वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम, नाटक, नित्य, खेलकूद इत्यादि बहुत से कार्यक्रमों में हिस्सा लिया। तथा बच्चों को उनके अभिनय कुशलता के अनुसार पुरस्कृत भी किया गया। बच्चों में नया जोश उमंग भरने के लिए डीजे की व्यवस्था, नाश्ते, खाने की व्यवस्था तथा गण मान्य व्यक्तियों के साथ-साथ बच्चों के अभिभावकों को भी बुलाया गया था। कार्यक्रम के दौरान बच्चों में जोश और उमंग देखने लायक था। इस तरह के कार्यक्रम प्राइमरी पाठशाला में बहुत कम ही देखने को मिलते हैं ।इसके लिए कंपोजिट विद्यालय बनबहासिरखिनपुर अखंड नगर सुल्तानपुर के प्रधानाध्यापक बादशाह हुसैन जी को सारा श्रेय जाता है। बादशाह हुसैन जी ने विद्यालय प्रांगण में बहुत से पेड़ लगाए हैं ।जो कि अब बच्चों को छाया प्रदान कर रहे हैं।प्रधानाचार्य बादशाह हुसैन जी ने अपनी जेब से पैसे खर्च करके बच्चों की सुविधाओं के लिए बहुत से कार्य किए हैं। जिसके लिए पूरा अखंड नगर ब्लॉक के निवासी बादशाह हुसैन जी को हमेशा धन्यवाद देते हैं। आज प्राइमरी पाठशाला में बादशाह हुसैन जैसे गुरु जनों की जरूरत है।

# सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन

■ समाधान दिवस में 36 शिकायतों में सिर्फ 04 का निस्तारण



अवधनामा संवाददाता

**महोबा।** तहसील महोबा में जिला स्तरीय अधिकारियों की उपस्थिति में समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें अपर जिलाधिकारी वित्त एंव राजस्व राम प्रकाश, अपर जिलाधिकारी न्यायिक शिशिर कुमार, उपजिलाधिकारी जितेंद्र सिंह ने फरियादियों की समस्याओं को सुना और संबंधित अधिकारियों को गुणवत्ता के आधर पर जल्द से जल्द निस्तारण करने के निर्देश दिए गए। इस मौके पर तहसील महोबा से कुल 36 शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें से 04 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण किया गया। इसी तरह तहसील चरखारी में अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे मोईनुल इस्लाम की अध्यक्षता में 16 में से 02 तथा तहसील कुलपहाड़ में उपजिलाधिकारी सल्तनत परवीन की अध्यक्षता में 34 में से 02 शिकायतों का निस्तारण मौके पर किया गया। शिकायतों का अनुश्रवण करते हुए अपर जिलाधिकारी वित्त एंव राजस्व ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी शिकायतों का निस्तारण समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण तथा संतुष्टि के आधार पर किया जाए। उन्होंने कहा कि शिकायत का निस्तारण करने से पहले शिकायत कर्ता से जरूर बात की जाए।शिकायत निस्तारण से यदि शिकायत कर्ता संतुष्ट नहीं है तो शिकायत को निस्तारित नहीं माना जायेगा। यह भी कहा कि अधिकारी गण आईजीआरएस और सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों के निपटान में लापरवाही न बरतें, इन शिकायतों के बारे में मुख्यमंत्री कार्यालय से फीडबैक लिया जाता है। शासन की मंशा के अनुरूप सम्पूर्ण समाधान दिवस में आये हर फरियादी की छोटी या बड़ी प्रत्येक समस्या को गम्भीरता से सुना जाए और कागज पर नही बल्कि धरातल पर शिकायतों का निस्तारण कर समय सीमा के अन्तर्गत ही उनका निराकरण भी सुनिश्चित किया जाए। ताकि फरियादियों को इधर.उधर अपनी समस्याओं को लेकर भटकना न पड़े। उन्होंने कहा शिकायतों के निस्तारण की गुणवत्ता की जॉच की जायेगी। यदि निस्तारण में फर्जी वाड़ा मिला तो निश्चित ही निस्तारण करने वाले अधिकारियों/ कर्मचारियों के खिलाफ कार्यवाही की जायेगी। उन्होंने कहा कि लेखपाल जब अपने क्षेत्र के ग्रामों में जाए तब दिग्गी पिटवाकर ग्रामीणों को सूचित करें और उनकी समस्याएं सुनकर उनका निस्तारण करें, यदि कोई बड़ी समस्या है तो अपने उपजिलाधिकारी को अवगत कराएं।

# नगर निगम एसटीपी के माध्यम से ट्रीटेड वाटर से कर रहा है मोटी कमाई

अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** नगर निगम मथुरा-वृन्दावन द्वारा स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 के अन्तर्गत वाटर प्लस के लिये आवेदन किया गया है। वाटर प्लस के अन्तर्गत नगर निकाय को अपशिष्ट जल को शोधित कर पुनः प्रयोग किया जाना होता है जिसके दृष्टिगत नगर आयुक्त शशांक चौधरी द्वारा शनिवार को लक्ष्मी नगर स्थित 02 एसटीपी क्रमशः 14.5 एमएलडी (तकनीक डब्ल्यूएसपी) एवं 16 एमएलडी (तकनीक यूएएसबी) एसटीपी प्लांट का निरीक्षण किया गया। यहां उल्लेख करना है कि लक्ष्मी नगर एसटीपी पर पानी को शोधित करने हेतु 20 एमएलडी क्षमता का उच्च गुणवत्ता का टीटीपी (टर्शरी ट्रीटमेन्ट प्लांट) स्थापित कराया गया है। टीटीपी (टर्शरी ट्रीटमेन्ट प्लांट) से शोधित जल गुणवत्ता पूर्ण प्राप्त होता है जिसका बीओडी 05 एमजी प्रति लीटर से कम होता है। उक्त प्लांट के द्वारा शोधित हुये जल को 20 किलोमीटर लम्बी पाइप लाइन विछाकर मथुरा रिफाईनरी को भेजा जा रहा है जिसके एवज में आईओसीएल द्वारा रू. 8.7 प्रति किलोलीटर के अनुसार भुगतान किया जा रहा है। आईओसीएल के साथ-साथ नगर निगम की सीवेज फार्म की भूमि पर खेती कर रहे किसानों को भी सिचाई हेतु एसटीपी से शोधित हुये जल को उपलब्ध कराया जा रहा है।

नगर निगम मथुरा-वृन्दावन क्षेत्रान्तर्गत स्थापित फाउण्टेन तथा डिवाईडर, पेड़ों की धुलाई एवं मार्ग पर छिड़काव हेतु शोधित जल ही प्रयोग किया जा रहा है। एसटीपी से शोधित हुये जल का शत-प्रतिशत प्रयोग किये जाने हेतु नवीन अभिनव प्रयास भी किये जा रहे हैं। इसी कड़ी में नवीन अभिनव प्रयास के उद्देश्य से नगर आयुक्त द्वारा सम्बन्धित अभियंताओं को निर्देशित किया गया कि एसटीपी प्लांट के आस-पास स्थित समस्त पार्कों को पाइप लाइन के माध्यम से जोड़ते हुये पार्कों में शोधित जल का ही प्रयोग कराया जाये।

# ब्रज प्रेस क्लब का होली महोत्सव आज

**मथुरा।** एन यू जे आई के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं ब्रज प्रेस क्लब के अध्यक्ष डॉ कमलकांत उपमन्यु एडवोकेट ने यह जानकारी देते हुए बताया कि ब्रज प्रेस क्लब द्वारा गत वर्षो की भांति इस वर्ष दो मार्च (आज) रविवार को 10:00 बजे से 12:00 बजे तक डैंपियर नगर स्थित हीरा क्रिस्टल होटल के सभागार में होली मिलन महोत्सव आयोजित कर रहा है इस कार्यक्रम में राधा कृष्ण के स्वरूप के साथ फूलों की होली होगी।

इस अवसर पर बृज क्षेत्र के सभी प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक, एवं सोशल मीडिया के पत्रकार एवं सभी जनप्रतिनिधि और सामाजिक संगठनों के प्रमुख एवं प्रशासनिक तथा पुलिस के अधिकारी एक साथ एक दूसरे को होली महोत्सव की शुभकामनाएं देंगे। उन्होंने बृज क्षेत्र के समस्त प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक एवं सोशल मीडिया के पत्रकारों से होली मिलन समारोह में समय से पहुंचने का आह्वान किया। इसमें समाज में पत्रकार और समाज सेवा के क्षेत्र में कार्य करने वाले लोगों को भी सम्मानित किया जाएगा।

# केयर क्लीनिक ने फ्री मेडिकल कैंप का किया आयोजन



अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** ठाकुरगंज, लखनऊ स्थित आर्थो केयर क्लीनिक पर, प्रसिद्ध आर्थो सर्जन एवं समाज सेवी डॉ. महेश सोनी के द्वारा फ्री मेडिकल कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें डॉ. डी.पी.वर्मा (एमडी मेडिसिन) और डॉ.रेखा गुप्ता ने भी निःशुल्क सेवाएं दी। कैंप में जांच और दवाओं सहित लगभग 200 लोगों का निःशुल्क इलाज किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ क्षेत्रीय पार्षद चंद्र बहादुर सिंह और मारूफ अली अंसारी (राष्ट्रीय महासचिव ऑल इंडिया पसमांदा मुस्लिम महाज) की गरिमामई उपस्थिति में हुआ। कार्यक्रम के सफल आयोजन,में जावेद अहमद और डॉ.संतोष त्रिवेदी ने अहम भूमिका निभाई।

इस अवसर पर डॉ महेश सोनी ने अपने विचार रखते हुए कहा कि मैं सर्वे संतु निरामया की विचारधारा के साथ लोक कल्याण के लिए कार्य करते हुए समाज के प्रति अपने दायित्व का निर्वाहन करने का सदैव प्रयास करता हूं और जितना भी संभव हो सकता है लोगों को बेहतर और कम दामों में इलाज मुहैया कराने का प्रयास करता हूं। मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद क्षेत्रीय पार्षद चंद्र बहादुर सिंह ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के आयोजनों से सभी लोगों को समाज के लिए कुछ न कुछ करने की प्रेरणा मिलती है। इस अवसर पर मेडिकल स्टाफ सहित भारी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

## पीडीए जन पंचायत अंबेडकर वाहिनी के लोगों ने जन संवाद कर जानी समस्याएं

**मथुरा।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देशन में किशोरी नगर बिरला मंदिर स्थित हनुमान गढ़ी टीला पर मथुरा-वृंदावन महानगर बाबा साहब अम्बेडकर वाहिनी द्वारा पीडीए जनपंचायत में क्षेत्रीय जनसमास्याओं को लेकर जनसंवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें क्षेत्रीय जनसमास्याओं एवं उनके जनसंवाद में समस्या सुनी। बाबा साहब अम्बेडकर वाहिनी के महानगर उपाध्यक्ष संतोष सैनी ने बताया कि मथुरा-वृंदावन नगर निगम के वार्डों में गंदगी रहती है। कोई सफाई कर्मी नियमित काम करने नही आता गलियां टूटी पड़ी है न सीवर न पानी न लाइट की व्यवस्था है और आरोप लगाया कि पार्क व स्काउट गाइड की जमीन पर दबंगों द्वारा कब्जा किया जा रहा है। बाबा साहब अम्बेडकर वाहिनी के महानगर अध्यक्ष रमेश सैनी ने क्षेत्रीय लोगों की समस्यायों को सुना साथ ही कहा कि क्षेत्रीय लोगों की जनसमास्याओं को लेकर समाजवादी पार्टी सड़क पर उतरकर आन्दोलन करेगी।

# साइबर क्राइम पुलिस टीम ने धोकाधड़ी कर खाते से गायब दो लाख रुपये कराए वापस

अवधनामा संवाददाता




**महोबा।** आये दिन साइबर अपराधियों द्वारा आम लोगों को भ्रमित कर उनसे उनके बैंक खाते एवं क्रेडिट कार्ड आदि से जुडी गोपनीय जानकारी अर्जित कर यूपीआई व अन्य के माध्यम से साइबर फॉड कर धोखाधडी की घटनाएं की जा रही है। ऐसी घटनाओं की रोकथाम तथा आमजनमानस को नियमित साइबर अपराध के प्रति जागरुक कर उनकों सचेत किये जाने के लिए प्रदेश के प्रत्येक जनपद में साइबर थाने का गठन किया गया है।

जनपद में पुलिस अधीक्षक, पलाश बंसल के निर्देश पर अपर पुलिस अधीक्षक वन्दना सिंह व क्षेत्राधिकारी नगर दीपक कुमार दुबे के निकट पर्यवेक्षण में व प्रभारी साइबर क्राइम पुलिस थाना निरीक्षक मो0 फहीम अख्तर के नेतृत्व में साइबर अपराध की रोकथाम के लिए जनपदीय साइबर क्राइम पुलिस टीम ने निरन्तर अभियान चला रही है।

पुलिस के अथक प्रयास से आवेदक शुभम सिंह पुत्र राजेश निवासी मु0 समदनगर थाना कोतवाली नगर जनपद महोबा ने अपने साथ हुई धोखाधडी के संदर्भ मे प्रार्थना पत्र दिया था, जिसके क्रम मे साइबर क्राइम पुलिस टीम द्वारा प्रार्थना पत्र की जांच की गई, जांच के दौरान पाया गया कि साइबर अपराधी द्वारा आवेदक के साथ दो लाख साइबर ठगी कर ली गयी थी।

आवेदक के साथ हुयी साइबर ठगी में खाते से निकाली गयी धनराशि को वापस कराने के लिए त्वरित कार्यवाही करते हुये पेमेंट गेटवे, सम्बन्धित बैंक के साथ समन्वय स्थापित कर पीडित की सम्पूर्ण धनराशि दो लाख रुपये वापस करायी गयी है। थाना साइबर क्राइम पुलिस टीम के द्वारा की गयी इस त्वरित कार्यवाही से पीडित अपने रुपये वापस पाकर खासा खुश है, पीडित ने पुलिस अधीक्षक महोबा व साइबर क्राइम थाना जनपद महोबा की पुलिस टीम की सराहना की। खाते से दो लाख रुपये गायब हो जाने के बाद साइबर क्राइम टीम ने दो लाख रुपये की धनराशि वापस करा कर सराहनी कार्य किया है। साइबर क्राइम टीम में शामिल प्रभारी निरीक्षक साइबर क्राइम थाना महोबा फहीम अख्तर, एसआई भूपेंद्र सिंह, कान्सटेबिल शैलेन्द्र प्रताप सिंह, सुरजीत कुमार, अमनदीप सिंह, संदीप यादव शामिल रहे।

# मथुरा में आंधी-पानी और ओलावृष्टि, किसानों की पकी फसल हुई चौपट

अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** नौहझील क्षेत्र में शनिवार सुबह लगभग 6 बजे तेज आंधी के कुछ देर बाद बारिश और ओले गिरना शुरू हो गए, जिससे गेहूं, सरसों और आलू की फसल में भारी नुक़सान है। किसानों ने सरकार से सर्वे करा मुआवजे की मांग की है। जानकारी अनुसार रायपुर, फरीदमपुर, भैरई, मुसमुना, मनीगढ़ी, नानकपुर, शल्ल, जरैलिया, तिलकागढ़ी, मुडलिया, घसियागढ़ी, बाजना, मानागढ़ी सहित क्षेत्र के अन्य गांवों में तेज आंधी के साथ बारिश के बाद ओलावृष्टि हुई, जिससे गेंहू की फसल खेतों में बिछ गई और ओलावृष्टि से सरसों की फसल का फूल झड़ गया और आलू की फसल में भी नुकसान है। अचानक हुई बारिश से किसानों के माथे पर चिंता की सरवट साफ दिखाई दे रही हैं। आंधी से कई विशालकाय पेड़ भी धाराशाई हो गये और शादी के लिए लगे टेंट भी तहस-नहस हो गए। मार्च माह के शुरुआत में हुई बेमौसम आंधी, बारिश व ओलों से किसानों की फसल चौपट हो गई है। किसानों ने बताया कि गेंहू फसल के लिए सालभर इंतजार करते हैं लेकिन तेज आंधी, बारिश व ओलावृष्टि से फसल पूरी तरह चौपट हो गई है।बेमौसम हुई बारिश व ओलावृष्टि से किसान खून के आंसू रोने को मजबूर हैं। किसानों ने बताया कि बेमौसम बरसात से हुए गेंहू की फसल में नुकसान से गेंहू की उत्पादन क्षमता कम होगी। किसान सोनू प्रधान, रोहतास चौधरी, अजय सरपंच, चेतन नौहवार, शिवा चौधरी, जयदेव चौधरी, सुभाष चौधरी, लाला चौधरी सहित अन्य किसानों ने सरकार से खेतों के सर्वे करा मुआवजे की मांग की है। क्षेत्र में बारिश व ओलावृष्टि से ईट भट्ठा कारोबारियों का भी काफी नुकसान हुआ है।ईट भट्ठा पर मजदूरों के फड़ पर पकने को रखीं तैयार कच्ची ईटें बारिश व ओलों से क्षतिग्रस्त होकर पानी भरने के कारण गलकर खराब हो गयीं, ईट भट्ठों में आज से ही ईट पकाई का काम शुरू हुआ है। जिसके लिए कल शुक्रवार को ईट भट्ठों में आंच डाली गई थी जो कि काफी ईट भट्ठों में बारिश के चलते आंच बुझ गयी।

## संक्षिप्त समाचार

### संगठन के विस्तार हेतु एआइपीएमएम ने की बैठक



**सीतापुर।** औरंगाबाद सीतापुर में आल इंडिया पसमांदा मुस्लिम महाज के विस्तार को लेकर पसमांदा राष्ट्रीय प्रधान महासचिव मारूफ अली अंसारी ने साथियों के साथ बैठक की। श्री अन्सारी ने संगठन द्वारा पसमांदा समाज के उत्थान हेतु किए जा रहे प्रयासों को गिनाया और कहा कि आप लोग जितना संगठन को मजबूत बनाएंगे उतना ही प्रभावी ढंग से आप की समस्याओं को हम संबंधित प्लेटफार्म पर रख पाएंगे। लिहाजा आप लोगों से अपील है कि आप स्वयं संगठन से जुड़े और प्रत्येक दिन कम से कम एक व्यक्ति को संगठन से जोड़ने का काम करें। इस अवसर पर शादाब अंसारी, मुन्ना भाई, अमीर अली, आमिर अंसारी, रफीक अंसारी, अरसलान अंसारी, संतोष त्रिवेदी और बबलू वर्मा आदि लोग मौजूद रहे।

### सेवानिवृत्ति हुए अशोक कुमार की भव्य विदाई

**मथुरा।** सहायक क्षेत्रीय प्रबन्धक उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम मथुरा में रहते हुए अपनी सेवाएं देने वाले अशोक कुमार पुत्र डालचन्द फिटर मैकेनिक के पद से 28 फरवरी को सेवा निवृत्त हो गए सहायक क्षेत्रीय प्रबन्धक उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम मथुरा में उनके साथी वं कर्मचारियों द्वारा भव्य स्वागत विदाई मिलन समारोह का आयोजन किया गया जिसमें अशोक कुमार पुत्र डालचन्द निवासी गायत्री तपोभूमि के सामन चामुण्डादवी के मन्दिर के पीछे उमा कालोनी मथुरा का सभी ने पुष्प हार सम्मान करते हुए उनके सेवा कार्यकाल की सहराना की साथ ही गिफ्ट उपहार स्मृति चिन्ह आदि भेंट कर आगामी जीवन के लिए शुभकामनाएं दी हम आपको बताते चलें कि अशोक कुमार 1991 में सहायक क्षेत्रीय प्रबन्धक उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम मथुरा में फिटर मैकेनिक के पद पर नियुक्त हुए थे जोकि उन्होंने मथुरा डिपो को 33 वर्ष 9 माह 18 दिन अपनी सेवाएं दीं और मथुरा डिपो से उनका कार्यकाल सेवाएं समापन हुई विदाई मिलन समारोह में उपस्थित मुख्य अतिथियों में से एक सहायक क्षेत्रीय प्रबन्धक मथुरा डिपो मथुरा ने अशोक कुमार को सेवानिवृत्ति पर मथुरा डिपो स्टॉप ने अशोक कुमार फिटर मैकेनिक के कार्यकाल की तारीफ की और विभाग के सभी साथी व कर्मचारियों को अशोक कुमार से कुछ सीख लेने की बात कही और अशोक कुमार द्वारा स्टॉप व मथुरा डिपो को दिए गए सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया।

### 70 प्रकरणों में नहीं लगी थी मेडिकल व पुलिस रिपोर्ट

**मथुरा।** शनिवार को उ.प्र. रानीलक्ष्मी बाई महिला एवं बाल सम्मान कोष की जिला संचालन समिति की बैठक मुख्य विकास अधिकारी मनीश मीना की अध्यक्षता में उनके कार्यालय कक्ष में आयोजित की गयी। जिसमें सीडीओ ने कहा कि जो प्रकरण आए हैं उनकी मेडिकल व पुलिस रिपोर्ट आनलाइन अपलोड करके शीघ्र पीड़ितों को सहायता राशि दी जाए। ताकि वे भटकें नहीं।

बैठक के दौरान सीडीओ के समक्ष 70 प्रकरण प्रस्तुत किये गये। जिनका अवलोकन करने के बाद श्री मीना ने कहा कि उक्त प्रकरणों में मेडिकल रिपोर्ट एवं पुलिस रिपोर्ट समय से पोर्टल पर अपलोड नहीं की गयी हैं। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये कि समय से मेडिकल रिपोर्ट एवं पुलिस रिपोर्ट पोर्टल पर अपलोड की जायें। साथ ही अग्रिम बैठक की नियत तिथि 5 मार्च निर्धारित की गयी। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी द्वारा योजना से सम्बन्धित समस्त अधिकारियों को उनके दायित्वों का समय से निर्वहन किये जाने हेतु निर्देशित करते हुए आगामी बैठक से पूर्व समस्त अभिलेख संरक्षित करते हुये पत्रावली सहित समस्त अधिकारी उपस्थित होना सुनिश्चित करेंगें।

# डीएम सहाब रनवारी में बिना नक्शा पास किए बन रही है कालोनी

अवधनामा संवाददाता

■ छाता समाधान दिवस में डीएम के समक्ष आई 55 शिकायतें

**छाता (मथुरा)।** तहसील सभागार में शनिवार को जिलाधिकारी की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन हुआ इसमें कुल 55 शिकायतें दर्ज प्राप्त हुई। सिर्फ एक ही शिकायत का मौके पर निस्तारण किया जा सका। जिलाधिकारी चन्द्रप्रकाश सिंह ने फरियादियों की शिकायतों को एसएसपी के साथ ध्यानपूर्वक सुना। इसमें ग्राम रनवारी के मोहित ने नेशनल हाईवे - 19 पर एक निजी सोसाईटी जो कि बिना एमबीडीएम के नक्शा पास कराए प्लॉटिंग करने की शिकायत की। दीपक आर्य ने कस्बें के हरनाथिया थोक में पानी की लिकेज को लेकर शिकायत की। अधिवक्ता कल्याण एसोसिशन के पदाधिकारियों ने छाता तहसील कैम्पस में गिरासू हालत में खड़ी पानी की टंकी को दुरस्त कराने को लेकर शिकायत दर्ज कराई।इस दौरान जिलाधिकारी चन्द्रप्रकाश ने समाधान दिवस में मौजूद समस्त विभागों के अधिकारी से कहा कि पिछले 11 महीनों का रिव्यू करे क्योंकि अब एक महीने का समय बाकी है, और रिव्यू के दौरान समय रहते समय रहते शासन से प्राप्त बजट खर्च करें और बाकी बजट को शासन को सरेंडर करें। उन्होंने सभी अधिकारियों को समाधान दिवस के बाद आपने-अपने कार्यालय और दफ्तरों का निरीक्षण करने कमियों को दूर करने आदेश दिया। इस दौरान डीआईजी एवं एसएसपी शैलेश कुमार पाण्डेय, एसडीएम श्वेता सिंह, सीओ आशीष कुमार शर्मा, तहसीलदार रजनीश कुमार वाजपेई, डीएफओ रजनीकांत, नायब तहसीलदार जयंती मिश्रा सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

## 100 वर्ष की महिला में कूल्हे का सफल प्रत्यरोपण ऑपरेशन

**प्रयागराज।** केंद्रीय चिकित्सालय, उत्तर मध्य रेलवे, प्रयागराज में 100 वर्षीय समय राजकुमारी कलिंदीपुरम राजरूपपुर प्रयागराज निवासी कासफल कूल्हा प्रत्यारोपण किया गया। ज्ञात हो कि, राजकुमारी का एक दुर्घटना में बाये कुल्हे में फ्रैक्चर हो गया था। उनकी इस समस्या के समाधान के क्रम में केंद्रीय चिकित्सालय, उत्तर मध्य रेलवे, प्रयागराज में ऑपरेशन कर कूल्हे का सफल प्रत्यरोपण दिनांक 27-02-2025 को किया गया। यह ऑपरेशन डॉ. एस एस नायक , वरिष्ठ सर्जन द्वारा किया गया, जो भारतीय रेलवे के एक प्रतिष्ठित और सम्मानित सर्जन हैं। इस ऑपरेशन की सफलता से श्रीमती समय राजकुमारी के परिवार को बहुत राहत मिली है। डॉ. एस एस नायक और उनकी टीम को इस सफल ऑपरेशन के लिए चिकित्सा निदेशक डॉ संजीव कुमार हन्डू ने बधाई दी।

# हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की बोर्ड परीक्षा में 607 परीक्षार्थियों ने छोड़ी परीक्षा

■ सीसीटीवी कैमारों की निगरानी में शांतिपूर्ण तरीके से चल रही बोर्ड परीक्षा



अवधनामा संवाददाता

**महोबा।** प्रयागराज माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा संचालित हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की बोर्ड परीक्षा नकल विहीन तरीके से पारदर्शी कराने के लिए सीसीटीवी कैमरों की निगरानी में बोर्ड परीक्षा सम्पन्न कराई जा रही है। जिसके चलते परीक्षार्थी कड़ी मेहनत और तैयारी करने के बाद परीक्षा केन्द्रों में पहुंच रहे है। सख्ती के चलते शनिवार को हाईस्कूल और इंटरमीडिएट के 607 परीक्षार्थियों ने बोर्ड परीक्षा छोड़ दी। पुलिस की कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच परीक्षा केन्द्रों के आस पास बहारी लोग फटक नही पा रहे है। बोर्ड परीक्षा को निष्पक्ष तरीके से सम्पन्न कराने के लिए जोनल और सेक्टर मजिस्ट्रेटो के साथ साथ स्टेटिक मजिस्ट्रेटों की भी नियुक्ति करी गई हैए जो मैके पर जाकर परीक्षा केन्द्रों का जायजा लेते है। इसके अलावा नकल को रोकने के लिए बनाए गए उड़नदस्ता में शामिल लोग भी एक के बाद एक परीक्षा केन्द्र में जाकर नकलचियों को पकड़ने का काम करते है। नकल करता पकड़े जाने पर तत्काल फॉर्म भर दिया जाता है। इससे परीक्षार्थियों में दहशत है। संबेदनशील और अति संबेदनशील और परीक्षा केन्द्रों में पुलिस कर्मचारियों के साथ पुलिस सब इंस्पेक्टरों की भी ड्यूटी लगाई गई है। जिससे अति संबेदनशील परीक्षा केन्द्रों मे नकलची नही पकड़े जा रहे है। और परीक्षा शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न हो रही है।

### गणित और नागरिक शास्त्र की परीक्षा सम्पन्न

हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की चल रही बोर्ड परीक्षा में शनिवार को प्रथम पाली में गणित विषय में पंजीकृत 8163 बच्चों के सापेक्ष 7693 बच्चों ने परीक्षा दी,जबकि 470 बच्चे अनुपस्थित रहे। हाईस्कूल की वाणिज्य विषय की दूसरी पाली में सम्पन्न हुई परीक्षा में पंजीकृत 47 बच्चों के सापेक्ष सभी बच्चों ने परीक्षा दी,एक भी बच्चा अनुपस्थित नही रहा। इसी तरह इंटरमीडिएट की नागरिक शास्त्र की परीक्षा में पंजीकृत 3647 बच्चों के सापेक्ष 3508 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हुई, 137 परीक्षार्थियों ने परीक्षा छोड़ी।

# अल्पसंख्यकों का हित सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी में: तेज सिंह

अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** सुहेलदेव भारतीय समाज के मनोहरपुर मुस्लिम बस्ती में जिला अध्यक्ष कैबिनेट प्रतिनिधि राजवीर सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई जनसभा में संगठन की समीक्षा की गई सदस्यता अभियान चलाया गया। जनसभा के मुख्य अतिथि सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के राष्ट्रीय सचिव तेज सिंह बल्ली व जिला अध्यक्ष राजवीर सिंह का फूल मालाओं से स्वाफा वाध कर जोशीला स्वागत किया।

सैकड़ो युवाओं को संगठन की नीतियों से अवगत कराकर कैबिनेट मंत्री ओमप्रकाश राजभर के विचारों से अवगत कराकर राष्ट्रीय सचिव तेज सिंह बल्ली जिला अध्यक्ष राजवीर सिंह ने सूहेलदेव भारतीय समाज पार्टी की सदस्यता ग्रहण कराई। जनसभा को संबोधित करते हुए सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के राष्ट्रीय सचिव तेज सिंह बल्ली ने कहा अल्पसंख्यक समुदाय का हित सिर्फ सूहेलदेव भारतीय समाज पार्टी में सुरक्षित है सूहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ओमप्रकाश राजभर जी हमेशा अल्पसंख्यक दलित पिछड़ों की बात करते हैं उत्तर प्रदेश सरकार ने अल्पसंख्यक समुदाय के लिए बहुत योजनाएं दी हैं अल्पसंख्यक समुदाय के लोग अधिक से अधिक संख्या में सूहेलदेव भारतीय समाज पार्टी से जुड़े जिला अध्यक्ष कैबिनेट मंत्री प्रतिनिधि राजवीर सिंह ने कहा मथुरा जनपद में सूहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के पदाधिकारी निरंतर जनता की सेवा में लगे हुई है संगठन के पदाधिकारी मथुरा जनपद में गांव-गांव गली गली घर-घर जाकर जनता को संगठन की नीतियों से अवगत करा रहे हैं मथुरा जनपद में सूहेलदेव भारतीय समाज पार्टी जनपद मथुरा में अपना परचम लहरा रही है आगामी जिला पंचायत चुनाव में सूहेलदेव भारतीय समाज पार्टी मैदान में उतरेगी आज सैकड़ो अल्पसंख्यक समुदाय के युवाओं नए संगठन की सदस्यता ग्रहण की है सभी का सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी में स्वागत करते हैं इस मौके पर महानगर अध्यक्ष युवा जिला अध्यक्ष फैजान कुरैशी तनवीर कुरेशी असलम कुरैशी प्रेम सिंह कर्दम सहित सैकड़ों युवा मौजूद थे।

## मुकद्दस माह रमजान का चांद नजर आते ही सहरी के इंतजाम में जुट गए लोग

**महोबा।** मुकद्दस माह रमजान का चांद नजर आते ही शनिवार से मस्जिदों में तरावीह शुरू हो गई है। चांद देखने के लिए शाम से ही लोग मस्जिदों की छतों और ऊचांई पर खड़े होकर चांद देखने लगे। जैसे ही चांद दिखा चारों तरफ चांद दिखने का शोर गुल शुरू हो गया। लोगों में तरावीह पढने के प्रति विशेष उत्साह दिखाई दिया।

चांद नजर आते ही मुस्लिम बाहुल इलाकों में चहल पहल बढ गई। चांद देखने के बाद लोग सहरी के इंतजाम में जुट गए, जिससे किराना की दुकानों में खासी भीड़ जुट गई, किसी में पिंड खजूर, छुआरा, टोश, मेवा और ब्रेड दूध का इंतजाम किया। सहरी के समय जगाने के लिए कुछ लोगों को लगा दिया गया है। जिससे रोजेदार सहरी में समय से उठ कर रोजा रख सके।

मस्जिदों के मुतवल्लियों और नमाजियों ने मस्जिदों की साफ सफाई करके पहले ही चमका दिया।

# भाषा विवि में हुआ एमएस एक्सेल कार्यशाला का समापन

अवधनामा संवाददाता



**लखनऊ।** ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय में शैक्षणिक और प्रशासनिक उत्कृष्टता के लिए एमएस एक्सेल में महारत पर कार्यशाला का दूसरा दिन संपन्न हुआ।

विदित है कि ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय लखनऊ के माननीय कुलपति प्रो. जे पी पांडेय के नेतृत्व में व्यवसाय प्रशासन विभाग द्वारा आयोजित शैक्षणिक और प्रशासनिक उत्कृष्टता के लिए एमएस एक्सेल में महारत पर दो दिवसीय कार्यशाला आज संपन्न हुई। इस गहन प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य शैक्षणिक और प्रशासनिक कर्मचारियों की एमएस एक्सेल के प्रभावी उपयोग में दक्षता बढ़ाना था, जो सफलतापूर्वक पूरा हुआ.कार्यशाला के दूसरे दिन, प्रतिभागियों को एमएस एक्सेल की उन्नत सुविधाओं के बारे में मार्गदर्शन दिया गया, जिससे उन्हें डेटा प्रबंधन, रिपोर्टिंग और प्रशासनिक कार्यो को सुव्यवस्थित करने के लिए शक्तिशाली वातावरण दिया जा सके। कुल चार सत्रों सत्रों में डेटा विश्लेषण, मैक्रो के साथ स्वचालन और जटिल डेटा सेट को सरल बनाने के लिए पिवट टेबल का उपयोग जैसे विषय शामिल थे। कार्यशाला के संयोजक डीन, कॉमर्स, प्रो. सैय्यद हैदर अली ने बताया कि कि कार्यशाला से प्राप्त कौशल से विश्वविद्यालय में शैक्षणिक और प्रशासनिक दोनों ही कार्यो में महत्वपूर्ण रूप से सुधार होगा जिससे दैनिक कार्यो में अधिक दक्षता और सटीकता आएगी. व्यवसाय प्रशासन विभाग और प्रशिक्षण एवं नियोजन प्रकोष्ठ द्वारा आयोजित कार्यशाला में संकाय सदस्यों और प्रशासनिक कर्मचारियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। इस कार्यक्रम में विषय विशेषज्ञ श्री विनय चौबे ने द्वारा किया गया। जिन्होंने न केवल विशेषज्ञ-स्तरीय निर्देश दिए बल्कि प्रतिभागियों को एक्सेल उपकरणों के व्यावहारिक प्रदर्शनों में भी शामिल करने के गुर सिखाए।

कार्यशाला के इस अवसर पर विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति प्रोफेसर जे.पी. पांडे ने विश्वविद्यालय की उत्कृष्टता के प्रति निरंतर प्रतिबद्धता को ध्यान में रखते हुए आयोजकों को बधाई दी और इस तरह के व्यावसायिक विकास के अवसरों को जारी रखने के लिए कहा माननीय कुलपति ने कहा कि इस तरह की कार्यशाला विश्वविद्यालय में शैक्षणिक और प्रशासनिक उत्कृष्टता को बढ़ावा देने के प्रति विश्वविद्यालय प्रशासन प्रतिबद्ध है। कार्यशाला के समापन सत्र के अंत में सभी प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र भी प्रदान किए गए। कार्यशाला के समापन के अवसर पर प्रो. राजेंद्र त्रिपाठी, डॉ. दुआ नकवी, डॉ. काज़िम रिज़वी, डॉ.सुमन मिश्रा, डॉ. विवेक बाजपेई सहित विश्वविद्यालय के सभी शिक्षक, कर्मचारी और विद्यार्थी भारी संख्या में उपस्थित रहे।

# एक बार बैगन का अचार खा लिया तो बार-बार खाएंगे, जानें बनाने का तरीका



अचार के साथ खाना खाने में मजा ही आ जाता है। अचार अपने चटपटे और टेस्टी स्वाद और फ्लेवर के कारण अचार खाने से खाना का स्वाद भी डबल हो जाता है। पराठा, पूड़ी, दाल-चावल के साथ अचार बड़े ही स्वाद से खाया जाता है। आइए आपको बैगन के अचार की रेसिपी के बारे में बताते हैं।

हर भारतीय घरों में खाना के साथ अचार बड़े ही चाव से खाया जाता है। आप सभी के घर में आम, नींबू, मूली, गाजर के अचार जरुर होंगे। अचार खाने को स्वाद को डबल कर देता है। अब सवाल यह कि आप ने कभी बैंगन का अचार खाया है? बैंगन एक ऐसी सब्जी जिसका स्वाद हर किसी को पसंद नहीं आता है। बैंगन की सब्जी खाते समय सभी लोग मुंह बनाते हैं। तो चलिए इस लेख में हम आपको बताने जा रहे हैं बैंगन के अचार की रेसिपी, इसे आप घर में जरुर बनाएं।

**बैंगन के अचार खाने से फायदे**

बैंगन सेहत के लिए काफी फायदेमंद होता है। इसके सेवन से डायबिटीज, हार्ट, एनीमिया दूर होती है। बैंगन में कई पोषक तत्व पाएं जाते हैं, जैसे कि कैल्शियम, आयरन, फाइबर, कॉपर, कैल्शियम और ढेर सारे विटामिन मिनरल से भरपूर बैंगन सेहत के लिए बेहद फायदेमंद होती है।

**बैंगन का अचार बनाने की सामग्री**

- 2 टेबलस्पून विनेगर
- 2 टेबलस्पून चीनी
- 2 टेबलस्पून तेल और स्वादानुसार नमक
- 4 से 5 खड़ी लाल मिर्च
- 1 टेबलस्पून जीरा
- 1 टी स्पून पीली सरसों
- 5 से 6 लहसुन की कलियां
- 5 से 6 कूचे हुए लहसुन
- 2 इंच अदरक

**बैंगन का अचार बनाने की विधि**

- बैंगन का अचार बनाने के लिए सबसे पहले आप बैंगन को अच्छे से धो लें। इसके बाद टुकड़ों को काट लें।
- इसके बाद सभी सामग्री को पीस लें और इसमें नींबू का जूस मिलाएं।
- अब तेल को कढ़ाई में डालें और गर्म करें। फिर सरसों का तड़का दें।
- फिर इसमें कुटे हुए लहसुन डालें। करी पत्ता और कटे हुए बैंगन डाल कर फ्राई करें।
- बैंगन जब हल्का सुनहरा होने लगे तब इसमें मसाले को पेस्ट को डालें।
- इसके बाद आधा कप पानी डालें और इसे ढंक दें।
- फिर इसे 5 मिनट के लिए पकने दें।
- अब ढक्कन हटाएं और चीनी और विनेगर मिलाएं।
- अच्छे से ड्राई होने तक पकाएं।
- फिर इसको आप रोटी, पराठे और चावल के साथ खा सकते हैं।

# स्वादिष्ट और जायकेदार शादी वाला खाना घर में बनाना चाहती हैं, तो इन टिप्स को फॉलो करें

शादी का खाना की तो अलग ही बात होती हैं। कई लोगों को घर खाना बिल्कुल पसंद नहीं होता है। अगर आप भी इन्हीं में से हैं, तो हम आपको कुछ टिप्स बताने वाले हैं, जिसकी मदद से आप भी घर पर ही टेस्टी खाना बना सकते हैं।

किसी भी पार्टी या शादी में चले जाएं, वहां का खाना खाकर घर में भी वैसा ही खाना खाने का मन हम सभी का जरुर करता है। अब चाहे वह शाही पनीर की रिच ग्रेवी हो, दम बिरयानी की खुशबूदार महक हो या फिर गरमा-गरम पूरियां और स्वादिष्ट मिठाइयां। हर एक डिश को खाने का अलग ही मजा होता है। कई बार तो लगता है कि बस दोबारा शादी में जाकर खाना खाकर आ जाएं। अब आपको यह सब करने की कोई जरुरत नहीं है। यदि आप भी चाहते हैं कि घर में बना खाना शादी के



मेन्यू जैसा स्वादिष्ट खाना बनाएं, तो आप इन कुछ खास टिप्स को फॉलो करें।

**हर एक डिश का अलग टेस्ट होता है**

जैसा कि शादी के खाने में ग्रेवी वाली सब्जियों को खास महत्व होता है। पनीर बटर मसाला, शाही पनीर, मटर मलाई, दम आलू जैसी डिशेज में ड्राई फ्रूट्स, काजू-पेस्ट और क्रीम का प्रयोग किया जाता है। जिससे टेस्ट और भी गाढ़ा हो जाता है।

**सही मसालों का चयन करें**

शादी में जो खाना बनता है उसमें मसाले का प्रयोग किया जाता है। ये मसाले स्वाद के साथ ही खाने में महक और जान डाल देते हैं। सही मसालों के इस्तेमाल करने से शादी के खाने को स्वादिष्ट बनाता है। ग्रेवी मसाले के लिए आप कसूरी मेथी, गरम मसाला, जावित्री और खसखस का पेस्ट इस्तेमाल कर सकते हैं।

**ग्रेवी वाली सब्जियों में लाएं शादी के जैसा टेस्ट**

शादी के खाने में ग्रेवी वाली सब्जियों को खास महत्व होता है। पनीर बटर मसाला, शाही पनीर, मटर मलाई, दम आलू जैसी डिशेज में ड्राई फ्रूट्स, काजू-पेस्ट और क्रीम का प्रयोग किया जाता है। जिससे टेस्ट और भी गाढ़ा हो जाता है। ग्रेवी बनाते समय इसके टेक्सचर का जरुर ध्यान रखें। इसके बाद आप ग्रेवी में कसूरी मेथी और गरम मसाला डालने से शादी वाला फ्लेवर आएगा।

**नान और पूरियां कैसे बनाएं**

शादी में खाने वाली पूरियां और रोटियां काफी फूली-फूली, नरम और बेहद स्वादिष्ट होती हैं। शादी जैसी खास बेड़मी पूरियां बनाने के लिए आटे में बेसन, अजवाइन और हल्दी मिला सकते हैं। इसके अलावा, आटे में थोड़ा दही और तेल मिलाने से रोटियां शादी जैसी मुलायम बन जाती है। आटे को गुनगुने पानी से ही गूंथे और 20-30 मिनट के लिए ढककर रखें और इससे रोटियां नरम बनेंगी। आप चाहे तो इसमें आटें में थोड़ा सा दूध और घी मिला सकते हैं।

# रात की बची दाल से बच्चों के लिए बनाएं 2 टेस्टी ब्रेकफास्ट, बेहद आसान है रेसिपी



क्या आप जानती हैं कि आप बचे हुए खाने जैसे चावल, दाल और रोटी से बहुत ही टेस्टी नाश्ता तैयार कर सकती हैं। वहीं सर्दियों के मौसम में इन्हें खाने का स्वाद ही अलग होता है। आप चाहें तो इन ब्रेकफास्ट को बच्चों के टिफिन में रख सकती हैं।

हम सभी घर में कितना ही हिसाब से खाना बना लें लेकिन कुछ न कुछ बच ही जाता है। जिसमें सब्जी और दाल तो जरूर थोड़ी-बहुत रह जाती है। ऐसे में इतनी महंगाई में इन चीजों को फेंकने में भी बहुत दुख होता है। वहीं हमारे शास्त्रों में भी अन्न की बर्बादी को बुरा बताया गया है। इसलिए हमें खाना फेंकने से बचना चाहिए। बहुत सारे लोग बचे हुए खाने को या तो फेंक देते हैं या फिर किसी जानवर को खिला देते हैं।

लेकिन क्या आप जानती हैं कि आप बचे हुए खाने जैसे चावल, दाल और रोटी से बहुत ही टेस्टी नाश्ता तैयार कर सकती हैं। वहीं सर्दियों के मौसम में इन्हें खाने का स्वाद ही अलग होता है। आप चाहें तो इन ब्रेकफास्ट को बच्चों के टिफिन में रख सकती हैं। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको दाल से बनने वाले दो बेहद टेस्टी ब्रेकफास्ट की रेसिपी के बारे में बताने जा रहे हैं।

**दाल के चीले की रेसिपी**

आपको बची हुई कोई भी मूंग, चना, मसूर या अरहर की दाल लेनी है।

अब मिक्सी के जार में दाल डालें और ऊपर से बेसन और चावल का आटा मिक्स करें।

दोनों चीजों को अच्छे से पीसकर स्मूद बेटर बना लें।

अब इस बेटर को एक बाउल में निकालकर इसमें बारीक कटा प्याज, हरा धनिया और हरी मिर्च डालें।

फिर इसमें हल्का नमक, कश्मीरी लाल मिर्च और चाट मसाला डालकर अच्छे से मिक्स करें।

इसके बाद नॉन स्टिक पैन पर इस मिश्रण को डालकर फैलाएं और दोनों तरफ घी या तेल लगाकर सेक लें।

दोनों तरफ से सिक जाने के बाद आप अंदर पनीर घिसकर भी डाल सकती हैं।

इस तरह से आपको स्वादिष्ट दाल चीला बनकर एकदम तैयार है।

दाल से बनाएं वेजिटेबल चीज पैनकेक

रात की बची दाल को मिक्सी जार में बिना पानी डाले पीस लें।

फिर इस पिसी हुई दाल में आधा कटोरी बेसन और सूजी डालकर फिर पीसें।

जब स्मूद बेटर बन जाए तो इसको बड़े बाउल में निकाल लें।

अब ऊपर से गाजर, पत्ती गोभी, लौकी, फूल गोभी और शिमला मिर्च आदि सब्जियां कद्दूकस करके डालें।

इसके बाद इस मिश्रण को अच्छे से स्पैटुला की मदद से मिक्स करें।

साथ ही चाट मसाला, नमक और हरा धनिया डालकर दोबारा मिला लें।

फिर पैनकेक वाला पैन या फिर किसीनॉन स्टिक तवापर घी लगाकर छोटे-छोटे पैनकेक डालें।

अब इस पर चीज घिस दें और अच्छे से ढककर सिकने दें।

आप चाहें तो किसी गहरे पैन में इस बेटर को डालकर उस पर चीज घिसे और ढककर सेंकने के बाद प्लेट में निकाल लें।

अब आप इसको अपने हिसाब से चौकोर या गोल शेप में काट लें।

इस तरह से गर्मागर्म टेस्टी पैनकेक बनकर तैयार है।

आप इसको टोमैटो सॉस के साथ सर्व करें।

# आज ही घर पर लाएं किचन के जरूरतमंद आइटम



अगर आप भी किचन के लिए जरुरतमंद आइटम तलाश कर रहे हैं, तो यह आर्टिकल आपके लिए है। आप ऑनलाइन या ऑफलाइन कहीं से भी खरीद सकते हैं। चलिए आपको बताते हैं अमेजन पर मिलने वाले बेस्ट किचन आइटम, जिन्हें आप खरीद सकते हैं।

हमारे किचन में रोजमर्रा के जरूरतमंद आइटम की बहुत जरूरत होती है। ऐसे में किचन की जरूरत के समान सभी किचन में जरूर होने चाहिए। चलिए इस लेख के माध्यम से आज हम रोजमर्रा के किचन के जरूरतमंद आइटम के बारे में बताएंगे।

अब पर घर की जरूरत है सब्जियों को चॉप करने के लिए चॉपर की। बिना किसी झंझट के चॉपर की मदद से झट से सब्जियाँ कटे वो भी बेहद कम समये में। पेश है Pigeon हैंडी चॉपर जो फटा-फट सब्जियाँ कटे। ये हैंडी चॉपर अमेजन पर उपलब्ध है। शार्प स्टेलेस स्टील ब्लेड और एंटी स्किड बेस है जो आसानी से उपयोग करने के लिए सुरक्षित, स्वस्थ और पर्यावरण अनुकूल है। Pigeon हैंडी चॉपर की 6 महीने की निर्माता वारंटी है। इसका प्राइस 199 रूपये है। आज ही खरीदें अमेजन से, लिंक नीचे उपलब्ध है।

**किचन सिंक आर्गेनाइजर**

किचन के लिए बेहद जरूरी प्रोडक्ट जो काफी मददगर है हमारे किचन के लिए। किचन सिंक आर्गेनाइजर हर घर के लिए जरूरी है। किचन सिंक क्षेत्र के लिए पूरी तरह से तैयार इस स्टैंड के साथ अपने किचन सिंक क्षेत्र को व्यवस्थित करें। डिशवॉशर तरल, ब्रश, कपड़ा, साबुन, स्पंज इत्यादि जैसे सिंक काम के लिए सभी दैनिक आवश्यकताओं को स्टोर करने के लिए बहुत ही मददगर है। इसकी कीमत मात्र 249 रूपये है। अमेजन एप पर आप इसे खरीद सकते है।

kimberly Clark द्वारा Wypall दुनिया के मुख्य वाइपर ब्रांड में से एक है। बहुउपयोगी, वॉशेबल और रीयूज़ेब्ल वाइप हैं। किचन, कार की सफाई या सामान्य उद्देश्य की सफाई के लिए बहुत मददगर है। प्रोडक्ट कागज़ के जितना पतला, हल्के वज़न का और हाई अब्ज़ॉर्बेसी के लिए डिज़ाइन किया गया है। इस तरह से डिज़ाइन किया गया है की कपड़े से पानी कम टपके। Wypall ×70 वाइप कपड़े नियमित तौलिए और रैग की तुलना में अधिक तेल को अब्ज़ॉर्ब और होल्ड कर सकते हैं। इसकी कीमत मात्र 257 रूपये है। अमेजन एप पर आप इसे खरीद सकते है।

# सान्या मल्होत्रा की फिल्म मिसेज में दम पुख्त बिरयानी देखकर आ गया मुंह में पानी, तो अब जान लें इसे बनाने के जरूरी टिप्स

दम पुख्त बिरयानी बनाने के लिए लंबे दाने वाले बासमती चावल का इस्तेमाल करें। ध्यान दें कि पुराना चावल सबसे अच्छा होता है क्योंकि यह फूला हुआ रहता है और गूदा नहीं बनता। चावल को पकाने से पहले कम से कम 30 मिनट के लिए भिगोएं।

हाल ही में सान्या मल्होत्रा की फिल्म मिसेज रिलीज हुई और यह फिल्म हर कोई बेहद पसंद कर रहा है। फिल्म में सान्या मल्होत्रा को डिलिशियस दम पुख्त बिरयानी बनाते हुए दिखाया गया है। उसे देखकर यकीनन आपके मुंह में भी पानी आ गया होगा और अब आप भी उसे खाने का मन बना रहे होंगे। ऐसे में अगर आप भी घर पर दम पुख्त बिरयानी बनाना चाहते हैं तो उसे परफेक्ट तरीके से बनाने के लिए आपको कुछ छोटे-छोटे टिप्स पर खासतौर से ध्यान देना चाहिए। वास्तव में अगर कोई एक डिश है जो शाही अंदाज़ में बनाई जाती है, तो वह है दम पुख्त बिरयानी। धीमी आंच पर पकाई गई बिरयानी स्वाद से भरपूर होती है। जब मीट और चावल अपनी भाप में एक साथ पकते हैं, जिससे हर निवाला बेहद स्वादिष्ट बनता है। तो चलिए आज इस लेख में हम आपको दम पुख्त बिरयानी बनाने के कुछ छोटे-छोटे टिप्स के बारे में बता रहे हैं-

**सही चावल और मीट का करें चयन**

दम पुख्त बिरयानी बनाने के लिए लंबे दाने वाले बासमती चावल का इस्तेमाल करें। ध्यान दें कि पुराना चावल सबसे अच्छा होता है क्योंकि यह फूला हुआ रहता है और गूदा नहीं बनता।



चावल को पकाने से पहले कम से कम 30 मिनट के लिए भिगोएं। इससे चावल अच्छी तरह से पकता है और टूटने से बचता है। वहीं मीट के लिए मटन सबसे अच्छा विकल्प है क्योंकि यह दम पर पकाने से बहुत नरम हो जाता है। लेकिन अगर आप चिकन का इस्तेमाल कर रहे हैं, तो इसे कम समय के लिए पकाएं, नहीं तो यह सूख सकता है।

**सही तरह से करें मैरिनेशन**

मीट का सही तरह से मैरिनेशन बहुत अधिक मायने रखता है। मीट को कम से कम 4-6 घंटे के लिए मैरिनेट करें, या हो सके तो रात भर के लिए। मैरिनेशन के लिए दही, तले हुए प्याज़, अदरक-लहसुन पेस्ट, लाल मिर्च पाउडर, धनिया पाउडर, गरम मसाला, नमक और नींबू का रस इस्तेमाल करें। थोड़ा सा सरसों का तेल या घी डालें। इससे स्वाद और भी बढ़ जाता है।

**प्रो की तरह करें लेयरिंग**

दम पुख्त बिरयानी बनाते समय उसकी सही तरह से लेयरिंग करना भी उतना ही जरूरी है। सबसे पहले हमेशा भारी तले वाले बर्तन या हांडी का इस्तेमाल करें ताकि वह जले नहीं। साथ ही, पहली परत डालने से पहले नीचे घी लगा लें। पहले मैरिनेट किया हुआ मीट, फिर उबले हुए चावल, फिर तले हुए प्याज, पुदीना, धनिया, केसर मिला हुआ दूध और थोड़ा सा घी डालें। जब तक सारी सामग्री इस्तेमाल न हो जाए, तब तक यही दोहराते रहें। जलने से बचने के लिए सबसे ऊपर चावल होना चाहिए, मीट नहीं।

# नींबू के छिलकों से मिनटों में चमक जाएगी गंदी चिमनी, मेहनत के साथ समय की भी होगी बचत

क्या आप जानते हैं कि नींबू के छिलके की मदद से आप चिमनी को आसानी से साफ कर सकते



हैं। बता दें कि नींबू का छिलका न सिर्फ किचन को साफ करने में सहायता करता है, बल्कि यह बर्नर, चिमनी और दूसरी जगहों की सफाई में भी बहुत प्रभावी है।

चमकदार और साफ-सुथरी चिमनी घर की खूबसूरती को बढ़ाने का काम करता है और यह घर को फ्रेश रखता है। चिमनी के अंदर जमा गंदगी, तेल के दागों और कालिख को साफ करना एक मुश्किल टास्क हो सकता है। लेकिन क्या आप जानते हैं कि नींबू के छिलके की मदद से आप चिमनी को आसानी से साफ कर सकते हैं। बता दें कि नींबू का छिलका न सिर्फ किचन को साफ करने में सहायता करता है, बल्कि यह बर्नर, चिमनी और दूसरी जगहों की सफाई में भी बहुत प्रभावी है। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बताने जा रहे हैं कि किस तरह से नींबू के छिलके के इस्तेमाल से चिमनी को आसानी से चमका सकते हैं।

**क्यों जरूरी है चिमनी के अंदर की सफाई करें**

बता दें कि चिमनी के अंदर की सफाई बेहद जरूरी है। क्योंकि चिमनी में ग्रीस, तेल, धुआं और कालिख जमा हो जाता है। जो न सिर्फ किचन में गंदगी पैदा करता है, बल्कि यह घर को भी गंदा कर सकता है।

**कैसे करें**

चिमनी को सबसे पहले ठंडा होने के लिए छोड़ दें।

अब नींबू के छिलकों को जलती हुई चिमनी में डालें और यह धुआं छोड़ता है। साथ ही यह जमी गंदगी को ढीला करने में मदद करता है।

कुछ मिनट धुआं फैलने दें और अब चिमनी को गीले कपड़े या ब्रश की मदद से साफ कर लें।

**चिमनी के बर्नर को ऐसे करें साफ**

चिमनी के बर्नर को साफ करने के लिए नींबू के छिलके का इस्तेमाल अच्छा है। नींबू में एसिडिक गुण पाए जाते हैं, जो ग्रीस, तेल और जमी हुई गंदगी हटाने में मदद करता है। वहीं नींबू से चिमनी के बर्नर पर फ्रेशनेस भी आती है।

**कैसे करें**

सबसे पहले चिमनी के बर्नर को ठंडा होने के लिए छोड़ दें। जिससे कि आराम से आप सफाई कर सकें।

क्योंकि नींबू के छिलके के अंदर नेचुरल तेल और एसिड होते हैं। जो तेल के दागों और ग्रीस को हटाने में सहायता करते हैं।

अब नींबू के छिलकों को हल्के हाथों से रगड़ते हुए बर्नर पर रगड़ें। खासकर उस जगह पर जहां पर दाग या गंदगी है।

फिर इसको 5-10 मिनट के लिए बर्नर पर छोड़ दें। क्योंकि छिलके का एसिड ग्रीस और तेल को ढीला करने में सहायता करेगा।

इसके बाद एक ब्रश या गीले कपड़े से बर्नर को रगड़कर साफ करें। इससे बर्नर की सतह से जमी गंदगी आसानी से हट जाएगी।

सफाई के बाद साफ सूखे कपड़े से इसको अच्छे से पोंछ लें।

**नींबू के छिलका आएगा काम**

भले ही यह तरीका आपको सुनने में थोड़ा अजीब लगे, लेकिन यह चिमनी के अंदर की सफाई के लिए जरूरी है। खासकर जब चिमनी के अंदर कालिख और गंदगी जमा हो गई हो। आप इस हैक को अपना सकते हैं।

**कैसे करें**

सबसे पहले चिमनी को ठंडा करें।

फिर नींबू के छिलकों को छोटे टुकड़ों में काटें।

अब इन छिलकों को चिमनी में चलती हुई आग में डाल दें।

जैसे ही चिमनी की आग में नींबू के छिलके जलेंगे, वह धुआं छोड़ेंगे और चिमनी के अंदर जमा गंदगी ढीली हो जाएगी।

फिर कुछ मिनटों तक धुआं फैलने दें और एक ब्रश या गीले कपड़े से चिमनी की दीवारों को साफ कर लें।

**नींबू के छिलके और पानी का मिश्रण**

बता दें कि नींबू के छिलके और पानी का मिश्रण चिमनी की साफ-सफाई के लिए सबसे अच्छा तरीका है। नींबू का एसिड ग्रीस चिमनी में जमी गंदगी और कालिख को ढीला करता है। वहीं पानी इन तत्वों को साफ करने में सहायक होता है।

**कैसे करें**

सबसे पहले एक कटोरी में पानी भरकर उसमें नींबू के छिलके डालें।

अब इसको मीडियम आंच पर उबालें और जब पानी उबलने लगेगा तो छिलकों का एसिड पानी में घुल जाएगा। इससे नेचुरल क्लीनर तैयार हो जाएगा।

अब इस पानी को छानकर एक स्प्रे बोतल में भर लें।



फिर इस मिश्रण को चिमनी के अंदर और उसके आसपास स्प्रे करें।

इस मिश्रण को चिमनी के दीवारों और बर्नर पर 10-15 मिनट के लिए छोड़ दें। क्योंकि यह समय नींबू के छिलकों से निकला एसिड गंदगी को ढीला करने के लिए आवश्यक है।

इसके बाद ब्रश या गीले कपड़े की सहायता से चिमनी की दीवारों, बर्नर और सारी जगहों को रगड़कर साफ कर लें।

इससे चिमनी की गंदगी और कालिख आसानी से हट जाएगी और चिमनी साफ हो जाएगी।

फिर सफाई के बाद चिमनी को सूखे कपड़े से पोंछकर अच्छे से सुखा लें।

## आंख मूंदकर खातों को फर्जी घोषित करने पर लगाम कसे आरबीआई; बॉम्बे हाईकोर्ट का निर्देश



**मुंबई।** जस्टिस रेवती मोहिते डेरे और नीला गोखले की खंडपीठ ने यह बात उद्योगपति अनिल अंबानी की एक याचिका पर सुनवाई करने के दौरान कही, जिसमें उनके खाते को फर्जी घोषित किए जाने के यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के 10 अक्तूबर, 2024 के आदेश को चुनौती दी गई है। बॉम्बे हाईकोर्ट ने शुक्रवार को कहा कि कई बार बैंक एकदम आंख मूंदकर खातों पर फर्जी या चूककर्ता का ठप्पा लगा देते हैं। उन्हें कुछ तो दिमाग लगाकर काम करना चाहिए। इस तरह कट, कॉपी, पेस्ट वाले आदेश नहीं दिए जा सकते। आखिरकार यह जनता का पैसा है। कोर्ट ने इसके साथ ही आरबीआई से कहा कि बैंकों के ऐसे रवैये पर लगाम कसने के लिए उसे उपयुक्त कदम उठाने चाहिए। जस्टिस रेवती मोहिते डेरे और नीला गोखले की खंडपीठ ने यह बात उद्योगपति अनिल अंबानी की एक याचिका पर सुनवाई करने के दौरान कही, जिसमें उनके खाते को फर्जी घोषित किए जाने के यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के 10 अक्तूबर, 2024 के आदेश को चुनौती दी गई है। हाईकोर्ट ने इस मामले में अनिल अंबानी को रिजर्व बैंक इंडिया का दरवाजा खटखटाने को कहा। अंबानी ने याचिका में कहा था कि बैंक ने उन्हें सुनवाई का मौका नहीं दिया। साथ ही, उन दस्तावेज की प्रतियां भी नहीं दीं जिनके आधार पर यह आदेश पारित किया गया था। याचिका पर सुनवाई के दौरान पीठ ने कहा कि उसके सामने बार-बार ऐसे मामले आ रहे हैं, जहां बैंक आरबीआई की तरफ से निर्धारित दिशा-निर्देशों का पालन किए बिना खातों को फर्जी या जानबूझकर चूककर्ता घोषित कर देते हैं।

# विस्तृत जांच के बाद तथ्य सामने आएंगे, पुणे दुष्कर्म मामले में उपमुख्यमंत्री अजित का बयान

**आरोपी**

**पुलिस ने शुक्रवार को बताया कि एक घर से खाना और पानी मांगने की वजह से 37 वर्षीय आरोपी को गिरफ्तार किया गया।**




**मुंबई।** पुलिस ने शुक्रवार को बताया कि एक घर से खाना और पानी मांगने की वजह से 37 वर्षीय आरोपी को गिरफ्तार किया गया। वह पुणे के स्वारगेट बस स्टेशन पर एक सरकारी बस के अंदर एक महिला के साथ कथित रूप से दुष्कर्म करने के बाद भाग रहा था। महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजीत पवार ने शनिवार को कहा कि पुणे दुष्कर्म का आरोपी गन्ने के खेत में छिपा हुआ था। उसे ड्रोन का इस्तेमाल करके पकड़ा गया। उन्होंने आश्वासन दिया कि न्याय सुनिश्चित करने के लिए गहन जांच चल रही है। उन्होंने कहा, परसों तक लोग सवाल उठा रहे थे कि उसे गिरफ्तार क्यों नहीं किया गया। वह गन्ने के खेत में छिपा हुआ था। हमने उसे पकड़ने के लिए ड्रोन का इस्तेमाल किया। उसकी स्थिति ऐसी थी कि उसने आत्महत्या करने की भी कोशिश की। मैं इस बात पर अडिग हूं कि ऐसी घटनाएं कहीं नहीं होनी चाहिए। अब मामले की उचित जांच करवाने के प्रयास किए जा रहे हैं। विस्तृत जांच के बाद तथ्य सामने आने दें। सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। महाराष्ट्र की राजनीति पर बोलते हुए अजित पवार ने मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के राज्यभर में शिवसेना के प्रभाव का विस्तार करने के बयान पर टिप्पणी की। उन्होंने कहा, हर किसी को अपनी पार्टी का विस्तार करने का अधिकार है। एकनाथ शिंदे राज्य में जहां भी जाते हैं, वे कह सकते हैं कि वे जिले का भगवाकरण करना चाहते हैं। उसी तरह मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस कह सकते हैं कि वे पूरे जिले में भाजपा का झंडा देखना चाहते हैं। इसी तरह मैं भी कह सकता हूं कि मैं राज्य में हर जगह एनसीपी का झंडा देखना चाहता हूं, लेकिन इसमें कुछ खास नहीं है। हमने एकजुट होने का फैसला किया है। यह जनता ही तय करती है कि किसे जनादेश मिलेगा। हम काम करते समय राज्य के हित को आगे रखते हैं। पुलिस ने शुक्रवार को बताया कि एक घर से खाना और पानी मांगने की वजह से 37 वर्षीय आरोपी को गिरफ्तार किया गया। वह पुणे के स्वारगेट बस स्टेशन पर एक सरकारी बस के अंदर एक महिला के साथ कथित रूप से दुष्कर्म करने के बाद भाग रहा था। पुलिस ने आरोपी का पता लगाने के लिए ड्रोन और खोजी कुत्तों का इस्तेमाल किया। वह अपने पैतृक शिरुर तहसील में एक गन्ने के खेत में छिपा हुआ था। उसे आधी रात के आसपास गिरफ्तार कर लिया गया। हिस्ट्रीशीटर दत्तात्रेय रामदास गाडे मंगलवार की सुबह पुणे के स्वारगेट बस स्टेशन पर राज्य परिवहन की बस के अंदर 26 वर्षीय महिला का यौन उत्पीड़न करने के बाद अपने पैतृक स्थान शिरुर भाग गया था। सूत्रों के मुताबिक, आरोपी ने अपना मोबाइल फोन बंद कर दिया था, लेकिन पुलिस उसके गांव तक पहुंचने में कामयाब रही। इसके बाद पता चला कि आरोपी पानी मांगने के लिए एक घर में गया था।

## इसरो 15 मार्च से फिर शुरू करेगा स्पैडेक्स प्रयोग, इसरो अध्यक्ष नारायणन ने दिया ये बड़ा संकेत



**नई दिल्ली।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) मार्च के मध्य में स्पैडेक्स मिशन पर नए प्रयोग शुरू करेगा। इसका उद्देश्य दो सैटेलाइट चेजर और टार्गेट को अलग करना और फिर दोबारा जोड़ना है। यह तकनीक भविष्य के अंतरिक्ष अभियानों के लिए अहम साबित होगी। यह बात राष्ट्रीय विज्ञान दिवस समारोह के दौरान इसरो के अध्यक्ष वी नारायणन ने कही। नारायणन ने कहा, स्पैडेक्स मिशन को 30 दिसंबर 2023 को लॉन्च किया गया था। इसने दो सैटेलाइट्स को आपस में जोड़ने के परीक्षण (डॉकिंग) के लिए सैटेलाइट्स एसडीएक्स01 व एसडीएक्स 02 को अंतरिक्ष में भेजा। इसरो ने 16 जनवरी को इन्हें जोड़ने में कामयाबी पाई। इसके साथ ही भारत यह तकनीकी उपलब्धि हासिल करने वाला दुनिया का चौथा देश बन गया। इससे पहले 12 जनवरी को इसरो ने उपग्रहों को 'डॉक' करने के परीक्षण के तहत दो अंतरिक्ष यान को तीन मीटर की दूरी पर लाकर और फिर सुरक्षित दूरी पर वापस भेजा था। इसरो ने 30 दिसंबर 2024 को 'स्पेस डॉकिंग एक्सपेरीमेंट' (स्पेडेक्स) मिशन को सफलतापूर्वक शुरू किया था। इसरो ने रात 10 बजे श्रीहरिकोटा के सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र यानी शार से स्पेस डॉकिंग एक्सपेरीमेंट (स्पैडेक्स) लॉन्च किया था। मिशन की कामयाबी भारतीय अंतरिक्ष केंद्र की स्थापना और चंद्रयान-4 जैसे मानव अंतरिक्ष मिशन के लिए अहम साबित होगी। मिशन निदेशक एम जयकुमार ने बताया था कि 44.5 मीटर लंबा पीएसएलवी-सी60 रॉकेट दो अंतरिक्ष यान चेजर (एसडीएक्स01) और टारगेट (एसडीएक्स02) लेकर गया है। इसरो के अनुसार, जब अंतरिक्ष में कई ऑब्जेक्ट होते हैं और जिन्हें किसी खास उद्देश्य के लिए एक साथ लाने की जरूरत होती है तो डॉकिंग की आवश्यकता होती है। डॉकिंग वह प्रक्रिया है जिसके मदद से दो अंतरिक्ष ऑब्जेक्ट एक साथ आते हैं और जुड़ते हैं।

## अंतिम चरण में पहुंचा बचाव अभियान, टनल बोरिंग मशीन से कुछ ही समय में मजदूरों तक पहुंचने की उम्मीद




**नगरकुरनूल।** नगरकुरनूल के एसपी वैभव गायकवाड़ ने बताया कि बचाव अभियान जारी है और शनिवार को एक टीम सुरंग के भीतर गई है। टनल बोरिंग मशीन से जो मलबा निकल रहा है, उसे साथ-साथ बाहर निकाला जा रहा है। तेलंगाना में सुरंग हादसे में फंसे मजदूरों तक पहुंचने का बचाव अभियान अब अपने अंतिम चरण में पहुंचता दिख रहा है। अधिकारियों ने बताया कि टनल बोरिंग मशीन से सुरंग में फंसे मजदूरों तक पहुंचने के लिए रास्ता बनाया जा रहा है। हादसे को एक हफ्ते का समय बीत चुका है, लेकिन अभी तक सुरंग में फंसे आठ लोगों को नहीं निकाला जा सका है। एनडीआरएफ, सेना, राज्य के खनन विभाग के लोग, रैट माइनर्स की टीम और अन्य एजेंसियां सुरंग में फंसे लोगों को बचाने के लिए लगातार काम कर रही हैं। नगरकुरनूल के एसपी वैभव गायकवाड़ ने बताया कि बचाव अभियान जारी है और शनिवार को एक टीम सुरंग के भीतर गई है। टनल बोरिंग मशीन से जो मलबा निकल रहा है, उसे साथ-साथ बाहर निकाला जा रहा है। टनल बोरिंग मशीन से सुरंग काटकर रास्ता बनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जो भी रुकावटें आएंगी, हमें उन्हें हटाना होगा। गौरतलब है कि बीती 22 फरवरी को तेलंगाना के नगरकुरनूल जिले में श्रीशैलम लेफ्ट बैंक टनल के काम के दौरान सुरंग का एक हिस्सा ढह गया था, जिससे दो इंजीनियर, दो ऑपरेटर और चार मजदूर सुरंग में फंस गए। सुरंग में फंसे लोगों की पहचान मनोज कुमार (यूपी), श्रीनिवास (यूपी), सन्नी सिंह (जम्मू कश्मीर) गुरप्रीत सिंह (पंजाब), संदीप साहू, जेगता सेस, संतोष साहू और अनुज साहू (सभी झारखंड के निवासी) के रूप में हुई है। इनमें से दो इंजीनियर और चार मजदूर जयप्रकाश एसोसिएट्स के लिए काम करते हैं। इसी कंपनी को एसएलबीसी प्रोजेक्ट को पूरा करने की जिम्मेदारी मिली है।

# कर्नाटक में सड़क दुर्घटना में पांच तीर्थयात्रियों की मौत, ओडिशा में ट्रक और बस की टक्कर में 10 घायल

**अवसर**

**पुलिस के मुताबिक, दुर्घटना जिले के कोल्लेगल तालुक के अंतर्गत चिक्किंदुमडी में हुई। मृतक महाशिवरात्रि के अवसर पर भव्य समारोह के चलते पहाड़ी की चोटी पर स्थित मंदिर जा रहे थे।**




**चामराजनगर।** ओडिशा में हुई एक सड़क दुर्घटना में 10 लोग घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि ओडिशा के भद्रक जिले में शनिवार को एक खड़ी पर्यटक बस और तेज रफ्तार कंटेनर ट्रक के बीच टक्कर में 10 लोग घायल हो गए। घटना भंडारीपोखरी इलाके में राष्ट्रीय राजमार्ग-16 के एक हिस्से में हुई। कर्नाटक में शनिवार को सड़क हादसे में पांच लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि चामराजनगर में शनिवार को माले मदेश्वर मंदिर जा रहे पांच तीर्थयात्रियों की कार की ट्रक से टक्कर हो गई, जिससे उनकी मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक, दुर्घटना जिले के कोल्लेगल तालुक के अंतर्गत चिक्किंदुमडी में हुई। मृतक महाशिवरात्रि के अवसर पर भव्य समारोह के चलते पहाड़ी की चोटी पर स्थित मंदिर जा रहे थे। मृतकों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज दिया गया है। इसके अलावा ओडिशा में हुई एक सड़क दुर्घटना में 10 लोग घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि ओडिशा के भद्रक जिले में शनिवार को एक खड़ी पर्यटक बस और तेज रफ्तार कंटेनर ट्रक के बीच टक्कर में 10 लोग घायल हो गए। घटना भंडारीपोखरी इलाके में राष्ट्रीय राजमार्ग-16 के एक हिस्से में हुई। भंडारीपोखरी थाने के प्रभारी निरीक्षक महाप्रसाद नायक ने बताया कि पुरी जा रही बस चताबारा के पास पंक्चर टायर बदलने के लिए रुकी थी, तभी पीछे से कंटेनर ट्रक ने उसमें टक्कर मार दी।

उन्होंने बताया कि घायलों को इलाज के लिए जिला मुख्यालय अस्पताल (डीएचएच) ले जाया गया। अधिकारी ने बताया कि बाद में उनमें से चार को कटक के एससीबी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में भर्ती कराया गया।

## दक्षिण कोरिया में बीते एक दशक में पहली बार बढ़ी जन्म दर, गंभीर जनसांख्यिकी संकट से गुजर रहा देश

**सियोल।** दक्षिण कोरियाई विशेषज्ञों का कहना है कि ये देखने वाली बात होगी कि जन्म दर में बढ़ोतरी क्या सिर्फ अस्थायी है या फिर ये अगले साल भी जारी रहती है। दक्षिण कोरिया की सांख्यिकी एजेंसी के वरिष्ठ अधिकारी पार्क ह्युन जुंग का कहना है कि कोरोना महामारी के दौरान कम शादियां हुईं, जो बीते दिनों हुईं। इनकी वजह से ही साल 2024 में जन्म दर बढ़ी हो सकती है। दक्षिण कोरिया, जो दुनिया के सबसे गंभीर जनसांख्यिकी संकट से जूझ रहा है, उसके लिए एक राहत की खबर आई है। दरअसल बीते साल दक्षिण कोरिया में बीते करीब एक दशक में पहली बार जन्म दर में बढ़ोतरी हुई है।

## ट्रंप-वेंस का जेलेंस्की को बख्शना संयम का चमत्कार, ओवल ऑफिस की तीखी बहस पर रूस का तंज



**वॉशिंगटन।** रूस के विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता मारिया जखारोवा ने लिखा, %मुझे लगता है कि जेलेंस्की का सबसे बड़ा झूठ व्हाइट हाउस में उनका यह दावा था कि 2022 में कीव अकेला था, बिना किसी समर्थन के। उन्होंने कहा कि ट्रंप और वेंस ने उस बदमाश पर हमला करने से कैसे खुद को रोक लिया, यह संयम का चमत्कार है।

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप शुक्रवार को ओवल ऑफिस में यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की पर बरस पड़े। रूस से जारी जंग को लेकर उन्होंने लाखों लोगों के जीवन के साथ खिलवाड़ करने के लिए जेलेंस्की को फटकार लगाई। ट्रंप ने कहा कि यूक्रेनी राष्ट्रपति का रवैया तीसरा विश्व युद्ध भड़का सकता है। इसके बाद जेलेंस्की ने अमेरिका के साथ महत्वपूर्ण खनिज समझौते पर हस्ताक्षर किए बिना अचानक व्हाइट हाउस छोड़ दिया। इसे लेकर रूस के विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता मारिया जखारोवा ने दावा किया कि अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप और उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने व्हाइट हाउस में अपने तीखे टकराव के दौरान यूक्रेनी राष्ट्रपति को बख्शकर संयम के चमत्कार का परिचय दिया। उन्होंने लिखा, मुझे लगता है कि जेलेंस्की का सबसे बड़ा झूठ व्हाइट हाउस में उनका यह दावा था कि 2022 में कीव अकेला था, बिना किसी समर्थन के। उन्होंने कहा कि ट्रंप और वेंस ने उस बदमाश पर हमला करने से कैसे खुद को रोक लिया, यह संयम का चमत्कार है।

रूसी प्रत्यक्ष निवेश कोष का नेतृत्व करने वाले किरिल दिमित्रिव ने ट्रंप और जेलेंस्की के बीच तीखी बहस को महत्वपूर्ण पल बताया। दिमित्रिव सऊदी अरब में 18 फरवरी को हुई रूस-अमेरिका चर्चा में हिस्सा लिया था। यह 2022 में यूक्रेन में रूस की सैन्य कार्रवाई शुरू होने के बाद पहली अहम बैठक थी। रूस की सुरक्षा परिषद के उपप्रमुख और पूर्व रूसी राष्ट्रपति दिमित्री मेदवेदेव ने भी जेलेंस्की के बर्ताव को अपमानजनक बताया।

## दक्षिणी चीन में नदी में बड़ा हादसा, पोत और नौका की टक्कर होने से कम से कम 11 की मौत

**बीजिंग।** दुर्घटना उस स्थान पर हुई, जहां नदी औसतन 60 मीटर (200 फुट) से अधिक गहरी और 500 मीटर (1,600 फुट) चौड़ी है। तलाश एवं बचाव अभियान जारी है। चीन के दक्षिणी हिस्से में एक नदी में तेल रिसाव को साफ करने वाले एक पोत ने एक छोटी नौका को टक्कर मार दी। हादसे में 11 लोगों की मौत हो गई और पांच अन्य लोग लापता हो गए। सरकारी मीडिया ने शुक्रवार रात इस हादसे के बारे में जानकारी साझा की। देश की आधिकारिक समाचार एजेंसी 'शिन्हुआ' के हवाले से समाचार एजेंसी पीटीआई ने बताया कि मंगलवार की सुबह हुनान प्रांत में युआनशुई नदी में हुई दुर्घटना के दौरान 19 लोग पानी में गिर गए। गनीमत रही कि तीन को तत्काल ही बचा लिया गया।

# तुर्किये में 40 साल से चल रही लड़ाई थमी

**संघर्ष**

**तुर्किये और पीकेके के बीच साल 1984 में संघर्ष शुरू हुआ था, जिसमें अब तक हजारों लोगों की जान जा चुकी है।**



**अंकारा।** शनिवार को पीकेके ने एक बयान जारी कर कहा कि %हम आज से युद्धविराम का एलान करते हैं ताकि शांतिपूर्ण और लोकतांत्रिक समाज के लिए रास्ता साफ हो सके। जब तक हमला नहीं होगा, तब तक हमारे बल हथियार नहीं उठाएंगे।

तुर्किये में बीते 40 वर्षों से जारी लड़ाई अब थम गई है। तुर्किए के सबसे बड़े उग्रवादी संगठन कुर्दिस्तान वर्कर्स पार्टी या पीकेके ने शनिवार को युद्धविराम का एलान कर दिया। पीकेके का यह एलान इसके नेता अब्दुल्ला ओकलान के उस बयान के दो दिन बाद सामने आया है, जिसमें ओकलान ने समूह के लड़ाकों से हथियार डालने और समूह को खत्म करने की अपील की थी। अब्दुल्ला ओकलान साल 1999 से जेल में बंद हैं। शनिवार को पीकेके ने एक बयान जारी कर कहा कि हम आज से युद्धविराम का एलान करते हैं ताकि शांतिपूर्ण और लोकतांत्रिक समाज के लिए रास्ता साफ हो सके। जब तक हमला नहीं होगा, तब तक हमारे बल हथियार नहीं उठाएंगे। तुर्किये और पीकेके के बीच साल 1984 में संघर्ष शुरू हुआ था, जिसमें अब तक हजारों लोगों की जान जा चुकी है। इससे पहले साल 2015 में तुर्किये की सरकार और कुर्दिश संगठन के बीच बातचीत की कोशिश हुई थी, लेकिन उस वक्त सहमति नहीं बन पाई थी। अब समूह के नेता अब्दुल्ला ओकलान की अपील के बाद युद्धविराम पर सहमति बन गई है। पीकेके ने युद्धविराम का एलान करते हुए कहा कि ओकलान का बयान बताता है कि कुर्दिस्तान और मध्य पूर्व में नई एतिहासिक प्रक्रिया शुरू हो गई है। बता दें कि कुर्दिश लोग तुर्किये, इराक, सीरिया और ईरान में रहते हैं। तुर्किये में कुर्दों की आबादी एक करोड़ से ज्यादा है और कुर्द लोगों ने तुर्किये में कुर्दों के लिए अलग देश की मांग को लेकर पीकेके की शुरुआत की थी। पीकेके ने ओकलान को जेल से रिहा करने की भी अपील की है ताकि जब पीकेके के लड़ाके हथियार डालें तो उस कार्यक्रम में ओकलान भी मौजूद रहें।

गुरुवार को जेल से जारी अपनी अपील में ओकलान ने कहा था कि तुर्किये सरकार की तरफ से कुर्दों के अधिकारों पर रोक लगाई जा रही थी, इसके जवाब में पीकेके का गठन किया गया था, लेकिन तब से अब तक कुर्दों के अधिकारों में इजाफा हुआ है। अब संगठन ने अपनी उम्र पूरी कर ली है और अब इसे खत्म कर दिया जाना चाहिए।

## अपने अंतरिक्ष स्टेशन पर विदेशी मेहमान के तौर पर पाकिस्तानी यात्री को भेजेगा चीन, दोनों देशों में समझौता

**अंतरिक्ष**


**पाकिस्तान को चीन का करीबी सहयोगी माना जाता है और दोनों देश अंतरिक्ष क्षेत्र में अपनी साझेदारी को मजबूत कर रहे हैं।**



**इस्लामाबाद।** चीन की मानव अंतरिक्ष उड़ान कार्यक्रम संचालित करने वाली एजेंसी (सीएमएसए) के मुताबिक शुक्रवार को चीन और पाकिस्तान ने एक समझौते पर हस्ताक्षर किए। इसके तहत पाकिस्तानी अंतरिक्ष यात्रियों का चयन और प्रशिक्षण सहित कुछ को टियांगोंग भेजने की द्विपक्षीय कोशिशें शामिल हैं। चीन ने अंतरिक्ष क्षेत्र में पाकिस्तान के साथ साझेदारी मजबूत करने के लिए बड़ा कदम उठाया है। चीन ने अपने अंतरिक्ष स्टेशन टियांगोंग पर पहले विदेशी मेहमान के तौर पर पाकिस्तान से एक अंतरिक्ष यात्री को भेजने की योजना बनाई है। चीन की मानव अंतरिक्ष उड़ान कार्यक्रम संचालित करने वाली एजेंसी (सीएमएसए) के मुताबिक शुक्रवार को चीन और पाकिस्तान ने एक समझौते पर हस्ताक्षर किए। इसके तहत पाकिस्तानी अंतरिक्ष यात्रियों का चयन और प्रशिक्षण सहित कुछ को टियांगोंग भेजने की द्विपक्षीय कोशिशें शामिल हैं।पाकिस्तान को चीन का करीबी सहयोगी माना जाता है और दोनों देश अंतरिक्ष क्षेत्र में अपनी साझेदारी को मजबूत कर रहे हैं। चीन का अंतरिक्ष स्टेशन तियांगोंग मौजूदा वक्त में पृथ्वी से 400 किलोमीटर ऊपर परिक्रमा कर रहा है। शुक्रवार को पाकिस्तानी अंतरिक्ष यात्री को अंतरिक्ष में भेजने के समझौते पर पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ की मौजूदगी में चीन मानवयुक्त अंतरिक्ष एजेंसी (सीएमएसए) और पाकिस्तान के अंतरिक्ष एवं ऊपरी वायुमंडल अनुसंधान आयोग (एसयूपीएआरसीओ) ने इस्लामाबाद में एक समारोह में हस्ताक्षर किए। चीन बीते कुछ वर्षों से पाकिस्तान के लिए सैटेलाइट लॉन्च कर रहा है। यह चीन के पाकिस्तान को अंतरिक्ष क्षेत्र में दिए जा रहे सहयोग का हिस्सा है।

टियांगोंग अंतरिक्ष स्टेशन पिछले चार वर्षों से पृथ्वी की कक्षा में है और इसे रूस के अंतरिक्ष स्टेशन मीर का प्रतिस्पर्धी माना जाता है। अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) से चीन को बाहर करने के बाद ड्रैगन के देश ने टियांगोंग का निर्माण किया था। ऐसा इसलिए किया गया क्योंकि पश्चिमी देशों को चिंता थी कि चीन का अंतरिक्ष कार्यक्रम पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) यानी चीन की सेना संचालित करती है। चीन का यह अंतरिक्ष स्टेशन अब चीन और अमेरिका के बीच एक नई प्रतिस्पर्धा का केंद्र बन गया है।

## जब ट्रंप के सामने अमेरिकी रिपोर्टर ने किया अपमान




**वॉशिंगटना।** जेलेंस्की ने पूरी शालीनता दिखाते हुए कहा कि %बेशक, वे सूट पहनेंगे, लेकिन जब यह लड़ाई खत्म हो जाएगी। उसके बाद मैं सूट पहनूंगा। इसके बाद जेलेंस्की ने पत्रकार को सवाल के लिए धन्यवाद भी कहा। यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की का शुक्रवार को व्हाइट हाउस में ओवल ऑफिस का दौरा किसी बुरे सपने से कम नहीं रहा। इस दौरान राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने जेलेंस्की को पूरे मीडिया के सामने खूब खरी खोटी सुनाई और ये साफ कह दिया कि अमेरिका की मदद के बिना, वे एक हफ्ते भी रूस के सामने नहीं टिक सकते। न सिर्फ ट्रंप और जेडी वेंस बल्कि अमेरिकी पत्रकारों ने भी जेलेंस्की से ऐसे सवाल किए, जो खासे अपमानजनक कहे जा सकते हैं। हालांकि जेलेंस्की ने बिना नाराज हुए पूरी शालीनता से जवाब देने की कोशिश की। ऐसे ही एक अमेरिकी पत्रकार ने जेलेंस्की से सवाल किया कि वे सूट क्यों नहीं पहनते हैं? पत्रकार ने कहा कि आप इस देश में बैठकर ओवल ऑफिस में सर्वोच्च स्तर पर बातचीत कर रहे हैं, लेकिन आपने इसके लिए भी सूट पहनने से इनकार कर दिया। क्या आपके पास सूट है भी या नहीं? इस दौरान कुछ पत्रकार हंसते हुए नजर आए।

## वेंस ने स्वीकार की पोप फ्रांसिस की आलोचना

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने पॉप फ्रांसिस की उस आलोचना को स्वीकार किया, जिसमें उन्होंने ट्रंप प्रशासन द्वारा अवैध प्रवासियों के निर्वासन पर टिप्पणी की थी। वेंस ने हालांकि उनके बयान में पर जवाब नहीं दिया, लेकिन कहा कि वह और उनका परिवार पॉप फ्रांसिस के स्वास्थ्य के लिए प्रार्थना कर रहे हैं।

अमेरिकी उप राष्ट्रपति जेडी वेंस ने पोप फ्रांसिस की उस आलोचना को स्वीकार किया, जिसमें उन्होंने डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन द्वारा अवैध रूप से प्रवेश करने वाले प्रवासियों के खिलाफ की गई कार्रवाई पर नाराजगी जताई थी। हालांकि, वेंस ने इस पर कोई खास जवाब नहीं दिया और न ही पोप के बयान पर चर्चा की। कैथोलिक धर्म में परिवर्तित होने वाले वेंस शुक्रवार को वॉशिंगटन में एक धार्मिक कार्यक्रम में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि वह और उनका परिवार रोजाना पोप फ्रांसिस के स्वास्थ्य के लिए प्रार्थना कर रहे हैं, क्योंकि पोप इस समय अस्पताल में हैं। वेंस ने कहा कि वह यह नहीं चाहते कि लोग यह तय करें कि कौन सही है और कौन गलत, लेकिन वह अपनी राय का बचाव करते रहेंगे।



उन्होंने पोप फ्रांसिस की सराहना करते हुए कहा कि वह अपने धार्मिक समुदाय की देखभाल करते हैं। इस दौरान वेंस ने यह भी कहा कि धर्मगुरुओं को सोशल मीडिया पर बहस का हिस्सा नहीं बनाया जाना चाहिए। पोप फ्रांसिस ने फरवरी में ट्रंप प्रशासन की अवैध प्रवासियों को निर्वासन की योजना की आलोचना की थी। उन्होंने कहा था कि इससे प्रवासियों की गरिमा को नुकसान पहुंचेगा। वेंस ने पहले ट्रंप की नीतियों का समर्थन करते हुए उस पुरानी धार्मिक शिक्षा का हवाला दिया था, जिसमें कहा गया था कि हमें अपने परिवारों और करीबी संबंधियों को प्राथमिकता देनी चाहिए। लेकिन पोप फ्रांसिस ने इसका जवाब देते हुए कहा कि सच्चा प्रेम वह जो सभी को बराबरी में शामिल करता है। वेंस ने शुक्रवार को कहा कि वह बेबी कैथोलिक हैं। उन्होंने इस बात को माना कि उन्हें धर्म के बारे में बहुत कुछ पता नहीं है। उन्होंने कहा कि वह हमेशा विनम्रता से धर्म की बात करते हैं, क्योंकि कभी-कभी वह गलत भी हो सकते हैं। बेबी कैथोलिक का मतलब उस व्यक्ति से है जो हाल ही में कैथोलिक धर्म में परिवर्तित हुआ है और धर्म के बारे में बहुत सारी चीजें अभी सीख रहा है। अमेरिकी उपराष्ट्रपति ने यह भी स्वीकार किया कि उन्हें बिशप्स से आलोचना का सामना करना पड़ा है। हालांकि उन्होंने यह नहीं बताया कि बिशप्स ने उनकी आलोचना क्यों की। दरअसल, वेंस ने दावा किया था कि बिशप अमेरिकी सरकार से अवैध प्रवासियों के पुनर्वास के लिए लाखों डॉलर हासिल कर रहे हैं।

# महाकुम्भ के बाद प्रयागराज की होगी महासफाई

अवधनामा संवाददाता

**प्रयागराज।** मुख्यमंत्री द्वारा दिए गए निर्देशों के क्रम में महाकुंभ मेले की समाप्ति के उपरांत प्रयागराज जनपद एवं संपूर्ण मेला क्षेत्र में सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु चलाए गये सफाई अभियान का निरीक्षण आज मण्डलायुक्त विजय विश्वास पंत ने नगर आयुक्त चंद्र मोहन गर्ग के साथ विभिन्न क्षेत्रों का भ्रमण कर किया।उन्होंने मेला एवं शहर के विभिन्न स्थानों में जाकर अभियान में लगे सफाई कर्मियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए तथा कई स्थानों पर स्वयं भी सफाई में श्रमदान किया। उन्होंने सभी स्थानों से ठोस अपशिष्ट का कलेक्शन करते हुए उसे बसवार प्लांट भेजने, नाले एवं नालियों की सफाई कराने, गड्ढों में पानी न जमा होने देने, बिना शोधन नालों का पानी नदियों में आगे भी न जाए यह सुनिश्चित करने तथा विभिन्न स्थानों पर स्थापित किए गए वर्टिकल गार्डन



में सूख रहे पौधों को रिप्लेस कराते हुए उन्हें पानी देने की समुचित व्यवस्था करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान उन्होंने मेला क्षेत्र में सेक्टर 9 स्थित जानकी मंदिर, शिवकुटी नाले, कोटेश्वर महादेव मंदिर कैलाशपुरी गेट, अमिताभ बच्चन पुलिया, सेक्टर 7 स्थित लक्ष्मी द्वार, सेक्टर 6 बघाड़ा पार्किंग, सेक्टर 5 स्थित दशाश्वमेध घाट, झूंसी स्थित टिकर माफ़ी आश्रम के निकट तथा अन्य कई स्थानों का निरीक्षण कर सभी स्थानों पर पूर्णत~सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

**नगर निगम में बैठक-** इसी क्रम में माननीय महापौर उमेश चंद्र गणेश केसरवानी की अध्यक्षता तथा मण्डलायुक्त विजय विश्वास पंत, नगर आयुक्त चंद्र मोहन गर्ग तथा अन्य संबंधित अधिकारियों की उपस्थिति में नगर निगम सभागार में भी स्वच्छता संबंधित बैठक की गई जिसमें महाकुंभ के समापन के उपरांत शहरीय क्षेत्र में पूर्णत~ साफ सफाई सुनिश्चित करने हेतु सभी उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया गया। महापौर तथा मंडलायुक्त ने सभी को आगामी होली के त्यौहार तथा रमजान के अवसर पर शहर के सभी स्थानों को कूड़ा मुक्त बनाने तथा नाले एवं नालियों की पूर्णतः सफाई कराने के निर्देश दिए।

### मेला प्राधिकरण कार्यालय में सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं एस एम ओ के साथ बैठक


महाकुंभ की समाप्ति के उपरांत मेला क्षेत्र से तंबू, कनात टॉयलेट्स तथा अन्य चीजों को हटाने के कार्यों को अतिशीघ्र पूर्ण कराने एवं पूरे मेला क्षेत्र में सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करने के दृष्टिगत मंडलायुक्त ने मेलाधिकारी श्री विजय किरन आनंद, विशेष कार्याधिकारी सुश्री आकांक्षा राणा, अन्न संबंधित अधिकारी तथा समस्त सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं एस एम ओ के साथ आर्ट्रिपल्सी सभागार में बैठक की। बैठक में मेला क्षेत्र से सभी चीजों को हटाने एवं साफ सफाई के कार्यों को शीघ्र पूरा करने के दृष्टिगत लेबर गैंग को रीटेन करते हुए उनसे अगले एक सप्ताह के भीतर सभी कार्यों को पूर्ण कराने, पूर्ण हो रहे कार्यों का समय अंतर्गत सत्यापन कराने तथा सभी कार्यों का ड्रोन के माध्यम से अनुश्रवण करने को कहा गया। मण्डलायुक्त ने स्पष्ट रूप से निर्देशित करते हुए कहा कि सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं सेक्टर मेडिकल ऑफिसर अपने अपने सेक्टरों में रह कर प्रॉपर मॉनिटरिंग के साथ सभी कार्यों को पूर्ण कराएं तथा सफाई कर्मियों को किसी भी सूरत में फुहाल जलाने न दें। मेला अधिकारी ने सभी कार्यों को समयबद्ध तरीके से पूर्ण कराने हेतु संबंधित एडीएम एवं एसडीएम की ड्यूटी लगाते हुए एक सप्ताह के भीतर सभी सत्यापन की कार्रवाई को पूर्ण कराने के निर्देश दिए।

## पुलिस ने एक युवक को जबरन उठा ले जाने वाले तीन अभियुक्तों को किया गिरफ्तार

**बांदा।** पुलिस अधीक्षक बांदा अंकुर अग्रवाल के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण लगाये जाने तथा वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में आज दिनांक 01.03.2025 को गिरवां पुलिस द्वारा जबरन उठा ले जाने वाले तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया गया है । गौरतलब हो कि दिनांक 28.02.2025 को शिवकेश पुत्र रामऔतार द्वारा थाना गिरवां पर अपने बहनोई को कुछलोगो द्वारा जबरन उटा ले जाने के सम्बन्ध में प्रार्थना पत्र दिया गया था। जिसके सम्बन्ध में थाना गिरवां पुलिस द्वारा अभियोग पंजीकृत करते हुये व थाना गिरवां पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुये युवक को सकुशल बरामद कर घटना मे शामिल तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया गया है । तथा घटना में प्रयुक्त 02 चार पहिया वाहन व 09 अदद मोबाइल बरामद कर लिया गया है।

## चार सड़कों की स्वीकृति पर विधायक ने मंत्री को दी बधाई

अवधनामा संवाददाता



**जौनपुर। (बदलापुर)** स्थानीय विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत मंडी परिषद से 4 सड़को की स्वीकृति प्रदान किए जाने पर शनिवार को मुलाकात कर विधायक रमेश चन्द्र मिश्र ने प्रदेश के कृषि विपड़न व मंडी परिषद के मंत्री दिनेश प्रताप सिंह के प्रति आभार व्यक्त करते हुए बधाई दिया। वित्तीय वर्ष 2024 /25 में विधायक रमेश चन्द्र मिश्र द्वारा प्रस्तावित चार सड़कों की लागत 146 करोड़ रुपए की है। ग्राम मस्थरी में बक्सा लोहिन्दा पिच रोड़ से एसपीएम पब्लिक स्कूल से शारदा सहाय खण्ड 36 नहर पिच रोड़ तक नव निर्माण कार्य लम्बाई-900 मीटर लागत 42.03 लाख रुपए, बदलापुर से भीमपुर नहर पटरी से भीमपुर ब्राह्मण व धोबी बस्ती तक नव निर्माण कार्य लम्बाई-700 मीटर लागत 32.43 लाख रुपए, ग्राम गजाधरपुर मेंन नहर से गजहरमऊ ब्राह्मण बस्ती तक नव निर्माण कार्य लम्बाई-एक किलोमीटर लागत 44 लाख रुपए, तथ इब्राहिमपुर पुल से शीतला प्रसाद इंटर कॉलेज तक, लंबाई 600 मीटर लागत 28 लाख रुपए है। विधायक रमेश चन्द्र मिश्र ने बताया कि भाजपा की सरकार में मंडी समिति निधि से अब ग्रामीण क्षेत्रों में विकास की गंगा बहेगी। सड़कों के अलावा लोगों को बुनियादी सुविधाएं मिलेंगी। विधायक ने बताया कि सड़को की गुणवत्तापूर्ण निर्माण के लिए शासन से 74 लाख रुपए जारी हो गया है।

# नई दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय विज्ञान दिवस समारोह में विश्वविद्यालय को मिला प्रतिष्ठित सम्मान



**यह सम्मान उत्तर प्रदेश के लिए है गर्व की बातः कुलपति प्रो. वंदना सिंह**

अवधनामा संवाददाता

**जौनपुर।** नई दिल्ली स्थित विज्ञान भवन में आयोजित राष्ट्रीय विज्ञान दिवस समारोह 2025 के अवसर पर वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय की कुलपति समेत डीएसटी पर्स टीम को विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने सम्मानित किया। कुलपति प्रो. वंदना सिंह को मिले सम्मान को विश्वविद्यालय के आंतरिक गुणवत्ता प्रकोष्ठ के निदेशक प्रो. गिरिधर ने प्रतिनिधि के तौर पर प्राप्त किया। विश्वविद्यालय के कुलपति सभागार में शनिवार को आयोजित कार्यक्रम में नई दिल्ली में आयोजित सम्मान समारोह में प्राप्त अवार्ड को प्रो. गिरिधर मिश्र एवं पर्स टीम ने कुलपति प्रो. वंदना सिंह को सौंपा। विश्वविद्यालय से पर्स की टीम के प्रो. गिरिधर मिश्र, डॉ. धीरेन्द्र चौधरी एवं डॉ. काजल डे ने कार्यक्रम में प्रतिभाग किया।सम्मान समारोह में भारत सरकार के मुख्य वैज्ञानिक सलाहकार प्रो. ए. के. सूद, राष्ट्रीय विज्ञान अकादमी के अध्यक्ष प्रो. आशुतोष शर्मा, सचिवङ्कआयुष श्री वैद्य राजेश कोटेचा, सचिव डी.बी.टी. डॉ. राजेश एस. गोखले, सीएसआईआर की महानिदेशक डॉ. एन. कालासेलवी, तथा विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के सचिव प्रो. अभय कारंडीकर सहित देशभर के विभिन्न विश्वविद्यालयों के कुलपति व आचार्य उपस्थित रहे। उल्लेखनीय है कि उत्तर प्रदेश से वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय ही एकमात्र ऐसा विश्वविद्यालय है जिसे इस वर्ष यह प्रतिष्ठित अनुदान और सम्मान प्राप्त हुआ है। भारत सरकार के विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने विश्वविद्यालय को ÷प्रमोशन ऑफ यूनिवर्सिटी रिसर्च एंड साइंटिफिक एक्सीलेंस अनुदान प्रदान किया है। इस महत्वपूर्ण उपलब्धि पर कुलपति प्रो. वंदना सिंह ने पर्स टीम सहित पूरे विश्वविद्यालय परिवार को बधाई दी. उन्होंने कहा कि यह अनुदान विश्वविद्यालय की शैक्षणिक उत्कृष्टता एवं शोध में उत्कृष्ट योगदान का प्रमाण है, जो न केवल संस्थान बल्कि पूरे राज्य के लिए गर्व की बात है. इस परियोजना के अंतर्गत सौर ऊर्जा, हाइड्रोजन ऊर्जा, और उन्नत बैटरी प्रौद्योगिकी जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में शोध को नई ऊर्जा मिलेगी। इस अवसर पर योग गुरु जय सिंह ने शिक्षकों एवं अधिकारियों को मन केन्द्रित करने के लिए ध्यान का अभ्यास कराया। इस अवसर पर कुलसचिव महेंद्र कुमार, परीक्षा नियंत्रक डॉ. विनोद कुमार सिंह, प्रो. मानस पाण्डेय, प्रो. अजय प्रताप सिंह, प्रो. मनोज मिश्र, प्रोफेसर अविनाश पाथर्डीकर प्रो. राजेश शर्मा, प्रो. सौरभ पाल, प्रो. रजनीश भास्कर, प्रो. रवि प्रकाश, डॉ. सुनील कुमार डॉ. दिग्विजय सिंह राठौर, डॉ. शशिकांत, उपकुलसचिव अजीत प्रताप सिंह, अमृत लाल, बबिता सिंह समेत लोग उपस्थित रहे।

# राष्ट्रीय लोक अदालत की सफलता हेतु प्रचार वाहन रवाना



अवधनामा संवाददाता

**प्रयागराज।** जनपद न्यायाधीश/ अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण प्रयागराज श्री संतोष राय द्वारा शनिवार को दिनांक 08.03.2025 को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत की सफलता हेतु जनपद न्यायालय परिसर, प्रयागराज से प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। प्रचार वाहन के साथ समस्त बैंकों के प्रबंधकगण व जिला अग्रणी प्रबंधक, बैंक ऑफ़ बड़ौदा उपस्थित रहे। प्रचार वाहन के साथ पराविधिक स्वयंसेवक ने पूरे शहर में लोक अदालत का प्रचार प्रसार किया। इस मौके पर श्री रविकांत नोडल ऑफिसर लोक अदालत/ एडीजे व श्री दिनेश कुमार गौतम, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण/ एडीजे सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे। दिनांक 08.03.2025 को आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत का प्रचार प्रसार पूरे जनपद में किया गया तथा दिनांक 5 मार्च से 7 मार्च तक आयोजित पेटी ऑफेंस की विशेष लोक अदालत के बारे में आम जनता को बताया गया। समस्त जनमानस से अनुरोध है की पेटी ऑफेंस की विशेष लोक अदालत दिनांक 5 मार्च से 7 मार्च में अपने वादों को नियत कर निस्तारित कराए तथा दिनांक 08.03.2025 को आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत में अपने मुकदमे को चिन्हित कर स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के साथ उपस्थित हो कर उसका निस्तारण कराए। यह जानकारी सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण दिनेश कुमार गौतम द्वारा प्रदान की गई।

# उत्तर प्रदेश के सभी 75 जिलों के जिला मुख्यालयों में पहुंचेगा त्रिवेणी का पावन जल

अवधनामा संवाददाता



**अग्निशमन एवं आपात सेवा विभाग की मदद से 5 लाख लीटर से अधिक त्रिवेणी के जल की घर घर होगी निःशुल्क डिलिवरी**

**प्रयागराज।** प्रयागराज महाकुम्भ में इतिहास रचते हुए 66 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने संगम में पुण्य की डुबकी लगाई। इस पुण्य त्रिवेणी के जल की डुबकी से कोई छूट न जाए, सभी की आस्था और धार्मिक भावनाओं का सम्मान करते हुए योगी सरकार प्रदेश में किसी वजह से महा कुम्भ न पहुंच सके लोगों के लिए भी त्रिवेणी के जल से पुण्य स्नान का नायाब अवसर दे रही है। योगी सरकार ने निर्देश पर अग्नि शमन एवं आपात सेवा विभाग ने इसकी जिम्मेदारी संभाली है प्रयागराज महाकुम्भ का पुण्य लाभ प्राप्त करने के लिए देश और दुनिया भर से 66 करोड़ 33 लाख लोग त्रिवेणी के तट पर महा कुम्भ में पहुंचे। इसके अलावा जेल में बंद बंदियों की आस्था और धार्मिक भावनाओं का सम्मान करते हुए भी पहली बार किसी सरकार ने उन्हें जेल के अंदर ही त्रिवेणी के पुण्य जल से स्नान का मौका दिया। प्रदेश की जेलों में बंद 90 हजार से अधिक कैदियों और बंदियों को इसका अवसर प्रदान करने की नायाब पहल के बाद प्रदेश में महाकुम्भ आने से वंचित रह गए लोगों के लिए भी सरकार ने पुण्य अर्जित करने का अवसर दिया। इसकी शुरुआत शुक्रवार को त्रिवेणी संगम में अग्नि शमन एवं आपात सेवा विभाग की तरफ से हुई है। महाकुम्भ के मुख्य अग्नि शमन अधिकारी प्रमोद शर्मा का कहना की शासन के निर्देश पर प्रदेश के 75 जिलों से महा कुम्भ आई दमकल का पानी खाली कराकर संगम के पवित्र जल को इनमें भरकर संगम से सभी जिलों के लिए रवाना कर दिया गया है। इस पुण्य जल से महा कुम्भ आने से वंचित रह गए लोग स्नान कर सकेंगे।यूपी के अग्निशमन तथा आपात सेवा ने प्रदेश के सभी 75 जनपदों में आज से संगम का जल पहुंचाने की नायाब पहल की है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को प्रयागराज पहुंचने पर निर्देश दिए थे कि जो लोग किन्हीं कारणों से महाकुम्भ में स्नान करने नहीं आ पाए हैं, उनके लिए सरकार संगम का जल भिजवाएगी। मुख्यमंत्री की मंशा के अनुरूप अब अग्निशमन तथा आपात सेवा ने संगम का जल दमकल में भरकर सभी जनपद के लिए रवाना कर दिया है। महा कुम्भ के मुख्य अग्नि शमन अधिकारी प्रमोद शर्मा का कहना है कि महाकुम्भ में 300 अधिक से दमकल प्रदेश के विभिन्न जिलों से मंगाई गई थी।

## चोरों ने सेंध काटकर लाखों का माल किया पार

**जौनपुर (सरपतहां)** हमजापुर (ऊसर गांव) बाजार में शुक्रवार रात एक जेवर की दुकान में सेंध काटकर चोरों ने नकदी समेत लाखो रुपए मूल्य के आभूषण पर हाथ साफ कर दिया। दुकानदार को घटना की जानकारी हुई तो उसने पुलिस को प्रार्थना सूचना दी जिसके बाद पुलिस ने घटना की जांच- पड़ताल में जुटी है। खुटहन थाना क्षेत्र के पटैला निवासी शिवकुमार सोनी उर्फ गोलू क्षेत्र के हमजापुर में शिवकुमार ज्वेलर्स नाम से जेवर की दुकान चलाता है। रोजाना की भांति शुक्रवार को शाम 6 बजे वह दुकान बंद करके घर चला गया शनिवार सुबह मकान मालिक बृज मोहन गौड़ द्वारा उसे सूचना मिली कि उसके दुकान में सेंध काटी गई है। जिसके बाद वह भागते हुए दुकान पर पहुंचा। पीड़ित के अनुसार दुकान से 3.5 किलोग्राम चांदी, 72 ग्राम सोना के अलावा चार हजार रुपए नकद गायब है उधर इस बारे में पूछे जाने पर चौकी प्रभारी सराय मोहिउद्दीनपुर अरविंद यादव ने बताया कि सुबह चोरी की सूचना मिली है जिसके बाद तत्काल घटनास्थल पर पहुंचकर जांच-पड़ताल की जा रही है।

# जनतादल यूनाइटेड की प्रदेश अध्यक्षा कल से अनशन पर

**खनन कारोबारियों और अपर जिलाधिकारी के साथ सम्बंधों पर पर जताया ऐतराज, लगाये गंभीर आरोप**

अवधनामा संवाददाता

**बाँदा।** सभी जनता जनार्दन से निवेदन है कि भ्रष्टाचारियों के खिलाफ लगातार जनता दल यूनाइटेड की टीम लड़ाई लड़ते आए हैं और आगे भी लड़ते आएंगे जो भी अधिकारी जनता से नीतीश कुमार जी के सिपाहियों से गुंडई करेगा उसके खिलाफ सड़क से लेकर सदन तक लड़ाई जारी रहेगी इस अपील के साथ 2 मार्च से अशोक लाट तिराहे पर अनशन मे बैठने जा रही है शालिनी पटेल।

शालिनी पटेल ने अपर जिलाधिकारी पर गम्भीर आरोप लगाये है और उनका कहना है कि जबतक अपर जिलाधिकारी पर कार्यवाही नही होती है तब तक उनका आमरण अनशन जारी रहेगा।

2 मार्च 2025 दिन रविवार से मैं शालिनी सिंह पटेल आपकी बहन आपकी बेटी अशोक लाट बांदा में 12:00 बजे से आमरण अनशन पर बैठूंगी अगर अनशन में मेरे ऊपर किसी भी प्रकार का हमला होता है जिसके जिम्मेदारी बांदा अपर जिलाधिकारी राजस्व राजेश कुमार वर्मा व बांदा सदर विधायक प्रकाश चंद द्विवेदी जिम्मेदार होंगे।

उनका आरोप है कि जब भी मुख्यमंत्री जी को ज्ञापन देती हु तब तब एडीएम महोदय उनका ज्ञापन मुख्यमंत्री जी को नही भेजते है साथ ही उन्होने एडीएम और मौरंग कारोबारियों के साथ के सम्बंधो पर भी आपत्ति जतायी है और कहा कि अगर एडीएम और मौरंग कारोबारियों की फोन की जांच की जाये तो एक बहुत बडा भ्रष्टाचार सामने आयेगा , शालिनी के आरोपो की बात की जाये तो उनके लगाये आरोप बहुत गंभीर है और मान. मुख्यमंत्री जी अगर चाहेगे तो तो एक बडा भ्रष्टाचार सामने आ जायेगा। उन्होने बताया कि उनका अनशन तबतक जारी रहेगा जबतक एडीएम पर कार्यवाही नही हो जाती है।

## सफाई कर्मचारी की सड़क दुर्घटना में हुए मौत मृत्यु

**आजमगढ़।** सफाई कर्मचारी विकासखंड तहबरपुर ग्राम पंचायत बड़सरा आईमा में कार्यत सफई कर्मी श्री रामकेश राम रोड पार कर रहे थे अचानक मोटरसाइकिल से उनका एक्सीडेंट हो गया गंभीर चोटे आई ऑटो रिक्शा द्वारा सदर अस्पताल लाया गया 28 फरवरी दिन शुक्रवार को इलाज के दौरान उनका मृत्यु हो गया। मृत्यु की खबर सुनते ग्रामीण सफई कर्मचारियों में शोक की लहर दौड़ गई उनके घर पहुंच कर ग्रामीण सफई कर्मचारी शोक संवेदना व्यक्त करते हुए उनके घर पहुंच कर परिवार को सांत्वना देते हुए। होनी को कोई नहीं टाल सकता है ईश्वर से प्रार्थना है मृतक आत्मा को अपने चरणों में उचित स्थान दें आज दिनांक 1 मार्च 2025 को दिन शनिवार को सदर अस्पताल पोस्टमार्टम कराकर उनके पैतृक आवास खरचलपुर पहुंच कर मृतक आत्मा का दाह संस्कार दत्तात्रेय किया गया।

पोस्टमार्टम हाउस सदर अस्पताल वहां पर उपस्थित जिला अध्यक्ष सीपी यादव जिला महामंत्री ओंकार नाथ वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष गुलाब चौरसिया कार्यालय सचिव सुनील सिंह तहबरपुर ब्लाक अध्यक्ष महेंद्र कुमार रन्नु यादव अवधेश कुमार श्रीकांत यादव राममिलन यादव सरफुद्दीन आदि लोग उपस्थित रहे सदर अस्पताल जनपद आजमगढ़।

# अध्यक्ष पद पर मनोज व महासचिव में राममिलन ने किया कब्जा

अवधनामा संवाददाता

**अतर्रा बांदा।** अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष पद पर मनोज द्विवेदी ने 45 वोटो से अपनी जीत दर्ज की कल 128 मतदाताओं में से 121 अधिवक्ताओं ने मतदान किया जिसमें 2 मत अवैध घोषित किए गए महासचिव पद पर राममिलन कुशवाहा निर्विरोध घोषित हुए

बताते चलें अधिवक्ता संघ के दूसरे गुटके अध्यक्ष पद पर हुए चुनाव शुक्रवार को निर्वाचन अधिकारी ने संपन्न कराया मतदान सुबह 9~00 बजे से दोपहर 3~00 बजे तक हुआ मत करना शाम 4~00 बजे से शुरू हुई जोकि देर शाम तक चली जिसमें 121 मत में मनोज द्विवेदी को 82 वोट और उनके प्रतिद्वंदी राम प्रसाद वर्मा को मात्र 37 वोट मिले जिसमें श्री द्विवेदी ने 45 वोटो से श्री वर्मा को पराजित किया जिसमें दो वोट अवैध घोषित किए गए एक मत जो टेंडर पड़ा था उसको नहीं खोला गया चुनाव एल्डर कमेटी के अध्यक्ष विनोद तिवारी की देखरेख में संपन्न हुआ निर्वाचन अधिकारी सूरत वाजपेई ने प्रणाम की घोषणा करते हुए सभी को बधाई की इस दौरान सहायक निर्वाचन अधिकारी राजेंद्र गुप्ता विनय कुमार मिश्रा डटे रहे इसी प्रकार कमेटी के अन्य पदाधिकारी में से महासचिव राममिलन कुशवाहा वर्ष उपाध्यक्ष विश्वनाथ अवस्थी कनिष्ठ उपाध्यक्ष सुशील गुप्ता कोषाध्यक्ष मंगल सिंह संयुक्त सचिव प्रशासन ऋुवेनदर सिंह संयुक्त सचिव प्रशासन शाश्वत मिश्रा संयुक्त सचिव पुस्तकालय रजनीश निर्विरोध घोषित हुए मतदान से मतगणना के दौरान जहां सुरक्षा व्यवस्था को लेकर थाना अध्यक्ष कुलदीप तिवारी इंचार्ज प्रेम पाल सिंह शिव कुमार सब इंस्पेक्टर दीपक सैनी प्रदीप सैनी पुलिस बल के साथ मौजूद रहे परिणाम घोषित होने के बाद विजय प्रत्याशी को अधिवक्ताओं ने फूल मालाओं से लड़ दिया वह एक दूसरे का मुंह मीठा कर या इस दौरान एल्डर कमेटी अध्यक्ष विनोद तिवारी अमर सिंह राठौड़ अमर बाबू सचदेवा राजेंद्र जाटव रामकिशोर तिवारी शिव मूर्ति मिश्रा जितेंद्र तिवारी संजय श्रीवास्तव राजेंद्र यादव मनोज श्रीवास्तव आदि तमाम अधिवक्ता मौजूद रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### प्रेमी ने की हत्या, गिरफ्तार



**जौनपुर।** नगर के जेसीज चैराहा के निकट कमला हास्पिटल के सामने सूटकेश में अज्ञात महिला के हत्या की घटना का पुलिस ने अनवारण कर दिया है। बताया गया कि महिला की हत्या उसके प्रेमी ने किया था। मृतका जौनपुर के एक माल पर काम करती थी और यही किराये पर कमरा लेकर रहती थीं। उसके प्रेमी ने हत्या के बाद शव को सूटकेश में बन्द कर नाले में फेक दिया था।यह बात उसने स्वीकार किया है। अपर पुलिस अधीक्षक नगर अरविन्द वर्मा ने बताया कि शहर कोतवाली पुलिस द्वारा महिला के हत्या की घटना का अनावरण किया गया। घटना को अंजाम देने वाले अभियुक्त विशाल साहनी पुत्र नरायण साहनी निवासी मूडादेव पोस्ट टिकरी थाना रोहनिया, वाराणसी को मुखबिर सूचना के आधार पर भण्डारी रेलवे स्टेशन से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त आलाकत्ल लोहे का पल्टा बरामद किया गया। गिरफ्तार करने वाले टीम में प्रभारी निरीक्षक कोतवाली मिथिलेश मिश्रा, निरीक्षक महमूद आलम अंसारी,उ 0नि सुनिल यादव,हे 0 का 0 सत्यप्रकाश सिंह, कमलेश प्रसाद सैनी, अमित सिंह आदि थे।

### राष्ट्रीय राजमार्गो के निर्माण की प्रगति की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न




**जौनपुर।** जिलाधिकारी डॉ0 दिनेश चन्द्र की अध्यक्षता में राष्ट्रीय राजमार्गो के निर्माण की प्रगति की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुई। एनएचएआई की परियोजना 135 ए जौनपुर शाहगंज पैकेज-2 में कुल 35 ग्राम की भूमि का अधिग्रहण होना है, जिसके लिए कुल मुआवजा 216 करोड़ दिया जाना है, जिसके सापेक्ष अब तक मात्र 72 करोड़ वितरित किए गए है। जौनपुर भदोही 135 ए पैकेज 1 कुल 44 ग्राम में जिन्हें कुल प्रतिकर (मुआवजा) 107 करोड़ दिया जाना है, जिसमें अब तक मात्र 56 करोड़ वितरित किए गए हैं। जिलाधिकारी ने समीक्षा के दौरान पाया कि 11 ग्राम ऐसे है जहॉ अबतक शून्य धनराशि का वितरण हुआ है जिसपर जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त करते हुए सम्बन्धित लेखपालों को प्रतिकुल प्रवष्टि जारी करने तथा वेतनवृद्धि रोकने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी के द्वारा सभी लेखपालों को निर्देश दिया गया कि एक सप्ताह के अंदर मुआवजा की पत्रावली बनाकर एक सप्ताह में प्रस्तुत करें और 15 दिनों में शेष धनराशि के मुआवजे का वितरण शत-प्रतिशत कराना सुनिश्चित करें, इसमें शिथिलता बरतने पर तथा मुआवजा वितरण की प्रगति न बढाये जाने पर उपजिलाधिकारी तथा तहसीलदार को भी प्रतिकुल प्रवष्टि दी जायेगी। इस अवसर पर अपर जिला अधिकारी भू-राजस्व अजय अंबष्ट, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट इशिता किशोर, सहित उपजिलाधिकारी गण, तहसीलदार सहित अन्य उपस्थित रहे।

## साइबर फ्राड के दो लाख आवेदक के खाते में कराया गया वापस

**आजमगढ़।** साइबर थाना अवगत कराना है कि साइबर अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी नियन्त्रण हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आजमगढ़ के कुशल निर्देशन व नोडल साइबर थाना सहायक पुलिस अधीक्षक, क्षेत्राधिकारी सदर आजमगढ़ अनन्त चन्द्रशेखर के निकट पर्यवेक्षण में साइबर थाना पर पंजीकृत मु0अ0सं0 12, 2024 धारा 419, 420 प्ब्ब् व 66 एक्ट की विवेचना, जाँच के अनुक्रम में साइबर क्राइम पुलिस थाना जनपद आजमगढ़ टीम द्वारा सार्थक प्रयास करते हुये मुकदमा वादी से फ्राड हुए 5, 95, 000, रु0 में से 200000-(दो लाख रुपये) मुकदमा वादी के खाते में वापस कराया गया। शिकायतकर्ता, मुकदमा वादी द्वारा जनपदीय उच्चाधिकारियों व साइबर क्राइम पुलिस थाना आजमगढ़ टीम का आभार व्यक्त किया।


# मण्डलायुक्त व डीआईजी 06 मामलों का मौके पर किया निस्तारण



**आजमगढ़।** मण्डलायुक्त विवेक एवं डीआईजी सुनील कुमार सिंह द्वारा संयुक्त रूप से आज तहसील मुहम्मदाबाद गोहना, जनपद मऊ में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में जन समस्याओं को सुना गया। इस अवसर पर समस्त संबंधित अधिकारियों को जन समस्याओं को निर्धारित समय में गुणवत्तायुक्त निस्तारण करने के निर्देश दिये। जन सुनवाई के दौरान कुल 74 मामले आये। जिसमे से 06 मामलों का मौके पर निस्तारण किया गया तथा शेष 68 मामलों के निस्तारण हेतु संयुक्त टीम बनाते हुए मौके पर जाकर निस्तारण करने के निर्देश दिये। प्राप्त मामलों में राजस्व विभाग के 39, पुलिस के 13 एवं अन्य के 22 मामले शामिल हैं। मण्डलायुक्त एवं डीआईजी ने समस्त संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि जिन-जिन विभागों से संबंधित आवेदन पत्र प्राप्त हुए हैं, उसका निस्तारण शत प्रतिशत गुणवत्तायुक्त करना सुनिश्चित करें। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी मऊ, उप जिलाधिकारी मु0बाद गोहना, तहसीलदार मु0बाद, सीओ मु0बाद सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# डीएम व एसपी ने सुनी फरियाद

अवधनामा संवाददाता



**आजमगढ़।** जिलाधिकारी नवनीत सिंह चहल एवं पुलिस अधीक्षक हेमराज मीना की अध्यक्षता में आज तहसील बूढ़नपुर के सभागार में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को जन समस्याओं के त्वरित एवं गुणवत्तायुक्त निस्तारण करने के निर्देश दिये। उन्होने कहा कि इसमे किसी भी स्तर पर लापरवाही क्षम्य नही होगी, जन समस्याओं का गुणवत्तायुक्त एवं समयबद्ध निस्तारण शासन की प्राथमिकता है। इस अवसर पर कुल 112 मामले आये, जिसमे से 04 मामलों का मौके पर निस्तारण किया गया तथा शेष 108 मामलों का निस्तारण निर्धारित समय सीमा के अन्तर्गत करने के लिए जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये। प्राप्त मामलों में राजस्व विभाग के 75, पुलिस के 18, विकास के 06 एवं अन्य के 13 मामले शामिल हैं। जिलाधिकारी ने समस्त संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जिन-जिन विभागों से संबंधित आवेदन पत्र प्राप्त हुए हैं, उसे जल्द से जल्द शत प्रतिशत गुणवत्तायुक्त निस्तारित करना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने कहा कि यदि समस्याओं का निस्तारण प्रारम्भिक स्तर पर ही कर दिया जाए तो जनता को मुख्यालय तक नही जाना पड़ेगा। इसलिए अधिकारीगण प्राथमिकता के आधार पर प्रारम्भिक स्तर पर ही जन समस्याओं का वास्तविक निस्तारण कर दें। इस अवसर पर जिला विकास अधिकारी संजय कुमार सिंह, उप जिलाधिकारी बूढ़नपुर, तहसीलदार बूढ़नपुर, सीओ बूढ़नपुर एवं अन्य जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

अवधनामा



# नरेंद्र मोदी ने मीडिया, विनिर्माण और शासन में भारत के परिवर्तन के बारे में प्रकाश डाला

**लखनऊ।** भारतीय मीडिया में एक नए अध्याय को चिह्नित करने वाले एक महत्वपूर्ण घटना में, प्रधान मंत्री



नरेंद्र मोदी ने एनएक्सटी कॉन्क्लेव 2025 में आईटीवी नेटवर्क के ग्लोबल न्यूज चैनल, न्यूज़एक्स वर्ल्ड लॉन्च के लॉन्च का समर्थन किया इस कार्यक्रम में शीर्ष सरकारी अधिकारियों, मीडिया स्टालवाट्र्स, और अंतर्राष्ट्रीय डिग्निटरीजों ने भाग लिया, एक पुनर्जीवन भारत के एक पुनर्जीवन भारत की दृष्टि को उजागर किया। अपने सरगर्मी संबोधन में, पीएम मोदी ने न्यूज़क्स वर्ल्ड को एक परिवर्तनकारी मंच के रूप में देखा, जो भारत ने उनके नेतृत्व में की गई उल्लेखनीय प्रगति का प्रतीक है। आज, हम सिर्फ एक और चौनल लॉन्च नहीं कर रहे हैं हम इसके बजाय वास्तविक भारत -इसके नवाचारों, इसकी विरासत और उसके भविष्य को प्रदर्शित कर रहे हैं,ष् पीएम ने आगे घोषणा की। नरेंद्र मोदी ने भी एक क्षेत्रीय खिलाड़ी से एक वैश्विक बल तक भारत को आगे बढ़ाने के लिए निर्णायक शासन और आगे की सोच वाले सुधारों का श्रेय दिया, इस बात पर जोर दिया कि निर्माण, प्रौद्योगिकी और बुनियादी ढांचे में देश की उपलब्धियां अब दुनिया भर में गूंज रही हैं। मोदी ने अपनी सरकार की वोकल फॉर लोकल पहल पर भी फिर से विचार किया, जो अब वैश्विक रणनीति के लिए एक पूर्ण श्स्थानीयश् के रूप में विकसित हुआ। उन्होंने कहा कि भारतीय उत्पाद- योग और आयुर्वेद जैसे पारंपरिक कल्याण प्रथाओं से लेकर हल्दी और कॉफी जैसे सुपरफूड्स तक ने अंतरराष्ट्रीय प्रशंसा पर कब्जा कर लिया है। उन्होंने कहा, ष्हमारी स्थानीय ताकत वैश्विक बेंचमार्क बन गई है, जिससे यह साबित होता है कि भारत की प्रतिभा और लचीलापन कोई सीमा नहीं है।

प्रधानमंत्री ने दुनिया के सबसे बड़े चुनावों और हाल ही में इन्फ्रास्ट्रक्चरल ट्रायम्फ के देश के सफल आचरण को याद किया, जिसमें उच्च गति वाले एक्सप्रेसवे और इलेक्ट्रिक वाहन उत्पादन में प्रगति शामिल हैं। उन्होंने व्यापक नीति सुधारों और पुरातन औपनिवेशिक कानूनों के निरसन की सराहना की, जिन्होंने इस अभूतपूर्व वृद्धि के लिए आधार तैयार किया है। मोदी ने कहा, ष्दुनिया के बैक ऑफिस से लेकर एक प्रमुख वैश्विक विनिर्माण हब बनने तक हमारी यात्रा हमारी आत्मा और नेतृत्व के लिए एक वसीयतनामा है।

न्यूज़एक्स वर्ल्ड चौनल, अपनी नीति-चालित और अग्रेषित दिखने वाले एजेंडे के साथ, भारत के प्रामाणिक कथा को वैश्विक दर्शकों के लिए प्रस्तुत करने के लिए तैयार है। नीति और प्रगति पर मजबूत चर्चाओं के लिए व्यक्तिगत-केंद्रित बहस से ध्यान केंद्रित करके, चौनल देश और उसके बाद से सूचित संवाद और नवाचार को प्रेरित करने के लिए तैयार है।

जैसा कि भारत के परिवर्तन की कहानी जारी है, पीएम मोदी का दूरदर्शी नेतृत्व वैश्विक मंच पर अपनी चढ़ाई की आधारशिला बनी हुई है। न्यूज़एक्स वर्ल्ड का लॉन्च दुनिया के लिए एक स्पष्ट कॉल है, जो सभी को वैश्विक नेता बनने की दिशा में भारत की गतिशील यात्रा के गवाह के लिए आमंत्रित करता है। उन्होंने कहा भारत बढ़ रहा है, और इसके मीडिया को इसके साथ उठना चाहिए। न्यूज़एक्स वर्ल्ड चौनल के लॉन्च के साथ, भारत वैश्विक मीडिया नेतृत्व में एक बड़ा कदम उठाता है, एक समय में अंतर्राष्ट्रीय मंच पर अपनी आवाज को बढ़ाता है जब दुनिया प्रेरणा और नवाचार के लिए मोदी के भारत को देख रही है।

## रेस्तरां में इडली बनाने में प्लास्टिक इस्तेमाल विवाद की जांच करे कर्नाटक सरकार, एफएसएसएआई के निर्देश

**नई दिल्ली।** भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण ने इडली पकाने की प्रक्रिया में प्लास्टिक शीट के इस्तेमाल मामले में जांच का निर्देश दिया है। प्राधिकरण के निर्देश पर कर्नाटक का राज्य खाद्य सुरक्षा विभाग पूरे मामले की जांच करेगा। एफएसएसएआई ने नियमों का उल्लंघन करने वाले किसी भी प्रतिष्ठान के खिलाफ त्वरित कार्रवाई करने को भी कहा है। प्राधिकरण ने भोजन तैयार करने में प्लास्टिक का उप्योग करने वाले खाद्य व्यापार संचालकों (एफबीओ) या होटलों के खिलाफ सख्त कदम उठाने के निर्देश दिए हैं।

पूरे घटनाक्रम पर बारीकी से नजर रख रहे एफएसएसएआई ने कहा, खाने-पीने की चीजों में प्लास्टिस के इस्तेमाल से खाद्य सुरक्षा संबंधी गंभीर चिंताएं पैदा होती हैं। प्राधिकरण की मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) जी कमला वर्धन राव ने कहा, उच्च तापमान पर खराब गुणवत्ता वाले या गैर-खाद्य ग्रेड प्लास्टिक के इस्तेमाल से गंभीर स्वास्थ्य जोखिम पैदा होते हैं। उन्होंने कहा, निम्न श्रेणी के प्लास्टिक उच्च तापमान के कारण बिसफेनॉल ए (बीपीए), फथलेट्स

fssai

और अन्य जहरीले रसायन छोड़ सकते हैं। इनके कारण इंसानों की सेहत पर प्रतिकूल असर पड़ सकता है।

प्राधिकरण ने कहा है कि राज्य सरकार के खाद्य सुरक्षा अधिकारियों के साथ मिलकर पूरे मामले की गहन जांच की जा रही है। नियमों का उल्लंघन करने पर कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। बता दें कि एफएसएसएआई देशभर में भोजन तैयार करने की प्रक्रिया में इस्तेमाल होने वाली सामग्री पर कड़ी नजर रखता है। स्वच्छता संबंधी मानकों के उल्लंघन पर कानूनी कार्रवाई करने के प्रावधान हैं। इडली को भाप की मदद से पकाया जाता है। परंपरा के मुताबिक स्वीकृत खाद्य ग्रेड सामग्री का ही इस्तेमाल किया जाना चाहिए, जिससे रासायनिक रूप से इडली सेहत के लिए खतरनाक न बने।

इससे पहले आई खबर के मुताबिक कर्नाटक के कुछ रेस्तरां में पतली पॉलिथीन शीट का इस्तेमाल कर इडली पकाने के मामले में 52 होटलों को चिह्नित किया गया है। इन सभी जगहों पर इडली बनाने के लिए पारंपरिक कपड़े की जगह पॉलिथीन शीट का इस्तेमाल किया जा रहा था। कांग्रेस सरकार के खाद्य सुरक्षा विभाग ने इनके खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी है।

स्वास्थ्य मंत्री दिनेश गुंडु राव ने कहा, होटल मालिकों को ऐसा नहीं करना चाहिए, क्योंकि प्लास्टिक शीट के इस्तेमाल से कैंसर का खतरा बढ़ जाता है। गर्म होने पर प्लास्टिक शीट के हॉनिकारक तत्व इडली में प्रवेश कर सकते हैं। इससे लोगों के स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ सकता है। राव ने आश्वस्त किया कि इस संबंध में सरकार पूरी गंभीरता और तत्परता से कार्रवाई कर रही है।

# जाँच से जीत तक: मैक्स हॉस्पिटल में कैंसर सर्वाइवर्स के लिए हुआ कार्निवाल का आयोजन

**लखनऊ।** मैक्स सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल, लखनऊ ने आज कैंसर सर्वाइवर्स के लिए एक कार्निवल का आयोजन किया, जिसमें सर्वाइवर्स, उनके परिवार और स्वास्थ्य सुरक्षा के क्षेत्र से जुड़े लोगों ने प्रतिभाग किया। इस कार्यक्रम में 300 से अधिक लोगों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि श्री विशाख जी, माननीय जिला मजिस्ट्रेट, लखनऊ उपस्थित रहे। उनके साथ डॉ. आलोक गुप्ता, सीनियर डायरेक्टर एवं हेड, मेडिकल ऑन्कोलॉजी, मैक्स हॉस्पिटल, लखनऊ समेत अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने दीप प्रज्वलित किया। मैक्स इंस्टीट्यूट ऑफ कैंसर केयर के चेयरमैन डॉ. हरित चतुर्वेदी ने कहा, भारत में 75% कैंसर के मामले एडवांस्ड स्टेज में पाए जाते हैं, जिसमें ठीक होने की संभावना काफी कम हो जाती है।





जागरूकता और शुरुआती हस्तक्षेप जान बचाने के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं।

लाइफस्टाइल से जुड़े कैंसर के मामले चिंताजनक दर से बढ़ रहे हैं, हालांकि, रोकथाम और शुरुआती चरणों में ही पहचान पर ध्यान देना आज की जरूरत है। यह आयोजन इन मुद्दों को ज्ञान साझा करने का एक मंच प्रदान करता है। यहां प्राप्त जानकारी भारत में कैंसर देखभाल के भविष्य को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। सर्वाइवर्स के मानसिक स्वास्थ्य से जुड़ी चुनौतियों को स्वीकार करते हुए, सीनियर डायरेक्टर एवं हेड, मेडिकल ऑन्कोलॉजी, मैक्स हॉस्पिटल, लखनऊ, डॉ. आलोक गुप्ता ने कहा, कैंसर सर्वाइवर्स को ठीक होने के बाद चिंता या अवसाद का सामना करना पड़ता है। कैंसर में देखभाल सिर्फ इलाज करने तक सीमित नहीं है, यह सर्वाइवर्स के भावनात्मक और मनोवैज्ञानिक मज़बूती पाने तक जरूरी है। उम्मीद, जुड़ाव और मानसिक मज़बूती को बढ़ावा देकर, ऐसी पहल कैंसर रोगियों के जीवन पर स्थायी प्रभाव डालने का लक्ष्य रखती है। यह आयोजन सर्वाइवर्स की ताकत और उनके सहनशक्ति को सम्मानित करने के उद्देश्य से आयोजित किया गया था, जिसमें प्रेरणादायक सर्वाइवर्स की कहानियों, मनोरंजक खेलों, वेलनेस सत्रों, संगीत प्रदर्शनों और कैंसर के बाद जीवन पर विशेषज्ञ वार्ताओं को प्रदर्शित किया गया। उपस्थित लोगों ने शारीरिक और भावनात्मक कल्याण को बढ़ावा देने के लिए डिज़ाइन की गई इंटरैक्टिव गतिविधियों में भाग लिया, जबकि डॉक्टरों और विशेषज्ञों ने सर्वाइवरशिप केयर पर मूल्यवान जानकारी साझा की।

# जीएसटी संग्रह से सरकार हुई मालामाल, फरवरी में खजाने में आए 1.84 लाख करोड़

सकल वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) राजस्व में घरेलू राजस्व में 10.2 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 1.42 लाख करोड़ रुपये और आयात से राजस्व में 5.4 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 41,702 करोड़ रुपये शामिल हुए हैं।

केंद्र सरकार की ओर से जारी आंकड़ों के मुताबिक, फरवरी में सकल जीएसटी संग्रह 9.1 प्रतिशत बढ़कर 1.84 लाख करोड़ रुपये से अधिक हो गया। जीएसटी संग्रह बढ़ने के पीछे की वजह घरेलू लेनदेन के कारण मिला अधिक राजस्व है। विशेषज्ञों का कहना है कि इससे घरेलू खपत से बढ़ावा मिलने और आर्थिक पुनरुद्धार का संकेत मिलता है।

इस दौरान सकल वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) संग्रह के तहत घरेलू राजस्व 10.2 प्रतिशत बढ़कर 1.42 लाख करोड़ रुपये रहा। आयात राजस्व 5.4 प्रतिशत बढ़कर 41,702 करोड़ रुपये हो गया।





आंकड़ों के अनुसार समीक्षाधीन महीने में केंद्रीय जीएसटी से 35,204 करोड़ रुपये, राज्य जीएसटी से 43,704 करोड़ रुपये, एकीकृत जीएसटी से 90,870 करोड़ रुपये और मुआवजा उपकर से 13,868 करोड़ रुपये का संग्रह हुआ।

फरवरी के दौरान कुल 20,889 करोड़ रुपये के रिफंड जारी किए गए, जो सालाना आधार पर 17.3 प्रतिशत अधिक है। फरवरी 2025 में शुद्ध जीएसटी संग्रह 8.1 प्रतिशत बढ़कर लगभग 1.63 लाख करोड़ रुपये रहा। एक साल पहले इसी महीने में शुद्ध जीएसटी संग्रह 1.50 लाख करोड़ रुपये था।

ईवाई के टैक्स पार्टनर सौरभ अग्रवाल ने कहा कि जीएसटी संग्रह के मजबूत आंकड़े संकेत देते हैं कि भारतीय अर्थव्यवस्था वैश्विक आर्थिक चुनौतियों का मजबूती से सामना कर रही है। आयात से संबंधित संग्रह की तुलना में घरेलू जीएसटी राजस्व में लगातार वृद्धि घरेलू स्तर पर मजबूती का संकेत देती है।

केपीएमजी के अप्रत्यक्ष कर प्रमुख एवं पार्टनर अभिषेक जैन ने कहा कि घरेलू आपूर्ति पर जीएसटी संग्रह में 10.2 प्रतिशत की वृद्धि और कुल मिलाकर 9.1 प्रतिशत की वृद्धि चौथी तिमाही में अर्थव्यवस्था के संभावित पुनरुद्धार का संकेत देती है।

### नए आरबीआई गवर्नर के रुपये पर लचीले रुख से 2025 में घरेलू करेंसी 1.8% टूटा

**नई दिल्ली।** भारतीय मुद्रा के प्रबंधन में आरबीआई की ओर से किए गए नीतिगत बदलावों ने डॉलर के मुकाबले रुपये को कमजोर किया है। डॉलर की तुलना में रुपये में 2025 के पहले दो महीनों में 2024 में हुए मूल्यह्रास की तुलना में आधे से अधिक की गिरावट आ चुकी है। 28 फरवरी तक रुपये में अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 1.8 प्रतिशत की गिरावट आ चुकी है। यह गिरावट इससे पहले 2023 में आई 1.5 प्रतिशत की गिरावट से अधिक है और 2024 में दर्ज तीन प्रतिशत की कमजोरी का लगभग आधा है। यूनियन बैंक ऑफ इंडिया ने अपनी एक रिपोर्ट में यह बात कही है।

रिपोर्ट के अनुसार, आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा के रुख में बदलाव को रुपये में गिरावट के लिए जिम्मेदार ठहराया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि मल्होत्रा की अगुवाई में केंद्रीय बैंक ने अधिक लचीले रुपये के लिए विकल्प खुला छोड़ रखा है।

## सिंगापुर के पूर्व पीएम बोले- भारत की तरक्की में दिख रहे अवसर, इन क्षेत्रों में निवेश की तैयारी

**सिंगापुर।** सिंगापुर भारत की तेज तरक्की में अपने लिए अवसर देख रहा है। सिंगापुर के 20 साल प्रधानमंत्री रहे ली सीन लूंग ने यह बात कही है। शनिवार को भारतीय कारोबारी समुदाय से मुलाकात के दौरान लूंग ने कहा कि भारत तेजी से आगे बढ़ रहा है। भारत में सिंगापुर की एक साख है और सभी भारतीय सरकारों के साथ हमारे बहुत अच्छे संबंध रहे हैं। सिंगापुर मीडिया की रिपोर्ट के अनुसार, पूर्व पीएम ने कहा कि सिंगापुर भारत के साथ द्विपक्षीय व्यापार बढ़ाने, कौशल प्रशिक्षण और फिनटेक जैसे सेक्टर में सहयोग बढ़ाने को अवसर की तरह देख रहा है।

पूर्व पीएम ने कहा कि सिंगापुर भारत में स्वास्थ्य सेवाओं, डिजिटल और हरित ऊर्जा जैसे सेक्टर्स में भी निवेश के अवसर तलाश रहा है। ली ने भारत और सिंगापुर के बीच दो दशक पुराना सिंगापुर-भारत मुक्त व्यापार समझौते का भी जिक्र किया और कहा कि इससे दोनों देशों के बीच व्यापार, निवेश और यात्रा संबंधों को बढ़ावा देने में मदद मिली है। उन्होंने यह भी बताया कि सिंगापुर अपनी जनसंख्या और प्रतिभा पूल को बढ़ाने के लिए अप्रवासियों और विदेशी श्रमिकों पर बहुत अधिक निर्भर है। इसलिए, सिंगापुर आने वाले लोगों को बेहद संवेदनशीलता और सावधानी के साथ प्रबंधित किया जाना चाहिए, ताकि ये प्रवाह संतुलित और टिकाऊ रहे।

गौरतलब है कि सिंगापुर में भी प्रवासी और विदेशी श्रमिकों को लेकर स्थानीय लोगों में नाराजगी बढ़ रही है। सिंगापुर इंडियन डेवलपमेंट एसोसिएशन (सिंडा) और 14 अन्य भारतीय सामुदायिक संगठनों द्वारा आयोजित रात्रिभोज में भाषण देते हुए ली ने कहा, हमें कट्टर राष्ट्रवाद और विदेशी लोगों के प्रति नफरत के खिलाफ भी मजबूती से खड़ा होना चाहिए और नए लोगों को हमारे विस्तारित परिवार का हिस्सा बनने के लिए स्वागत करना चाहिए। उन्होंने कहा कि यह एक सतत प्रक्रिया है जिसमें समय लगता है लेकिन धीरे-धीरे प्रवासी भी स्थानीय समुदाय में एकीकृत हो जाएंगे।

## चिल्ड्रन्स बुक ट्रस्ट ने बदली रणनीति, आक्रामक मार्केटिंग नीति अपनायी

**लखनऊ।** चिल्ड्रन्स बुक ट्रस्ट (www.childrensbooktrust.com) नई दिल्ली स्थित गैर-मुनाफा प्राप्त संगठन है जिसकी स्थापना जाने माने राजनीतिक कार्टूनिस्ट के. शंकर पिल्लै ने 1957 में की थी। यह बच्चों की कहानी की पुस्तकों को प्रकाशित करने वाले भारत के सबसे पुराने पब्लिशर हैं। भारत में पिछले 68 वर्षों के अपने सफर के दौरान, चिल्ड्रन्स बुक ट्रस्ट पुस्तकों तथा अन्य रचनात्मक गतिविधियों के जरिए बच्चों के मानसिक और रचनात्मक विकास में योगदान करते आ रहे हैं।

इस वर्ष, ट्रस्ट ने आक्रामक मार्केटिंग योजना पर अमल शुरू किया है। यह कदम ट्रस्ट ने पेरेंट्स द्वारा अपने बच्चों को मोबाइल फोन तथा अन्य इलेक्ट्रॉनिक्स डिवाइसों की स्क्रीन्स से दूर रखने में सहायता के अनुरोधों को ध्यान में रखकर उठाया है। सीबीटी का उद्देश्य बच्चों को भारत के सांस्कृतिक तथा नैतिक मूल्यों का संदेश देने वाली अच्छी पुस्तकों से जोड़ना है और उनके रचनात्मक एवं बौद्धिक विकास के लिए गेम्स तथा मनोरंजक गतिविधियों को उपलब्ध कराना है।

श्री किशोर लाल, चेयरमैन, चिल्ड्रन्स बुक ट्रस्ट ने कहा, किताबों से युवा मस्तिष्कों में जिज्ञासा पैदा होती है, और जीवन के प्रति एक नया दृष्टिकोण बनता है। श्री लाल ने कहा, हमने पिछले काफी समय से अपनी पुस्तकों की कीमतें नहीं बढ़ायी हैं ताकि ये सभी की आसान पहुंच में बनी रहें, और यहां तक कि समाज के निचले तबके की पहुंच भी इन पुस्तकों तक रहे। हम गैर-मुनाफा प्राप्त ट्रस्ट हैं और हमारा मकसद मोटा मुनाफा कमाना नहीं है बल्कि हम बेहतरीन किताबों के साथ बढ़ने के लाभ के बारे में जागरूकता का प्रसार करना करना चाहते हैं।

ट्रस्ट ने हाल में एक इंटरनल सर्वे भी कराया जिससे यह निष्कर्ष निकलकर आया कि इसे अधिक पुस्तक मेलों में भागीदारी करने के अलावा पब्लिक और प्राइवेट लाइब्रेरी में अपनी मौजूदगी बढ़ानी चाहिए, साथ ही, पाठ्यक्रम आधारित तथा पाठ्यक्रम से अलग स्कूली शिक्षा के जरिए छात्रों तक पहुंचना चाहिए और भारत के प्रमुख शहरों में अपने स्टोर्स भी खोलने चाहिए। ट्रस्ट का मानना है कि इन गतिविधियों से सीबीटी को बच्चों और किताबों को एक-दूसरे के और नज़दीक लाने में मदद मिलेगी।

श्री नवीन मेनन, संपादक, प्रकाशन, चिल्ड्रेन्स बुक ट्रस्ट ने मीडिया के साथ बातचीत में कहा, ÷अधिक-विकास की हमारी आकांक्षाओं के अनुरूप हमारी कन्टेंट रणनीति में बीते वर्षों में काफी बदलाव किए गए हैं, और इस साल हम लखनऊ बुक फेयर में 10 नए टाइटल्स प्रस्तुत करने जा रहे हैं, साथ ही, अपनी मार्केटिंग पहुंच में विस्तार के मद्देनज़र जरूरतों को पूरा करने के लिए और भी कई भाषाओं में अनुवादों को लाएंगे।÷

सीबीटी ने पश्चिम बंगाल के दूसरे सबसे अधिक आबादी वाले शहर में आयोजित 41वें आसनसोल बुक फेयर में भागीदारी के साथ इस साल सफर की शुरुआत की। इसके बाद, सीबीटी ने 48वें इंटरनेशनल कोलकाता बुक फेयर और फरवरी में नई दिल्ली में आयोजित वर्ल्ड बुक फेयर 2025 में भी भाग लिया। अब 1 मार्च से लखनऊ में शुरू हो रहे बुक फेयर में स्टॉल 31 से 34 पर सीबीटी की मौजूदगी रहेगी।

ट्रस्ट को इन पुस्तक मेलों में काफी अच्छा रिस्पॉन्स मिला है जिसने इसे अधिक बुक स्टोर्स खोलने के लिए प्रेरित किया है जिन्हें देश के प्रमुख शहरों में बच्चों के लिए फन ज़ोन्स के तौर पर खोला जाएगा। ये स्टोर्स बच्चों का परिचय ऐसी पुस्तकों से कराएंगे जो उन्हें संस्कृति और नैतिक मूल्यों की जानकारी देने के साथ-साथ मोबाइल फोन की स्क्रीन से दूर ले जाएंगे और साथ ही, रचनात्मक तथा बौद्धिक स्तर पर प्रेरित करने वाली रोचक गतिविधियों से जोड़ेंगे।

## श्रीलंका को आईएमएफ से राहत पैकेज की चौथी किस्त मिली; पाकिस्तान का कर घाटा बढ़कर 606 अरब हुआ

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने श्रीलंका को 2022 के आर्थिक संकट से उबरने के लिए अपने 2.9 अरब अमेरिकी डॉलर के राहत पैकेज से 33.4 करोड़ डॉलर की चौथी किस्त जारी करने पर सहमति जताई है। आईएमएफ के कार्यकारी बोर्ड ने श्रीलंका को 48 महीने की विस्तारित निधि सुविधा (ईएफएफ) व्यवस्था के तहत तीसरी समीक्षा पूरी करने के बाद शुक्रवार को चौथी किस्त जारी करने को मंजूरी दी।

वैश्विक ऋणदाता ने कहा कि वह संकटग्रस्त देश को लगभग 33.4 करोड़ डॉलर जारी करेगा, जिससे कुल वित्त पोषण लगभग 1.3 अरब डॉलर हो जाएगा। आईएमएफ ने कहा कि श्रीलंका ने कार्यक्रम के तहत अच्छा प्रदर्शन किया है।

इस बीच पाकिस्तान का कर घाटा चालू वित्त वर्ष के पहले आठ महीनों में बढ़कर 606 अरब पाकिस्तानी रुपये (189.45 अरब भारतीय रुपया) हो गया। एक मीडिया रिपोर्ट में यह जानकारी देते हुए कहा गया कि ऐसे में अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष के साथ किए गए वादों का उल्लंघन करने के लिए अधिकारियों पर दबाव बढ़ गया है। आईएमएफ ने पाकिस्तान को सात अरब अमेरिकी डॉलर का कर्ज दिया है, लेकिन इसके लिए कर संग्रह बढ़ाने सहित सख्त शर्तें लगाईं हैं।

देश के आठ प्रमुख बुनियादी उद्योगों की वृद्धि दर जनवरी महीने में बढ़कर 4.6 फीसदी पहुंच गई।?एक साल पहले की समान अवधि में यह 4.2 फीसदी और दिसंबर, 2024 में 4.8 फीसदी रही थी।

शुक्रवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, इस साल जनवरी में कोयला उत्पादन 4.6 फीसदी, इस्पात 3.7 फीसदी और बिजली उत्पादन 1.3 फीसदी बढ़ा। पिछले साल की समान अवधि में इन उद्योगों में क्रमशः 10.6 फीसदी, 9.2 फीसदी और 5.7 फीसदी की वृद्धि हुई थी। हालांकि, फाइनरी उत्पाद, उर्वरक और सीमेंट का उत्पादन बढ़कर क्रमशः 8.3 फीसदी, तीन फीसदी और 14.5 फीसदी पहुंच गया।

# भारत में पेंशन एयूएम 2030 तक बढ़कर 118 ट्रिलियन रुपये हो जाएगा

**लखनऊ।** डीएसपी पेंशन फंड मैनेजर्स ने अपनी रिपोर्ट में भारत में पेंशन प्रबंधन के तहत परिसंपत्तियों (एयूएम) में उल्लेखनीय वृद्धि की भविष्यवाणी की है। इस रिपोर्ट के मुताबिक 2030 तक कुल एयूएम118 ट्रिलियन रुपये तक वृध्दी का अनुमान लगाया है और जिसमें राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली (एनपीएस) का योगदान कुल राशी के लगभग 25 प्रतिशत होगा। यह वृद्धि भारत की बढ़ती जनसंख्या और उसके परिणामस्वरूप होने वाले प्रभावों के आधार पर अनुमानित की गई है।

रिपोर्ट के बारे में टिप्पणी करते हुए डीएसपी पेंशन फंड मैनेजर्स के सीईओ राहुल भगत ने कहा, ÷हमारा दृढ़ विश्वास है कि भारत में पेंशन बाजार तेजी से विकास के कगार पर है। सही नीतियों और बढ़ती जागरूकता के साथ, इस बाजार में नागरिकों के लिए महत्वपूर्ण मूल्य अनलॉक करने की क्षमता है। हमारा दृढ़ विश्वास है कि हमारी मजबूत निवेश प्रक्रिया हमें इस क्षेत्र में एक प्रमुख खिलाड़ी बनने में मदद करेगी। हमें उम्मीद है कि अगले 5 वर्षों में हम इस उद्योग में शीर्ष 5 कंपनियों में शामिल हो जाएंगे। हमने जो अनुमान व्यक्त किए हैं, वे दीर्घकालिक सेवानिवृत्ति योजना के महत्व और वित्तीय भविष्य को सुरक्षित करने में एनपीएस की भूमिका पर प्रकाश डालते हैं।÷

भारत में वृद्धोंकी आबादी 2050 तक 2.5 गुना बढ़ने की उम्मीद है। इसके अलावा, सेवानिवृत्ति के बाद जीवन प्रत्याशा औसतन 20 वर्ष तक बढ़ जाएगी। वर्तमान में भारत में पेंशन बाजार का ज्यादा विस्तार नहीं हुआ है। इस बाजार का वर्तमान आकार देश के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का मात्र 3 प्रतिशत है। सेवानिवृत्ति बचत अंतर में प्रति वर्ष 10 प्रतिशत बढ़ने की उम्मीद है और जो 2050 तक अनुमानतः 96 ट्रिलियन डॉलर तक पहुंच जाएगा। चूंकि पिछले दशक में नकदी और बैंक जमा पर भारतीयों की निर्भरता 62 प्रतिशत से घटकर 44 प्रतिशत हो गई है। इससे ये सुचित होता है की भारत में रिटेल निवेशक तेजी से पारंपरिक बचत विधियों से बाजार से जुड़े निवेश साधनों की ओर बढ़ रहे हैं।

पिछले पांच वर्षों में, एनपीएस के निजी क्षेत्र के एयूएम में 26.8 प्रतिशत की उल्लेखनीय दर से वार्षिक वृद्धि हुई है, जो 84,814 करोड़ रुपये से बढ़कर 2,78,102 करोड़ रुपये हो गयी है। वित्तीय वर्ष 2020 से 2024 तक नए पंजीकरणों में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। इसमें पुरुष सदस्यों में 65 प्रतिशत और महिला सदस्यों में 119 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।

## अरविंद लिमिटेड की "For All Kinds of Cool" के साथ लिनन को नए तरीके से पेश करने की पहल

**नई दिल्ली।** वैश्विक और घरेलू ग्राहकों के लिए टेक्सटाइल क्षेत्र में फाइबर-टू-फैशन समाधान प्रदान करने वाली कंपनी अरविंद लिमिटेड ने अपने नए समर कैंपेन 'Linen by Arvind, For All Kinds of Cool' की घोषणा की है। यह केंपेन गर्मियों के मौसम में लिनेन फैब्रिक की स्टाइल और कमफर्टेबल विशेषताओं को दोबारा परिभाषित करने के लिए पेश किया गया है। खासकर उन कस्टमर्स के लिए जो गर्मी के मौसम में लिनन को प्राथमिकता देते हैं। इस केंपेन के साथ ही अरविंद लिमिटेड ने 300 से अधिक नए स्टाइल्स के साथ अपनी लिनन रेंज का विस्तार किया है। इस नए कलेक्शन में Intelli-fabric टेक्नोलॉजी का उपयोग किया गया है, जिसमें रिंगकल-रजिसटेंट लिनन, ब्रिदेबल ब्लेंड्स और ऊन लिनन जैसे अद्वितीय फीचर्स शामिल हैं, जो आधुनिक जीवनशैली के साथ तालमेल बनाए रखते हैं। इस नए कलेक्शन में सूटिंग रेंज में भी विस्तार किया गया है, जो ऑफिशियल और विशेष अवसरों के लिए स्टाइलिश और आरामदायक लिनन विकल्प प्रदान करता है। यह नया कलेक्शन देशभर में 160+ The Arvind Store और प्रमुख मल्टी-ब्रांड आउटलेट्स पर उपलब्ध है।

अरविंद लिमिटेड के चीफ बिजनेस ऑफिसर प्रणव दवे ने कहा, लिनन हमेशा से गर्मियों के पर्याय के रूप में देखा जाता है, लेकिन इस कलेक्शन के साथ हम इसे केवल एक समर फैब्रिक के रूप में नहीं, बल्कि हर मौसम के लिए उपयुक्त कपड़े के रूप में प्रस्तुत कर रहे हैं। आज का फैशन बहुपयोगी कपड़ों के बारे में है और लिनन इन मांगों को पूर्ण तरह से पूरा करता है। चाहे ऑफिस हो, यात्रा हो या रोज़ की जिंदगी लिनन एक ऐसा टाईमलेस विकल्प है जो स्टाइल और आराम दोनों प्रदान करता है। हम चाहते हैं कि लोग सिर्फ इसकी आरामदायक प्रकृति के लिए ही नहीं, बल्कि इसके सेल्फ- कॉनफिडेंस एहसास के लिए भी इसे अपनाएं, क्योंकि सच्ची स्टाइल वही है जिसमें आप जितना अच्छा दिखते हैं, उतना ही अच्छा महसूस भी करते हैं।

## सर्दियां खत्म होने पर भी आप हो सकते हैं बीमार: बचने के लिए अपनाएं टिप्स

**लखनऊ।** जैसे-जैसे सर्दी कम होती है और तापमान बढ़ने लगता है, ऐसे में कई लोग मान लेते हैं कि मौसमी बीमारियों का खतरा खत्म हो गया है। हालांकि सर्दियों से वसंत तक का समय होने वाला संक्रमण अपनी स्वास्थ्य संबंधी चुनौतियां लेकर आता है। तापमान में उतार-चढ़ाव, कमज़ोर इम्यूनिटी और मौसमी एलर्जी अभी भी लोगों को बीमार कर सकती है। अगर सावधानिया न बरती जाए तो सर्दी, वायरल संक्रमण और सांस से संबंधी समस्याएं चिंता का विषय बनी रहती हैं। लखनऊ के रीजेंसी हॉस्पिटल में कंसल्टेंट फिजिशियन और डायबिटीज़ एक्सपर्ट डॉ. आकांक्षा गुप्ता ने बताया कि लोग अक्सर बहुत जल्दी ही अपनी सावधानी हटा लेते हैं। उन्होंने बताया,÷कई लोग मानते हैं कि सर्दी के मौसम में बीमारियाँ दूर हो जाती हैं, लेकिन यही वह समय होता है जब शरीर सबसे ज़्यादा कमज़ोर होता है। अचानक मौसम में बदलाव, डिहाइड्रेशन और खराब पोषण से बीमारी के प्रति प्रतिरोधक क्षमता कमज़ोर हो सकती है, जिससे संक्रमण का खतरा बढ़ जाता है।



हाइड्रेटेड रहना, सही कपड़े पहनना और पोषक तत्वों से भरपूर डाइट खाना जैसी छोटी-छोटी रोज़मर्रा की सावधानियाँ आपको स्वस्थ रखने में काफ़ी मदद कर सकती है। सबसे आम गलतियों में से एक जो लोग करते हैं, वह है मौसम के सुधरते ही बहुत हल्के कपड़े वे पहनने लगते हैं। वसंत का तापमान अप्रत्याशित हो सकता है, अचानक ठंड के कारण सर्दी और वायरल संक्रमण का खतरा बढ़ जाता है। बदलते तापमान के साथ तालमेल बिठाने का एक आसान तरीका है कपड़ों को कई परतों में पहनना। एक और गलती है हाइड्रेशन की अनदेखी करना। बहुत से लोग सर्दियों के दौरान कम पानी पीते हैं, और यह आदत अक्सर वसंत में भी जारी रहती है। डीहाइड्रेशन इम्यूनिटी को कमजोर करता है। इम्युनिटी कमजोर होने से संक्रमण से ग्रसित होना आसान हो जाता है। पर्याप्त पानी, हर्बल चाय या गर्म नींबू पानी पीने से विषाक्त पदार्थों को बाहर निकालने और संपूर्ण स्वास्थ्य को बेहतर बनाने में मदद मिल सकती है। सुहावने मौसम के साथ लोग अचानक से बाहरी शारीरिक गतिविधियों को भी बढ़ा देते हैं। एक्सरसाइज़ करना फायदेमंद होता ही है, लेकिन बिना तैयारी के अचानक से शारीरिक गतिविधियों को बहुत ज्यादा करने से श्वसन संबंधी समस्याएं, मांसपेशियों में खिंचाव या मौसमी एलर्जी हो सकती है। सही वार्म-अप और कूल-डाउन के साथ-साथ धीरे-धीरे शारीरिक गतिविधियों में वृद्धि से इन समस्याओं को रोकने में मदद मिल सकती है। पोषण एक और महत्वपूर्ण फैक्टर होते है लेकिन इसे अक्सर अनदेखा किया जाता है।

# राष्ट्रीय आय छात्रवृत्ति परीक्षा में मोतीचक के होनहारों ने लहराया परचम

अवधनामा संवाददाता



गौतम पटेल उच्च प्रा. वि. पुरैनी



जिला टॉपर कृष, संविलयन विद्यालय फर्द मुंडेरा

**जिले में पहली बार व मोतीचक में तीसरी बार प्राप्त किया स्थान**

**मथौली बाजार, कुशीनगर।** राष्ट्रीय आय छात्रवृत्ति परीक्षा में मोतीचक के संविलयन विद्यालय फर्द मुंडेरा के छात्रों ने जिले में प्रथम व मोतीचक में तीसरी बार लगातार सफलता का परचम लहराया है। इसके साथ ही उच्च प्राथमिक विद्यालय पुरैनी के छात्र भी पीछे नहीं हटे। इन लोगों ने भी मोतीचक में द्वितीय स्थान प्राप्त किए है।

संविलयन विद्यालय फर्द मुंडेरा के सहायक अध्यापक रामवीर सिंह ने बताया कि उक्त परीक्षा में विद्यालय के होनहार छात्र कृष ने जनपद में पहली रैंक तक पहुंचा है। राष्ट्रीय आय आधारित छात्रवृत्ति परीक्षा पास कराने में हमारा विद्यालय ब्लॉक में पिछले तीन वर्ष से क्वांटिटी में सबसे आगे रहकर आज हैट्रिक लगा दिया है तथा क्वालिटी में आज हमारे विद्यालय ने विकास खंड मोतीचक को जनपद में प्रथम रैंक प्राप्त कर सबसे ऊपर पहुंचा दिया। आज यह रिकॉर्ड केवल हमारे विद्यालय की उपलब्धि नहीं है बल्कि यह उपलब्धि इनके माता पिता, गुरुजन व क्षेत्र के संभ्रांत लोगों की है। उन्होंने कहा कि आज यूपीएस फर्द मुंडेरा बेसिक शिक्षा के क्षेत्र में रोज नित नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। विद्यालय के प्रधानाध्यापक ने बताया कि विद्यालय में रामवीर सिंह गणित/विज्ञान की तैयारी कराते हैं।

धनंजय सिंह सामाजिक विज्ञान की तैयारी कराते हैं और काजल सिंह रीजनिंग की तैयारी कराती हैं। तीनों एक टीम भावना के साथ कार्य करके प्रत्येक वर्ष राष्ट्रीय आय आधारित छात्रवृत्ति परीक्षा में छात्र/छात्राओं का चयन कराते हैं। पहले वर्ष में 6 बच्चों का चयन कराया, दूसरे वर्ष में 4 बच्चों का चयन कराया और इस वर्ष 5 बच्चों का चयन कराया है।

इसी क्रम में न्याय पंचायत पुरैनी के उच्च प्राथमिक विद्यालय के छात्र भी पीछे नहीं रहे। राष्ट्रीय आय छात्रवृत्ति में गौतम पटेल, रंजेश कुमार व प्रिंस ने विद्यालय का नाम रोशन किया है। इन बच्चों के उपलब्धि पर खंड शिक्षाधिकारी मोतीचक राजेश कुमार, फर्द मुंडेरा के प्रधानाध्यापक भगवती प्रसाद, प्रधानाध्यापक मुन्ना सिंह, नोडल सर्वदेश्वर चतुर्वेदी, समस्त एआरपी ने बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना किए।

## इस्लाम धर्म में सबसे पाक और बरकत का महीना होता है रमजान

**महाराजगंज, रायबरेली।** रमजान इस्लाम धर्म का सबसे पाक और बरकतों से भरा महीना माना जाता है। इस महीने में हर मुसलमान रोजा रखता है, इबादत करता है अल्लाह से रहमत की दुआ करता है। ये महीना सिर्फ भूखे-प्यासे रहने का नाम नहीं, बल्कि सब्र, रहम और सदका दान देने की परंपरा होती है। रमजान के महीने में किए गए ने कामों के बदले 70 गुना ज्यादा मिलता है ऐसा पाक किताब कुरान में लिखा है। रमजान के महीने में 10 राते बेहद खास होती है जिसे शबे कादर की रात कहा जाता है यह रात साल के महीना से भी ज्यादा बरकतों वाली मानी जाती है। रमजान का चांद नजर आते ही दुनिया भर के मुसलमान खुशी से झूम उठते हैं. ये महीना न सिर्फ इबादत का, बल्कि रिश्तों में और ज्यादा मोहब्बत और भाईचारे को बढ़ाने का भी होता है। रमजान का महीने गुनाहों की माफी मांगने और नेक बनने का मौका देता है। रमजान का एक अहम पहलू यह भी है कि यह गरीबों और जरूरतमंदों के दर्द समझने का मौका देता है।

# पडरौना शहर में जाम से जल्द मिलेगी निजात, ओवरब्रिज का मार्किंग शुरू

अवधनामा ब्यूरो

**ओवरब्रिज के निर्माण के लिए रेलवे प्रशासन ने बढ़ाया कदम**

**कुशीनगर।** पडरौना शहर को जाम की समस्या से निजात दिलाने के लिए दो अलग अलग रेलवे क्रासिंग पर प्रस्तावित ओवरब्रिज और अंडरपास का निर्माण कार्य अधर में लटका हुआ था। क्षेत्रीय सांसद विजय दूबे के तल्ख नाराजगी के बाद नगर के भूतनाथ कालोनी नोनिया पट्टी ढाला पर ओवरब्रिज निर्माण को लेकर रेलवे के इंजिनियर और आई ओ डब्ल्यू की मौजूदगी व नायब तहसीलदार के नेतृत्व में गठित राजस्व टीम ने मार्किंग शुरू कर दी है।

पडरौना नगर को जाम के झाम से निजात दिलाने के लिए सुभाष चौक से मेन बाजार जाने वाली सड़क पर स्थित रेलवे क्रासिंग पर अंडरपास व नोनिया पट्टी ढाले पर ओवरब्रिज के निर्माण के लिए वर्ष 2023 में क्षेत्रीय सांसद विजय दूबे ने भूमि पूजन कर शिलान्यास किया था। इसके लिए 65 करोड रुपए का बजट भी मंजूर हो गया था। किन्तु कुछ तकनीकी कारणों के वजह से अंडरपास व ओवरब्रिज निर्माण का कार्य अधर मे लटक गया था। शहर में बढ़ती जाम की समस्या को लेकर पडरौना वासियों के लगातार बुलंद हो रहे आवाज को गंभीरता से लेते हुए क्षेत्रीय सांसद विजय दूबे बीते दिनों पूर्वोत्तर रेलवे के अधिकारियों से मिलकर तल्ख नाराजगी जताई थी। नतीजतन अंडरपास व ओवरब्रिज के निर्माण के लिए न सिर्फ निविदा आमंत्रण की प्रक्रिया शुरू हो गई बल्कि भूतनाथ कालोनी नोनिया पट्टी रेलवे क्रासिंग पर ओवरब्रिज निर्माण के लिए पूर्वोत्तर रेलवे के इंजिनियर व आई ओ डब्ल्यू की मौजूदगी व नायब तहसीलदार शैलेश सिंह के नेतृत्व में राजस्व निरीक्षक अरविन्द पति त्रिपाठी, लेखपाल योगेन्द्र गुप्ता, बंश बहादुर यादव, गजेन्द्र प्रताप सिंह, अग्निवेश पाण्डेय व राम दर्शन शर्मा ने राइट आफ वे का मार्किंग शुरू कर दिया है।

## सात अभियुक्तों को एडीएम ने किया जिला बदर

**कुशीनगर अवधनामा ब्यूरो।** अपर जिला मजिस्ट्रेट न्यायिक प्रेम कुमार द्वारा गुण्डा एक्ट नियंत्रण अधिनियम की धारा 3/4 के अन्तर्गत ऐसे अभियुक्त जिनके विरुद्ध सम्बन्धित थाने से गम्भीर अपराध पंजीकृत है को लोक शांति के दृष्टिगत गुण्डा घोषित करते हुए जनपद की सीमा से 06 माह के लिए निष्कासित करते हुए जिला बदर किया गया है। जिसके क्रम में लंका उर्फ जहरुद्दीन पुत्र फारूक निवासी मुकुंदहा दिवान टोला थाना कसया, को जिला देवरिया के लिए। जमीर पुत्र हजरत निवासी कूचियां टोला पिपरा थाना पटहेरवा को महराजगंज के लिए। हेमंत तिवारी पुत्र कन्हैया तिवारी निवासी मठिया श्री राम थाना तरया सुजान को जनपद देवरिया के लिए। आबिद पुत्र मैनुद्दीन निवासी जवार भैंसहा थाना पटहेरवा को जनपद देवरिया के लिए। रफी अहमद पुत्र इंद्रीश निवासी बसहिया बनवीरपुर थाना पडरौना को जनपद देवरिया के लिए। आलोक मद्धेशिया पुत्र सरल मद्धेशिया निवासी सलेमगढ़ थाना तरया सुजान को देवरिया के लिए। उमर फारूक उर्फ़ छोटे अंसारी पुत्र मैनुद्दीन निवासी सबया थाना कसया को लोक शांति के दृष्टिगत गुण्डा घोषित करते हुए जनपद कुशीनगर की सीमा से 6 माह के लिए निष्कासित करते हुए जनपद देवरिया जिलाबदर किया गया है। आदेश तिथि 28.02.25 है।

## सड़क हादसे में बाप बेटे समेत चार घायल, दो रेफर

**मथौली बाजार, कुशीनगर अवधनामा संवाददाता।** हाटा कप्तानगंज मार्ग पर स्थित हरपुर बरवा गांव के समीप शनिवार को सड़क हादसे में बाप बेटों समेत चार गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से सीएचसी मथौली ले गए जहां दो की हालत गंभीर देखते हुए चिकित्सकों ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जानकारी के अनुसार बालेश्वर मद्धेशिया पुत्र स्व रामकिशुन उम्र 32 वर्ष निवासी परतावल थाना श्याम देउरवा जनपद महराजगंज शनिवार को अपने दो बेटों अनिकेत 12 वर्ष व नितेश 10 वर्ष को बाइक से अपने ससुराल हाटा जा रहे थे कि अभी वह कप्तानगंज थाना क्षेत्र के हरपुर बरवा गांव के पास पहुंचा ही था कि अनियंत्रित हो गया और सामने से आ रहे उक्त थाना क्षेत्र के नरायनपुर गांव निवासी मैनुद्दीन पुत्र समीउल्लाह खान उम्र 55 वर्ष हाटा के तरफ से आ रहे जिससे टक्कर हो गई। बालेश्वर व उसके दोनों लड़के व मैनुद्दीन गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से एंबुलेंस से सीएचसी मथौली लाया गया जहां बालेश्वर व उसके एक लड़के अनिकेत की हालत गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया जबकि दूसरे लड़के नितेश को हल्की चोटे लगी थी। वहीं मैनुद्दीन के कंधे व पैर में गंभीर चोट लगी थी जिन्हें परिजन निजी अस्पताल में इलाज करा रहे है। पुलिस बाईकों को कब्जे में लेकर आवश्यक कार्रवाई में जुट गई।

## कुम्भ मेले से अमेठी डिपो को हुई 2.36 करोड़ रुपये की आमदनी



**अमेठी अवधनामा संवाददाता।** महाकुंभ-2025 में अमेठी डिपो ने 36दिन में 23699273 रू की कमाई की है। कुम्भ मेले के दौरान डिपो का औसत लोड फैक्टर 65 रहा है। कुम्भ मेले में अमेठी डिपो की 45 बसों ने यात्रियों को सेवाएं प्रदान की है। कुम्भ मेला 12 जनवरी को शुरू हुआ था। 26 फरवरी को महाशिवरात्रि पर्व के दिन समाप्त हुआ है। डिपो की बसों ने 18फरवरी तक बस मेला ड्यूटी की है। कुम्भ मेले में डिपो की ओर से कैम्प लगाया गया था। एआर एम काशी प्रसाद मेला अधिकारी के रूप में तैनात किए गए थे। डिपो से बसों के संचालन का पूरा कार्यभार स्टेशन अधीक्षक सुशीला देवी ने संभाला है। कुम्भ मेले की समाप्ति के बाद 27 फरवरी से डिपो की सेवाएं सामान्य हुई है। लम्बी दूरी की बस सेवाएं भी शुरू हो गई है।

## गणित पेपर के दौरान छात्र हुई बेहोश

**अमेठी अवधनामा संवाददाता।** शनिवार को शिव प्रताप इंटर कॉलेज में हाई स्कूल की गणित परीक्षा के दौरान एक छात्रा अचानक बेहोश हो गई। परीक्षा केंद्र में 15 वर्षीय प्रिया तिवारी की तबीयत अचानक बिगड़ गई। स्कूल प्रशासन ने तुरंत 108 एम्बुलेंस को बुलाया। छात्रा को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार किया। डॉक्टरों के अनुसार छात्रा की हालत अब स्थिर है और इलाज जारी है। चिकित्सकों का कहना है कि यह घटना अत्यधिक मानसिक तनाव या थकान के कारण हुई हो सकती है। डॉक्टरों ने अभिभावकों से अपील की है कि परीक्षा के दौरान बच्चों को पर्याप्त आराम और संतुलित भोजन दें। इससे बच्चे मानसिक रूप से स्वस्थ रह सकेंगे। विद्यालय प्रशासन ने इस घटना के बाद एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। सभी परीक्षा केंद्रों में प्राथमिक चिकित्सा सुविधाओं को मजबूत किया जाएगा।

## राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित परीक्षा में चयनित हुए 119 बच्चे




**अमेठी अवधनामा संवाददाता।** राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित परीक्षा का परिणाम आ गया है। जनपद के परिषदीय विद्यालयों से 119 बच्चे इस परीक्षा में चयनित हुए हैं। कम्पोजिट विद्यालय बनवारीपुर के 11 और उच्च प्राथमिक विद्यालय नारायणपुर के पांच बच्चे परीक्षा में चयनित हुए हैं। कम्पोजिट विद्यालय नेवढ़िया से दो, कस्तूरीपुर से तीन, सवनगी से तीन, दारानगर से एक, कमरौली से एक, इस्माइलपुर से एक और भेंवई से एक बच्चे का चयन हुआ है। कम्पोजिट विद्यालय हारीपुर के छात्र अंशू साहू व छात्रा कल्पना पाल का चयन हुआ है। बालचन्दपुर व खंडहर के दो दो बच्चों का चयन हुआ है। भादर के नगरडीह से एक बच्ची का चयन हुआ है।

## सड़क दुर्घटना बालक की मौत, परिवार में कोहराम

**भेंटुआ अवधनामा संवाददाता।** पीपरपुर थाना क्षेत्र के हारीपुर-धम्मौर मार्ग पर पानी की टंकी के सामने सड़क पार कर रहे बालक को एक चार पहिया वाहन ने टक्कर मार दी। सड़क दुर्घटना में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई । बालक की मौत से परिवार में कोहराम मचा हुआ है। बालक अपने ननिहाल में रहता था। शनिवार को दोपहर लगभग 12 हारीपुर-धम्मौर मार्ग पर पानी की टंकी के सामने सड़क पार कर रहे बालक शनि (8) को एक चार पहिया वाहन ने टक्कर मार दी।

# बोर्ड परीक्षा : 4003 परीक्षार्थियों ने छोड़ी परीक्षा सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में संपन्न हो रही परीक्षा

अवधनामा ब्यूरो



**कुशीनगर।** माध्यमिक शिक्षा परिषद उप्र द्वारा संचालित चल रहे बोर्ड परीक्षा में शनिवार को दोनों पालियों में 4003 परीक्षार्थियों ने परीक्षा छोड़ दिया। परीक्षा जिले के 152 केंद्रों पर सम्पन्न हुई। परीक्षा सकुशल संपन्न कराने के लिए प्रशासन पूरी तरह से मुस्तैद है। कहीं से भी अनुचित साधन प्रयोग करने का समाचार नही प्राप्त हुआ।

जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय में स्थापित कंट्रोल रूम से मिली जानकारी के अनुसार शनिवार को प्रथम पाली में हाई स्कूल गणित में पंजीकृत कुल परीक्षार्थियों की संख्या 44296 थी जिसमें से बालक वर्ग से 28012 व बालिका वर्ग से 13109 परीक्षार्थी शामिल हुए जिसमें बालक वर्ग से 2588 व बालिका वर्ग से 587 अनुपस्थित रहे। जबकि प्रथम पाली में ही इंटर व्यवसायिक वर्ग में कुल पंजीकृत 687 थे जिसमें से कुल 33 छात्र अनुपस्थित रहे। इस तरह से प्रथम पाली में कुल 3208 परीक्षार्थियों ने परीक्षा छोड़ी। द्वितीय पाली हाई स्कूल वाणिज्य विषय में पंजीकृत छात्रों की संख्या 24 थी जिसमें सभी उपस्थित रहे। वहीं इंटर नागरिक शास्त्र में पंजीकृत छात्रों की संख्या 10578 थे जिसमें से 795 छात्र अनुपस्थित रहे। परीक्षा की निगरानी के लिए सुपर जोनल, जोनल, सेक्टर और स्टेटिक मजिस्ट्रेट तैनात किए गए हैं। शुचिता पूर्ण और नकलविहीन परीक्षा के लिए परीक्षा केंद्रों को छह जोन और 17 सेक्टर में बांटा गया है। डीआईओएस कार्यालय में कंट्रोल रूम स्थापित है। यहां से सभी केंद्रों की सीसीटीवी कैमरों से जोड़ निगरानी की जा रही है। इसके अलावा सभी केंद्रों पर परीक्षक तैनात करने के साथ ही केंद्र व्यवस्थापक, अतिरिक्त केंद्र व्यवस्थापक, सेक्टर, जोनल व स्टेटिक मजिस्ट्रेट तैनात किए गए है।

श्रवण कुमार गुप्ता, डीआईओएस, कुशीनगर ने कहा परीक्षा को नकलवीहिन एवं शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के लिए सभी केन्द्र व्यवस्थापक, वाह्य केन्द्र व्यवस्थापक, 06 जोनल मजिस्ट्रेट, 17 सेक्टर मजिस्ट्रेट, 152 स्टैटिक मजिस्ट्रेट, की डयूटी लगाई गई है। परीक्षा को सुचारू एवं मॉनिटरिंग हेतु सचल दल द्वारा पल पल की निगरानी की जा रही है।

## कोतवाली प्रभारी व होमगार्ड जिला कमांडेंट ने प्रशस्ति पत्र देकर इन्द्रमणि सिंह को किया सम्मानित



**महाराजगंज, रायबरेली अवधनामा संवाददाता।** विगत माह की भांति इस माह भी 1 मार्च 2025 को होमगार्ड कंपनी का औचक निरीक्षण जिला कमांडेंट संजय कुमार शर्मा द्वारा किया गया तो लोगों के प्रति अच्छा कार्य व्यवहार अच्छी ड्यूटी एवं साफ सुथरा वर्दी से प्रभावित होकर जिला कमांडेड होमगार्ड रायबरेली संजय कुमार शर्मा व कोतवाली प्रभारी जगदीश यादव के द्वारा होमगार्ड प्लाटून कमांडर इन्द्रमणि सिंह को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। आपको बता दें कि महीने के 1 तारीख को एक महीने के बेहतर कार्य व्यवहार साफ सुथरा वर्दी तथा समय से ड्यूटी करने के मामले में कोतवाली प्रभारी जगदीश यादव द्वारा हर महीने एक व्यक्ति को सम्मानित किया जाता है। इसी क्रम में आज 1 मार्च को कोतवाली परिसर महाराजगंज में होमगार्ड प्लाटून कमांडर चंद्रमणि सिंह को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर सी.सी जसबीर सिंह, बुद्धसेन शर्मा, एस आई दिनेश गोस्वामी, हेड मुहारिर रविकांत पाण्डेय ,दीवान अजय चौधरी, हिमांशु ,कुंदन, बी ओ राजेश कुमार राय ,पी.सी रमेश मौर्य, रमापति बाजपेयी , राजेश कुमार सिंह ,रामदास यादव, सतीश प्रताप सिंह ,राम प्रताप यादव, मुकेश कुमार यादव, रामराज यादव ,लाल मोहम्मद , दिनेश सिंह, रामकुमार सिंह, जगदेव मिश्रा ,राम भुवन सिंह, धर्मदास, छेदीलाल ,रामकुमार यादव, रामजस मौर्य, ईशा मोहम्मद, धर्मेंद्र पांडे, शिवकरण यादव आदि मौजूद रहे।

## सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन

**देवरिया।** जिलाधिकारी दिव्या मित्तल की अध्यक्षता में तहसील बरहज के सभागार में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन हुआ। इस अवसर पर जिलाधिकारी तथा पुलिस अधीक्षक विक्रांत वीर ने जनता की समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुना और उनके त्वरित समाधान हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश प्रदान किए। जिलाधिकारी ने कहा कि भूमि विवादों का समाधान तथा सार्वजनिक भूमि पर अवैध अतिक्रमणों को हटाना प्रशासन की प्राथमिकताओं में शामिल है। लेखपाल अपने-अपने क्षेत्रों में भ्रमणशील रहें और भूमि विवाद से जुड़ी समस्याओं का समाधान कराये। जिन मामलों का समाधान आज नहीं हो सका है, उन्हें समयबद्धता एवं गुणवत्ता के साथ निस्तारित किया जाए। पुलिस अधीक्षक विक्रांत वीर ने पुलिस विभाग से संबंधित मामलों की सुनवाई की और पुलिस अधिकारियों तथा थानाध्यक्षों को निर्देशित किया कि प्राप्त सभी शिकायतों का त्वरित समाधान प्राथमिकता के साथ किया जाए।

# कुष्ठ रोगियों की पहचान के लिए शुरू हुआ दूसरे चरण का अभियान

### जिला पंचायत अध्यक्ष ने जागरूकता रैली को झंडी दिखाकर किया रवाना

अवधनामा संवाददाता




**अमेठी।** राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम का के द्वितीय चरण की शुरुआत शनिवार को जागरुकता रैली के साथ हुई। अभियान 1 मार्च से 18 मार्च 2025 तक चलेगा। स्वास्थ्य विभाग की टीम घर-घर जाकर संभावित कुष्ठ रोगियों की पहचान करेगी। जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश अग्रहरि ने हरी झंडी दिखाकर जागरूकता रैली को रवाना किया।

स्वास्थ्य विभाग की टीम ने लोगों को कुष्ठ रोग के लक्षण और इलाज की जानकारी दी। इस बीमारी से जुड़ी भ्रांतियों को दूर करने का प्रयास किया। सीएमओ अंशुमान सिंह ने बताया कि समय पर पता लगने पर कुष्ठ रोग पूरी तरह ठीक हो सकता है। उन्होंने लोगों से झिझक छोड़कर तुरंत इलाज कराने की अपील की। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार त्वचा पर सफेद धब्बे, सुन्नता या झुनझुनी महसूस होने पर तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में जांच करानी चाहिए। कुष्ठ रोग का इलाज पूरी तरह निःशुल्क है। नियमित जांच से इस बीमारी से बचा जा सकता है। अभियान का मुख्य उद्देश्य कुष्ठ रोगियों की पहचान कर उनका समय पर इलाज सुनिश्चित करना है। समाज में फैली भ्रांतियों को दूर कर प्रभावित लोगों को मुख्यधारा से जोड़ना भी इस अभियान का लक्ष्य है। अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा राम प्रसाद,डा पी के उपाध्याय, स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी मनोज कुमार पटेल, राजेश कुमार, रमेश कुमार के साथ सभी स्वास्थ्य कर्मी आशा बहु और स्वास्थ्य कर्मी मौजूद रहे।

# 15 मार्च से चलेगा ऑपरेशन कब्जा मुक्ति

### 800 चिन्हित सार्वजनिक उपियोगिता की भूमि एवं ग्राम समाज की भूमि को कराया जाएगा अतिक्रमण मुक्त

अवधनामा संवाददाता



**देवरिया।** जिले में सार्वजनिक उपयोगिता की भूमि और ग्राम समाज की भूमि पर अतिक्रमण करने वालों की अब खैर नहीं है। जिला प्रशासन ने समस्त प्रकार की सार्वजनिक भूमि को अवैध कब्जे से मुक्त कराने के लिए कमर कस ली है। जिलाधिकारी श्रीमती दिव्या मित्तल के निर्देशन में 15 मार्च से सार्वजनिक भूमि को कब्जामुक्त कराने के लिए ऑपरेशन कब्जा मुक्ति अभियान चलेगा। अभियान के अंतर्गत कुल 800 चिन्हित सार्वजनिक उपयोगिता की भूमि एवं ग्राम समाज की भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराया जाएगा। ऑपरेशन कब्जा मुक्ति के विषय मे विस्तृत जानकारी देते हुए जिलाधिकारी ने बताया कि शासन की मंशानुरूप इस विशेष अभियान की कार्ययोजना बनायी गई है। अभियान के प्रथम चरण में व्यापक जनसुविधा के दृष्टिगत सार्वजनिक उपयोगिता की भूमि जैसे रास्ता, चकरोड, खेल का मैदान, चारागाह, पोखरी, खाद का गड्ढा आदि से अतिक्रमण हटाया जाएगा। द्वितीय चरण में ग्राम समाज की भूमि जैसे नवीन परती, बंजर पर से अतिक्रमण हटाने के कार्रवाई की जाएगी। जिलाधिकारी ने बताया कि ऑपरेशन कब्जा मुक्ति के अंतर्गत अतिक्रमण हटाने से पूर्व अतिक्रमणी को तहसील प्रशासन द्वारा डुग्गी-मुनादी एवं नोटिस आदि के माध्यम से सूचित भी किया जाएगा। जिलाधिकारी ने अवैध अतिक्रमणकारियों को चेताया भी कि वे स्वयं अपने अवैध कब्जे को हटा कर लें, अन्यथा की स्थिति में सख्त विधिक कार्रवाई की जाएगी। जिलाधिकारी ने बताया कि ऑपरेशन कब्जा मुक्ति के अंतर्गत कुल 800 चिन्हित सार्वजनिक उपयोगिता की भूमि और ग्राम समाज की भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराया जाएगा। इन प्रकरणों का तहसीलवार चिन्हीकरण पिछले छह माह में विभिन्न माध्यमों से प्राप्त शिकायती प्रार्थना पत्र, तहसीलदार न्यायालय से बेदखली के मुकदमों में पारित आदेश तथा लेखपालों द्वारा उपलब्ध कराए गए रिपोर्ट के आधार पर किया गया है।

## सभासदों ने किया निर्माणाधीन सड़क का निरीक्षण

**भाटपार रानी देवरिया।** आदर्श नगर पंचायत भाटपार रानी के सभासदों ने नगर के विभिन्न वार्डों में हो रहे सड़क निर्माण का निरीक्षण किया निरीक्षण के अंतर्गत सभासदों ने बताया कि मानक के अनुसार सड़क निर्माण का कार्य नगर पंचायत द्वारा नहीं हो रहा है नगर पंचायत में जिस ठेकेदार को सड़क निर्माण का आवंटित किया है उसके द्वारा सड़क निर्माण कार्य में पुरानी ईटों का प्रयोग किया जा रहा है जिसका सभासदों ने विरोध किया उन्होंने ठेकेदार से कहा कि सड़क निर्माण में गुणवत्ता पूर्वक कार्य होना चाहिए नहीं तो इसकी शिकायत उच्च अधिकारियों से हम सभी सभासद करने के लिए बाध्य होंगे। सभी सभासद ने नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि विजय कुमार गुप्ता एवं अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत भाटपार रानी अमित कुमार सिंह को घटिया सड़क निर्माण की सूचना से अवगत कराया। सभी सदस्यों ने एक स्वर से कहा कि अगर पूरे नगर में जितने भी सड़क निर्माण कार्य हो रहे हैं गुणवत्ता पूर्वक कार्य नहीं हुई तो हम सभी सभासद इस निर्माण कार्य का विरोध करेंगे। उक्त अवसर पर राजेश कुमार गुप्ता सभासद सुरेंद्र चौहान सभासद सलीम अली सभासद चंदन मद्धेशिया सभासद संजय यादव सभासद प्रतिनिधि मोहम्मद शहाबुद्दीन सभासद प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# महाबोधि विहार को बौद्धों को क्यों नहीं सौंप रही सरकार

अवधनामा संवाददाता




**अमेठी।** महाबोधि विहार बोधगया को हिंदू ब्राह्मण महंतों के कब्जे से मुक्त करने और बुद्ध की विरासत को बौद्धों को सौंपने को लेकर बोधगया में पिछले तीन सप्ताह से चल रहा आंदोलन विश्व व्यापी होता जा रहा है। बौद्ध गया मंदिर प्रबंधन समिति प्रबंधन समिति अधिनियम-1949को निष्प्रभावी करने के बजाय सरकार आंदोलन को कुचलने की कोशिश में लगी हुई है।बुद्ध की ज्ञान स्थली बोधगया को यूनेस्को की ओर से विश्व धरोहर घोषित किया जा चुका है, परंतु भारत सरकार ने अभी तक इसे राष्ट्रीय धरोहर घोषित नहीं किया है।

आंदोलन को लेकर मोदी सरकार और भारत की अंतरराष्ट्रीय छवि धूमिल हो रही है। दुनिया में बौद्धों की विरासत पर हिंदू महंतों के कब्जे और बोधगया में बुद्ध के सिद्धांतों के विपरीत कर्मकांड को लेकर भारत सरकार की किरकिरी हो रही है फिर भी केन्द्र की मौजूदा सरकार आर एस एस के दबाव में मौन साधे हुए हैं। आंदोलन आग की तरह भारत के सभी जिलों और मुख्य शहरों में तेजी से बढ़ रहा है। धरना प्रदर्शन और ज्ञापन देने के कार्यक्रम रोज चल रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी जब विदेशी दौरों पर जाते हैं तो बुद्ध की धरती से आए हैं , ऐसी पहचान बताते हैं।बुद्ध की ज्ञान स्थली पर बौद्धों के साथ हो रहे अमानवीय व्यवहार और बौद्धों की अंतरराष्ट्रीय मांग पर सरकार चुप है।बोधगया में पीपल के वृक्ष के नीचे सिद्दार्थ गौतम को ज्ञान की प्राप्ति हुई। यहां महाबोधि विहार की स्थापना हुई। सम्राट अशोक ने यहां कई विहार और स्मारक बनवाए और इसका सौंदर्यीकरण कराया। कालांतर में हिंदू ब्राह्मण महंतों ने विहार पर कब्जा कर लिया और यहां पितृ श्राद्ध, तर्पण और कर्मकांड करने लगे और विहार को विष्णु मंदिर बताकर इसे दान के रूप में करोड़ों रुपए प्राप्त करने का केंद्र बना दिया।श्री लंका मूल के बौद्ध भिक्षु अनागरिक धम्म पाल ने महाबोधि सोसाइटी की स्थापना करके 1892में बौद्धों के अधिकार के लिए आंदोलन शुरू किया।1893में उन्होंने शिकागो की विश्व धर्म संसद में उन्होंने अपने लम्बे भाषण में बौद्ध धम्म का परचम लहराया।1895में पूजा में बाधा डालने पर धम्मपाल ने कलकत्ता हाईकोर्ट में केस दायर की। बुद्ध गया मंदिर नाम से मुकदमा दुनिया भर में जाना गया। हाईकोर्ट से बौद्धों को विजय मिली और महाबोधि विहार पर बौद्धों का अधिकार घोषित किया गया। 29 अप्रैल1933 को अनागरिक धम्म पाल ने शरीर छोड़ दिया, उनके निर्वाण के बाद महाबोधि विहार पर अवैध कब्जे के प्रयास शुरू हो गये।1942में गया में आल इंडिया कांग्रेस का अधिवेशन हुआ। राहुल सांकृत्यायन ने बुद्ध की विरासत को बौद्ध धम्म के अनुयायियों को सौंपने की मांग जोर शोर से उठाई। गांधी एंड कांग्रेस ने उनकी मांग को तवज्जो नहीं दी, राहुल सांकृत्यायन ने सेक्रेटरी पद से इस्तीफा दे दिया।1949में बिहार सरकार और भारत सरकार ने बौद्ध गया मंदिर प्रबंधन अधिनियम लागू किया। यह अधिनियम बौद्धों की न्याय पूर्ण मांग का विरोध करता है।नौ सदस्यीय कमेटी में डी एम बोधगया सहित पांच हिंदू महंत और चार बौद्ध भिक्षु रखे गए हैं।

## एम्स रायबरेली द्वारा महाकुंभ 2025 में संस्थान के सेवा-प्रदाताओं को सम्मानित किया गया



**रायबरेली अवधनामा संवाददाता।** महाकुंभ 2025 में एम्स रायबरेली ने भी तार्थयात्रियों की चिकित्सकीय सेवा में अपना योगदान दिया। एम्स के अधिशासी निदेशक प्रो. (डॉ.) अरविंद राजवंशी के मार्गदर्शन में और एम्स से महाकुंभ के नोडल अधिकारी डॉ. सुयश सिंह के नेतृत्व में लगभग 25 संकाय सदस्यों, 100 से अधिक नर्सिंग अधिकारियों तथा इतने ही सहायक कर्मचारियों ने इस महायोजन में अपनी सेवाएं दी। इन सेवा-प्रदाताओं के सम्मान में 25 फरवरी 2025 को एम्स परिसर में एक समारोह आयोजित किया गया। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के रायबरेली जिले के विभाग प्रचारक राहुल इस समारोह के मुख्य अतिथि थे। उन्होंने राष्ट्र को सर्वप्रथम समझने के लिए एम्स के डॉक्टरों द्वारा कुंभ में दी गई सेवाओं की सराहना की। अधिशासी निदेशक ने सभी स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं का स्वागत और अभिनंदन किया। उन्होंने आशा व्यक्त की कि संस्थान आने वाले कुंभ जैसे आयोजनों में भी अपना योगदान देता रहेगा। महाकुंभ में सेवा देने वाले सभी स्वास्थ्य कार्मिकों को प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया। संकाय सदस्यों की ओर से डॉ. अभय राय तथा डॉ विक्रांत सिंह धर, वरिष्ठ रेजीडेंट की ओर से डॉ. शिवानंद, कनिष्ठ रेजीडेंट की ओर से डॉ. अपराजिता शुक्ला, नर्सिंग अधिकारियों की ओर से भवानी, तकनिशियनों की ओर से विजेन्द्र, परिचारकों की ओर से कर्मवीर, सुरक्षा गार्डों की ओर से रामधीन, वाहन चालकों की ओर से दिलीप, टेली आईसीयू की ओर से सौरभ गौतम, लॉन्ड्री सेवा की ओर से मनदीप और रसोई सेवा की ओर से अक्षय ने मंच पर यह सम्मान ग्रहण किया।

# योजनाओं में चिन्हित बैंकों का कार्य खराब प्रगति पर, होगी कड़ी कार्यवाही

अवधनामा संवाददाता

■ लम्बित आवेदनों पर बैंक मैनेजर व नोडल अधिकारियों को दी सख्त चेतावनी: सीडीओ

**फिरोजाबाद।** मुख्य विकास अधिकारी शत्रोहन वैश्य की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार कक्ष में जिला सलाहकार समिति व जिला स्तरीय पुनरीक्षण की बैठक का आयोजन किया गया, मुख्य विकास अधिकारी इस बैठक में खासे नाराज दिखें कि बैंकों का सी0डी0 अनुपात बढ़ रहा है, सीडी अनुपात का तात्पर्य है कि बैंक द्वारा जुटाए गई जमा राशियों में से कितना उधार दिया जाता है यह बताता है या बैंकों की परीसम्पत्तियों और देनदारीयों का अनुपात होता है, जनपद की बैंकों का सी0डी0 रेशियों सही करायें अन्यथा कार्यवाही के लिए तैयार रहें, उन्होने सभी बैंकों के ब्रांच मैनेजर और नोडल अधिकारियों को चेतावनी जारी करते हुए कहा कि अगर किसी भी बैंक का सीडी रेशियों खराब पाया गया तो उसक उत्तरदायी बैंक मैनेजर एवं नोडल अधिकारी दोनो होंगे जिनके खिलाफ कठोरतम कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने इस दौरान सरकार द्वारा प्रायोजित योजनाओं की समीक्षा करते हुए पाया कि सरकार की योजनाओं को लेकर बैंकों के यहां आवेदन लंबित है जिस पर बैंक के अधिकारी गम्भीर नजर नहीं आ रहे हैं जैसे उन्होंने प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम की समीक्षा करते हुए कहा कि इण्डियन बैंक के 11 और बैंक आफ इण्डिया के 8 आवेदन लम्बित, मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान में बैंक आफइण्डिया के 47 में से 9, कैनरा बैंक 106 में से 2 ग्रामीण बैंक आफआर्यवृत्त 60 में से 3, पंजाब नेशनल बैंक 78 में शून्य, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना में स्टेट बैंक आफ इण्डिया 12, कैनरा बैंक के 10, बैंक ऑफइण्डिया के 11, पंजाब नेशनल बैंक के 8 लम्बित, मुख्यमंत्री उद्यमी विकास अभियान में स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया के 156, बैंक ऑफ इण्डिया 63, पंजाब नेशनल बैंक के 95, कैनरा बैंक के 81 आवेदन लम्बित, मत्स्य पालन योजनान्तर्गत स्टेट बैंक के 35, बैंक आफइण्डिया के 21, कैनरा बैंक के 42, आर्यवृत्त बैंक के 51 लम्बित आवेदन, एनआरएलएम योजना में स्टेट बैंक आफ इण्डिया के 28, कैनरा बैंक के 133, बैंक आफ इण्डिया के 126, जिला सहकारी बैंक के 120, आवेदन लम्बित, पीएम स्ट्रीट वैण्डर्स योजना में स्टेट बैंक आफइण्डिया के 214, इण्डियन बैंक के 38, बैंक आफबडोदा के 24 वितरण हेतु लम्बित आवेदन लक्ष्य के सापेक्ष लंबित मामले हैं, जिसमें अधिकतम योजनान्तर्गत सबसे खराब स्थिति बैंक ऑफ इंडिया, कैनरा बैंक, बडोदा बैंक, पंजाब नेशनल बैंक व सहकारी बैंकों की है, उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि इनकी स्थितियों में जल्द ही सुधार नहीं आया तो इनके ऊपर कठोरतम कार्यवाही की जाएगी। इसी तरह उन्होंने ओडीओपी योजना की भी समीक्षा की, उन्होंने कहा कि सरकार की इस योजना से न केवल जनपद के उत्पादों को एक पहचान मिलती है, अपितु युवाओं को स्वरोजगार हेतु आत्मनिर्भर बनाया जाता है, इसलिए इन योजनाओं में किसी भी बैंक पर प्रार्थना पत्र लंबित नहीं होना चाहिए, इसी तरह मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना, मुख्यमंत्री ग्रामोद्योग रोजगार योजना, मुख्यमंत्री मांटी कला रोजगार योजना के साथ-साथ मत्स्य पालन योजना की समीक्षा करते हुए मुख्य विकास अधिकारी ने मत्स्य पालन योजना की स्थिति को बैंकवार समीक्षा करने के बाद सबसे खराब पाया, उन्होंने सहायक निदेशक मत्स्य को निर्देशित किया कि सभी बैंकों की एक लम्बित आवेदन पत्रों की सूची लीड बैंक मैनेजर को उपलब्ध करायें, जिससे इन बैंकों में मत्स्य पालन योजना से संबंधित लंबित प्रकरणों के कारणों को जाना जा सके, इसी तरह उन्होंने किसान क्रेडिट कार्ड योजना की समीक्षा करते हुए पाया कि बैंक ऑफ बड़ोदा, स्टेट बैंक आफ इण्डिया और कैनरा बैंक की स्थिति सबसे खराब है, मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि अगर आपने अपने यहां इस योजना की प्रगति में खराब प्रदर्शन किया तो कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।




# 37 शिकायतों में से 5 का मौके पर निस्तारण



अवधनामा संवाददाता

**सम्पूर्ण समाधान दिवस**

**फिरोजाबाद।** जिलाधिकारी रमेश रंजन और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सौरभ दीक्षित की उपस्थिति में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन तहसील सिरसागंज में किया गया, जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि किसी भी संबंधित विभाग के अधिकारी ने शिकायत के निस्तारण में लापरवाही की तो सम्बंधित अधिकारी पर कड़ी कार्यवाही की जाएगी, सबसे ज्यादा शिकायतें भूमि विवाद से जुड़े मामलों में रही, इसके अलावा नगर पंचायत, बेसिक शिक्षा विभाग, पंचायती राज, जिला पूर्ति इत्यादि से संबंधित शिकायतें भी प्रमुखता से आई। जिलाधिकारी ने सभी विभागों को पिछली शिकायतों का सत्यापन करने और तत्काल गुणवत्ता पूर्ण निष्ठा करने के निर्देश भी दिए, जिलाधिकारी के अनुसार समाधान दिवस में आए सभी प्रकरणों का तत्काल और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया जाना चाहिए, उन्होंने कहा कि यदि किसी मामले का निस्तारण पहले हो चुका है तो उसे शिकायतकर्ता से कॉल करके सत्यापित किया जाए, इससे प्रशासन की पारदर्शिता बढ़ेगी और इससे जनता का विश्वास प्रशासन पर मजबूत होगा, साथी शासन का यह उद्देश्य भी पूरा होगा कि शासन और जनता के बीच संवाद से जन समस्याओं का त्वरितपूर्ण ढंग से निस्तारण हो सकेगा, इस दौरान कुछ शिकायतें ऐसी आई, जिनका निस्तारण जिलाधिकारी ने त्वरित एक संयुक्त टीम बनाकर कराया। जैसे वैजंती देवी पत्नी श्री लायक सिंह निवासी गुरैया सुहेलपुर ने शिकायत की, की विरोधी दल उनकी फसल उजाड़ देते हैं व जबरदस्ती मेड डाल देते हैं, साथ ही विपक्षी दल द्वारा जान से मारने की धमकी दी जाती है, जिलाधिकारी ने इस प्रकरण की संयुक्त टीम बनाकर जांच करने के निर्देश दिए। इसी तरह प्रार्थी सुरेश चंद्र जैन पुत्र श्री बंशीधर जैन द्वारा यह शिकायत की गई की विरोधी दल द्वारा प्रार्थी को काफी तंग परेशान किया जाता है, प्रार्थी की जायज सम्पत्तियों को भी अपना बताया जाता है, इससे प्रार्थी बेहद पीड़ित व परेशान है।

# सामूहिक विवाह कार्यक्रम में मंत्री ने दिया आशीर्वाद



अवधनामा संवाददाता

**फिरोजाबाद।** शनिवार को बाबा खाटू श्याम सेवा समिति द्वारा फैलौरा दौज के अवसर पर कोटला रोड स्थित राधा कृष्ण गार्डन में सामूहिक विवाह समारोह आयोजित किया गया जिसमें 35 जोड़ों ने दंपति जीवन में प्रवेश किया। विवाह समारोह में विवाह हिंदू रीति रिवाज के अनुसार आचार्यों द्वारा मंत्र उच्चारण के साथ संपन्न कराया। समिति के पदाधिकारियों के द्वारा विवाह समारोह में शामिल जोड़ों को दान दहेज देकर विदा किया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रमाकांत उपाध्याय दर्जा प्राप्त मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार ने फीता काटकर शुभारंभ किया। समिति के अध्यक्ष एवं समस्त पदाधिकारीयों ने दर्जा प्राप्त मंत्री का माल्या पहनकर स्वागत किया। वहीं मंत्री ने वरबधू को आशीर्वाद दिया एवं उच्चजवल भविष्य की कामना की। समारोह के अध्यक्ष बंटू कुशवाह एवं उनकी समिति के पदाधिकारियों के निर्देशन में शादी समारोह संपन्न कराया गया। समिति के संस्थापक ने कार्यक्रम में आये लोगों से अपील करते हुए कहा जो पिता अपनी बेटी की शादी करने में असमर्थ है तो वह समिति के लोगों से संपर्क कर बेटी की शादी कर सकता है। बाबा खाटू श्याम सेवा समिति के पदाधिकारियों ने भी वर कन्याओं को आशीर्वाद दिया। कार्यक्रम में समिति के संरक्षक डूंमर सिंह ने दीप प्रज्वलित किया। समिति के पदाधिकारी अध्यक्ष सचिव बंटू कुशवाहा, उपाध्यक्ष जयप्रकाश कुशवाहा, विपिन लहरी, समिति प्रबंधक मनोज कुशवाहा, सचिव अभिषेक कुशवाहा, पंकज राठौर, समारोह में उपस्थित गणमान्य नागरिकों ने वर कन्याओं को आशीर्वाद दिया। कार्यक्रम का संचालन गोपाल आचार्य ने किया।

# गर्भवती महिलाओं की डीएम ने की गोदभराई

**बहराइच।** तहसील मिहींपुरवा (मोतीपुर) में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर विभिन्न विभागों द्वारा लगाये गये स्टालों का जिलाधिकारी मोनिका रानी ने निरीक्षण करते हुए आईसीडीएस विभाग द्वारा लगाये गये स्टाल पर 02 गर्भवती महिलाओं रीना देवी व रीता की गोद भराई की तथा 02 बच्चों माया व मीरा को अन्नप्रासन कराया।

# हैल्थ एटीएम मशीन कई महीनों से पड़ी है खराब

अवधनामा संवाददाता



**टूंडला।** सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र टूंडला पर कई महीनों से हैल्थ एटीएम मशीन खराब पड़ी है। जिससे मरीजों को जांच के लिए प्राइवेट सेंटरों पर जाना पड़ता है। लेकिन इस ओर स्वास्थ्य विभाग का कोई ध्यान नहीं है। सीएचसी टूंडला पर स्वास्थ्य विभाग के चिकित्सकों की लापरवाही के चलते हेल्थ एटीएम मशीन कई महीनों से खराब पड़ी है। मशीन को कपड़े से ढककर रख दिया गया है जिससे मशीन के ऊपर धूल जमी हुई है। इस मशीन को अभी तक ठीक नहीं कराया है। जिससे सीएचसी पर जाने वाले मरीजों को परेशानियों को सामना करना पड़ता है। साथ ही मरीजों को जाँच कराने के लिए बाहर जाना पड़ता है। स्वास्थ्य विभाग की लापरवाही के चलते हैल्थ एटीएम मशीन धूल फांक रही है। जबकि मरीजों की सुविधा के लिए मशीन प्रदेश सरकार द्वारा लगवाई गई थी। लेकिन स्वास्थ्य विभाग की नाकामी सामने आ रही है।

# भूमि सम्बन्धी शिकायतों पर बरती जाये गंभीरता

अवधनामा संवाददाता

**मैनपुरी।** आयुक्त आगरा मंडल आगरा शैलेंद्र कुमार सिंह ने तहसील करहल में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर जन-समस्याएं सुनने के उपरांत उपस्थित अधिकारियों को आदेशित करते हुए कहा कि जन-समस्याओं के समयबद्ध, गुणवत्तापरक निस्तारण के लिए संवेदनशील रहें, कहीं भी सार्वजनिक भूमि पर अवैध कब्जे न रहें, भूमि पर अनाधिकृत कब्जों से संबंधित शिकायतों को गंभीरता से लिया जाए, थाना समाधान दिवस से पुलिस, राजस्व की संयुक्त टीम गठित कर मौके पर भेजकर भूमि विवाद के प्रकरणों को निस्तारित कराया जाए। उन्होने कहा कि जन-शिकायतों का समयबद्ध, प्रभावी निराकरण प्रदेश सरकार की उच्च प्राथमिकताओं में शामिल हैं, विभिन्न स्तर से प्राप्त शिकायतों के निस्तारण का फीडबैक सीधे शासन स्तर से शिकायतकर्ता से दूरभाष पर वार्ता कर लिया जा रहा है, इसलिए सभी अधिकारी सजग रहकर शिकायतों का निराकरण करें। उन्होने संतोष व्यक्त करते हुये कहा कि विभिन्न स्तर से प्राप्त शिकायतों के निस्तारण की प्रगति बेहतर है लेकिन अभी और सुधार की गुजांइश है। मंडलायुक्त ने कहा कि होली का त्यौहार नजदीक है, राजस्व, पुलिस विभाग के अधिकारी आपस में समन्वय स्थापित कर होलिका दहन वाले स्थानों का स्थलीय निरीक्षण कर वहां समस्त व्यवस्थाएं समय से सुनिश्चित करायें, विगत वर्षो में होलिका दहन को लेकर जहां भी कहीं विवाद हुआ हो, वहां के लोगों से निरंतर संवाद करें, किसी भी दशा में कानून व्यवस्था संबंधी कोई समस्या त्यौहारों के दौरान उत्पन्न न हो, अधिशासी अधिकारी नगर निकाय शहरी क्षेत्र में एवं खंड विकास अधिकारी ग्रामीण क्षेत्र में होलिका दहन वाले स्थानों पर समय से सफाई करना सुनिश्चित करें।

# डीएम की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस संपन्न

अवधनामा संवाददाता



**बहराइच।** आमजन की समस्याओं के त्वरित निस्तारण के लिए प्रत्येक माह के प्रथम एवं तृतीय शनिवार को आयोजित होने वाले सम्पूर्ण समाधान दिवसों की कड़ी में माह मार्च के प्रथम शनिवार को तहसील मिहींपुरवा (मोतीपुर) में जिलाधिकारी मोनिका रानी की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित हुआ। इस अवसर पर डीएम ने अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण दुर्गा प्रसाद तिवारी व उप जिलाधिकारी संजय कुमार के साथ आये हुए फरियादियों की समस्याओं की गम्भीरतापूर्वक सुनवाई की और निस्तारण के लिए सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिया मौके पर जाकर प्राप्त शिकायतों का गुणवत्तापरक निस्तारण किया जाय। सम्पूर्ण समाधान दिवस में वन विभाग का कोई अधिकारी उपस्थित न रहने पर डीएम ने नाराज़गी जताते हुए प्रभागीय वनाधिकारी से स्पष्टीकरण प्राप्त करने का निर्देश दिया। सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान थाना मोतीपुर अन्तर्गत लालपुर चांदझारा में सरकारी भूमि पर अवैध कब्ज़े की शिकायत प्राप्त होने पर डीएम ने एसडीएम व पुलिस क्षेत्राधिकारी को निर्देश दिया कि संयुक्त रूप से स्थलीय निरीक्षण कर सरकारी भूमि को अवैध कब्ज़े से मुक्त करायें। इस सम्बन्ध में डीएम ने एसडीएम व सीओ को निर्देश दिया कि सरकारी भूमि पर कब्ज़े की शिकायत के सम्बन्ध में स्थलीय निरीक्षण के दौरान यह अवश्य देखा जाय कि सम्बन्धित द्वारा एक बार कब्ज़ा हटाये जाने के बाद दोबारा सरकारी भूमि पर अवैध रूप से कब्ज़ा करने वालों से भूमि को मुक्त कराये जाने के साथ-साथ सम्बन्धित के विरूद्ध नियमानुसार कार्रवाई भी की जाय। सम्पूर्ण समाधान दिवस में अन्त्योदय कार्ड में नाम बढ़ाने के लिए आयी एक बीमार महिला तथा निराश्रित महिला पेंशन के लिए आयी बुजुर्ग महिला के प्रार्थना-पत्रों पर सुनवाई करते हुए डीएम ने जिला पूर्ति अधिकारी व जिला प्रोबेशन अधिकारी को तत्काल कार्यवाही करने के निर्देश दिये। डीएम ने सभी सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिया कि सम्पूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त होने वाले प्रार्थना-पत्रों पर पूरी संवेदनशीलता के साथ कार्यवाही करते हुए पीड़ित व्यक्तियों को राहत पहुंचायें। डीएम ने कहा कि जनसुनवाई में आने वाले सभी गरीब, ज़रूरतमन्द तथा असहाय लोगों की हर संभव मदद की जाय तथा उन्हें उनकी पात्रता के अनुसार लाभान्वित भी किया जाय। डीएम मोनिका रानी ने आसन्न होली व रमज़ान त्योहारों के दृष्टिगत थानाध्यक्षों को निर्देश दिया कि थाना अन्तर्गत समस्त डी.जे. संचालकों के साथ बैठक कर उन्हें सेलेक्टेड गानों की सूची उपलब्ध करा दें तथा शासन द्वारा जारी गाईड लाइन से अवगत करा दिया जाय। सभी थानों पर डी.जे. संचालकों के नाम, पते व मोबाइल नम्बर की सूची रखी जाय।

# जनपद सिंचाई बन्धु की बैठक 11 मार्च को

**बहराइच।** सदस्य सचिव एवं अधि.अभि. स.न.ख.-पंचम बहराइच ने बताया कि शासन द्वारा नामित उपाध्यक्ष जनपद सिंचाई बन्धु राघवेन्द्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में जनपद सिंचाई बन्धु की बैठक 11 मार्च 2025 को मध्यान्ह 11:00 बजे से कल्पीपारा कालोनी स्थित सिंचाई विभाग के आफीसर्स फील्ड हास्टल में आहूत की गयी है। सदस्य सचिव ने बताया कि जनपद सिंचाई बन्धु की बैठक में नहरों की समुचित सफाई, नहरों की कटिंग तथा टेल तक पानी की उपलब्धता, रोस्टर के अनुसार नहरों का संचालन, नहरों के कुलाबों की व्यवस्था, राजकीय नलकूपों का संचालन व बन्दी की समीक्षा, सिंचाई शुल्क निर्धारण, कृषकों से प्राप्त अन्य प्रकार की शिकायतों के निराकरण के साथ-साथ सिंचाई मंत्री द्वारा निर्देशित अन्य कार्यो पर चर्चा की जायेगी।


## कार्यालय : अधिशासी अभियन्ता जलकल विभाग जोन-6, बालागंज, नगर निगम लखनऊ

पत्रांक :-770/EE-6/L.J.S./2024-25 दिनांक :- 01/03/2025

**(अल्पकालीन निविदा सूचना)**

अधोलिखित कार्य हेतु जलकल विभाग जोन-6 द्वारा निविदायें आमन्त्रित की जाती है। उक्त निविदायें दिनांक 10/03/2025 तक जलकल विभाग जोन 6 कार्यालय के कैश काउन्टर से निर्धारित धनराशि जमा कराकर प्राप्त की जा सकती है। भरी हुयी समस्त निविदायें दिनांक 10/03/2025 को जलकल विभाग जोन-6 कार्यालय से अपराहन 1.00 बजे तक प्राप्त की जायेगी तथा उसी दिन सांय 3.00 बजे उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जायेगी। उक्त निविदायें कार्य के अनुभवी जलकल विभाग के अनुभवी ठेकेदारों को ही विक्रय की जायेंगी। निविदा के साथ निर्धारित अर्नेस्टमनी नकद जमा की रसीद/एफडीआर/सीडीआर के रूप में अधिशासी अभियन्ता, जोन-6 जलकल विभाग, नगर निगम, लखनऊ के पक्ष में बन्धक होना अनिवार्य है। निविदा के साथ अर्नेस्टमनी संलग्न न होने की दशा में निविदा निरस्त समझी जायेगी। किसी एक अथवा समस्त निविदाओं को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी/महाप्रबन्धक महोदय में निहित होगा। कार्य की विस्तृत जानकारी जलकल विभाग, जोन-6 कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस में की जा सकती है। निविदा प्रपत्र खरीदने की अन्तिम तिथि व निविदा डालने की अंतिम तिथि को अवकाश होने पर निविदायें अगले दिन प्राप्त की जायेंगी एवं खोली जायेगी।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | अनु. धरो. | अर्नेस्टमनी | निविदा का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Repairing of Sumer Sible Pump 1.5 HP 10 nag at Ward Kanhaiya Madhopur Pratham and Haiderganj IInd | रु 157238.00 | रू 3200 | रू 200 | 07 दिन |

निविदा प्राप्त करने की शर्त :- 1. निविदादाता का सेल्स टैक्स एवं आयकर तथा जी0एस0टी0 में रजिस्ट्रेशन होना चाहिये।

**अधिशासी अभियस्ता, जोन-6**

## कार्यालय : जिलाधिकारी, लखनऊ

पत्र सं0 : 1118/अ0जि0अ0(भू0अ0)/न0म0पा0-1, लखनऊ दिनांक : 25 फरवरी 2025

**अधिसूचना**

भूमि अर्जन पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर एवं पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2013 की धारा 4 (भूमि अर्जन पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर एवं पारदर्शिता का अधिकार (उत्तर प्रदेश) नियमावली 2016 नियम 3 (1) के अधीन राज्यपाल सर्वसाधारण की सूचना के लिए अधिसूचित करते है कि नीचे अनुसूची में उल्लिखित भूमि, लोक प्रयोजन अर्थात लखनऊ विकास प्राधिकरण, लखनऊ की उजरियांव आवासीय योजना भाग-4 से छूटी की स्थाई रूप से आवश्यकता है।

भूमि अर्जन पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर एवं पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2013 के प्रावधान के अन्तर्गत भूमि अर्जन की कार्यवाही से पूर्व चयनित एजेन्सी द्वारा लोक हित में सामाजिक समाघात आंकलन (Social Impact Assessment) व सामालिक प्रबन्धन योजना तैयार किया जायेगा, जिसका विवरण निम्नवत् है :-

| | | |
|---|---|---|
| 1 | अपेक्षक निकाय का नाम | लखनऊ विकास प्राधिकरण, लखनऊ |
| 2 | प्रस्तावित भूमि के अर्जन का उद्देश्य | लखनऊ विकास प्राधिकरण, लखनऊ से संचालित उजरियांव आवासीय योजना भार्ग-4 से छूटी भूमि के अर्जन की योजना |
| 3 | संगठन जिसके द्वारा अध्ययन किया जायेगा। | गिरि विकास अध्ययन संस्थान, अलीगंज, लखनऊ। |
| 4 | संगठन का सम्पर्क विवरण | गिरि विकास अध्ययन संस्थान, अलीगंज, लखनऊ। दूरभाष सं0 0522-4001661 व 0522-4001668 |
| 5 | भूमि का विवरण | |

| क्र. | जिला | तहसील | ग्राम | गाटा संख्या | अर्जन हेतु प्रस्तावित क्षेत्रफल (हे0) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लखनऊ | लखनऊ | भरवारा | 422/1194 | 0.2210 |
| | | | | योग | 0.2210 |

1: प्रस्तावित योजना लखनऊ विकास प्राधिकरण, लखनऊ से संचालित मे0 अंसल प्रापर्टीज एण्ड इन्फ्रास्ट्रक्चर लि0 की हाईटेक टाउनशिप योजना में प्रस्तावित 30 मीटर व 24 मीटर रोड को पूर्ण करने सम्बन्धी है।
2: उक्त योजना हेतु प्रस्तावित भूमि का अर्जन लखनऊ विकास प्राधिकरण के पक्ष में किया जा रहा है।
3: अधिग्रहण हेतु प्रस्तावित भूमि परियोजना के प्रस्ताव के लिए नितान्त न्यूनतम है तथा अन्य कोई अल्प विस्थापन विकल्प उपलब्ध नहीं है।
4: सामाजिक समाघात का निर्धारण अधिकतम 60 दिनों के अन्दर पूर्ण कराया जाना है।

**टिप्पणी :** उक्त योजना सम्बन्धी विस्तृत विवरण कलेक्टर (अर्जन प्रयोजनार्थ) लखनऊ, (कार्यालय अपर जिलाधिकारी (भूमि अर्जन), नगर महापालिका- प्रथम, 6 जगदीश चन्द्र बोस मार्ग, लालबाग, लखनऊ) में सभी कार्य दिवसों में देखा जा सकता है।

(ज्योति गौतम),
कलेक्टर, लखनऊ।
(भूमि अर्जन प्रयोजनार्थ)

UPID-230299 Dated-28-02-2025
विज्ञापन आदेश के अनुसार www.upgov.in पर उपलब्ध

## कार्यालय नगर पंचायत कचगाँव, जौनपुर

**सार्वजनिक सूचना/आपत्ति आमंत्रण**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि उ0प्र0 शासन, नगर विकास अनुभाग-9, संख्या 1148/नौ-9-2024-85ज/05 टी0सी0-1 दिनांक 04 जुलाई 2024 को अधिसूचना उत्तर प्रदेश नगर पालिका (भवन या भूमि या दोनो के वार्षिक मूल्य पर कर) नियमावाली 2024 के प्रस्तर-5 में प्रत्योजित शक्ति का प्रयोग करते हुये अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत कचगाँव जौनपुर उक्त अधिसूचना में प्राविधित उपबन्धो के अधीन मासिक किराया दर एवं जिलाधिकारी द्वारा निर्धारित सर्किल दर के आधार पर वर्गवार/श्रेणीवार भवन/भूमि समूह के लिये प्रति इकाई क्षेत्रफल (वर्गफुट) हेतु न्यूनतम मासिक किराया दर निर्धारित करती है। जिस भी व्यक्ति/संस्था/गैर सरकारी संस्थान/सरकारी विभाग को निर्धारित मासिक किराया दर आपत्ति हो तो अधिसूचना के प्रस्तर-5 (ख) में विहित प्रक्रियाधीन 15 दिनों के अन्दर पंजीकृत डाक/स्पीड पोस्ट/ईमेल kachgaonnp@gmail.com के माध्यम से दिनांक 14/03/2025 तक अपरान्ह 05 बजे तक अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। आपत्तियों का निस्तारण बण्डलवार विनिश्चय किया जायेगा न कि आपत्तियो को या हितबद्ध व्यक्तियों को व्यक्तिगत रूप से सुना जायेगा। निर्धारित न्यूनतम मासिक किराया दर के आधार पर अधिरोपित होने वाला कर (भवन एवं भूमि/प्लाट) अधिसूचना की प्रस्तर-5 (2) के अनुसूची की श्रेणी में 1,2,3 एवं 4 के अनुसार कर अधिरोपित किया जायेगा। प्रस्तर-5(2) की वर्गवार की निर्धारित अनुसूची में वर्गीकृत प्रकृतिवार कर निर्धारण समझा जायेगा। प्राप्त आपत्ति को अधिसूचना के प्रस्तर (ख) के अनुसार मण्डलवार दिनांक 15/03/2025 को कार्यालय नगर पंचायत कचगाँव, जौनपुर के बैठक कक्ष में 11:00 बजे किया जायेगा।

**वार्डवार निर्धारित मासिक किराये की सामान्य दर (प्रति वर्ग फुट)**

| क्र. | वार्ड का नाम | सर्किल रेट प्रति वर्ग मी0 | 24 मी0 से अधिक चौडे मार्ग पर | | | 12-24 मी0 तक चौडे मार्ग पर | | | 09-12 मी0 तक चौडे मार्ग | | | 09 मी0 से कम चौडे मार्ग पर | | | भूमि के सम्बन्ध में स्थिति पर | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | आ.सी.सी. छत सहित पक्का भवन | अन्य पक्का भवन | कच्चा भवन | आ.सी.सी. छत सहित पक्का भवन | अन्य पक्का भवन | कच्चा भवन | आ.सी.सी. छत सहित पक्का भवन | अन्य पक्का भवन | कच्चा भवन | आ.सी.सी. छत सहित पक्का भवन | अन्य पक्का भवन | कच्चा भवन | 24 मी. से अधिक चौड़े मार्ग पर | 12 मी. से 24 मी. तक | 12 मी. से कम चौड़े स्थिति मार्ग पर | 9 मी. तक चौड़े मार्ग पर स्थिति |
| 1 | सादात मसौडा | 13500 | 1.35 | 1.08 | 0.95 | 0.95 | 0.76 | 0.67 | 0.67 | 0.53 | 0.47 | 0.40 | 0.30 | 0.15 | 0.20 | 0.15 | 0.10 | 0.05 |
| 2 | रामपुर | 7700 | 0.77 | 0.62 | 0.54 | 0.54 | 0.43 | 0.38 | 0.38 | 0.3 | 0.27 | 0.25 | 0.20 | 0.10 | 0.20 | 0.15 | 0.10 | 0.05 |
| 3 | माधोपट्टी | 13500 | 1.35 | 1.08 | 0.95 | 0.95 | 0.76 | 0.67 | 0.67 | 0.53 | 0.47 | 0.40 | 0.30 | 0.15 | 0.20 | 0.15 | 0.10 | 0.05 |
| 4 | जेठपुरा | 13500 | 1.35 | 1.08 | 0.95 | 0.95 | 0.76 | 0.67 | 0.67 | 0.53 | 0.47 | 0.40 | 0.30 | 0.15 | 0.20 | 0.15 | 0.10 | 0.05 |
| 5 | राजेपुर | 13500 | 1.35 | 1.08 | 0.95 | 0.95 | 0.76 | 0.67 | 0.67 | 0.53 | 0.47 | 0.40 | 0.30 | 0.15 | 0.20 | 0.15 | 0.10 | 0.05 |
| 6 | अहियाई | 13500 | 1.35 | 1.08 | 0.95 | 0.95 | 0.76 | 0.67 | 0.67 | 0.53 | 0.47 | 0.40 | 0.30 | 0.15 | 0.20 | 0.15 | 0.10 | 0.05 |
| 7 | बदलपुर | 13500 | 1.35 | 1.08 | 0.95 | 0.95 | 0.76 | 0.67 | 0.67 | 0.53 | 0.47 | 0.40 | 0.30 | 0.15 | 0.20 | 0.15 | 0.10 | 0.05 |
| 8 | नईबाजार | 13500 | 1.35 | 1.08 | 0.95 | 0.95 | 0.76 | 0.67 | 0.67 | 0.53 | 0.47 | 0.40 | 0.30 | 0.15 | 0.20 | 0.15 | 0.10 | 0.05 |
| 9 | रामजानकी | 13500 | 1.35 | 1.08 | 0.95 | 0.95 | 0.76 | 0.67 | 0.67 | 0.53 | 0.47 | 0.40 | 0.30 | 0.15 | 0.20 | 0.15 | 0.10 | 0.05 |
| 10 | मझलेपुरा | 13500 | 1.35 | 1.08 | 0.95 | 0.95 | 0.76 | 0.67 | 0.67 | 0.53 | 0.47 | 0.40 | 0.30 | 0.15 | 0.20 | 0.15 | 0.10 | 0.05 |
| 11 | गोलकोठी | 13500 | 1.35 | 1.08 | 0.95 | 0.95 | 0.76 | 0.67 | 0.67 | 0.53 | 0.47 | 0.40 | 0.30 | 0.15 | 0.20 | 0.15 | 0.10 | 0.05 |
| 12 | गद्दीपुर | 13500 | 1.35 | 1.08 | 0.95 | 0.95 | 0.76 | 0.67 | 0.67 | 0.53 | 0.47 | 0.40 | 0.30 | 0.15 | 0.20 | 0.15 | 0.10 | 0.05 |

नोट : -

अधिसूचना के प्रस्तर-5(2) के अधीन उल्लिखित सूची के अनुसार व्यवसायिक भवन /भूमि सामान्य दर का दोगुना एवं सहकारी भवन/भूमि सामान्य दर का तीन गुना होगा।

अधिसूचना के प्रस्तर-7 के अधीन भवन/भूमि के वार्षिक मूल्य की गणना की जायेगी, वार्षिक मूल्य का 10 प्रतिशत सामान्य गृहकर, 7.5 प्रतिशत जलकर तथा 2.5 प्रतिशत जल निकास का लागू होगा।

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पंचायत कचगाँव**
**जौनपुर।**

# संविधान के साथ छेड़छाड़ करने वालों को बेनकाब किया जाएगा

**मकसूदपुरा में पीडीए चर्चा कार्यक्रम का हुआ आयोजन**



**अवधनामा ब्यूरो**

**इटावा।** मोहल्ला मकसूदपुरा में युवा नेता माहिर अंसारी के संयोजन मे पीडीए चर्चा कार्यक्रम का आयोजन वरिष्ठ सपा नेता मुन्ना खालिद की अध्यक्षता में हुआ।

बैठक में पूर्व सपा शहर अध्यक्ष नफीसुल हसन अंसारी, सपा शहर अध्यक्ष अब्दुल अंसारी, सभासद सचिन कठेरिया, प्रवीन कुशवाहा, पूर्व सभासद हरि गुप्ता, प्रदीप सोनी, मनोज राणा, अवधेश सविता, गोरखनाथ वर्मा, राजपाल यादव, माहिर अंसारी ने कहा कि भाजपा सरकार ने मुसलमानों और बुनकरों के रोजगार छीन लिए। बुनकर समाज बहुत परेशान है। मुस्लिम समाज को सबसे ज्यादा सताया जा रहा है। इसीलिए यूपी में पीडीए के सहयोग से सपा की सरकार बनाने का काम करें। पीडीए से 70 प्रतिशत लोग जुड़े हैं। सपा सरकार में 350 रुपये का गैस सिलेंडर मिलता था आज 900 रुपये का मिल रहा है। मोदी सरकार हमारे बुरे दिन लौटा दी हमे ऐसे अच्छे दिन नहीं चाहिए जिसमें लोग भुखमरी के कगार पर पहुंच रहे हों। पीडीए ने चुनाव में अपनी ताकत दिखा दी अगर भाजपा बेईमानी न करती तो दिल्ली में पीडीए की ही सरकार बनती। सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने हमेशा गरीबों, मजलूमों, किसानों, अल्पसंख्यक वर्ग के लोगों के हकों की लड़ाई लड़ी है। पीडीए जन संवाद कार्यक्रम के माध्यम से जन जन तक भाजपा के असली चेहरे को बेनकाब करने और सपा की जनहितकारी नीतियों को पहुंचाने का काम किया जा रहा है। संविधान के साथ छेड़छाड़ करने वालों को बेनकाब किया जाएगा। राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव आज देश में संविधान की लड़ाई लड़ रहे हैं। पीडीए की बैठक में रिजवान कुरैशी, अनीस चौधरी, जैनुल आब्दीन, आरिफ अंसारी, रज़ी अंसारी, एजाद बाबा, शावेज़ नक़वी, अनवार, राजीव चंदेल सहित मकसूदपुरा वार्ड के लोगों ने भाग लिया। संचालन सपा जिला उपाध्यक्ष अनवार हुसैन ने किया।

## बीजेपी सरकार हवा में विकास करने का कार्य कर रही है : प्रदेश अध्यक्ष

**सोनभद्र।** रावटसगंज नगर स्थित समाजवादी पार्टी के नेता प्रदेश महासचिव लोहिया वाहिनी मन्नू पांडेय के निवास पर समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल लाल द्वारा शनिवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस करते हुए बताया गया कि समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष के दिशा निर्देश पर शनिवार को जनपद सोनभद्र पीडीए जन चौपाल के माध्यम से संविधान बचाने व डबल इंजन की सरकार के विकास को लेकर आम जनमानस को बताने और खोखली सरकार के खोखले वादों को जन-जन तक पहुंचाने का काम किया जा रहा है उसी क्रम में पाल ने बताया कि हवा हवाई विकास करने का दावा कर रही भाजपा सरकार की पोल खोलने को लेकर चौपाल के माध्यम से लोगों के बीच पहुंचने का काम समाजवादी पार्टी कार्यकर्ता पदाधिकारी कर रहे हैं इस मौके पर सांसद छोटेलाल खरवार समाजवादी पार्टी जिला अध्यक्ष राम निहोर यादव,पूर्व विधायक अविनाश कुशवाहा, रमेश चंद दुबे, संजय यादव विजय यादव अनिल प्रधान अशोक सिंह पटेल,सुनील कुमार गोड, शहिद कुरेशी, हिदायत उल्ला खान , गुलाम यासीन आदि लोग मौजूद।

# सोनभद बार एसोसिएशन का शपथ ग्रहण समारोह संपन्न

**जिला जज एवं उपाध्यक्ष राज्य विधिज्ञ परिषद द्वारा दिलाई गई शपथ**



**अवधनामा ब्यूरो**

**सोनभद्र।** सोनभद्र बार एसोसिएशन सत्र 24 25 के नवनिर्वाचित अध्यक्ष व महामंत्री एवं समस्त पदाधिकारी एवं कार्यकारिणी सदस्यों के शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन शनिवार को तहसील परिसर में आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि जनपद न्यायाधीश सोनभद्र रविंद्र विक्रम सिंह एवं उपाध्यक्ष राज्य विधिज्ञ परिषद अनुराग पांडेय एवं विशिष्ट अतिथि अरुण कुमार त्रिपाठी पूर्व अध्यक्ष सदस्य राज विधिज्ञ परिषद , हरिशंकर सिंह पूर्व अध्यक्ष सदस्य राज्य विधिज्ञ परिषद, एवं विनोद कुमार पांडे सदस्य राज विधिज्ञ परिषद के द्वारा शपथ ग्रहण समारोह के पूर्व मां सरस्वती के प्रतिमा प्रति प्रचलित करते हुए समारोह संपन्न कराया गया।

पूर्व अध्यक्ष पूनम सिंह ने बताया कि शपथ ग्रहण समारोह में मुख्य अतिथि जनपद न्यायाधीश द्वारा नवनिर्वाचित अध्यक्ष अरुण कुमार मिश्र को शपथ दिलाई गई एवं मुख्य अतिथि उपाध्यक्ष राज्य विधिज्ञ परिषद अनुराग पांडेय द्वारा महामंत्री अखिलेश कुमार पांडे एवं सभी पदाधिकारी कार्यकारिणी सदस्यों को शपथ ग्रहण कराया गया।

शपथ ग्रहण के उपरांत नवनिर्वाचित अध्यक्ष अरुण कुमार मिश्रा ने सभी मुख्य अतिथियों एवं अतिथियों अधिवक्ता भाइयों बहनों का आभार व्यक्त करते हुए अधिवक्ता एकता हित की बात करने को लेकर सहमत जताते हुए सबका आभार व्यक्त किया।कार्य क्रम का संचालन विनोद चौबे एड ने किया विशिष्ट अतिथिगण द्वारा माहामंत्री अखिलेश पाण्डेय व अन्य पराधिकारि व कार्यकारिणी सदस्यो को सपथ दिलाया शपथ लेते वाने पदाधिकारी वरिष्ठ उपाध्यक्षा शारदा प्रसाद मौर्य उपाध्यक्ष 10 वर्ष से उपर प्रदीप पाण्डेय , संजय पाण्डेय उपाध्यक्ष 10 वर्ष से निचे अखिलेश पाण्डेय, आशुतोष द्विवेदी कोषाध्यक्ष वीरेन्द्र सिंह संयुक्त सचिव प्रकाशन शरद चन्द्र गुप्ता संयुक्त सचिव प्रशासन अजय प्रकाश मिश्र संयुक्त सचिव पुस्तकालय सुरज वर्मा के साथ कार्यकारिणी सदस्य वरिष्ठ व कनिष्ठ का शपथ सम्पन हुआ।

## रमजान शुरू होते ही मस्जिदों में बढ़त रौनक

**मौदहा हमीरपुर।** पवित्र महीना रमजान की शुरुआत से ही लोगों में उत्साह दिखाई दे रहा है और मस्जिदों में तरावीह की नमाज़ शुरू हो गई साथ ही बाजारों में रौनक आ गई और खजूरों सहित अन्य इफ्तार में प्रयोग किए जाने वाले सामानों की खरीदारी शुरू हो गई। पवित्र महीना रमजान शनिवार से शुरू हो गया जिसके चलते कस्बे की लगभग चालीस से अधिक मस्जिदों में तरावीह की नमाज़ शुरू हो गई जिसके लिए काफी दिनों पहले से ही तैयारियां शुरू हो गई थीं।इतना ही नहीं रमजान की शुरूआत के साथ ही बाजार में भी रौनक लौट आई जिसके चलते खजूरों, चिप्स सहित फलों की दूकानों में भारी भीड़ देखने को मिली।सबसे अधिक इफ्तार में प्रयोग किए जाने वाले खजूरों की बिक्री बढ़ने के साथ ही बाजार में ब्रांडेड खजूरों की खेप भी आ गई है इतना ही नहीं बाजार में डेढ़ सौ रुपये किलो से लेकर साढे पांच हजार रुपये किलो तक का खजूर आ गया है। दूकानदार इरफान ने बताया कि वैसे तो खजूरों की पूरे साल बिक्री होती है लेकिन आम दिनों की अपेक्षा रमजान के महीने में दो सौ फीसदी बिक्री बढ़ जाती है जिसके चलते महंगे से महंगे खजूर मंगाए गए हैं क्योंकि कुछ खजूर ऐसे होते हैं जिनके खाने से प्यास का अहसास कम होता है साथ ही ताकत भी बनी रहती है।

# पीडीए जन चौपाल द्वारा संविधान बचाने का काम कर रही सपा



**अवधनामा ब्यूरो**

**सोनभद्र।** रावटसगंज नगर स्थित समाजवादी पार्टी के नेता प्रदेश महासचिव लोहिया वाहिनी मन्नू पांडेय के निवास पर समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल लाल द्वारा शनिवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस करते हुए बताया गया कि समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष के दिशा निर्देश पर शनिवार को जनपद सोनभद्र पीडीए जन चौपाल के माध्यम से संविधान बचाने व डबल इंजन की सरकार के विकास को लेकर आम जनमानस को बताने और खोखली सरकार के खोखले वादों को जन-जन तक पहुंचाने का काम किया जा रहा है उसी क्रम में पाल ने बताया कि हवा हवाई विकास करने का दावा कर रही भाजपा सरकार की पोल खोलने को लेकर चौपाल के माध्यम से लोगों के बीच पहुंचने का काम समाजवादी पार्टी कार्यकर्ता पदाधिकारी कर रहे हैं इस मौके पर सांसद छोटेलाल खरवार समाजवादी पार्टी जिला अध्यक्ष राम निहोर यादव,पूर्व विधायक अविनाश कुशवाहा, रमेश चंद दुबे, संजय यादव विजय यादव अनिल प्रधान अशोक सिंह पटेल,सुनील कुमार गोड, शहिद कुरेशी, हिदायत उल्ला खान, गुलाम यासीन आदि लोग मौजूद।

## डीएम की अध्यक्षता में जिला स्तरीय संपूर्ण समाधान दिवस संपन्न

**हमीरपुर।** जिलाधिकारी घनश्याम मीना की अध्यक्षता में जनपद स्तरीय संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन सरीला तहसील में संपन्न हुआ। इस अवसर पर प्राप्त शिकायतों के शीघ्र व गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारण हेतु जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी ने जन समस्याओं को सुनने के पश्चात उनके निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया तथा कहा कि किसी भी शिकायत के निस्तारण में मौके पर जाकर संबंधित पक्षों से मिलकर उनकी बातों को अवश्य सुना जाए। संबंधित अधिकारियों द्वारा शिकायत के निस्तारण के दौरान/ स्थलीय निरीक्षण के दौरान लोकेशन सहित फोटोग्राफ भी लिए जाएं। जिलाधिकारी ने कहा कि सम्पूर्ण समाधान दिवस, आईजी आरएस पोर्टल, मुख्यमंत्री संदर्भ /1076 के संदर्भ / शिकायतों का निष्पक्षता पूर्वक एवं समयबद्ध ढंग से गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया जाए। कहा कि शिकायतों का निस्तारण 07 दिनों में अनिवार्य रूप से कर दिया जाए।

# ट्रक से कुचलकर युवक की मौत



**अवधनामा संवाददाता**

**मौदहा। हमीरपुर।** थाना सिसोलर अंतर्गत ऑटो में बैठे युवक ने ट्रक के सामने कूद गया जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम को भेज मामले की जांच पड़ताल में जुट गई है।

सिसोलर थाना अंतर्गत इंडियन पेट्रोल पंप के पास का है जहां संतोष कुमार 36 पुत्र रमेश अनुरागी निवासी बेलाही बाजार भरुआ सुमेरपुर एक शादी समारोह में शामिल होने अपनी ससुराल भमई आया था और शादी के बाद वह शनिवार को अपने पत्नी व बच्चों के साथ वापस अपने घर ऑटो से जा रहा था जैसे ही ऑटो पेट्रोल पंप के पास पहुंचा तभी भरुआ के ओर से आ रहे एक ट्रक के सामने संतोष ने ऑटो से छलांग लगा दी जिससे ट्रक उसके ऊपर से गुजर गया और संतोष की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की पत्नी ने बताया की वह शराब का आदी था जिसके कारण आये दिन लड़ाई झगड़ा होता था आज भी उसने घर से निकलते वक्त अपनी जान देने की बात की थी। घटना की जानकारी मिलते ही थाना प्रभारी कल्पना सिंह ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया है। थाना प्रभारी ने बताया की घटना की जांच पड़ताल की जा रही है आगे वैधानिक कार्यवाही की जाएगी। मृतक अपने पीछे पत्नी व तीन मासूम बच्चों को रोता विलखता छोड़ गया है।

## नित्यानन्द विद्या निकेतन को सी.बी.एस.ई.नई दिल्ली से इंटर तक की मान्यता मिली

**इटावा, लखना।** नित्यानन्द विद्या निकेतन की प्रबंध समिति के अध्यक्ष डॉ.समीर प्रकाश त्रिपाठी, उपाध्यक्ष डॉ.साहब लाल शुक्ला, उप-प्रबंधक डॉ.रमेश चन्द्र त्रिपाठी व प्रबंधक सौरभ प्रकाश त्रिपाठी ने बताया कि विद्यालय को सी.बी.एस.ई. नई दिल्ली से विज्ञान व वाणिज्य संकाय में इंटर तक की मान्यता मिल गई है, जिसका स्कूल कोड 17123 तथा संबद्धता संख्या 2134120 है। उन्होंने बताया कि सत्र 2025-26 के लिए प्ले ग्रुप से कक्षा ग्यारह तक के लिये प्रवेश/पंजीकरण प्रक्रिया प्रारम्भ हो चुकी है। छात्र-छात्रा शीघ्र पंजीकरण करा लें जिससे उनका प्रवेश सुनिश्चित हो जाए क्योंकि स्थान सीमित हैं। नित्यानंद विद्या निकेतन लखना को सी.बी.एस.ई.से इंटर तक की संबद्धता मिलने पर क्षेत्र वासियों में हर्षोल्लास है। विद्यालय के शुभ चिन्तक जवाहर इंटर कॉलेज चकरनगर के प्रधानाचार्य सर्वेश कुमार चतुर्वेदी, वैकुण्ठ नाथ पांडेय, डॉ.आर.एन.दुबे, अरविन्द मिश्रा, डॉ.आर.के.शुक्ला, प्रदीप चतुर्वेदी तथा अनेक प्रबुद्ध जनों ने विद्यालय को शुभ शुभकामनाएं देते हुये उज्जवल भविष्य की कामना की है।

## संक्षिप्त समाचार

### सम्पूर्ण समाधान दिवस पर सुनी गई फरियादियों की समस्याएं



**इटावा।** माह के प्रथम शनिवार के दृष्टिगत सम्पूर्ण समाधान दिवस (तहसील दिवस) के अवसर पर अपर जिलाधिकारी अभिनव रंजन श्रीवास्तव व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार द्वारा संयुक्त रूप से तहसील चकरनगर पर जन शिकायतों को सुना गया तथा तहसील दिवस के अवसर पर आये फरियादियों की समस्याओं को सुनकर गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध निस्तारण के लिए सम्बंधित को निर्देशित किया गया। उक्त कार्यक्रम के दौरान प्रशासनिक एवं पुलिस के अन्य अधि./कर्म.गण उपस्थित रहे।

### संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर सुनी गयी फरियादियों की समस्याएं



**सोनभद्र।** संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी बी0एन0 सिंह व पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा द्वारा संयुक्त रूप से तहसील ओबरा पर जन शिकायतों को सुना गया तथा तहसील दिवस के अवसर पर आये फरियादियों की समस्याओं को सुनकर गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध निस्तारण हेतु सम्बंधित को निर्देशित किया गया। साथ ही निर्देशित किया गया कि जमीन सम्बंधित सभी प्रकरणों में पुलिस व राजस्व की टीमों द्वारा संयुक्त रुप से प्रकरण का निस्तारण किया जाए, जिससे फरियादियों को अलग-अलग भटकना न पड़े व प्रकरणों का त्वरित व न्याय पूर्ण निस्तारण हो सके। इस मौके पर एसडीएम ओबरा, क्षेत्राधिकारी ओबरा सहित अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण मौजूद रहे। इसी क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक मुख्यालय कालू सिंह व क्षेत्राधिकारी नगर डॉ0 चारु द्विवेदी द्वारा तहसील सदर पर जन समस्याओं को सुनकर निस्तारण किया गया। बीजेपी सरकार हवा में विकास करने का कार्य कर रही है- प्रदेश अध्यक्ष

### अज्ञात युवक का शव मिलने से हड़कंप

**सुमेरपुर, हमीरपुर।** कस्बा सुमेरपुर में शनिवार को सुबह उस समय हड़कंप मच गया जब स्थानीय लोगों ने कोऑपरेटिव बैंक के पास एक अज्ञात युवक का शव पड़ा देखा। शव दिखाई देने पर लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही सुमेरपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर शिनाख्त की प्रक्रिया शुरू कर दी। फिलहाल मृतक की पहचान नहीं हो सकी है। पुलिस आसपास के लोगों से पूछताछ कर रही है और युवक की पहचान करने के प्रयास में जुटी हुई है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। इस घटना से क्षेत्र में सनसनी फैल गई है, और स्थानीय लोग युवक की मौत के कारणों को लेकर तरह-तरह की चर्चाएं कर रहे हैं। पुलिस ने कहा है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### आम आदमी पार्टी ने की अम्बेडकर पार्क में सफाई

**मौदहा हमीरपुर।** राज्य सभा सांसद एवं उत्तर प्रदेश प्रभारी संजय सिंह के आवाहन पर प्रदेश में आम आदमी पार्टी द्वारा आज रचनात्मक कार्य किये गये। जिसमें हमीरपुर के जिलाध्यक्ष मनीष गुप्ता और मौदहा नगर के नगर अध्यक्ष गुलाम मोहम्मद के नेतृत्व में स्टेशन रोड स्थित अम्बेडकर पार्क की सफाई करने के बाद बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। साथ ही जिलाध्यक्ष ने बताया कि संघर्ष, लोगों के लिये लड़ना, लोगों की सेवा करना, और रचनात्मक कार्य करना ही आम आदमी पार्टी की पहचान है। आज के कार्यक्रम में मुख्यरूप से जिलाकोषाध्यक्ष त्रिलोक चन्द्र, छात्रविंग के प्रदेश सचिव आदित्य प्रजापति, अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष मोहम्मद साबिर, पंचायत प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष अनिल विश्वकर्मा सहित एक दर्जन कार्यकर्ता शामिल रहे।

### वक्त- सहरी - अफ्तार

**इटावा। सुन्नी हज़रात-** पहले रोज़े का अफ्तार 2 मार्च दिन इतवार को शाम 6 बजकर 14 मिनट पर करें- दूसरे रोज़े की सहरी 3 मार्च दिन सोमवार को सुबह 5 बजकर 20 मिनट तक करें।

**शिया हज़रात-** पहले रोज़े का अफ्तार 2 मार्च दिन इतवार को शाम 6 बजकर 25 मिनट पर करें। दूसरे रोज़े की सहरी 3 मार्च दिन सोमवार को सुबह 5 बजकर 06 मिनट तक करें।

### सिंचाई के लिए पानी न मिलने से परेशान किसानों ने समाधान दिवस में किया धरना-प्रदर्शन

**मौदहा, हमीरपुर।** मौदहा क्षेत्र में एक दर्जन से अधिक गांवों में सिंचाई के लिए नहर से पानी न मिलने आक्रोशित सैकड़ों किसानों ने समाधान दिवस में पहुंच कर धरना-प्रदर्शन किया है। हलाकि इन किसानों को आश्वासन देकर मामले को शांत कराया गया है। बताते चलें कि शनिवार को आयोजित समाधान दिवस की अध्यक्षता एडीएम और एडीशनल एसपी ने की है। कुछ 74 शिकायतें दर्ज की गई हैं जिनमें 04 का मौके में निस्तारण हुआ है। कार्यक्रम में उस समय अफरातफरी मच गई।

# मोरवा पुनर्स्थापन प्रक्रिया को पारदर्शी, जवाबदेह और हितधारक सुगम बनाने की दिशा में एनसीएल का बड़ा कदम

**सर्वेक्षण से मुआवजा गणना तक की पूरी प्रक्रिया के डिजिटलीकरण की सुविधा**



**अवधनामा संवाददाता**

**सोनभद्र/सिंगरौली।** नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एनसीएल) की विशालतम परियोजना जयंत के विस्तार के लिए मोरवा पुनर्स्थापन प्रक्रिया के तहत भू-अर्जन की प्रक्रिया जारी है। पुनर्स्थापन प्रक्रिया में डिजिटल तकनीक का प्रभावी प्रयोग हेतु एनसीएल ने शुक्रवार को एक उन्नत डिजिटल 'भूमि अधिग्रहण और डेटा प्रबंधन पोर्टल' (एलएडीएम) लॉन्च किया है। इसके द्वारा व्यवस्था में पारदर्शिता आएगी तथा प्रक्रिया में सुगमता के साथ दक्षता का समावेश होगा। इस अवसर पर एनसीएल व पोर्टल विकसित करने वाली फ़र्म डेलॉइट के अधिकारी उपस्थित रहे। इस अवसर पर एनसीएल के सीएमडी बी. साईराम ने मोरवा पुनर्स्थापन कार्य से जुड़े एनसीएल कर्मियों से पोर्टल के प्रभावी उपयोग को प्रोत्साहित करने के साथ-साथ परियोजना प्रभावित परिवारों के बीच इसके प्रति जागरूकता फैलाने का आह्वान किया। इस आधुनिक पहल का उद्देश्य भूमि अधिग्रहण प्रक्रिया को सरल, तेज़ और अधिक जवाबदेह बनाते हुए परियोजना प्रभावित परिवारों (PAFs) में विश्वास और पारदर्शिता को बढ़ावा देना है। साथ ही यह पोर्टल पात्रों को अपने मुआवजा और माप विवरण के बारे में जानने और शिकायत दर्ज करने के लिए एक मंच प्रदान करेगा। इस प्रकार, इस पोर्टल के माध्यम से पुनर्स्थापन प्रक्रिया का मानकीकरण भी होगा।

हिन्दी व अँग्रेजी भाषा में उपलब्ध इस डिजिटल पोर्टल में कई उन्नत विशेषताएं शामिल हैं। यह पोर्टल सर्वेक्षण और डिजिटल डेटा संग्रहण के साथ वैलिडेशन और ओटीपी आधारित सत्यापन, प्रभावित परिवार (PAF) द्वारा माप विवरण देखने और शिकायत दर्ज करने की सुविधा, मानवीय हस्तक्षेप से मुक्त भूमि और संपत्ति के मुआवजे की स्वचालित गणना सुनिश्चित करेगा। एनसीएल द्वारा 'सर्वेक्षण से मुआवजा गणना तक' की प्रक्रिया हेतु डिजिटल पोर्टल का विकास एवं उपयोग, भूमि अधिग्रहण प्रक्रिया में पारदर्शिता, जवाबदेही और डिजिटल सशक्तिकरण का एक उत्कृष्ट उदाहरण

## सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन

**अवधनामा संवाददाता**

**बांदा।** जिलाधिकारी बाँदा श्रीमती जे0रीभा की अध्यक्षता में तहसील बबेरू में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। उन्होंने सम्पूर्ण समाधान दिवस में उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दिये कि प्राप्त शिकायतों का समयबद्धता एवं गुणवत्ता से निस्तारण किया जाए। उन्होंने मौके पर प्राप्त कई शिकायतों का निस्तारण सम्बन्धित अधिकारियों से कराया। सम्पूर्ण समाधान दिवस में विद्युत्त राजस्थ पुलिस विकास, आपूर्ति विभाग एवं अन्य विभागों से सम्बन्धित कुल 120 शिकायतें प्राप्त हुई, जिनमें से मौके पर 4 शिकायतों का निस्तारण किया गया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिये कि अवशेष जन शिकायतों को समयबद्धता एवं गुणवत्ता के साथ निस्तारित किया जाए, इस कार्य में किसी प्रकार की शिथिलता बर्दाश्त नही की जायेगी। सम्पूर्ण समाधान दिवस में एक फरिवादी द्वारा नगर पंचायत बबेरू में पानी की टंकी से जलापूर्ति एवं लीकेज ठीक करावे जाने के सम्बन्ध में प्रार्थना पत्र दिया, जिस पर उन्होंने अधिशाषी अधिकारी बबेरू को कार्यवाही करने के निर्देश दिये। ग्राम हरदौली के एक फरियादी द्वारा भूमि पर अवैध कब्जा हटाये जाने के सम्बन्ध में जांच कर कार्यवाही किये जाने के निर्देश दिये। बबेरू में सफाई एवं मिट्टी भराव से सम्बन्धित कार्य कराये जाने के सम्बन्ध में खण्ड विकास अधिकारी बबेरू को कार्यवाही करने के निर्देश दिये। एक फरियादी द्वारा विद्युत बिल सम्बन्धित समस्या के सम्बन्ध में प्रार्थना पत्र देने पर अधिशाषी अभियंता विद्युत को बिल सुधार कराने के निर्देश दिये तथा एक फरियादी के द्वारा कुम्हारीकला पट्टा आवंटन किये जाने के सम्बन्ध में प्रार्थना पत्र देने पर पट्टा आवंटन करने के निर्देश दिये।

# एनटीपीसी सिंगरौली द्वारा प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन



**अवधनामा संवाददाता**

**सोनभद्र/शक्तिनगर।** एनटीपीसी सिंगरौली द्वारा स्थानीय प्रशासनिक भवन में दिनांक 24 फरवरी 2025 से एक विशेष साप्ताहिक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया। इस कार्यक्रम का शुभारंभ सिद्धार्थ मण्डल, अपर महाप्रबंधक, मानव संसाधन द्वारा राजीव अकोटकर, परियोजना प्रमुख, एनटीपीसी सिंगरौली, जोसेफ बास्टीयन, महाप्रबंधक (ऑपरेशंस एंड मेंटेनेंस) एवं वी. पार्वथेसम, एडवोकेट एंड पार्टनर हिंदुस्तान अकादमी ऑफ लॉ को पुष्प गुच्छ भेंट कर किया गया। इस साप्ताहिक प्रशिक्षण कार्यक्रम में विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई, जिसमें लिंग संवेदनशीलता और पॉश (PoSH) अधिनियम 2013, सूचना का अधिकार अधिनियम पर प्रशिक्षण, ठेका श्रमिकों के प्रबंधन के लिए श्रम कानून अनुपालन, और सुरक्षा और पर्यावरण से संबंधित कानूनी पहलू शामिल रहे। कार्यक्रम में एनटीपीसी सिंगरौली के विभिन्न विभागों के कुल 250 कर्मचारी शामिल हुए। इस अवसर पर राजीव अकोटकर ने अपने सम्बोधन में कहा की, इस कार्यक्रम का आयोजन कर्मचारियों को कानूनी, सामाजिक और व्यावसायिक दृष्टिकोण से सशक्त बनाने हेतु आयोजित किया गया है, जिससे वे अपने कार्यक्षेत्र में अधिक जिम्मेदारी से काम करते हुए कंपनी के विकास में योगदान देते रहें। हमारे संगठन द्वारा कर्मचारियों की सुरक्षा, अधिकार और उनके समग्र विकास पर हमेशा विशेष ध्यान दिया जाता है, जिसके अंतर्गत इस तरह के प्रशिक्षण कार्यक्रम भविष्य में भी आयोजित किए जाएंगे। कार्यक्रम के अंत में महाप्रबंधक, जोसेफ बास्टीयन ने प्रशिक्षण कार्यक्रम की उपयोगिता पर प्रकाश डालते हुए कहा की, इस प्रशिक्षण का उद्देश्य कर्मचारियों को उनके अधिकारों और जिम्मेदारियों के बारे में जागरूक कराना था, ताकि वे अपने कार्यक्षेत्र में बेहतर तरीके से काम कर सकें और कानूनी दिशा-निर्देशों का पालन कर सकें।

## हिण्डाल्को रेणुकूट में सुरक्षा सप्ताह के दौरान बीबीएसओ प्रतियोगिता का आयोजन




**सोनभद्र/रेणुकूट।** हिण्डाल्को में चल रहे सुरक्षा सप्ताह के अंतर्गत संविदाकार श्रमिकों के लिए बीबीएसओ प्रतियोगिता का आयोजन ट्रेनिंग सेन्टर में आयोजित किया गया। इस प्रतियोगिता में कुल 5 संविदाकार श्रमिकों ने भाग लिया। इस कार्यक्रम का संचालन सुशील पाण्डेय ने किया। प्रतियोगिता के जज प्रदीप्ता मिश्रा, विवेकानन्द, तपन पाल, सुरेश शुक्ला थे। इस प्रतियोगिता में अभिषेक सिंह मेसर्स लोटस इंफ्रास्ट्रक्चर ने प्रथम स्थान, अश्वनी गुप्ता मेसर्स जनरल कंस्ट्रक्शन कंपनी ने द्वितीय स्थान व श्री वेंकट रमन मिश्रा मेसर्स स्वरुप इंजीनियरिंग ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। अंत में हेमंत श्रीवास्तव ने धन्यवाद ज्ञापित किया। प्रतियोगिता के दौरान संविदा श्रमिकों ने प्रतियोगियों का उत्साहवर्धन किया।

# हमीरपुर में खंड संख्या 26/08 में उड़ाई जा रहीं हैं कानून की धज्जियां

**हिफजुर्रहमान**

**हमीरपुर।** जनपद के सरीला तहसील थाना चिकासी क्षेत्र के चंदवारी घुरौली में जम कर हो रहा है अवैध खनन। जिला प्रशासन के लाख प्रयासों के बावजूद उक्त खंड में नही रुक रहा अवैध खनन जिस से बड़ा सवाल पैदा होता है कि आखिर क्यों नही रुक पा रहा है अवैध खनन? प्रदेश के मुखिया योगी आदित्यनाथ जब पूरे प्रदेश में माफियाओं, गुंडों मावालियों व अवैध कारोबार करनें वालों पर बुल्डोजर चला कर शतप्रतिशत कानून का राज स्थापित करनें की बात कह रहे हैं तो फिर जनपद हमीरपुर में अवैध खनन कर सरकार को करोड़ों की चपत लगा रहें अवैध खनन माफियाओं पर अकुंश क्यो नही लग पा रहा है। यह अपनें आप में बहुत बड़ा सवाल है। प्रतिबंधित भारी मशीनों मानक से कई गुना अधिक गहराई में मौरंग का खनन किए जाने से नदी की जलधारा भी




प्रभावित हो रही है इतना ही नहीं मौरंग खदान से निर्धारित क्षमता से कई गुना मौरंग ट्रकों व डंपरों में लोड की जा रही है जिस से सड़कें भी टूट रही हैं। मौरंग के अवैध खनन और परिवहन के खेल में माफियाओं के गुर्गे भी शामिल है। अवैध खनन को लेकर जिला हमीरपुर सदैव सुर्खियों में रहता है यहां खनन माफिया बालू व मौरंग का अवैध खनन बेखौफ होकर धड़ल्ले से करते हैं अवैध खनन करते हुए पकड़े जाने पर जिला प्रशासन बड़ी कार्यवाही करता है लेकिन इन खनन माफियाओं के फर्क नही पड़ता जिस दिन मशीनें सीज होती हैं अगले ही दिन दूसरी मशीनें साईट में पहुंचे जाती हैं।

मौरंग खनन में नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) के नियम कहते हैं कि तीन मीटर से अधिक गहराई पर खनन नहीं किया जा सकता। लेकिन हमीरपुर के खंड संख्या 26/08 चंदवारी घुरौली में इस नियम को ताक पर रखकर जमकर धज्जियां उड़ाई जा रही हैं।यहां 20-30 मीटर तक खुदाई की जा रही है।

## मुख्यमंत्री ने सी.डी. रेशियो और 'मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान' की समीक्षा की

# हमारे युवाओं के पास विजन और इनोवेशन : योगी



- वित्तीय वर्ष 2025-26 में सी0डी0 रेशियो 67 से 70 प्रतिशत तक करने का लक्ष्य लेकर प्रयास किया जाना चाहिए, राज्य सरकार बैंकों के सहयोग से मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान के माध्यम से युवाओं को पूंजी उपलब्ध कराने का कार्य कर रही : मुख्यमंत्री
- प्रथम चरण में लाभार्थी युवा को 05 लाख रु0 तक का ब्याज मुक्त ऋण उपलब्ध कराया जा रहा

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने सरकारी आवास पर आहूत एक उच्चस्तरीय बैठक में 'ऋण जमा अनुपात' (सी0डी0 रेशियो) और 'मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान' की समीक्षा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि नये वित्तीय वर्ष 2025-26 में सी0डी0 रेशियो 67 से 70 प्रतिशत तक करने का लक्ष्य लेकर प्रयास किया जाना चाहिए।

मुख्यमंत्री ने 'मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान' की अद्यतन स्थिति से अवगत होते हुए कहा कि हमारे युवाओं के पास विजन और इनोवेशन के साथ आगे बढ़ने का सामर्थ्य है। बैंकों के सहयोग से राज्य सरकार मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान के माध्यम से युवाओं को पूंजी उपलब्ध कराने का कार्य कर रही है। ताकि यहां के युवा 'नए भारत के नए उत्तर प्रदेश' की विकास यात्रा को और आगे बढ़ा सकें। इस अभियान से जुड़ने वाले युवाओं की ट्रेनिंग भी करायी जाए।

देश की सर्वाधिक युवा आबादी वाले उत्तर प्रदेश के युवाओं की असीमित क्षमता को गति देने के लिए मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान की शुरुआत 24 जनवरी, 2025 को उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस पर की गई थी। इसके अन्तर्गत 01 वर्ष में कौशल प्रशिक्षण प्राप्त कम से कम 01 लाख युवाओं को स्वरोजगार से जोड़ा जाना है। इस अभियान से उत्पाद व सेवा क्षेत्र में 01 लाख नई इकाइयां स्थापित होंगी। मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान के अन्तर्गत प्रथम चरण में प्रत्येक लाभार्थी युवा को 05 लाख रुपये तक का ब्याज मुक्त ऋण उपलब्ध कराया जा रहा है। दूसरे चरण के लिए यह धनराशि 10 लाख रुपये होगी। इस योजना के अन्तर्गत एक माह में ही लगभग ढाई लाख पंजीकरण किए जा चुके हैं। जिनमें 93 हजार से अधिक आवेदन बैंकों को प्रेषित किए गए हैं। बैंकों द्वारा 9013 युवाओं को 348 करोड़ रुपये के ऋण प्रदान किए जा चुके हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सम्बन्धित बैंक मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान के लाभार्थियों को ऋण उपलब्ध कराने में तेजी लाएं। इसके लिए बैंक हर जनपद की अपनी सभी ब्रांचों का टारगेट तय करें। परम्परागत कार्यों से जुड़े युवाओं को ऋण उपलब्ध कराने में वरीयता दी जाए तथा विभिन्न सेक्टर्स से जुड़े युवाओं को ऋण प्रदान किए जाएं। ऋण वितरण के लिए सभी 18 मण्डलों में कैम्प लगाए जाएं। बैंक द्वारा उपलब्ध कराया गया ऋण युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने तथा बैंकों के व्यवसाय को आगे बढ़ाने में कारगर सिद्ध होगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि युवा ने जिस क्षेत्र में ट्रेनिंग प्राप्त की है, उसे उसी क्षेत्र में बैंकों द्वारा ऋण उपलब्ध कराया जाए। बैंक में लोन के लिए अप्लाई करने से पहले आवेदकों की स्क्रीनिंग की जाए। राज्य सरकार इन युवाओं को मार्केटिंग, डिजाइनिंग, पैकेजिंग व तकनीक से जोड़ने का कार्य भी करेगी। यह अभियान युवाओं को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करेगा तथा रोजगार को बढ़ाने में सहायक सिद्ध होगा। इस योजना में महिलाओं, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, दिव्यांगजन को भी जोड़ा जाए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश एक बड़ा मार्केट है। प्रदेश के सभी जनपदों में व्यापार व निवेश की सम्भावनाएं व्याप्त हैं।

## मुख्यमंत्री ने बारिश और ओलावृष्टि के दृष्टिगत राहत कार्य संचालित करने के निर्देश दिए

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बारिश और ओलावृष्टि के दृष्टिगत सम्बन्धित जनपदों के अधिकारियों को पूरी तत्परता से राहत कार्य संचालित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि अधिकारी क्षेत्र का भ्रमण कर राहत कार्य पर नजर रखें और प्रभावित लोगों को मदद प्रदान करें।

मुख्यमंत्री जी ने यह निर्देश भी दिए हैं कि फसलों को हुए नुकसान का युद्ध स्तर पर आकलन करते हुए शासन को आख्या उपलब्ध कराई जाए ताकि इस सम्बन्ध में अग्रेतर कार्यवाही की जा सके। राहत आयुक्त कार्यालय द्वारा उपलब्ध कराए गए विवरण के अनुसार पश्चिमी उत्तर प्रदेश के कई जिलों में विगत दो दिनों में ओलावृष्टि तथा वर्षा हुई है। इन जनपदों में अलीगढ़, मथुरा, कासगंज, हाथरस, गौतमबुद्धनगर, सहारनपुर, हापुड़, लखीमपुरखीरी, मेरठ, मुजफ्फरनगर, रामपुर, सम्भल तथा गाजियाबाद शामिल हैं।

## यूपी पीसीएस 2024 प्रारंभिक परीक्षा परिणाम घोषित

- समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित कोचिंग से 250 से अधिक अभ्यर्थी उत्तीर्ण

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित पूर्व परीक्षा प्रशिक्षण केंद्र, भागीदारी भवन एवं मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना से निःशुल्क प्रशिक्षण एवं मार्गदर्शन प्राप्त 250 से अधिक परीक्षार्थियों ने उत्तर प्रदेश सम्मिलित राज्य/प्रवर अधीनस्थ सेवा (प्रा0) परीक्षा 2024 में मुख्य परीक्षा हेतु सफलता प्राप्त की है। समाज कल्याण राज्यमंत्री (स्वतन्त्र प्रभार) श्री असीम अरुण ने बताया कि अलीगंज स्थित आदर्श पूर्व परीक्षा प्रशिक्षण केंद्र से 33 छात्राएं पीसीएस प्रारंभिक परीक्षा में सफल हुई हैं। भागीदारी भवन स्थित कोचिंग से 140 से अधिक एवं हापुड़ स्थित राजकीय आईए एस/पीसीएस कोचिंग केंद्र से 66 छात्र छात्राएं यूपी पीसीएस-2024 की प्रारंभिक परीक्षा में सफल हुए है। समाज कल्याण मंत्री ने बताया कि प्रतियोगी परीक्षाओं में प्रदेश के आर्थिक रूप से कमजोर छात्र, छात्राओं का प्रतिनिधित्व बढ़ाने के लिए समाज कल्याण विभाग द्वारा मुख्यमंत्री अभ्युदय कोचिंग एवं प्रदेश में 08 निःशुल्क कोचिंग का संचालन किया जाता है। जिसमें वरिष्ठ आईएएस, पीसीएस एवं विषय विशेषज्ञों द्वारा अभ्यर्थियों का मार्ग दर्शन किया जाता है। प्रारंभिक परीक्षा में उत्तीर्ण अभ्यर्थियों को मुख्य परीक्षा एवं इंटरव्यू के लिए भी तैयारी कराई जाती है। उन्होंने बताया कि समाज कल्याण विभाग द्वारा प्रत्येक प्रतियोगी परीक्षा के सिलेबस के आधार पर विशेष रूप से टेस्ट पेपर बनाए जाते हैं। जिसपर प्रत्येक सप्ताह में 02 बार टेस्ट सीरीज के माध्यम से प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी का मूल्यांकन किया जाता है। प्रत्येक अभ्यर्थी की आवश्यकता एवं फीडबैक के आधार पर विषय विशेषज्ञों द्वारा मार्गदर्शन एवं तैयारी करवाई जाती है, जिससे अभ्यर्थियों को सफलता मिली है। आदर्श पूर्व परीक्षा प्रशिक्षण केंद्र अलीगंज की प्रभारी अनामिका सिंह द्वारा बताया गया कि कोचिंग केंद्र में टीचर्स का इंपैनलमेंट बच्चों के फीडबैक के आधार पर किया जाता है।

# नशरा ने किया प्रदेश का नाम रौशन

- एनएफएसयू में किया टाप, राष्ट्रपति ने किया सम्मानित



अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** लखनऊ के बेटी नशरा हैदर रिजवी ने नेशनल फ रेसिंक साइंस यूनिवर्सिटी (एनएफएसयू ) में टॉप कर प्रदेश का नाम रौशन किया है। केंद्रीय गृह मंत्रालय के अधीन संचालित एनएफएसयू से नशरा ने मास्टर डिग्री एलएलएम (इन क्रिमिनल लौ) में टॉप किया है। शुक्रवार को गुजरात के अहमदाबाद स्थित एनएफएसयू के मुख्य परिसर में विश्वविद्यालय के तीसरे दीक्षांत समारोह बतौर मुख्य अतिथि देश की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने छात्रों को संबोधित किया और टॉपर छात्रों को बधाई दी। राष्ट्रपति ने विभिन्न पाठ्यक्रमों के टॉपर छात्र-छात्राओं के साथ ग्रुप फोटो भी खिचपायी। नशरा हैदर रिजवी को विश्वविद्यालय के कुलपति जेएम व्यास ने गोल्ड मेडल पहनाकर और डिग्री देकर सम्मानित किया। नशरा हैदर विश्वविद्यालय के दिल्ली सेन्टर की छात्रा थीं, उन्होंने एलएलएम में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। नशरा हैदर की स्कूली शिक्षा लखनऊ के लोरेटो कॉन्वेंट कॉलेज से हुई है। इसके बाद उन्होंने अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय ने बीए-एलएलबी किया था। शैक्षिक सत्र 2023-24 में नशरा हैदर ने एनएफएसयू के दिल्ली कैंपस में प्रवेश लिया था। नशरा के पिता तनवीर हैदर रिजवी सिंचाई विभाग से अधीक्षण अभियंता के पद से रिटायर है। माता अफशां फामिता गृहणी है। नशरा हैदर की तीन बहने भी है। बड़ी बहन इंशा हैदर इंजीनियर हैं और कनाडा में रहती है। दूसरी बहन सर्जन हैं और वह आस्ट्रेलिया में रहती है। छोटी बहन जहरा हैदर रिजवी भी डॉक्टर है, जो लखनऊ के एक प्रतिष्ठित अस्पताल में नियुक्त हैं।

# इस्लामिक क्लासेज का आग़ाज़

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** माहे मुबारक रमजान में कुरान, दीन और शरीयत से लोगों विशेष कर युवाओं को अवगत कराने के लिए विभिन्न संस्थानों और संगठनों की ओर से इस्लामिक क्लासेज का आयोजन शुरू हो गया है। शहर के अलग-अलग इलाकों में अलग-अलग संस्थाओं की ओर से होने वाली क्लासेज में बड़ी संख्या में युवाओं के साथ ही पर्दानशीं युवतियां शामिल हो रही हैं। इन क्लासेज में कुरान, हदीस, शरीयत आदि से जुड़ी जानकारियां उलमा देते हैं। मरकज-ए-तालीम-ओ-तरबियत ट्रस्ट की ओर से महदवी समाज की दीनी क्लासेज शुरू हो गयी हैं। क्लासेज में ईरान से आए उलमा क्लासेज में प्रतिभागियों को दीन और कुरान के बारे में जानकारी दे रहे हैं। सआदतगंज स्थित कर्बला दियानुतदौला में आयोजित क्लास में गुलजार हुसैन जाफरी ने माहे रमजान की फजीलत बयान की। उन्होंने कहा

### रोजा, नमाज, हज, खुम्स और दूसरी इबादतों के लिये हेल्प लाइन जारी



**लखनऊ।** माहे मुबारक रमजान में लोगों के रोजा, नमाज, हज, खुम्स और दूसरी इबादतों से जुड़े सवालों के जवाब देने के लिए हेल्पलाइन रविवार से शुरू हो जाएगी। इस्लामिक सेंटर ऑफ इंडिया की ओर से आयोजित हेल्पलाइन दिन में 2 बजे से शाम 4 बजे तक काम करेगी। हेल्पलाइन पर सवाल पूछने के लिए मोबाइल नम्बर 9415023970, 9335929670, 9415102947, 7007705774, 9140427677, व्हाट्सएप, ई-मेल ramzanhelplinewz@gmail.com के साथ ही वेबसाइट www.farangima-hal.in पर सम्पर्क किया जा सकता है। वहीं मौलाना सैफ अब्बास नकवी ने बताया कि हेल्पलाइन पर सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक रोजा, नमाज, हज, जकात, खुम्स और दूसरी इबादतों से संबंधित सवाल पूछ सकते हैं, जिनके जवाब उलमा का पैनल देता है। हेल्पलाइन पर सवाल पूछने के लिए मोबाइल नम्बर 9415580936 और 9839097407 तथा ई-मेल masael@gmail.com पर सम्पर्क किया जा सकता है। वहीं महिलाओं के लिए विशेष हेल्पलाइन विगत वर्षों की भांति आरम्भ की गयी है, जिस पर महिलाओं के सवालों के जवाब महिला आलिमा देंगी। महिलाएं हेल्पलाइन पर सवाल पूछने के लिए मोबाइल नम्बर 6386897124 पर सम्पर्क कर सकती हैं।

### रमज़ान का चांद नज़र आते ही तरावीह का सिलसिला जारी

**लखनऊ।** माहे मुकद्दस रमजान का चांद नजर आते ही शहर की मस्जिदों में तरावीह की विशेष नमाज शुरू हो गयी। शहर की मस्जिदों में रमजान की चांद रात से शुरू होने वाली तरावीह की विशेष नमाज ईद का चांद नजर आने तक जारी रहती है। मस्जिदों में एक पारे से लेकर पांच पारे तक की तरावीह की नमाज आयोजित की जाती है। ऐशबाग ईदगाह, दारुल उलूम नदवतुल उलमा, दरगाह शाहमीना शाह सहित कई मस्जिदों में सोमवार से पांच पारों की तरावीह शुरू हुई। ऐशबाग ईदगाह में महिलाओं के लिए भी तरावीह की विशेष नमाज का इंतजाम किया गया, जहां बड़ी संख्या में महिलाएं तरावीह की नमाज में शामिल हुईं। वहीं अलग-अलग मस्जिदों में एक, सवा, डेढ़ पारे से अलग-अलग पारों की तरावीह की नमाज अदा की गयी, जिसमें बड़ी संख्या में मुसलमानों ने शामिल होकर तरावीह की नमाज अदा की।

# नैमिषारण्य में शुरू हुई 84 कोसी परिक्रमा



अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** आस्था, परंपरा और अध्यात्म के अनूठे संगम की 84 कोसी परिक्रमा का शनिवार की ब्रम्हबेला में शुभारंभ हो गया। नैमिष से डंका बजते ही रामादल धर्म यात्रा पर निकल पड़ा। परिक्रमा मार्ग पर जहां तक निगाह जाती आस्था का सैलाब हिलोरें मारता नजर आया। देश-विदेश के साधु-संत व श्रद्धालु परिक्रमा करने पहुंचे हैं। ढ़ोल-मंजीरे की करतल ध्वनि के मध्य भजनों पर झूमते श्रद्धालु और बोल कड़ाकड़ सीताराम का जयघोष नैमिष से कोरौना तक वातावरण में भक्ति रस घोलता रहा। मोक्ष व पुण्य की कामना से साधु-संत, बच्चे, युवा, बुजुर्ग, महिलाएं और दिव्यांग बड़े उत्साह से धर्म यात्रा कर रहे हैं। सतयुग से चली आ रही इस परिक्रमा में 11 पड़ाव हैं। परिक्रमा 11 मार्च को अपने अंतिम पड़ाव मिश्रिख पहुंचेगी। परिक्रमा मार्ग पर श्रद्धालुओं की सुविधा व सुरक्षा के लिए पुलिस, प्रशासन की टीमें लगाई गई हैं। नैमिषारण्य में रंग, बिरंगी लाइटों और गुब्बारों से सजा मुख्य प्रवेश द्वार मनमोहक छटा बिखेर रहा था। शनिवार की भोर तीन बजे से परिक्रमार्थियों ने आदि गंगा गोमती व चक्रतीर्थ में स्नान एवं दर्शन-पूजन का क्रम शुरू कर दिया। मां ललिता देवी मंदिर तिराहे पर ब्रम्हबेला में धर्म, आस्था और परंपरा का अद्भुत संगम अलौकिक व अविस्मरणीय छटा बिखेरता नजर आया। पहला आश्रम के महंत नारायण दास अपने शिष्यों समेत मां ललिता देवी तिराहे पर पहुंचते हैं। एक घोड़े पर सवार उनका शिष्य नगाड़े से सुसज्जित है। घोड़े पर सवार साधु डंका (नगाड़ा) बजाने लगता है। चक्रतीर्थ पुजारी राजनारायण पांडेय ने वैदिक मंत्रोचार शुरू किया। पारंपरिक पूजन के बाद नारियल तोड़कर भेंट किया गया।

# प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए श्रमिकों को किया गया सम्मानित

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** सोशल आउटरीच कांग्रेस की ओर से शनिवार को प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए श्रमिकों का सम्मान किया गया। सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में सेवानिवृत्त आईएएस आईएएस अधिकारी पूर्व सांसद पी.एल. पुनिया मौजूद थे। सम्मान समारोह में कन्नौज के इत्र कारीगर, मुकेश सैनी, फिरोजाबाद के चूड़ी कारीगर जुनैद अंसारी, आगरा का पेठा कारीगर आलोक राठौर, अलीगढ़ के ताला कारीगर इकराम, कुम्भ मेले के आयोजन में श्रम से योगदान करने वाले राजू निषाद, लखनऊ नगर निगम के स्वच्छता कर्मी सिराजुल, सब्जी विक्रेता राजीव लोधी, मोची रघुवर गौतम राजमिस्त्री, मिट्टी के बर्तन बनाने वाले जगदम्बा प्रजापति, पंचर मिस्त्री रमेश वर्मा, पांचवीं पीढ़ी में इस विरासत को आगे बढ़ा रहे बनारसी साड़ी के कारीगर सलमान और मेहताब और सीएमएस लखनऊ की डांस शिक्षिका सुप्रिया शर्मा को सम्मानित किया गया। सम्मान समारोह में सोशल आउटरीच कांग्रेस के प्रदेश संयोजक विक्रम पाण्डेय, वरिष्ठ उपाध्यक्ष कुलदीप आत्रे, वरिष्ठ उपाध्यक्ष शरद बंसल, उपाध्यक्ष डॉ. दीप्ति सिंह, राजेन्द्र गौड़, आफताब हैदर, सुधीर दुबे, अभय सिंह, कमलेश तिवारी, इमरान खान, देवेन्द्र पाण्डेय, अनिल सिंह, प्रदीप कुमार, हरिकेन्द्र सिंह, रामचरण भंडारिया सहित अन्य प्रदेश पदाधिकारी व जिला अध्यक्ष मौजूद थे।

# महाकुंभ खत्म होते ही घटी राम मंदिर में भीड़, एक घंटे में हो रहे रामलला के दर्शन



अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** महाकुंभ समाप्त होने के बाद रामनगरी में श्रद्धालुओं की भीड़ कम हो गई है। भीड़ घटी है तो श्रद्धालुओं को रामलला के सुगम दर्शन मिलने लगे हैं। शनिवार को लाइन में लगकर एक घंटे के भीतर रामलला के दर्शन श्रद्धालुओं को हो गए। एक दिन पहले तक रामलला के दर्शन में तीन से चार घंटे लगे थे। राम मंदिर में शनिवार से एक बार फिर मोबाइल व बैग ले जाने पर रोक लगा दी गई है। महाशिवरात्रि के बाद शुक्रवार को रामलला के दरबार में ढाई लाख लोगों ने दर्शन किए तो शनिवार की शाम पांच बजे तक डेढ़ लाख से अधिक श्रद्धालु दर्शन-पूजन कर चुके थे। मंदिर सुबह पांच बजे खुला और रात्रि 10:30 बजे तक दर्शन हुए। श्रद्धालुओं को रामलला के दरबार पहुंचने के लिए कम दूरी तय करनी पड़ी। इससे पहले डायवर्जन के चलते श्रद्धालु चार से पांच किलोमीटर पैदल चलकर राममंदिर दर्शन करने पहुंच पाते थे। अब मात्र 500 मीटर से लेकर एक किलोमीटर पैदल चलकर श्रद्धालु दर्शन पथ पर पहुंच पा रहे हैं। शनिवार को हर एक श्रद्धालु को 50 से 60 मिनट में दर्शन मिले। रामलला के दरबार में अप्रत्याशित भीड़ उमड़ी तो व्यवस्थाएं भी चरमरा गई थीं।

# लखनऊ एयरपोर्ट पर शुरू हुआ मेंटेनेंस का काम

- सुबह से शाम तक 22 उड़ानें की कई निरस्त
- 15 जुलाई तक होगा काम

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** अमौसी एयरपोर्ट पर शनिवार से रनवे की मरम्मत व समानांतर टैक्सीवे बनाने का काम शुरू कर दिया गया। सुबह 10 से शाम छह बजे तक रनवे बंद रखा गया। इससे 22 उड़ानें निरस्त रहीं। 118 विमानों का संचालन शाम छह से सुबह 10 बजे के बीच हुआ। रनवे बंद होने के पहले ही दिन एयरपोर्ट टर्मिनल यात्रियों से भर गया। आठ हजार यात्रियों ने रिफंड मांगा है। शाम पौने छह बजे के करीब एयरपोर्ट पर यात्रियों की भीड़ बढ़ गई। इन्हें संभालने में स्टाफ को काफी दिक्कत हुई। जुलाई तक तकरीबन 1.8 लाख यात्री प्रभावित होने की आशंका जताई जा रही है। एयरलाइंस सूत्रों के मुताबिक 20 हजार से अधिक यात्रियों ने एडवांस टिकट बुक कराए थे। इसमें दिल्ली, मुंबई, हैदराबाद, बंगलूरू आदि जगहों की उड़ानें शामिल रही हैं। रनवे बंद होने से विमानों की समयसारिणी में बदलाव किया गया। कई निरस्त कर दी गई हैं। इससे यात्री परेशान दिखे। लिहाजा आठ हजार से अधिक यात्रियों ने टिकट निरस्त करवाकर रिफंड की मांग की है। सर्वाधिक रिफंड की डिमांड इंडिगो की उड़ानों की है। सुबह 10 से शाम छह बजे तक रनवे बंद रहा। रनवे खुलने का समय हुआ तो यात्री टर्मिनल के बाहर पहुंच चुके थे। भीड़ अधिक थी, उसे व्यवस्थित करने में मुश्किलें पेश आई। लिहाजा बोर्डिंग 6:30 बजे के बाद शुरू की गई। सुरक्षा जांच के बाद विमान तक पहुंचने में ही धक्कामुक्की से हालात पैदा होने लगे। सुरक्षाबलों ने जैसे-तैसे यात्रियों को कतारों में लगवाकर भीड़ नियंत्रित की। एयरपोर्ट प्रबंधन ने डेढ़ सौ से अधिक कर्मियों को भी व्यवस्थाएं बनाने में लगाया। एयरपोर्ट पर विमानों का संचालन शाम छह बजे तक बंद था।

## शेयर मार्केट में भारी गिरावट पर अखिलेश यादव ने सरकार को घेरा

# सरकार की गलत नीतियों ने देश की अर्थव्यवस्था को तबाही के कगार पर पहुंचा दिया: अखिलेश



अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार की गलत नीतियों ने देश की अर्थव्यवस्था को तबाही के कगार पर पहुंचा दिया है। सपा मुखिया ने शनिवार को यहां कहा कि महंगाई, बेरोजगारी चरम पर है। शेयर बाजार गिर रहा है। शेयर मार्केट की भारी गिरावट से सबसे ज्यादा युवा निवेशक प्रभावित हुए है। देश के करोड़ों युवा निवेशकों को भारी नुकसान हुआ है। उनकी गाढ़ी कमाई निवेश करने के बाद बढ़ने के बजाय कम हो गयी।

अखिलेश यादव ने कहा कि शेयर बाज़ार की गिरावट सालों-साल का रिकॉर्ड तोड़ रही है। इसका सबसे ज़्यादा बुरा असर आम जनता और मध्य वर्ग पर पड़ा है। भाजपा की पक्षपाती आर्थिक नीतियों में जितनी गिरावट होगी उतनी ही गिरावट शेयर मार्केट में भी होगी और डॉलर के मुक़ाबले रुपये के मूल्य में भी। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि केन्द्र सरकार शेयर मार्केट में युवा निवेशकों की गाढ़ी कमाई की सुरक्षा करने और उनको भरोसा देने में नाकाम है। बड़ी संख्या में निवेशक बर्बादी के हालत में आ चुके है। उन्होंने कहा कि शेयर मार्केट में लगातार गिरावट के पीछे भ्रामक एप और शेयर की ख़रीद-फ़रोख्त करने वाले एक बड़े चालाक तंत्र का खेल है। ऐसे 'स्टॉक माफ़िया' लोग ख़रीदने पर भी कमाते हैं और बेचने पर भी, इन्हें निवेशकों के पैसे डूबने से कोई मतलब नहीं। इन जैसे शातिर लोगों से शेयर बाज़ार में नये निवेशकों के रूप में जुड़ी युवा पीढ़ी की निवेशित पूंजी को बचाना शेयर मार्केट से जुड़े सरकारी निगरानी तंत्र का काम होता है। यदि ऐसा करने में ये सरकारी तंत्र विफल है तो ऐसे निष्क्रिय और नाकाम तंत्र पर करोड़ों रुपए ख़र्च करने का क्या फ़ायदा, उसे तत्काल भंग कर देना चाहिए। सपा नेता ने कहा कि शेयर मार्केट में गिरावट का असर अर्थव्यवस्था के हर क्षेत्र पर पड़ेगा। युवा पीढ़ी का ये नुक़सान ईएमआई पर लिये गये घरों और सामानों पर भी पड़ेगा और भुगतान न कर पाने की अवस्था में लोन देने वाले बैंक और फाइनेंस कंपनियाँ भी इस गिरावट की चपेट में आ जाएंगी। सरकार तुरंत कुंभकर्णी नींद से जागे और छह महीने से गिर रहे बाज़ार को बचाने के उपाय ढूंढे नहीं तो ये मान लिया जाएगा कि सरकार को बाज़ार चला रहा है, और सरकार पूरी तरह असफल हो चुकी है। अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार नागरिकों को 'ग्राहक' समझकर उनका उत्पीड़न करना बंद कर दे व युवा और आम जनता के धन एवं निवेश का शोषण करने वालों को दंडित करे। सरकार अपनी ज़िम्मेदारी से भाग नहीं सकती, युवा पीढ़ी अपनी एक-एक पाई का हिसाब सरकार से लेकर रहेगी। उन्होंने कहा कि युवा अपनी मेहनत की कमाई को बहुत सोच-समझकर ही कहीं लगाएं और बहलाने-फुसलाने और लुभाने वालों के जुमलों से दूर रहें।

# वक्फ की जमीनों को हड़पने की साजिश होनी चाहिए विफल



अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** यूपी के अयोध्या स्थित राम मंदिर आंदोलन की अहम किरदार रहीं साध्वी ऋतंभरा ने सनातन बोर्ड के गठन की वकालत की है। उन्होंने कहा कि सनातन बोर्ड का विषय महत्वपूर्ण है। वक्फ बोर्ड ने जमीनों को हड़पने की साजिश रची है, यह विफल होनी चाहिए। भारत के खिलाफ बहुत से लोगों ने षड़यंत्र किया लेकिन अभिमंत्रित मंत्र से वे विफल हो जाते हैं। उन्होंने कहा कि धर्म के कार्यों में जल्दी नहीं की जानी चाहिए। नीतियां काम नहीं आती बल्कि नियत काम आती है। हमने नारा दिया था अयोध्या, मथुरा, काशी विश्वनाथ तीनों लेंगे एक साथ। अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण हो चुका है, दूसरे व तीसरे चरण का काम भी चल रहा है। हमने कभी सोचा नहीं था कि राम मंदिर बनेगा। साध्वी ने कहा कि 500 साल लग गए लेकिन आज भव्य राम मंदिर में रामलला के दर्शन हो रहे हैं। कानून के माध्यम से काशी व मथुरा की भी हमारी लड़ाई चल रही है, उस पर हमारा अधिकार है। पत्थर अपनी कहानी स्वयं कह रहे हैं। महाकुंभ को लेकर राजनीतिक बयानबाजी पर कहा कि जाकी रही भावना जैसी प्रभु मूरत देखी तिन तैसी...गिद्धों को लाशें दिखती हैं यह कहकर सीएम योगी ने ऐसे लोगों को जवाब दे दिया है। महाकुंभ में जातियों की दीवारें ध्वस्त हो गईं। पूरा भारत एक हो गया। सब एकात्मता के भाव में नजर आए। साध्वी ने कहा कि सब लोग अपनी मातृ भाषा में बात करें। हिंदी, हिंदू, हिन्दुस्तान तो सिरमौर है और रहेगा। नेताओं की कलूषित मानसिकता से अब भारत मुक्त होगा, क्योंकि भारत अब जाग चुका है।